आश्विन शुक्ल पक्ष षष्ठी 12:14
उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 9 अक्टूबर 2024
वर्ष 5, अंक 196, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

चंद्र आवास गुम्बदनुमा टॉवर के साथ विकसित किए जाएं 18

एनिमल और जिगरा की तुलना से खुश हैं आलिया 17

हरियाणा में नायब, घाटी में उमर सरकार

विधानसभा चुनाव नतीजे

गलत साबित हुए चुनाव बाद के सारे अनुमान हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की हैट्रिक

जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन की सत्ता में वापसी, भाजपा दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी

चंडीगढ़/श्रीनगर , एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को हरियाणा में कांग्रेस की उम्मीदों को तोड़ते हुए और 10 साल की कथित सत्ता विरोधी लहर को बेअसर करते हुए शानदार जीत हासिल की और सत्ता की हैट्रिक लगाई। वहीं, जम्मू-कश्मीर में 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने बाद पहली बार कराए गए विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन ने शानदार जीत हासिल की। भाजपा के साथ-साथ नेकां-कांग्रेस गठबंधन को क्रमशः हरियाणा और जम्मू-कश्मीर की 90-90 सदस्यीय विधानसभा में स्पष्ट बहुमत मिला है। हरियाणा विधानसभा चुनाव से महज छह महीने पहले मनोहर लाल खट्टर को हटाकर मुख्यमंत्री बनाए गए 54 वर्षीय नायब सिंह सैनी के अपने पद पर बने रहने की संभावना है।

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजों ने एग्जिट पोल के अनुमानों को गलत साबित कर दिया है। भाजपा ने 90 में से 48 सीट पर जीत दर्ज की जबकि 2019 में उसे 41 सीट मिली थी। हरियाणा में भाजपा के अच्छे प्रदर्शन के बावजूद सरकार के 10 मंत्रियों में से आठ मंत्री चुनाव हार गए हैं। भाजपा ने हरियाणा की जीत को ऐतिहासिक करार दिया और जम्मू-कश्मीर में जनादेश को स्वीकार किया। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 51 सीट पर चुनाव लड़ा था जिनमें से 42 पर जीत मिली है, जबकि कांग्रेस ने 32 सीट पर चुनाव लड़ा था जिनमें से छह उसके खाते में गईं हैं। भाजपा 29 सीट के साथ दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, जिसने 2014 के चुनावों में अपनी सर्वकालिक उच्चतम संख्या 25 को सुधारा है। सात सीट निर्दलीयों के खाते में गई हैं जबकि पीडीपी को तीन सीटें मिलीं। हारने वाले चर्चित उम्मीदवारों में पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती भी शामिल हैं।

चुनाव जीतने के बाद पूजा के लिए मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। ● एजेंसी

लोगों ने सरकार की नीतियों पर लगाई मुहर : सैनी

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को कहा कि लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की नीतियों पर अपनी मुहर लगाई है। उन्होंने मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि मैं इसका पूरा श्रेय मोदी जी को देता हूं। उनके आशीर्वाद से, उनके मार्गदर्शन में, हरियाणा के लोगों ने सरकार की नीतियों पर मुहर लगाई है। सैनी ने जीत के लिए प्रधानमंत्री मोदी को उनके नेतृत्व, भाजपा नेतृत्व और पार्टी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया।

नेकां को खत्म करने वाले खुद खत्म हो गए

नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा चुनाव में घाटी में दोनों सीट बडगाम और गांदरबल से जीत दर्ज की है। उमर अब्दुल्ला 2009-14 तक मुख्यमंत्री रहने के बाद एक बार फिर इस पद की जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि पांच वर्षों से जो नेशनल कॉन्फ्रेंस को खत्म करने की कोशिश कर रहे थे, वे आज खुद खत्म हो गए हैं। हमारी जिम्मेदारी बढ़ गई है...। गठबंधन का मुख्यमंत्री चेहरा किसे बनाया जाएगा, इस सवाल पर नेकां अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा उमर अब्दुल्ला मुख्यमंत्री होंगे। नेकां अध्यक्ष ने कहा कि यह परिणाम इस बात का सबूत है कि जम्मू कश्मीर के लोग अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के खिलाफ थे।

जीत के बाद अपने समर्थकों के साथ उमर अब्दुल्ला।

हरियाणा कुल सीटें-90		बहुमत-46
पार्टी	सीटें जीतीं	2019 में सीटें
भाजपा	48(+7)	41
कांग्रेस	37(+6)	31
जजपा	0(-10)	10
इनेलो	2(+1)	01
अन्य	3(-5)	8

जम्मू-कश्मीर	कुल सीटें-90	बहुमत-46
पार्टी	सीटें जीतीं	2014 में सीटें
नेकां	42(+27)	15
भाजपा	29(+4)	25
पीडीपी	3(-25)	28
कांग्रेस	6(-6)	12
अन्य	10(+3)	7

जनादेश ने साजिशों को नाकाम किया : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा में भाजपा की जीत को कार्यकर्ताओं की तपस्या और राज्य के लोगों के देशप्रेम का नतीजा और जम्मू कश्मीर के चुनाव परिणाम को भारत के संविधान की जीत करार दिया है। मोदी ने देर शाम को भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में कार्यकर्ताओं के स्वागत समारोह में कहा कि हरियाणा के चुनावों ने कांग्रेस की देशविरोधी साजिशों को नाकाम कर दिया है। कहा कि हरियाणा एवं जम्मू कश्मीर में भाजपा को छप्पर फाड़ कर वोट दिए हैं।

आरजी कर अस्पताल के 50 डॉक्टरों ने दिया इस्तीफा

● आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों के समर्थन में लिया फैसला

कोलकाता, एजेंसी

आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के 50 चिकित्सकों ने मंगलवार को अपना इस्तीफा दे दिया। इन चिकित्सकों ने बलात्कार एवं हत्याकांड की शिकार प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के लिए न्याय की मांग को लेकर पांच अक्टूबर से आमरण अनशन पर बैठे चिकित्सकों के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हुए यह कदम उठाया है। वहीं, पश्चिम बंगाल के अन्य चिकित्सा कॉलेजों के वरिष्ठ चिकित्सकों के एक वर्ग ने कहा कि वे भी इस्तीफा दे सकते हैं। यह घटनाक्रम सात कनिष्ठ चिकित्सकों द्वारा की जा रही अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल और राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों में उनके साथियों द्वारा एकजुटता प्रदर्शित करते हुए किए जा रहे प्रतीकात्मक 12 घंटे के उपवास के मद्देनजर सामने आया है।

राज्य-संचालित अस्पतालों के चिकित्सकों के संगठनों में से एक एसोसिएशन ऑफ हेल्थ सर्विसेज डॉक्टर्स के प्रतिनिधि डॉ. मानस गुमटा ने कहा कि अगर सरकार विरोध प्रदर्शन कर रहे कनिष्ठ चिकित्सकों की उचित और प्रासंगिक मांगों पर ध्यान नहीं देगी तो हम सरकारी अस्पतालों के सभी वरिष्ठ चिकित्सकों से इस्तीफा देने के लिए राज्यव्यापी आह्वान करने के लिए मजबूर होंगे।

यह है आंदोलनकारी डॉक्टरों की प्रमुख मांगें

आमरण अनशन पर बैठे चिकित्सकों की मांगों में राज्य के स्वास्थ्य सचिव को हटाना, मेडिकल कॉलेज परिसरों में पुरुष और महिला पुलिसकर्मियों की नियुक्ति, चिकित्सकों, नर्सों और स्वास्थ्यकर्मियों के रिक्त पदों को भरना, रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन को मान्यता देना, राज्य चिकित्सा परिषद की अनियमितताओं की जांच और धमकी देने में शामिल लोगों को दंडित करने की मांग शामिल है।

जूनियर डॉक्टरों की 12 घंटों की भूख हड़ताल

पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट (डब्ल्यूबीजेडीएफ) ने आरजी कर अस्पताल में दुष्कर्म के बाद हत्या की शिकार हुई डॉक्टर के लिए न्याय और कुछ शीर्ष अधिकारियों को हटाने की मांग को लेकर मंगलवार को सभी सरकारी अस्पतालों के सामने 12 घंटे की भूख हड़ताल शुरू की। इस बीच सात डॉक्टरों का अनिश्चितकालीन अनशन चौथे दिन भी जारी रहा।

एक नजर

असम में 11 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त

गुवाहाटी। असम के विभिन्न हिस्सों से अलग-अलग अभियानों में 11 करोड़ मूल्य के मादक पदार्थ बरामद किए गए और एक मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने एक्स पर कहा कि बिश्वनाथ और कछार जिलों से गांजा, हेरोइन तथा याबा गोलियों जैसे नशीले पदार्थ बरामद किए गए हैं। असम पुलिस ने मादक पदार्थ विरोधी अभियान चलाया और मादक पदार्थों का जखीरा बरामद किया।

दिल्ली में एक इमारत में लगी आग, 10 को बचाया

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में मंगलवार सुबह एक आवासीय इमारत में लगी आग के बीच से 10 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि शास्त्री पार्क की लेन संख्या-3 स्थित इमारत में आग लगने की सूचना सुबह साढ़े नौ बजे मिली और पांच दमकल वाहनों को मौके पर भेजा गया। भूतल स्थित पार्किंग में आग लग गई थी और कुछ लोग ऊपरी मंजिलों पर फंस गए थे। आग में फंसे सभी लोगों को सीढ़ियों और क्रेन की मदद से बचा लिया गया और सभी लोग सुरक्षित हैं।

कोझिकोड में बस हादसे में एक की मौत, कई घायल

कोझिकोड। केरल के कोझिकोड में 50 यात्रियों को ले जा रही कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम की बस मंगलवार को थिरुवंबाडी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हो गए। बस सड़क किनारे एक दीवार से टकराई और पास की एक नदी में पलट गई।

जॉन होपफील्ड और ज्योफ्री हिंटन को भौतिकी का नोबेल

● एआई तकनीक की खोज के लिए होंगे सम्मानित

स्टॉकहोम, एजेंसी

कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विशेषज्ञों जॉन हॉपफील्ड और ज्योफ्री हिंटन को मशीन लर्निंग को सक्षम बनाने वाली खोजों के लिए भौतिकी के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। मंगलवार को उनके नाम की घोषणा की गई।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के गॉडफादर कहे जाने वाले हिंटन कनाडा और ब्रिटेन के नागरिक हैं और यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो में काम करते हैं। होपफील्ड अमेरिकी हैं और प्रिंसटन यूनिवर्सिटी में कार्यरत हैं। नोबेल समिति ने कहा कि भौतिकी के लिए इस साल का नोबेल पुरस्कार पाने वाले वैज्ञानिकों ने आज की शक्तिशाली मशीन लर्निंग की बुनियाद समझे जाने वाले तरीके विकसित करने के लिए भौतिकी के साधनों का इस्तेमाल किया। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेस में नोबेल समिति की सदस्य एलेन मून्स ने कहा कि दोनों वैज्ञानिकों ने कृत्रिम न्यूरोन के नेटवर्क को डिजाइन करने के लिए सांख्यिकीय भौतिकी की मौलिक अवधारणाओं का उपयोग किया जो सहयोगात्मक स्मृतियों के रूप में कार्य करती हैं।

फर्जी प्रमाण पत्र रैकेट का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

हैदराबाद। तेलंगाना पुलिस ने अम्बरपेट में एक जेरॉक्स सेंटर से चलाए जा रहे फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र रैकेट का भंडाफोड़ करके, दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि खुफिया जानकारी पर, अंबरपेट के ओवैसी नगर में एमएस एंटरप्राइजेज नाम के ज़ेरॉक्स सेंटर पर छापा मारा। इस दौरान, मौला अली, मलकाजगिरी के मोहम्मद महफूज इकबाल (41) और अंबरपेट के शेख इलियास अहमद (34) को पकड़ा, जो बड़ी रकम के बदले में सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट, 12वीं और स्नातक विषयों सहित नकली शैक्षिक प्रमाण पत्र तैयार करते थे और बेचते थे।

दबिश देने पहुंची पुलिस की पिटाई से अधेड़ की मौत

ग्रामीणों में आक्रोश, तनाव के चलते कई थानों की फोर्स और पीएसी गांव में तैनात

संवाददाता, बिलग्राम (हरदोई)

अमृत विचार : कोतवाली बिलग्राम क्षेत्र में पुलिस की पिटाई से एक अधेड़ की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों की पुलिस के साथ झड़प हो गई, जिसके बाद पीएसी सहित चार थानों की फोर्स नटपुरवा में मौके पर तैनात है। वहीं देर शाम आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुलिस की पिटाई से नहीं, बल्कि हार्ट अटैक से मृत्यु होने की बात बताई गई है।

जानकारी के अनुसार बिलग्राम में स्कूल से आ रही छात्रा का एक बाइक सवार युवक ने दुपट्टा खींच लिया, जिससे वो गिरते-गिरते बची थी। इसी

● पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु होने की वजह हार्ट अटैक बताया गया

मामले में पुलिस शक के आधार पर नटपुरवा के रहने वाले कमल बाबू को पकड़ने सोमवार आधी रात बाद उसके घर पहुंची। पुलिस कमल को पकड़कर ले जाने लगी तो उसने शोर मचा दिया। आवाज सुनकर कमल बाबू के मौसा कन्हई (54) उसे बचाने आ गए। कमल के परिजनों व ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों को रोक लिया। इस दौरान कन्हई ने पूछा- कमल को किस मामले में पकड़ने आए हो। इस पर पुलिसकर्मी भड़क गए। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने कन्हई को बेरहमी से पीटा, उसका सिर खंभे से लड़ा दिया। कन्हई के गंभीर चोटिल होने पर परिजन उन्हें सीएचसी ले गए। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। कन्हई की मौत की खबर से पूरे गांव के लोग पुलिस के विरोध में सड़क पर उतर आए। हालत बिगड़ते देख गांव में पीएसी और बिलग्राम के अलावा साण्डी, माधौगंज और मल्लावां थाने की पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है। बता दें कि पुलिस की पिटाई से आहत होकर सोमवार को कासगंज में एक अधेड़ ने फंदा लगाकर जान दे दी थी। दलित तबके का रमेश दिवाकर कुर्सी पर बैठकर रामलीला देख रहा था जिस पर पुलिसकर्मियों ने उसकी पिटाई कर दी। आहत दिवाकर ने बाद में खुदकुशी कर ली, वहीं पुलिस की कार्यप्रणाली से आहत लखनऊ निवासी युवक ने विधानभवन के सामने पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा लिया था।

> अज्ञात पुलिसकर्मी पूछताछ के लिए कमल को ले जा रहे थे, जिसका विरोध कन्हई करने लगे। इसी बीच वो गिर गए। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। -नृपेंद्र कुमार, एएसपी हरदोई।

सभी मंडलों में होगा कुंभ समिट

● लखनऊ से शुरुआत, 14 दिसंबर को प्रयागराज में किया जाएगा समापन

● चित्रकला, शास्त्रीय और उपशास्त्रीय गायन, वादन, नृत्य प्रतियोगिताएं होंगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : महाकुंभ-2025 से पहले राज्य सरकार सभी 18 मंडलों में कुंभ समिट कराएगी। लखनऊ से इसकी शुरुआत हो गई है। समापन 14 दिसंबर को प्रयागराज में होगा। समिट में उप्र. के कलाकारों के साथ ही स्कूली बच्चों को भी इससे जुड़ने का अवसर मिलेगा। पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को बताया कि इस कड़ी में कुंभ अभिनंदन रोड शो, बाल-युवा कुंभ, कला-संस्कृति कुंभ, कवि कुंभ, भक्ति कुंभ का भी आयोजन किया जाएगा।

कुंभ समिट के आयोजन के लिए मंडल स्तर पर जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस दौरान चित्रकला, फोटोग्राफी, शास्त्रीय, उपशास्त्रीय गायन, वादन, नृत्य की प्रतियोगिता कराई जाएगी। सांस्कृतिक व आध्यात्मिक धरोहर पर आधारित प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। रंगोली आदि प्रतियोगिताएं होंगी। इन आयोजनों में स्कूली बच्चों की भागीदारी प्रमुखता से रहेगी। साथ ही 12600 कलाकारों ने भी ऑनलाइन पंजीकरण कराया है। ऐसी प्रतियोगिताएं और आयोजन लखनऊ, झांसी, वाराणसी, कानपुर, अयोध्या, अलीगढ़, आगरा, गोरखपुर, आजमगढ़, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, मीरजापुर समेत अन्य मंडलों में होंगे। मंडल स्तर पर कुंभ समिट के लिए समन्वयक भी बनाए गए हैं। लखनऊ मंडल के समन्वयक संस्कृति निदेशालय के सहायक निदेशक डॉ. राजेश अहिरवार, गोरखपुर व कानपुर मंडल की जिम्मेदारी उप्र. राज्य ललित कला अकादमी की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला, अयोध्या के समन्वयक संस्कृति निदेशालय के कार्यक्रम अधिशासी कमलेश कुमार पाठक, मीरजापुर-देवीपाटन, मेरठ की जिम्मेदारी डॉ. राकेश सिंह को सौंपी गई है। सहारनपुर-अलीगढ़ की जिम्मेदारी डॉ. शोभित नाहर, बस्ती, बरेली-आगरा के समन्वयक अतुल द्विवेदी समेत अन्य को सौंपी गई है।

धन शोधन मामले में ईडी के समक्ष पेश हुए अजहरुद्दीन

हैदराबाद। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एवं कांग्रेस नेता मोहम्मद अजहरुद्दीन हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन में वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संघीय एजेंसी उनसे पूछताछ करेगी और धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत उनका बयान दर्ज करेगी। इससे पहले, पूर्व सांसद को तीन अक्टूबर को एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने कुछ समय मांगा था जिसके बाद उन्हें 8 अक्टूबर को बुलाया गया।

युवती ने युवक को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

● बाइक से खींचकर शुरू की पिटाई बचने के लिए भागता रहा युवक

● पुलिस पकड़कर लाई थाने, युवक बोला-केवल पता ही पूछा था

संवाददाता, कांठ (मुरादाबाद)

अमृत विचार : छींटाकशी करने पर युवती ने फिल्मी अंदाज में बाइक सवार युवक को खींच कर गिराने के बाद लात-घूंसों से जमकर पिटाई की। युवक बचने को चीखता-चिल्लाता भागता रहा, लेकिन युवती दौड़ा-दौड़ाकर पीटती रही।

मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को पकड़कर थाने ले गई जहां उनसे पूछताछ कर रही है। घटना से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आरोप है कि कांठ कस्बे में एचपी गैस एजेंसी के पास मंगलवार को बाइक सवार युवक ने युवती पर छींटाकशी कर दी। इस पर गुस्साई युवती ने युवक को बाइक से खींच लिया और बीच सड़क पर पीटना शुरू कर दिया। युवक चीखता रहा लेकिन युवती उसे दौड़ा-दौड़ा कर पीटती रही। शोर सुनकर घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई। किसी तरह युवक जान बचाकर स्टेशन रोड की ओर भागा। इस पर युवती ने एक लड़के की बाइक पर बैठकर उसका पीछा किया। फिर चमन सिलाई सेंटर के पास उसे रोककर लात-घूंसों से पिटाई की। लोगों ने घटना की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सूचना पुलिस पहुंच गई और आरोपी युवक तथा युवती को पकड़कर थाने ले गई। युवक का कहना था कि उसने छींटाकशी नहीं की है। वह पता पूछ रहा था। देर शाम तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी थी।

युवक से मारपीट करती हुई युवती।

छींटाकशी से थी नाराज

संभल में दबंगों ने स्कूल बस जबरन रोककर छात्र-छात्राओं को पीटा

● बाइक सवार नकाबपोशों के हमले में कई छात्र और चालक चोटिल

● ग्रामीण पहुंचे तो हमलावर भागे पुलिस ने मौके से बाइक कब्जे में ली

संवाददाता, संभल/मनोटा

अमृत विचार: ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में मंगलवार को 15 से ज्यादा बाइक सवार नकाबपोश दबंगों ने स्कूल बस को जबरन रोक लिया। बस में तोड़फोड़ के साथ चालक और छात्र-छात्राओं के साथ मारपीट की। कई छात्र-छात्राएं और बस चालक चोटिल हो गए। शोर सुनकर ग्रामीण पहुंचे तो हमलावर भाग गए। हमलावरों की मौके पर छूट गई एक बाइक पुलिस ने कब्जे में ले ली है।

गांव भवालपुर बांसली में स्थित लिटिल फ्लावर ऐकेडमी स्कूल की छुट्टी के बाद गांव हैदरपुर निवासी चालक ईश्वरपाल सिंह छात्र-छात्राओं को बस से छोड़ने उनके गांव जा रहा था। ईश्वरपाल सिंह स्कूल की बस लेकर जैसे ही गांव हैदरपुर के तिराहे के पास पहुंचा तो पहले से मौजूद बाइक सवार 15-20 नकाबपोश हमलावरों ने बस रुकवाकर चाबी निकाल ली। इसके बाद दबंग बस में घुस गए। छात्रों और बस चालक ने विरोध किया तो हमलावरों ने स्कूल बस में तोड़फोड़ करने के साथ ही छात्र-छात्राओं के साथ मारपीट शुरू कर दी। छात्र छात्राओं का शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण स्कूली बस की ओर दौड़े। ग्रामीणों को अपनी ओर आता देखकर हमलावर भाग निकले। इसी बीच बात यह भी फैली कि दबंगों ने स्कूल बस से किसी छात्रा को खींचने का प्रयास किया। हालांकि पुलिस और स्कूल प्रबंधन ने किसी छात्रा को खींचे जाने की बात से इन्कार किया है। स्कूल प्रबंधक बुद्ध सिंह ने बताया कि मारपीट में कई छात्रों और चालक के चोट भी आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हथियार तस्करी का अंतरराज्यीय गिरोह पकड़ा

जालंधर। पंजाब में जालंधर पुलिस ने मंगलवार को एक अंतरराज्यीय हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है, इसके सरगना को गिरफ्तार कर पांच देसी पिस्तौल भी बरामद किए हैं। एसएसपी हरकमल प्रीत सिंह खख ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुनील कुमार उर्फ जियोना निवासी गांव मंडयाला, थाना लोहियां, जिला जालंधर के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान सुनील कुमार के पास से एक .32 बोर की पिस्तौल, एक मैगजीन और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए, जबकि उसके किट बैग से तीन अतिरिक्त पिस्तौल और छह जिंदा कारतूस मिले।

अब ई-कोर्ट से होगा औद्योगिक वादों का निपटारा

चक्कर लगाने से मुक्ति, औद्योगिक न्यायाधिकरण में व्यापक डिजिटल समाधान विकसित

● समय और धन दोनों ही बचेगा, चार चरण में होगा वाद का समाधान

● राज्य सरकार ने परियोजना पर शुरू किया काम, श्रीट्रॉन को जिम्मा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : तारीख पर तारीख लगने के साथ अब मुकदमों को लेकर अदालत के न तो चक्कर लगाने होंगे और न ही बेवजह धन खर्च होगा। खासकर औद्योगिक न्यायाधिकरण में ई-कोर्ट प्लेटफॉर्म से अब विवादों का निपटारा तय समयसीमा में किया जाएगा।

ई-कोर्ट नामक डिजीटल प्लेटफार्म पर ही औद्योगिक विवाद से संबंधित मामले दर्ज करने और सभी पक्षों के लिए एक सहज इंटरफेस विकसित करने का प्रयास है। इस प्लेटफॉर्म पर पक्ष अपना इनपुट व दस्तावेज अपलोड कर यह सुनिश्चित कर सकेंगे कि उनकी प्रस्तुतियां कानूनी आवश्यकताओं को पूरा करती हैं या नहीं। इस प्रणाली के निर्माण व विकास का जिम्मा श्रीट्रॉन इंडिया लिमिटेड को सौंपा गया है। इस डिजिटल प्रक्रिया में स्वचालित रूप से प्रस्तुतियों के सही पाए जाने पर एक यूनीक केस नंबर जेनरेट होगा जो आवेदकों को यह आश्वासन देगा कि संबंधित केस की समीक्षा शुरु हो गई है। न्यायालय के कर्मचारियों के लिए मामलों की समीक्षा और सत्यापन के लिए भी उपकरण होंगे ताकि वादों को अलग-अलग वर्गीकृत किया जा सके। इस प्लेटफॉर्म में सुनवाई के लिए तारीख और समय निर्धारित करने के लिए एक शेड्यूलिंग सिस्टम होगा।

संवेदनशील जानकारी रहेगी सुरक्षित

मजबूत सुरक्षा उपायों के माध्यम से विकसित किए जा रहे ई-कोर्ट प्लेटफॉर्म व इंटरफेस को संवेदनशील जानकारी की रक्षा करने में भी सक्षम बनाया जाएगा और वह सभी कानूनी मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा। उपयोगकर्ताओं को सहायता के लिए ट्यूटोरियल और गाइड सहित प्रशिक्षण सामग्री यहां मिल जाएगी। सबसे खास पहलू यह कि इस प्रक्रिया में चार चरण में वाद का निपटारा हो जाएगा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

शुभ नवरात्रि

मां कालरात्रि जी की कथा

पौराणिक कथा के अनुसार एक बार शुंभ-निशुंभ और रक्तबीज नाम के राक्षसों ने तीनों लोकों में आतंक मचा रखा था। इन राक्षसों को हाहाकर से परेशान होकर सभी देवतागण शिवजी के पास गए और उनसे इस समस्या से बचने का कोई उपाय मांगने लगे। तब भगवान शिव ने माता पार्वती से इन राक्षसों का वध करने के लिए कहा। तब माता पार्वती ने दुर्गा का रूप धारण कर शुंभ-निशुंभ का वध कर दिया। लेकिन जब रक्तबीज के वध की बारी आई तो उसके शरीर से निकले रक्त से लाखों की संख्या में रक्तबीज दैत्य उत्पन्न हो गए। क्योंकि रक्तबीज को यह वरदान मिला था कि यदि उनके रक्त की बूंद धरती पर गिरती है तो उसके जैसा एक और दानव उत्पन्न हो जाएगा। ऐसे में दुर्गा ने अपने तेज से देवी कालरात्रि को उत्पन्न किया। इसके बाद मां दुर्गा ने दैत्य रक्तबीज का वध किया और मां कालरात्रि ने उसके शरीर से निकलने वाले रक्त को जमीन पर गिरने से पहले ही अपने मुख में भर लिया। इस तरह रक्तबीज का अंत हुआ।

ॐ जयंती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी।
दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोस्तुते।।

1 Ltr.

GAAGAR JAL

Quench the Thirst

सुपर स्टॉकिस्ट और डिस्ट्रीब्यूटर
की PAN इंडिया आवश्यकता है एवं
सेल्स स्टॉफ महिला या पुरुष
(महिला प्रतिनिधि को प्राथमिकता)

7078942200, 9548901556, 7500713009

gaagarjalwater@gmail.com, yashafp.mbd143@gmail.com

Royal Food Corporation of India

Ginnor Deh Mafi, Manoharpur, Near Vivek Dharam Kata Umari, Moradabad, U.P.- 244102

7500713009 Gaagarjal (Royal Food Corporation of India) Gaagarjal- Packaged Mineral Watar

हिन्दू पर्सनल लॉ बोर्ड
के तत्वावधान में

बालाजी मंदिर और खाटूश्याम के भव्य मंदिर निर्माण के लिए

सभी भक्त रेत, ईंट, बजरी, सरिया में अपनी श्रद्धा के अनुसार सहयोग करें।

SCAN & PAY
GOOGLE PAY paytm पे Razorpay
9412383710

Bank Details:
Account No.
40240342601
IFSC CODE:
SBIN0016880

हिन्दू पर्सनल लॉ बोर्ड की ओर से जल्द ही रामपुर में बालाजी मन्दिर और खाटूश्याम जी के मन्दिर का निर्माण होने जा रहा है। आप सभी लोगों से सहयोग की अपील है।

सप्तम कालरात्रि



मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। देवी कालात्रि को व्यापक रूप से माता देवी-काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के कई विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। देवी कालरात्रि की पूजा से शनिदोष खत्म होता है।

बीज मंत्र- क्लीं ऐं श्री कालिकायै नमः

एक कदम सनातन की ओर

हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।

भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

अब बन सकेगा छह कमरों का होटल

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की 138वीं बोर्ड की बैठक में पास हुए कई प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की 138 वीं बैठक नया मुरादाबाद में स्थित एमडीए कार्यालय सभागार में मंगलवार को हुई। इसमें कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। इसके अलावा पूर्व बोर्ड बैठक में पास कर शासन को भेजे गए कुछ प्रस्तावों को शासन से हरी झंडी मिलने के बाद स्वीकार किया गया है।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की बोर्ड की बैठक मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कई प्रस्ताव पास हुए। मंडलायुक्त ने बताया कि बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास हुए हैं। अभी तक होटल बनाने के लिए न्यूनतम लैंड का मानक तय था। लेकिन, अब बोर्ड में प्रस्ताव लाकर न्यूनतम लैंड की बाध्यता को खत्म कर दिया जाएगा। 20 कमरों के होटल को नौ मीटर रोड पर भी बनाया जा सकेगा। इस संबंध में पिछली बोर्ड बैठक में

बैठक में शामिल मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष शैलेष कुमार व अन्य।

प्रस्ताव पास किया गया था। अब शासन से निर्देश मिलने के बाद इसे अंगीकृत करके लागू कर दिया जाएगा। इसके अलावा पेट्रोल पंपों को भी इसमें बड़ी राहत मिलेगी। अभी तक पेट्रोल पंप खोलने के लिए ऑयल कंपनियों के मानकों और मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के मानकों में भिन्नता थी। इस भिन्नता को खत्म किया जाएगा।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण किसी पेट्रोल पंप का नक्शा पास करते समय ऑयल कंपनी के मानकों को भी ध्यान में रखेगा। ऑयल कंपनी के मानकों को भी स्वीकार किया जाएगा। ताकि लोगों को असुविधा न हो। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार ने बताया कि प्राधिकरण के अधिसूचित विकास क्षेत्र में विस्तार के लिए शामिल किए गए 71 गांवों में दिल्ली रोड व रामपुर रोड पर प्रस्तावित सड़क चौड़ाई व ग्रीन बेल्ट की चौड़ाई छोड़कर 300 मीटर गहराई तक हाईवे फेसिलिटी जोन ए-2 व उसके बाद कृषि क्षेत्र ए-1 भू-उपयोग मानते हुए नक्शे पास किए जाएंगे। इसके अलावा दोनों भू उपयोग में 10 प्रतिशत भू-आच्छादन और 0.2 का एफएआर मिलेगा। 4000 वर्ग मीटर व अधिक क्षेत्रफल के भूखंडों में पांच प्रतिशत अधिक भू-आच्छादन पर एट्रियम बनाया जा सकेगा। जिसका एफएआर में एरिया शामिल नहीं होगा। आउटसोर्सिंग पर कार्य करने वाले कर्मचारियों व कंप्यूटर ऑपरेटर का पारिश्रमिक संशोधित हो गया है। संशोधन के बाद पारिश्रमिक में वृद्धि होगी। कम से कम छह कमरों का होटल बन सकेगा। किसी भी 20 कमरों से कम संख्या के होटल के लिए क्षेत्रफल की अब न्यूनतम सीमा नहीं होगी। जबकि 20 कमरों से अधिक वाले होटल के लिए भूखंड का न्यूनतम क्षेत्रफल 500 वर्ग मीटर होगा। इसके अलावा कई अन्य प्रस्ताव भी बोर्ड की बैठक में पास हुए। बैठक में एमडीए की सचिव अंजुलता, अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व सत्यम मिश्रा, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, सहयुक्त नियोजक भास्कर, एमडीए बोर्ड के सदस्य विकास जैन, राजू कालरा समेत अन्य लोग शामिल रहे।

मेरठ, बिजनौर के युवकों ने चुराया था कॉपर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/ अगवानपुर

अमृत विचार : सिविल लाइंस थाना पुलिस ने जनपद संभल, बिजनौर और मेरठ के चार युवकों को गिरफ्तार कर ट्रांसफार्मर से कॉपर की चोरी करने वाले गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने चारों आरोपियों के पास 584 किलो कॉपर, एक तमंचा और कारतूस के साथ ही चाकू बरामद किया है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि आरोपियों के तीन साथी अभी फरार हैं। उनकी तलाश की जा रही है।

मंगलवार को पुलिस लाइन में हुई प्रेसवार्ता में एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि थाना सिविल लाइंस के शक्तिनगर एमडीए निवासी अमरजीत सिंह ने एक अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि भटावली में कामर्शियल सोसाइटी द मॉल रोड स्थित है। जिसमें लगे ट्रांसफार्मर से 30 सितंबर की रात अज्ञात चोर लगभग 600 किलो कॉपर चोरी कर ले गए। जिसकी कीमत चार लाख रुपये थी। एसपी सिटी ने बताया कि सोमवार रात थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना और अगवानपुर चौकी प्रभारी संजय कुमार की टीम ने इस

ट्रांसफार्मर से तार चोरी का खुलासा करते एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह।

आरोपी सलमान और नदीम पर दर्ज हैं कई मुकदमे

मुरादाबाद, अमृत विचार : थाना सिविल लाइंस के प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि आरोपी नदीम और सलमान के खिलाफ कई मुकदमें दर्ज हैं। संभल के ऐंचोड़ा कम्बोह निवासी नदीम के खिलाफ सिविल लाइंस थाने के साथ ही गाजियाबाद के साहिबाबाद थाने में कुल आठ मुकदमे दर्ज हैं। जिनमें सात चोरी के और एक आर्म्स एक्ट का मामला है। इसी तरह मेरठ के सरधना के मोहल्ला शेखान निवासी सलमान के खिलाफ गाजियाबा के मुरादनगर व निवाड़ी, मेरठ के सरधना और मुरादाबाद के सिविल लाइंस थाने में चार मुकदमें दर्ज हैं। इसमें चोरी और विद्युत अधिनियम भी शामिल हैं, क्योंकि वह बिजली विभाग के ही तार और ट्रांसफार्मर से कॉपर वायर चुराता है।

मामले में मेरठ के सरधना थाना क्षेत्र के मोहल्ला शेखान निवासी सलमान, संभल के ऐंचोड़ा कम्बोह थाना के गांव नहरोली निवासी नदीम, बिजनौर के चांदपुर के सब्दलपुर तेली निवासी इलियास और बिजनौर के मोहल्ला काजी जादगान निवासी बाबर को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से ट्रांसफार्मर से चोरी किया गया 584 किलो कॉपर वायर, 315 बोर का तमंचा व दो कारतूस और एक चाकू बरामद किया है। आरोपियों ने कार से माल ले जाकर बिजनौर में इलियास और चांद को बेच दिया था। पुलिस ने इलियास और चांद के पास से ही चोरी का माल बरामद किया है।

एक नजर

कार चोरी, रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद, अमृत विचार : कटघर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चोर घर के बाहर खड़ी कार चोरी करके ले गए। पीड़ित कार मालिक ने कटघर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना कटघर क्षेत्र के गोट निवासी मोहम्मद दानिश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती चार अक्टूबर की रात उसकी ब्रेजा कार घर के बाहर खड़ी थी। अगले दिन सुबह उठकर देखा तो कार गायब थी। आसपास कार की तलाश करने पर कोई सुराग नहीं मिला। थाना कटघर पुलिस ने दानिश की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रसाद का वितरण किया

मुरादाबाद, अमृत विचार : स्वामी नारदानंद ऋषि आश्रम, लाल बाग में नारदानंद रसोई में नवरात्रि की षष्ठी पर मंगलवार को व्रत का प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में आश्रम के अध्यक्ष बाबा संजीव आकांक्षी पंकज शर्मा, अशोक गुप्ता, डॉ बृजपाल सिंह यादव, राखी शर्मा, प्रमोद कुमार आदि का योगदान रहा।

रिश्वत लेते कर्मी का वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- खनन कार्यालय का बताया जा रहा वीडियो
- हाल ही में रिश्वत लेते हुए एक कर्मचारी हुआ था गिरफ्तार

अमृत विचार : खनन कार्यालय में रिश्वत का मामला ठंडा नहीं हुआ है, अब एक वायरल वीडियो ने हड़कंप मचा दिया है। पिछले दिनों जिला खनन अधिकारी के कार्यालय में आउटसोर्सिंग से संविदा पर तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर शाहरूख को एंटी करप्शन टीम ने 20,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा था। हालांकि अमृत विचार सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

अवैध खनन और इसके नाम पर भ्रष्टाचार को लेकर जिला हमेशा सुर्खियों में रहता है। 3 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट परिसर में अधिकारियों की नाक के नीचे जिला खनन अधिकारी के कार्यालय में आउटसोर्सिंग से तैनात संविदा कर्मचारी को 20,000 रुपये रिश्वत के लेते एंटी

खनन बाबू का रिश्वत लेते वीडियो वायरल।

करप्शन टीम के द्वारा पकड़े जाने का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि अब एक वायरल वीडियो ने विभाग को फिर चर्चा में ला दिया है। खनन कार्यालय में एक कर्मचारी के द्वारा रिश्वत लेकर अपनी जेब में रखते और फाइलों में रखे रुपये लेने का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल होने की खूब चर्चा हो रही है। 3 अक्टूबर को जिला खनन अधिकारी के कार्यालय में संविदा पर तैनात कर्मचारी शाहरूख को 20,000 रुपये रिश्वत लेते एंटी करप्शन टीम के द्वारा गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में शिकायत मोहम्मद रफी ने एंटी करप्शन टीम से की थी। जिसमें आरोप लगा था कि मिट्टी खनन की स्थानीय स्तर पर परमिशन देने के नाम पर शिकायतकर्ता से 3 लाख रुपये की मांग की गई थी। बाद में मामला लिपिक के माध्यम से 2 लाख रुपये में तय हुआ था। जिसके बाद कर्मचारी को 20,000 रुपये लेते टीम ने पकड़ लिया था।

इसके बाद से ही जिला खनन अधिकारी कार्यालय पर सबकी नजरें टिकी हैं। जिलाधिकारी ने भी मामले में शासन को आरोपी लिपिक के खिलाफ कार्रवाई के लिए पत्र लिखा था।

दूल्हे के भाई ने वलीमे में किया हंगामा, मारपीट

मुरादाबाद, अमृत विचार: मुगलपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत वलीमे की दावत के दौरान शराब पीकर पहुंचे दूल्हे के भाई और रिश्तेदारों का दुल्हन के परिजनों से विवाद हो गया। जिसके बाद दोनों पक्षों से जमकर मारपीट हुई। एक पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद समेत आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना कटघर क्षेत्र के गांव भैंसिया निवासी नईम ने मुगलपुरा थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी चचेरी बहन का निकाह बीती छह अक्टूबर को नागफनी थाना क्षेत्र के नवाबपुरा के मोहल्ला गड्ढा निवासी आरिफ के साथ हुआ है। सोमवार रात मुगलपुरा के बरवालान मोहल्ले में स्थित एक शादी हॉल में वलीमे की दावत हुई। रात लगभग 10 बजे दुल्हे आरिफ के रिश्तेदार व भाई शराब पीकर पार्टी में पहुंचे और हंगामा करने लगे। विरोध पर मारपीट की।

उधारी के पैसों को लेकर दो पक्षों में मारपीट, रिपोर्ट

मुरादाबाद, अमृत विचार : मझोला थाना क्षेत्र में उधारी के 12 हजार रुपये को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष ने स्टील कारखाना संचालक को कुर्सी मारकर घायल कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना मझोला खेत्र के जयंतीपुर आयशा मस्जिद के पास रहने वाले गुल मोहम्मद स्टील का कारखाना चलाते हैं। गुल मोहम्मद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके ऊपर कटघर के पंडित नगला निवासी आबिद के 12 हजार 60 रुपये उधार थे। बीते रविवार की दोपहर दो बजे आबिद उसके कारखाने पर पैसे मांगने आया था। पीड़ित के अनुसार उसने अगले दिन पैसे देने को कहा तो आबिद भड़क गया और गाली गलौज करने लगा। मना करने आरोपी ने गुल मोहम्मद के ऊपर कुर्सी फेंक कर मार दी। इसके अलावा पाइप से नाक पर हमला किया, जिससे वह घायल हो गया। बाद में आरोपी वहां से धमकी देते हुए भाग निकला। थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक मोहित चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी आबिद के खिलाफ मारपीट और धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 10 अक्टूबर, 2024 दिन बृहस्पतिवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अर्न्तगत एक वृहद कैम्प का आयोजन प्रातः 9 बजे से जिला चिकित्सालय सिविल लाइन्स, मुरादाबाद में आयोजित किया जा रहा हैं।

थीम- मानसिक स्वास्थ्य सार्वभौमिक मानव अधिकारी
(Mental heath is a universel human right)

मानसिक रोगियों में निम्नलिखित लक्षण दिखायी देते है:-

- यदि कोई व्यक्ति व्यर्थ की बातचीत करता है और उसका व्यवहार अजीब सा हो।
- यदि कोई व्यक्तिकिसी भी कार्य में उदासीनता दिखाता है और किसी कार्य में मन नही लगता है।
- यदि कोई व्यक्ति यह कहता है कि उसे कोई दिखाई देता है उसके कानों मे आवाजे आती है जबकि सामान्य व्यक्ति को वह चीजें न तो दिखाई देती है और न नही सुनाई देती है ।
- यदि कोई व्यक्ति यह संदेह करता है कि लोग मेरे खिलाफ है, लोग हमें पकड़ने/ मारने आ रहे है।
- यदि कोई व्यक्ति जरूरत से ज्यादा खुश दिखाई दे, और बड़ी-बड़ी बाते करें, अपने को बड़ा आदमी समझे, व्यवहार मे तेजी हो।
- यदि कोई व्यक्ति बिना किसी कारण के उदास हो तथा रोता हो।
- यदि कोई व्यक्ति आत्माहत्या का प्रयास करता हो या आत्माहत्या के बारे में बात करता हों।
- यदि कोई व्यक्ति यह कहे कि उसे देवी/ देवता आते है, उसके ऊपर किसी ने काला-जादू कर दिया है, गन्दी आत्माओं न पकड़ लिया है आदि।
- यदि कोई व्यक्ति को बेहोशी के दौरे आते है।
- यदि किसी व्यक्ति की बौद्धिक क्षमता (मानसिक क्षमता) कम हो जन्म से।



उक्त लक्षण होने पर कैम्प के अतिरिक्त जिला चिकित्सालय, सिविल लाइन्स, मुरादाबाद के कमरा नं.-22 में प्रत्येक सोमवार, बुद्धवार व शुक्रवार को सम्पर्क कर सकते है

प्रातः 8 बजे से 2 बजे तक।

नोडल अधिकारी
रा. मान. स्वा. कार्य.
मुरादाबाद

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
मुरादाबाद।

जिलाधिकारी
मुरादाबाद।

जागरूकता | सड़क सुरक्षा पखवाड़ा में 54 वाहनों पर की चालानी कार्रवाई

वाहन चालकों को दी नियमों की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को बिना हेलमेट मोटरसाइकिल व अन्य दो पहिया वाहन चलाने वालों को जागरूक किया गया। साथ ही क्षमता से अधिक सवारी, अनधिकृत रूप से बसों का संचालन, फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने वाले 54 वाहनों के खिलाफ संभागीय परिवहन विभाग के प्रवर्तन दल शाखा ने चालानी कार्रवाई भी की।

वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में आए लोगों को संबोधित करते हुए यात्री एवं मालकर अधिकारी योगेंद्र कुमार यादव ने बताया कि वाहन चलाते समय यातायात के नियमों का पालन करना अपनी जान की सुरक्षा करना भी है। वाहन में क्षमता से अधिक सवारी

हाईवे पर निजी बस पर चालानी कार्रवाई करते यात्री एवं मालकर अधिकारी योगेंद यादव।

बैठाने से वाहन के कहीं असंतुलित होकर हादसा होने का खतरा भी बना रहता है। वाहन की समय-समय पर सर्विसिंग कराना सफर पर वाहन खराब होने की परेशानी से बचाता है। खराब वाहन को सड़क पर न चलाने की सलाह दी। बताया कि टायरों में हवा का दबाव व अन्य तकनीकी कमियों को दूर करते रहें। वाहन के साथ निर्धारित टूल्स व सुरक्षात्मक उपकरण हमेशा रखें। वाहन चलाते समय नशीले पदार्थों का सेवन न करें। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग से हादसा होने पर गंभीर चोट लगने का खतरा कम रहता है। कार्यक्रम के दौरान माल एवं यात्री कर अधिकारी के अलावा प्रवर्तन शाखा के सिपाही उपस्थित रहे।

चीफ फार्मासिस्ट पर स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी बरकरार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

> चीफ फार्मासिस्ट आरपी वर्मा के मामले में हमें कोई जानकारी नहीं है। जानकारी कर लें, फिर बताएंगे।
> - डॉ. कुलदीप सिंह, सीएमओ

अमृत विचार : 12 सितंबर 2024 को डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल ने झोलाछाप के विरुद्ध अभियान में चीफ फार्मासिस्ट को किराए के भवन में क्लीनिक चलाते पकड़ा था। 27 दिन हो गए, सीएमओ ने एक अदद नोटिस जारी कर चीफ फार्मासिस्ट से कारण तक नहीं पूछा...। वहीं, झोलाछाप के विरुद्ध अभियान में सीएमओ पर भेदभाव पूर्ण कार्यशैली के आरोप भी लगने लगे हैं।

मामला बिलारी सीएचसी पर तैनात चीफ फार्मासिस्ट आरपी वर्मा से जुड़ा है। डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल 12 सितंबर को कस्बे में थे। वे झोलाछाप के विरुद्ध कार्रवाई में लगे थे। साथ में चीफ फार्मासिस्ट आरपी वर्मा भी थे। इस बीच डिप्टी सीएमओ को पता चला कि किराए के भवन में भी एक क्लीनिक चल रहा है। खबर मिलते ही डॉ. बेलवाल चीफ फार्मासिस्ट वर्मा के साथ मौके पर पहुंचे थे, जहां उन्हें तीन रोगी भी भर्ती मिले थे। इन रोगियों के क्लीनिक के मालिक एवं डॉक्टर के बारे में पूछे जाने पर डिप्टी सीएमओ को बता दिया था कि आपके साथ में मौजूद यही (चीफ फार्मासिस्ट आरपी वर्मा) तो हैं, उनके डॉक्टर...। रोगियों से ये बातें सुनकर डिप्टी सीएमओ भी हैरत में पड़ गए थे। कार्रवाई के दिन ही डिप्टी सीएमओ डॉ. बेलवाल ने बताया था कि चीफ फार्मासिस्ट ने उनसे क्लीनिक को सील न करने का अनुरोध किया था। इस पूरे मामले की रिपोर्ट डिप्टी सीएमओ ने उसी शाम को सीएमओ को दी थी।

आज का मौसम

मौसम साफ रहेगा।

अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
32.0⁰	21.0⁰

सूर्योदय	सूर्यास्त
06:12	05:52

शहर में आज

☞ समावेशी शिक्षा के उन्नयन संबंधित मंडलीय कार्यशाला पंचायत भवन सभागार में सुबह 10:00 बजे।

☞ प्राचीन श्री रामलीला कमेटी पुराना दसवां घाट के रामलीला महोत्सव में राम- सुग्रीव मित्रता, बाली वध का मंचन रात 9:00 बजे।

☞ जनपदीय शैक्षिक युवा क्रीड़ा समारोह पारकर इंटर कॉलेज के मैदान में सुबह 9:00 बजे।

☞ मनोरंजन सदन में दुर्गा पूजा कार्यक्रम सुबह 8:00 बजे।

☞ लाइनपार रामलीला समिति की ओर से रामलीला में राम सुग्रीव मित्रता, बाली बध, लंका दहन का मंचन रात 8:00 बजे।

☞ लाजपतनगर रामलीला में शबरी मिलन, सुग्रीव मित्रता व लंका दहन का मंचन रात 8:30 बजे।

एक नजर

संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 24 को

मुरादाबाद, अमृत विचार : संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में 24 अक्टूबर को मंडलायुक्त कार्यालय सभागार में होगी। सचिव संभागीय परिवहन प्राधिकरण राजेश सिंह ने बताया कि बैठक में 18 अक्टूबर तक प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार किया जाएगा। इस बैठक में संभाग के अराष्ट्रीयकृत व निजी बस मार्गों पर स्थायी लाइसेंस के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार, स्थाई सवारी गाड़ी (बस/) लाइसेंस हस्तांतरण के लिए प्राप्त आवेदन पत्र, मृतक लाइसेंस धारकों के लाइसेंसों पर विचार किया जाएगा।

बुद्धि विहार स्थित कार्यालय पर खुशी मनाते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

हरियाणा विस चुनाव में भाजपा की हैट्रिक पर हर्ष

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : हरियाणा विधानसभा चुनाव की मतगणना में भाजपा की ऐतिहासिक तीसरी बार जीत पर पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जश्न मनाया। बुद्धि विहार स्थित पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष आकाश पाल, महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा की मौजूदगी में मिठाई बांट कर जीत की खुशी मनाई गई।

जिलाध्यक्ष आकाश पाल ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी के नीतियों की जीत है। हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की जीत से साबित होता है कि दूसरी पार्टियों को जनता ने सिरे से नकार दिया है। महानगर मीडिया प्रभारी राहुल सेठी ने कहा कि हरियाणा की जीत ऐतिहासिक है। जीत पर खुशी जताने वालों में डॉ. विशेष गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, प्रिया अग्रवाल, राजू कालरा सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

भगवान वाल्मीकि का चित्र लगवाने की मांग

मुरादाबाद, अमृत विचार : अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा द्वारा मंगलवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें लाइनपार की रामलीला में भगवान वाल्मीकि का चित्र लगाए जाने की मांग की।

जिलाधिकारी अनुज सिंह को दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि रामलीला मैदान लाइनपार में कई वर्षों से श्री रामलीला का मंचन किया जाता है। कमेटी द्वारा रामायण के रचयिता भगवान वाल्मीकि का चित्र मंच पर नहीं लगाया जाता। जोकि निंदनीय है। ज्ञापन देने वालों में अमित कुमार, दीपक मुल्तानी, जय किशन और विकास वीर आदि मौजूद रहे।

प्रदर्शन करते वाल्मीकि समाज के लोग।

कांठ रोड पर जगह-जगह गड्ढों में हिचकोले खा रहे वाहन, राहगीरों को भी परेशानी

सड़कों के गड्ढे भरने में शिथिलता न पड़ जाए भारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सड़कों के गड्ढे भरने में शिथिलता मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन में बाधक बन सकती है। मुरादाबाद-कांठ-हरिद्वार मार्ग पर गड्ढों में वाहन हिचकोले खाते हुए चल रहे हैं। इन्हीं रास्तों से होकर मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन भी कराया जाएगा। वहीं महानगर की रामगंगा विहार कॉलोनी, आशियाना फेज 1 व 2 की टूटी सड़कों से होकर विसर्जन के लिए प्रतिमाएं जाएंगी, लेकिन इनकी मरम्मत न होने से संकट खड़ा हो सकता है।

नवरात्र और दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान भक्तों के आने जाने में टूटी सड़कें परेशानी का सबब बन रही हैं। इसको देखते हुए पिछले दिनों बैठक में जिलाधिकारी अनुज सिंह ने लोनिवि, नगर निगम व अन्य विभागों के अधिकारियों को जर्जर सड़कों की मरम्मत कराने, गड्ढों को जल्द भरवाने का निर्देश दिया था। लेकिन, इसके बाद भी इन विभागों की ओर से गंभीरता नहीं दिख रही है। कांठ स्टेट हाईवे पर पीएसी से लेकर विकास भवन तक सड़कें गड्ढों में तब्दील हैं। एक तरफ की सड़क पर इतने गड्ढे हैं कि एक को बचाने के प्रयास में दूसरे गड्ढे में वाहनों के पहिए फंस रहे हैं। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों बड़े-छोटे वाहन गुजरते हैं, फिर भी लोनिवि की ओर से इसकी मरम्मत नहीं कराई गई। वहीं रामगंगा कॉलोनी में भी टूटी सड़कों से होकर मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन नदी के घाट पर किया जाएगा। इससे पहले गड्ढों की मरम्मत कराने के जिलाधिकारी के निर्देश की भी अनदेखी हो रही है।

कांठ रोड की टूटी सड़क। ● अमृत विचार

- रामगंगा विहार सहित अन्य जगहों पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में हो सकती है दिक्कत
- जिलाधिकारी के आदेश के बाद भी नगर निगम, लोनिवि की ओर से हो रही है लापरवाही

लापरवाही से दुर्गा पूजा आयोजन समितियों के पदाधिकारियों में भी नाराजगी है। पिछले दिनों कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में समितियों के पदाधिकारियों ने सड़कों को दुरुस्त कराने की मांग की थी। लेकिन, नवरात्र के छठें दिन तक स्थिति में बदलाव नहीं आया। केवल कुछ जगह पैच मरम्मत कराई गई है। जबकि मुख्य मार्ग सहित अंदर की सड़क वैसे ही पड़ी है। जिलाधिकारी का कहना है कि जनहित की अनदेखी करने वाले अधिकारियों को चेतावनी दी है। यदि कोई अनहोनी हुई तो उनके खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

मां कात्यायनी की पूजा कर मांगी मन्नतें

काली माता मंदिर समेत अन्य मंदिरों में तड़के से ही उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : शारदीय नवरात्र में मंगलवार को मां दुर्गा की छठीं शक्ति मां कात्यायनी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। भक्तों ने उपवास रखकर घर परिवार की सुख समृद्धि की प्रार्थना की। तड़के से ही महानगर के काली मंदिर समेत अन्य मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

मंगलवार को शारदीय नवरात्र के छठें दिन मां दुर्गा के षष्ठम स्वरूप मां कात्यायनी की भक्तों ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर घर परिवार की सुख समृद्धि की प्रार्थना की और आशीर्वाद लिया। सुबह से ही मंदिरों पर माता की पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। शाम को मंदिरों और घरों पर महिलाओं ने भजन कीर्तन किए। महानगर के लालबाग स्थित काली माता मंदिर के महंत सज्जन गिरि ने बताया कि मंगलवार तड़के से ही भक्तों की भीड़ जुट गई। प्राचीन सिद्धपीठ नौ देवी काली माता मंदिर के महंत राम गिरि ने बताया कि श्रद्धालु शाम तक आते रहे। कोर्ट रोड स्थित दुर्गा मंदिर में पुजारी राहुल भारद्वाज ने पूजन कराया। रेलवे कालोनी स्थित मनोकामना श्री हनुमान मंदिर में सुबह पुजारी हरि दत्त जोशी ने हवन कराया। खुशहालपुर रोड स्थित ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर में महिलाओं ने भजनों पर नृत्य कर भक्ति से सराबोर कर दिया।

काली माता मंदिर में दर्शन करने के लिए लगी श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार

10 अक्टूबर को मनाएं नवरात्र की अष्टमी

मुरादाबाद, अमृत विचार : इस बार नवरात्र की अष्टमी व नवमी तिथि को लेकर कई मान्यता चल रही है। प्राचीन सिद्धपीठ नो देवी श्री काली माता मंदिर लालबाग के महंत रामगिरि जी महाराज ने बताया कि अष्टमी व नवमी को लेकर कुछ भ्रम चल रहा है। लेकिन अष्टमी 10 अक्टूबर को मनाई जाएगी। मंदिर की ओर से सप्तमी 9 अक्टूबर और अष्टमी 10 अक्टूबर को मनाने का निर्णय लिया गया है। जबकि महानवमी 11 और विजय दशमी दशहरा पर्व 12 अक्टूबर शनिवार को मनेगा। महंत रामगिरि ने कहा कि सनातन प्रेमियों को माता की पूजा इस तिथि के अनुसार विधि विधान से करनी चाहिए।

पीएम आवास को सचिव करेंगे पात्रों का चयन

मुरादाबाद, अमृत विचार : प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में पंचायत सचिव पात्र लोगों का चयन करेंगे। पात्रों के चयन के बाद ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 20 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2024 तक किए जाएंगे।

मंगलवार को जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक निर्मल कुमार द्विवेदी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवेदन करने वाला संबंधित ग्राम पंचायत का स्थायी निवासी होना चाहिए। आवेदक के पास मतदाता पहचान पत्र होना जरूरी है। उसकी सालाना आय 3 से 6 लाख रुपये के बीच होनी चाहिए। आवेदक का नाम बीपीएल सूची हो या उसके पास राशन कार्ड होना चाहिए। केंद्र सरकार इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। सबके लिए घर मिशन के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना को दो हिस्सों में बांटा गया है। इस योजना में आवेदन करने वाले ग्रामीण आवेदन करने क बाद अपना नाम www.pmaymis.gov.in पर चेक कर सकते हैं।

बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय में रजिस्टर देखते जिलाधिकारी अनुज सिंह।

अभिलेखों के रखरखाव में कमी पर जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पटल सहायकों को लंबित काम में तेजी लाने के डीएम के निर्देश

अमृत विचार : जिलाधिकारी अनुज सिंह ने मंगलवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उनके निरीक्षण से कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने अभिलेखों का उचित रखरखाव न होने और सफाई में कमी पर नाराजगी जताई।

जिलाधिकारी जब अचानक कार्यालय में पहुंचे तो वहां पर कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। सभी अपने पटल की फाइलों को सहेजने में जुट गए। जिलाधिकारी ने पटल सहायकों से उनके कार्य के बारे में जानकारी ली। कई लिपिकों के लंबे समय से एक पटल पर रहने पर पटल परिवर्तन करने के लिए कहा। कार्यालय में अभिलेखों का बेहतर रखरखाव करने और सफाई में सुधार का निर्देश जिलाधिकारी ने दिया। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी विमलेश कुमार से कहा कि शिक्षकों के लंबित कार्यों को तेजी से निस्तारित किया जाए। जिससे शिक्षकों को काम के लिए बार-बार कार्यालय का चक्कर न काटना पड़े। पटल सहायकों को समय से कार्यालय में उपस्थित रहने का निर्देश दिया।

गोसेवा को प्रभावी बनाना प्राथमिकता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग का सदस्य बनने के बाद लखनऊ से लौटने पर दीपक गोयल का स्वागत किया गया। स्वागत जुलूस में भाजपा के जिलाध्यक्ष आकाश पाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

रेलवे स्टेशन पर पहुंचने के बाद बड़ी संख्या में लोग स्वागत के लिए जुट गए। यहां से जुलूस इंपीरियल तिराहा, बुध बाजार, टाउनहॉल, बाजार गंज, गुरहट्टी चौराहा होते हुए बनवटा गंज स्थित दीपक गोयल के आवास पर पहुंचा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गो रक्षा और गो सेवा के क्षेत्र में कई कार्य कर रही है। गोवंश की सुरक्षा व सेवा सरकार की प्राथमिकता है। जिले में भी इसको और प्रभावी बनाया जाएगा। इस दौरान भाजपा पश्चिमी क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, महापौर विनोद अग्रवाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, रामवीर सिंह, अतुल सोती, इंग्लेश शर्मा, दिनकर गोयल, देवेश वशिष्ठ, नवीन चौधरी, निमित जायसवाल, राजीव गुप्ता, संजय ढाका, विनोद गोयल, प्रदीप सक्सेना, सूर्यमोहन शमशेरी, सर्वेश शर्मा, विपिन प्रजापति, राजीव शर्मा, आलोक सैनी, संजीव चौहान, योगेंद्र रस्तोगी, राजेश गुप्ता, पंकज यादव, सुनीता शर्मा, परमेश्वर लाल सैनी, डॉ. विशेष गुप्ता, राजू कालरा, धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, कमल गुलाटी, नत्थूराम कश्यप, नरेंद्र आचार्य, विजय लक्ष्मी पंडित, हुकुम सिंह, नरेंद्र सिंह, डॉ. गौरव श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

रेलवे स्टेशन पर दीपक गोयल का स्वागत करते कार्यकर्ता।

- लखनऊ से लौटने पर गो सेवा आयोग के सदस्य दीपक का हुआ स्वागत

भाइयों की मौत पर क्रोधित रावण ने किया सीता हरण

मुरादाबाद, अमृत विचार: प्राचीन श्री रामलीला कमेटी पुराना दसवां घाट पर रामलीला महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार को अपना दल सोनेलाल पटेल के राष्ट्रीय सचिव डॉ. संजीव यादव ने भगवान गणेश व राम दरबार की आरती उतारी। कमेटी के पदाधिकारियों ने पुष्पमाला व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।

रामलीला मंचन में रावण दरबार में जब सूर्पणखा ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी देती है। वहीं राम-लक्ष्मण से युद्ध के दौरान खरदूषण मारे जाते हैं। तब राणव क्रोध में आकर मामा मारीच की सहायता से सीता का अपहरण कर लेता है। इस बीच वायु मार्ग में जटायु से रावण का युद्ध होता है। जिसमें जटायु घायल हो जाता है। बाद में जब श्रीराम सीता को खोजते हुए वन में आते हैं तो जटायु सारी घटना बताकर उनकी गोद में प्राण त्याग देता है। इस मौके यथार्थ किशोर, छत्रपाल सिंह एडवोकेट, आदित्यवीर शास्त्री, धर्मेंद्र यादव शिव कुमार आदि का सहयोग रहा।

मांगी नाव न केवट आना, कहइ तुम्हार मरमु मैं...

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : रामगंगा विहार के साईं मंदिर रोड स्थित युवा केंद्र में श्री रामलीला के मंचन के पांचवें दिन त्रिमूर्ति कला केंद्र के पात्रों द्वारा राम वन गमन, राम केवट संवाद और चित्रकूट विश्राम के प्रसंग का मंचन किया गया।

रामलीला मंचन की शुरूआत भगवान गणेश की आरती से हुई। भगवान श्रीराम ने सहर्ष माता कैकेई की आज्ञा मानी और सीता व लक्ष्मण के साथ वन को प्रस्थान कर गए। वन के रास्ते में उन्हें केवट मिलते हैं। जिनसे गंगा पार करने के लिए श्रीराम नाव मांगते हैं। बाद में निषादराज केवट ने उन्हें गंगा पार कराई। श्रीराम सीता और लक्ष्मण चित्रकूट पहुंचते हैं और वहीं विश्राम करते हैं। इस मौके पर रामलीला समिति के संरक्षक शिशिर गुप्ता, डॉ. संजीव राजन, जयविन्दर प्रधान, सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, पीयूष गुप्ता, निर्वेश भटनागर, डॉ. विकास गुप्ता, अरविंद गुप्ता, गोरखनाथ, प्रेमनाथ, उपदेश अग्रवाल, विनीत गुप्ता, अजय कट्टा, संजय धवन, सुनील गुप्ता, प्रमोद रस्तोगी, शिवांश गुप्ता व डॉ. आनंद सिंह शामिल रहे।

लक्ष्मण ने काट दी सूर्पणखा की नाक : श्रीराम कथा मंचन समिति लाजपत नगर व लाइनपार में मंगलवार को श्री बृजधाम रामकृष्ण लीला संस्थान वृंदावन के कलाकारों ने राम-सीता व लक्ष्मण वनवास, सूर्पणखा नासिका भंग, खर-दूषण का वध व सीता हरण की लीला का मंचन किया गया। रामलीला मंचन से पूर्व आरती की गई। जिसके बाद मंचन में दिखाया गया कि पंचवटी में राम सीता लक्ष्मण कुटिया का निर्माण कर निवास करते हैं। एक दिन लंकापति रावण की बहन सूर्पणखा भ्रमण के लिए निकलती है। जो दोनों राजकुमारों से विवाह करने की इच्छा प्रकट की। इस पर लक्ष्मण सूर्पणखा के नाक व कान काट देते हैं। जिस पर सूर्पणखा यह समाचार खर-दूषण को देती है। राम लक्ष्मण और खर-दूषण में भयंकर युद्ध होता है और खर-दूषण का अंत हो जाता है। बाद में सूर्पणखा अपने भाई लंकापति रावण के दरबार में जाती है और सारी घटना का वर्णन करती है। रावण क्रोधित होकर सीता का हरण कर लेता है। रामलीला की व्यवस्था में महेश चंद्र अग्रवाल, विनोद सक्सेना, श्याम कृष्ण रस्तोगी, मुकुल बंसल, शरद अग्रवाल, रामकुमार गुप्ता, असीम अग्रवाल, पारस सैनी, विवेक शर्मा, शम्मी रस्तोगी, राजेन्द्र खन्ना, अतुल अग्रवाल, विपिन अग्रवाल व अविनाश अग्रवाल शामिल रहे।

लाइनपार में रामलीला में मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

- रामगंगा विहार में राम वन गमन व राम केवट संवाद का मंचन

उत्साह | नवरात्र के छह दिनों में 150 कारें व 500 दोपहिया वाहनों की हो चुकी है बिक्री

नवरात्र में ऑटोमोबाइल बाजार में 20 करोड़ का कारोबार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : शारदीय नवरात्र में ऑटोमोबाइल बाजार में जमकर खरीदारी हो रही है। चार पहिया और दोपहिया समेत ट्रैक्टर और ई-वाहनों में अब तक 20 करोड़ रुपये का कारोबार हो चुका है। ऑटोमोबाइल डीलर नवरात्र पर 30 से 40 करोड़ रुपये के कारोबार की उम्मीद लगा रहे हैं। सभी कारोबारियों को उम्मीद है कि आगे के तीन दिनों में और अच्छा कारोबार होगा।

ऑटोमोबाइल बाजार में काफी समय से मायूसी छाई थी, लेकिन शारदीय नवरात्र की शुरूआत होते ही ऑटोमोबाइल बाजार में रौनक लौट आई है। नवरात्र के छह दिनों में ही कारोबार में बढ़िया उछाल देखने को मिल रहा है। ऑटोमोबाइल से जुड़े कारोबारियों का कहना है कि नवरात्र में अब तक लगभग 20 करोड़ रुपये के वाहन बिक चुके हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि दशहरा, धनतेरस और दिवाली तक ऑटोमोबाइल बाजार में तेजी बरकरार रहेगी। मंगलवार को भी ऑटोमोबाइल बाजार, जिसमें कार, बाइक, स्कूटी व ट्रैक्टरों की बिक्री हुई। पूरे जनपद में अब तक 150 कारें और अलग-अलग कंपनियों के लगभग 500 दोपहिया वाहनों की बिक्री हो चुकी है।

कांठ रोड स्थित शोरूम पर स्कूटी पसंद करते लोग। ● अमृत विचार

ई-स्कूटरों की हो रही खूब बिक्री

मुरादाबाद, अमृत विचार : मौजूदा समय में ई-स्कूटरों का दौर चल रहा है। इस बार नवरात्रों में ई-स्कूटरों की बिक्री भी खूब हो रही है। ई-स्कूटर शोरूम संचालकों की माने तो नवरात्र शुरू होते ही ई-स्कूटरों की बिक्री शुरू हो गई थी। जिसके चलते नवरात्रों के छह दिनों में लगभग 180 ई-स्कूटरों की बिक्री हो चुकी है।

> इस बार नवरात्रों में काफी अच्छा कारोबार हो रहा है। अब तक शोरूम पर अलग-अलग मोटरसाइकिल व स्कूटी मिलाकर 80 दोपहिया वाहन बिक चुके है। इसके अलावा कई लोगों ने नवरात्र, धनतेरस और दिवाली के लिए भी स्कूटी व बाइकें बुक की है।
>
> -मोहम्मद उबैद, हीरो शोरूम

पाकबड़ा में रामलीला देखते समिति के सदस्य।

हनुमान जी ने अपनी पूंछ से लगा दी पूरी लंका में आग

पाकबड़ा, अमृत विचार : नगर पंचायत में बड़ा मंदिर पर चल रही रामलीला मंचन में मंगलवार को कलाकार पप्पू यादव कछला और लक्ष्मण सिसौदिया द्वारा मंचन किया गया। मंचन में दिखाया कि राम और सुग्रीव की मित्रता होती है। उसके बाद श्रीराम ने बाली का वध किया। उसके बाद हनुमान जी माता सीता की खोज करते हुए लंका पहुंच जाते हैं। सैनिक हनुमान जी को रावण के सामने दरबार में ले जाते हैं। जहां उनकी पूंछ में आग लगा दी जाती है। उसके बाद हनुमान जी पूरी लंका को जला देते हैं। इस अवसर पर पुरुषोत्तम शरन गुप्ता, रामबाबू भटनागर, राकेश सिंह, नरेश सक्सेना, सीताराम रूहेला, डॉक्टर सोहन सिंह, कमल सैनी, जयप्रकाश सिंह, शैवी शर्मा, मुनीष भटनागर, अभीक त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

एक नजर

रेल मंडल ने सितंबर में की 170 करोड़ की कमाई

मुरादाबाद, अमृत विचार : रेलवे प्रशासन ने सितंबर में ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों के अलावा अन्य कार्यों में 170 करोड़ रुपये की कमाई की है। यह कमाई पिछले साल के मुकाबले 12 .26 प्रतिशत अधिक है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि रेल मंडल में सितंबर में 47 .7 लाख यात्रियों ने टिकट बुक कराए है। जबकि पिछले साल 43 .57 लाख यात्रियों ने ही टिकट खरीदें थे। जिसमें 8 .3 प्रतिशत अधिक है। टिकट बिक्री से रेलवे को 79 .19 करोड़ रुपये का रेल राजस्व हुआ। यह कमाई पिछले साल सितंबर में 72 .98 करोड़ से 8 .52 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने बताया कि अन्य कोचिंग आए से सितंबर में 7 .13 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित हुआ। यह भी पिछले साल के सितंबर में हुई कमाई 6 .67 करोड़ से 6 .83 प्रतिशत ज्यादा है। मालभाड़े से सितंबर में 76 .63 करोड़ रुपये की कमाई हुई। जोकि पिछले साल आए 65 .90 करोड़ से 16 .28 प्रतिशत ज्यादा है। विविध आय से 7 .42 करोड़ रुपये की कमाई हुई।

गोवंश की देखभाल में न हो लापरवाही, इंतजाम करें दुरुस्त, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

गंदगी फैलाने पर चालान काटकर जुर्माना वसूला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

पॉकबड़ा में पॉलीथिन की बोरियों को गोदाम में रखवाता गोदाम स्वामी। ● अमृत विचार

अमृत विचार: नगर निगम के नामित पर्यवेक्षक अधिकारियों ने मंगलवार को अपने-अपने जोन में निरीक्षण कर कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। मुख्य अभियंता दिनेश चंद्र सचान ने मैनाठेर स्थित कान्हा गोशाला का निरीक्षण कर गोवंश की देखभाल में लापरवाही न करने का निर्देश दिया।

जोन एक में उप नगर आयुक्त राजकिशोर प्रसाद ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। कई प्रतिष्ठानों के द्वारा गंदगी फैलाने पर दंडात्मक कार्रवाई करते हुए 16,500 रुपये का जुर्माना वसूल कराया। उन्होंने सख्त चेतावनी दी कि खुले में कूड़ा कचरा फेंकने वालों पर और कड़ी कार्रवाई होगी। कहा कि सभी दुकानदार निर्धारित स्थान पर कूड़ा रखें। निगम की गाड़ियों के आने पर उसमें कूड़ा डालें।

वहीं नगर निगम की ओर से संचालित कान्हा गोशाला मैनाठेर का भी अधिकारियों ने निरीक्षण किया। मुख्य अभियंता दिनेश चंद्र सचान के नेतृत्व में टीम ने निरीक्षण किया। गोशाला को आईएसओ प्रमाण पत्र दिलाने के लिए व्यवस्था देखी। मुख्य अभियंता ने जगह-जगह उखड़े पेंट को दोबारा कराने का निर्देश कान्हा गोशाला में दिया। इस दौरान वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे, अवर अभियंता शिव मोहन, कान्हा गोशाला के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हेमेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं धार्मिक स्थलों व आसपास सफाई व्यवस्था का निरीक्षण भी निगम के अधिकारियों ने किया।

पाकबड़ा में टीम ने सील किया पॉलीथिन गोदाम

पाकबड़ा, अमृत विचार : नगर पंचायत की ओर से लगातार प्लास्टिक एवं पॉलीथिन को बंद कराने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को नगर पंचायत की टीम ने एक गोदाम पर छापा मारा। जहां भारी संख्या में पॉलीथिन मिली। मंगलवार की सुबह एक गोदाम पर भारी संख्या में पॉलिथीन रखी जा रही थी। जिसकी सूचना नगर पंचायत की टीम को मिली। अधिशासी अधिकारी पवित्रा त्रिपाठी के आदेश पर कर्मचारी दानिश मलिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। वहां देखा कि भारी संख्या में पॉलिथीन के कट्टे गोदाम में भरे जा रहे थे। पूछने पर गोदाम स्वामी हाजी अय्यूब ने टीम से अभद्रता की। पुलिस के पहुंचने से पहले की गोदाम मालिक फरार हो गया। टीम ने पॉलीथिन का गोदाम सील कर दिया।

शशि देवी को अस्थाई ग्राम प्रधान बनाने का प्रस्ताव

मुरादाबाद, अमृत विचार: छजलैट ब्लॉक की ग्राम पंचायत खातापुर के प्रधान की अचानक मौत होने से ग्राम पंचायत समिति के सदस्यों ने मंगलवार को विकास भवन सभागार में जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी के समक्ष अस्थाई प्रधान बनाने का प्रस्ताव रखा। जिस पर अधिकारियों ने सभी सदस्यों की सहमति लेकर जिलाधिकारी को प्रस्ताव भेजा दिया।

मंगलवार को जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा ने बताया कि 8 अगस्त को ग्राम पंचायत खातापुर की प्रधान मूर्ति देवी की अचानक मौत हो गई थी। जिसके बाद गांव में होने वाले विकास कार्यों में बाधा आने लगी थी। जिसमें ग्राम पंचायत समिति के 12 में सात सदस्य गांव की शशि देवी को अस्थाई ग्राम प्रधान बनाने का प्रस्ताव बनाकर लाए थे। जिस पर सभी सदस्यों ने हस्ताक्षर कर अपनी सहमति जताई है।

सार संक्षेप

जीआईसी मैदान बनेगा मिनी स्टेडियम, बांटी मिठाई

मुरादाबाद, अमृत विचार : जीआईसी के मैदान को मिनी खेल स्टेडियम बनाने की सूचना पाकर महानगर के क्रिकेट व हॉकी खिलाड़ियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। वहीं इसके लिए काफी समय से प्रयास करने वाले साहिल शम्सी व उनके साथियों का मंगलवार को स्वागत किया गया। जीआईसी मैदान में चल रहे मुरादाबाद चैम्पियन क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान मैदान को मिनी स्टेडियम बनाने की घोषणा पर मंगलवार को जश्न मनाया गया। इस दौरान मिनी स्टेडियम बनने की खुशी में मिठाई बांटी गई और समस्त अधिकारियों का शुक्रिया अदा किया गया। इस मौके पर चांद खां, सैय्यद तारिक अनवर, रतीराम, अतीकउर रहमान, राहुल, असलम अहमद शामिल रहे।

छात्राओं के बेहतर भविष्य के लिए हुआ समागम

मुरादाबाद, अमृत विचार : गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में मंगलवार को शिक्षक-अभिभावक संघ की तरफ से समागम का आयोजन हुआ। इसमें अभिभावक आसिफ अली ने कहा कि शिक्षक-अभिभावक समागम कार्यक्रम छात्राओं के भविष्य को बेहतर बनाने का बेहतर कदम है। रोबीना ने कहा कि कॉलेज के शैक्षिक वातावरण से उनका परिवार प्रभावित है उनकी चार पीढ़ियों से बच्चे यहीं पढ़ने आ रहे हैं। वह स्वयं भी इसी कॉलेज में पढ़ी। बीएड की छात्रा और छात्रा कल्याण परिषद की अध्यक्ष अक्षिता अगवानिया की मां रेखा रानी ने कॉलेज को आर्थिक सहयोग के रूप में 20,000 रुपये का चेक भेंट किया। प्राचार्य चारू मेहरोत्रा ने अभिभावकों का स्वागत किया। समिति की संयोजिक प्रो. पुनीता शर्मा ने समागम के उद्देश्य के बारे में अभिभावकों को बताया। अभिभावकों से फीडबैक फॉर्म भी भराया गया।

करंट से एक की मौत, रिक्शा चालक झुलसा

मुरादाबाद, अमृत विचार : ई-रिक्शा में लादते समय आलमारी एचटी लाइन से टकरा गई। जिससे करंट की चपेट में आकर मजदूर की मौत हो गई। हादसे में ई रिक्शा चालक भी झुलस गया, जिसे रामपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।थाना मूंढापांडे क्षेत्र के गांव बरवाला खास निवासी महबूब (40) गांव में ही रखकर खेतीबाड़ी करने के साथ ही मजदूरी करता था। मंगलवार सुबह लगभग आठ बजे महबूब अलमारी की मरम्मत के लिए सिहोरा बाजे लेकर जा रहा था। इसके लिए नाजिम का ई-रिक्शा बुक किया था। नाजिम और महबूब ई-रिक्शा में आलमारी लाद रहे थे, तभी आलमारी पास से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की एचटी लाइन से टकरा गई। जिससे उसमें करंट उतर आया। करंट की चपेट में आकर महबूब और ई-रिक्शा चालक नाजिम झुलस गए। दोनों को आनन-फानन में रामपुर के जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने महबूब को मृत घोषित कर दिया। जबकि नाजिम का उपचार चल रहा है।

आज से शुरू होगा बंगाली समाज का दुर्गा पूजन महोत्सव

मुरादाबाद, अमृत विचार : बुधवार से बंगाली समाज का दुर्गा पूजन शुरू हो जाएगा। जिसके लिए महानगर के अलग-अलग इलाकों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कालीबाड़ी से महानगर के मनोरंजन सदन और सद्भावना पार्क दीन दयाल नगर समेत कई स्थानों पर प्रतिमाएं पहुंच गईं हैं। कुछ स्थानों पर प्रतिमाएं बाहर से भी लाई गई हैं। कालीबाड़ी के पुजारी गौरी शंकर भट्टाचार्य ने बताया कि बुधवार को प्रतिमा स्थापना के साथ दुर्गा पूजन शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि तीन दिन तक सुबह-शाम दोनों समय कार्यक्रमों की धूम रहेगी। इस दौरान भंडारा भी चलेगा। दशहरे के दिन रंग खेलने के बाद प्रतिमाएं विसर्जित होगी। बंगाली समाज का दुर्गा पूजन महोत्सव इस वर्ष तीन दिन चलेगा।

गरीबी हटाने के लिए चलेगा जीरो पावर्टी अभियान

मुरादाबाद, अमृत विचार : सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को गरीबी रेखा उबारने के लिए जीरो पावर्टी अभियान चलाया है। जिसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत से 15 से 25 निर्धन परिवारों को चिह्नित किया जाएगा। यह कार्य ऑनलाइन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया में पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, प्रधान अध्यापक और गांव के मौजूदा व पूर्व प्रधान लगाए गए हैं। सोमवार को पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा ने बताया कि परिवारों का चयन चार बिंदुओं के मानकों पर किया जाएगा। जिसमें में गृहविहीन, कच्चा मकान, भूमिहीन और वो परिवार जिनका कृषि परक आजीविका के अलावा कोई अन्य विकल्प न हो। ऐसे सभी परिवारों की ग्राम स्तरीय कर्मचारी मोबाइल एप पर निर्धनतम परिवारों को चिह्नित करेंगे।

मकान दिलाने के नाम पर डेढ़ लाख की ठगी, रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद, अमृत विचार : प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान दिलाने के बाद दो शातिर ठगों ने महिला के साथ ठगी कर डाली। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना मझोला क्षेत्र के लाइनपार केजीके कॉलेज के पास रहने वाली मिनी शर्मा पत्नी अनिल कुमार फर्म में काम करती हैं। मिनी शर्मा ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 2023 में वह गागन तिराहा स्थित एक्सपोर्ट फर्म में काम करती थी, तभी उसकी मुलाकात नया मुरादाबाद में रहने वाले सुरेश शर्मा से हुई थी। पीड़िता ने बताया कि एमडीए कार्यालय में सुरेश ने खुद की जान पहचान बताई। उसने कहा कि लाकड़ी फाजलपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने आवासों में से एक आवास आवंटित करा देगा। लेकिन, आरोपी ने न तो आवास दिलाया और न डेढ़ लाख रुपये वापस किए।

अभद्र टिप्पणी करने वाले पर हो देशद्रोह की कार्रवाई

मुरादाबाद, अमृत विचार : जमीयत उलमा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर पैगंबर मोहम्मद साहब के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले महंत यति नरसिंहानंद के खिलाफ जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया कि गाजियाबाद स्थित डासना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद द्वारा बीती तीन अक्टूबर को एक जनसभा में नबी की शान में अभद्र व आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। जिससे भारत ही नहीं पूरी दुनिया में रहने वाले मुसलमान और आम नागरिकों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। इससे पहले भी यति नरसिंहानंद कई बार इस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी कर चुके हैं। जमीयत उलमा मांग करता है कि आरोपी यति नरसिंहानंद द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी पर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एनएसए लगाई जाए।

एमपीएस व सीएल गुप्ता स्कूल की टीमें फाइनल में

मुरादाबाद, अमृत विचार : मॉडर्न पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय अबुल हसन मेमोरियल इंटर स्कूल जूनियर फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन मॉडर्न पब्लिक स्कूल और सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल की टीमें फाइनल में पहुंच गई हैं। मंगलवार को पहला सेमीफाइनल मॉडर्न पब्लिक स्कूल और समर वैली स्कूल के बीच हुआ। जिसमें मॉडर्न पब्लिक स्कूल की टीम ने 6-0 के स्कोर से जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई है। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला ग्रीन मिडोज स्कूल और सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल के मध्य हुआ। इसमें टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते 1-1 के स्कोर से बराबर स्कोर बनाया और पैनल्टी का लाभ उठाते हुए सीएल गुप्ता स्कूल की टीम ने मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। एमपीएस के प्रशिक्षक शाहवेज अली ने बताया कि फाइनल मुकाबला बुधवार को होगा।

टोल प्लाजा पर किसानों का उत्पात, कई बूम बैरियर तोड़े

30-40 लोगों ने टोल प्लाजा पर आकर किया हंगामा, जान बचाते दिखे सुरक्षा गार्ड, बिना टोल टैक्स दिए गुजरे वाहन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

नियामतपुर इकरोटिया टोल प्लाजा पर हंगामा करते किसान।

टोल प्लाजा पर बैरियर के बूम को तोड़ता युवक।

अमृत विचार : मुरादाबाद-बरेली हाईवे पर नियामतपुर इकरोटिया टोल प्लाजा पर मंगलवार को भी किसान यूनियन की टोपी लगाए किसानों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान सुरक्षा में तैनात गार्ड खुद बचते नजर आए। इस घटना के वीडियो सोशल मीडिया वायरल हो रहे हैं। आरोपियों ने टोल प्लाजा पर आठ लेन के बूम बैरियर तोड़ दिए। इन्हें जिस कर्मचारी ने रोकने का प्रयास किया तो उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज भी की। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे प्रबंधक योगेश श्रीवास्तव ने तुरंत मूंढापांडे थाने में फोन किया। पुलिस को आता देख बवाल करने वाले लोग भाग गए थे। टोल प्लाजा पर करीब डेढ़ से दो घंटे तक हुए बवाल के बीच बिना टैक्स अदा किए ही 60 से 70 वाहन निकल गए थे। बवाल होने की सूचना पर टोल प्रबंधन के जीएम प्रवीन जिंदल भी मौके पर पहुंचे थे।

घटना सुबह 11.20 बजे की बताई जा रही है। मुरादाबाद की तरफ से आई तीन-चार कारों में सवार लोग टोल प्लाजा पर उतरे और वहां सफाई कर रहे कर्मी से उलझने लगे। मामला समझने के लिए टोल प्लाजा के अन्य कर्मी भी आ गए। इसी बीच आरोपी उग्र हो गए। स्टाफ कर्मियों से विवाद करने लगे और कुछ लोगों ने कंधे लगाकर 8 लेन के बूम बैरियर भी डैमेज कर दिए। वैसे टोल प्लाजा परिसर में 10 गार्ड थे, लेकिन वह भी आरोपियों को रोक पाने में समर्थ नहीं दिखे। आरोप है कि बूम बैरियर को सुरक्षित करने में लगे कर्मियों को आरोपियों ने मारापीटा भी है। उत्पात करने वाले लोगों की संख्या 30-40 बताई जा रही है।

टोल प्रबंधक योगेश श्रीवास्तव ने बताया कि वह रामपुर की तरफ निकले थे, उन्हें स्टाफ कर्मी ने टोल प्लाजा पर विवाद की सूचना दी तो वह पहुंचे थे। स्थिति देखकर उन्होंने पुलिस को फोन किया था। उन्होंने आरोपियों को लीड करने वाले व्यक्ति का नाम भी बताया। कहा कि अधिकांश लोग हरे रंग की टोपी लगाए थे। इनकी टोपियों पर किसान यूनियन एकता दल लिखा था। उनका दावा है कि आरोपी विवाद करने वाले लोग प्री-प्लान करके आए थे। टोल प्लाजा प्रबंधक का कहना है कि बूम बैरियर क्षतिग्रस्त कर दिए जाने से 70 गाड़ियां (50 कार और 20 बड़े वाहन) बिना टैक्स दिए निकल गए। इससे प्रबंधन को 20-25000 रुपये का नुकसान हुआ है। टोल प्लाजा के सुरक्षा इंचार्ज सुरेश कुमार की तरफ से तहरीर दी गई है। साथ ही साक्ष्य के तौर पर फोटोग्राफ्स और सीसीटीवी कैमरे के फुटेज पुलिस को सौंपे हैं।

सोमवार को कार सवार ने दो बार तोड़ा था बैरियर

मंगलवार को हुए विवाद की जड़ टोल प्लाजा प्रबंधक योगेश श्रीवास्तव सोमवार को हुई कहासुनी बताते हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को एक कार ने टोल प्लाजा के बूम बैरियर को दो बार तोड़ा। सोमवार दोपहर 12.30 के समय कार (यूपी-32-जीजेड-1500) पर सवार तीन लोगों ने टोल प्लाजा पर आते ही बूम बैरियर तोड़ दिया था। सफाई कर रहे कर्मी ने इनका विरोध किया तो वह लोग रुककर उससे गाली-गलौज करने लगे थे। इसके बाद उसी दिन यही कार रात 8.30 रामपुर की तरफ से टोल प्लाजा पर आई तौर बिना रुके बूम बैरियर को फिर तोड़कर निकलते चले गए थे।

तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर रहे हैं। आरोपियों को लीड करने वाला शाहरुख खान नामजद है। अन्य आरोपियों की भी पहचान की गई है। इनमें कुछ लोग शाहदुल्लापुर, कटघर व पाकबड़ा के रहने वाले हैं।
-राम प्रसाद शर्मा, थानाध्यक्ष मूंढापांडे

100 मीटर दौड़ में रियाज व कनिष्का ने बाजी मारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● न्याय पंचायत क्रीड़ा व सांस्कृतिक प्रतियोगिता में दिखाया दम

अमृत विचार: न्याय पंचायत अक्का डिलारी विकास क्षेत्र मूंढापांडे की न्याय पंचायत क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता प्राथमिक-उच्च प्राथमिक विद्यालय चमरौआ में आयोजित की गई। प्रतियोगिता की शुरुआत उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ मूंढापांडे के के ब्लाक अध्यक्ष संजय सिंह ने फीता काटकर की।

प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय चमरौआ के साहिल ने 50 मीटर, प्राथमिक विद्यालय खानपुर लखी के रियाज ने 100 मीटर व प्राथमिक विद्यालय चमरौआ के फुरकान ने 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान किया। जबकि प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय चमरौआ की दानिया 50 मीटर, कनिष्का 100 मीटर व अल्शिफा नूर ने 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में हलानगला के अरुण ने 100 मीटर, 200 मीटर में चमरौआ के अनमोल, 400 मीटर में ईलर रसूलाबाद के अर्सलान व 600 मीटर दौड़ में अनमोल ने प्रथम स्थान हासिल किया। लंबी कूद में चमरौआ के अनमोल तथा ऊंची कूद में हलानगला के जैद ने प्रथम स्थान हासिल किया। उच्च प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में चमरौआ की रिफा ने 100 व 400 मीटर, रजिया ने 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में नोडल संकुल शिक्षक सतेंद्र कुमार सिंह, प्रतीक शर्मा, अकरम अहमद, रामकिशन, मेघा अग्रवाल , सुशील शर्मा, ज्ञानवती, राजबाला शामिल रहे।

800 मीटर दौड़ में अंजू, अनुज व अंकुश प्रथम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

● पारकर इंटर कालेज में तीन दिवसीय शैक्षिक युवा क्रीड़ा प्रतियोगिताएं शुरू

अमृत विचार : तीन दिवसीय 75वीं जनपदीय शैक्षिक युवा क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को पारकर इंटर कॉलेज में हुआ। मार्च पास्ट के बाद 800 मीटर की दौड़ में अंजू, अनुज व अंकुश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि 400 मीटर की दौड़ में आशी, प्रिंस सैनी और रचित कुमार अपने-अपने वर्ग में प्रथम रहे हैं।

मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वादश मंडल मनोज कुमार द्विवेदी और डीआईओएस डॉ. अरुण कुमार दुबे ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया। सभी संकुल के छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट किया। इसकी अगुवाई जीजी हिंदू इंटर कॉलेज के घोष बैंड ने की। संयुक्त शिक्षा निदेशक ने मशाल प्रज्वलित की और कबूतर उड़ाकर कार्यक्रम प्रारंभ होने की घोषणा की। प्रताप सिंह कल्याण इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद लक्ष्मी नारायण जगदीश सरन कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। हिंदू मॉडल इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भारतीय सेवा के शौर्य पर आधारित देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के संयोजक हिंदू मॉडल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नन्हें सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन खेल शिक्षक एवं प्रवक्ता वंश बहादुर सिंह व प्रवक्ता जगदीश चंद्र ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर डॉ. श्वेता पुठिया, डॉ. मुक्ता अग्रवाल, मेजर डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ. एसके नेथन, समरपाल सिंह, डॉ. विजेंद्र सिंह, राजीव सिंह, उपासना गुप्ता, विमलेश, पुष्पलता, अनुराधा व नीलम रस्तोगी ने सहयोग किया।

सब जूनियर बालक वर्ग

800 मीटर दौड़ में अनुज प्रथम, मनु द्वितीय व मोनिश तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ में प्रिंस सैनी प्रथम, रिशु यादव द्वितीय व शारिक तृतीय, 100 मीटर दौड़ में रचित कुमार प्रथम, रचित यादव द्वितीय व जतिन तृतीय स्थान पर रहे।

जूनियर बालक वर्ग

800 मीटर दौड़ में अंकुश कुमार प्रथम, प्रियांशु चौधरी द्वितीय, व निगम कुमार तृतीय स्थान पर रहे।

सब जूनियर बालिका वर्ग

800 मीटर दौड़ में अंजू प्रथम, शिवानी यादव द्वितीय व वसुंधरा तृतीय स्थान पर रहीं। 400 मीटर दौड़ में आशी प्रथम, पारुल द्वितीय व सुरभि तृतीय स्थान पर रहीं।

अभाविप ने हिंदू कॉलेज के गेट में जड़ा ताला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

हिंदू कालेज में हंगामा करते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● कॉलेज में लागू आचार संहिता का छात्रों ने किया विरोध

अमृत विचार : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मंगलवार को हिंदू कॉलेज में जबरदस्त प्रदर्शन किया। उग्र छात्रों ने कॉलेज के मुख्य द्वार में अंदर से ताला लगा दिया। स्थिति बिगड़ती देख प्राचार्य प्रो. एसएस रावत ने फोन कर पुलिस बुला ली थी। पुलिस के पहुंचने पर छात्रों ने गेट का ताला खोला और फिर नारेबाजी करते हुए नियंता मंडल के ऑफिस में पहुंच गए, जहां प्राचार्य बैठे थे तो उनका घेराव किया। स्थिति को देखते हुए प्राचार्य ने सभी मांगे जल्द ही पूरा करने का भरोसा दिया। इसके बाद छात्र शांत हुए। करीब दो-ढाई घंटे चले इस हाई वोल्टेज प्रदर्शन में करीब 300 की संख्या में छात्र शामिल थे। आंदोलित छात्रों ने प्राचार्य को मांग पत्र दिया है।

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री पुनीत अग्रवाल, महानगर मंत्री गौरव क्षत्रिय ने बताया कि कॉलेज में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था तक नहीं है। स्टाफ के डिपार्टमेंट में शिक्षकों के पीने के लिए आरओ लगा है लेकिन, छात्र गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। परिषद के महानगर सहमंत्री छविनाथ अरोड़ा ने कॉलेज में लागू आचार संहिता का विरोध किया। कॉलेज प्रशासन को चेताया कि अगर मांगें तीन दिन के भीतर पूरी नहीं हुई तो वे लोग दोबारा धरने पर बैठेंगे। प्रदर्शन करने वालों में श्रुति सिंह, साहिल कठेरिया, अभिषेक पाठक, रितिक दिवाकर, गौरव गिरधर, शुभम कुमार, प्रद्युम्न भारद्वाज, प्रखर बंसल, ऋषभ गौतम, हर सक्सेना, राजा शर्मा, तुषार त्यागी, रॉबिन चौधरी, आयुष चौधरी, राज गुप्ता, रोहन रस्तोगी, विकास गुर्जर, रोहित सिंह शामिल रहे।

मेले में दूसरे दिन हुए 8 संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन

मुरादाबाद, अमृत विचार: नया मुरादाबाद स्थित मुरादाबाद विकास प्राधिकरण कार्यालय पर लगाए गए तीन दिवसीय संपत्ति और ऋण मेले में मंगलवार को दूसरे दिन बड़ी संख्या में महानगरवासियों की भीड़ उमड़ी। लोगों ने मकान लेने के लिए अपना आवेदन कराया।

मंगलवार को मेले के दूसरे दिन आठ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन किए गए। इसी प्रकार नीलामी के माध्यम से निस्तारित की जाने वाली दो करोड़ रुपये की संपत्तियों के भी पंजीकरण कराए गए। संपत्ति मेले में लगभग 400 करोड़ रुपये कीमत की संपत्तियों को निवेशकों तथा आम जनमानस को उपलब्ध कराया गया है। पहले आओ, पहले पाओ पर मिलने वाली संपत्तियों के लिए इंटिमेशन लेटर भी हाथों हाथ दिए जाएंगे। एमडीए उपाध्यक्ष शैलेष कुमार सिंह ने महानगरवासियों से संपत्ति मेले का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि संपत्ति मेले का समापन नौ अक्टूबर होगा।

बाढ़ से 278 किसानों की फसल हुई बर्बाद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

इन गांवों के किसानों को मिलेगा फसल का मुआवजा

भीतखेड़ा गांव के 90 किसानों की 55 प्रतिशत बर्बाद हुई फसल का 180208 .9 रुपये, विसाट जैतपुरा गांव के 05 किसानों की 65 प्रतिशत बर्बाद फसल के लिए 31928 .6 रुपये, धतौरा मेघा नगला मुस्तकम गांव के 02 किसानों की 60 प्रतिशत बर्बाद फसल का 1134 .3 रुपये, दुपेरा गांव के 18 किसानों की 55 प्रतिशत बर्बाद फसल का 94712 .6 रुपये, गढ़ीखेड़ा के 34 किसानों की 70 प्रतिशत फसल का 88660 .3 रुपये, लालपुर तीतरी के 65 किसानों की 55 प्रतिशत फसल का 174805 .3 रुपये, मानपुर पट्टी मुस्तकम के 09 किसानों की 60 प्रतिशत फसल का 40246 .8 रुपये, रनिया ठेर के 11 किसानों की 55 प्रतिशत फसल का 98348 .7 रुपये, सहरिया के 15 किसानों की 65 प्रतिशत फसल का 65360 .2 रुपये, बरवारा खास मुस्तकम के 09 किसानों की 70 प्रतिशत फसल का 2253 .2 रुपये व गणेश घाट मुस्तकम के 20 किसानों की 60 प्रतिशत बर्बाद फसल का 48627 .2 करुपये यानि कुल 856799 .1 रुपये के मुआवजे की मांग की है।

● कृषि विभाग ने सर्वे के आधार पर 856799.1 रुपये के मुआवजे की रिपोर्ट शासन को भेजी

अमृत विचार: जिले में पिछले महीने आई बाढ़ ने किसानों की फसल को नुकसान पहुंचाया था। सरकार ने किसानों की बर्बाद हुई फसल का सर्वे करने की जिम्मेदारी कृषि विभाग की तय की थी। जिसमें पंचायत स्तर पर पंचायत सचिव और तहसील स्तर पर लेखपाल लगाए गए थे। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार जिले के मूंढापांडे ब्लॉक की 11 ग्राम पंचायत में 50 प्रतिशत से अधिक फसल बर्बाद हुई है। सभी किसानों की बर्बाद हुई फसल की सर्वे रिपोर्ट के आधार पर 856799.1 रुपये के मुआवजे रिपोर्ट शासन को भेजी है।

जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि बाढ़ या अन्य आपदा से बर्बाद हुई फसल के मानक के अनुसार पूरी ग्राम पंचायत में 50 प्रतिशत से अधिक फसल बर्बाद होने पर मुआवजा देने का प्रावधान है।

सर्वे रिपोर्ट के आधार पर मूंढापांडे ब्लॉक की 11 ग्राम पंचायतों में 278 किसानों की फसल बर्बाद होने की पुष्टि हुई। प्रत्येक किसान की फसल का आकलन कर शासन को रिपोर्ट भेजी है। जिसमें सरकार से सभी किसानों की बर्बाद फसल का कुल 856799.1 रुपये मुआवजे की मांग की गई है।

शासन के अनुसार प्रत्येक किसान की कुल बर्बाद फसल की 25 प्रतिशत धनराशि 15 से 20 दिन में किसान के खाते में आ जाएगी। शेष धनराशि फसल की क्रॉप कटिंग के बाद दी जाएगी।

विवेकानंद यूथ अवार्ड को 20 तक करें आवेदन

मुरादाबाद, अमृत विचार: एक अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2024 तक किए गए सामाजिक, जनहित, शिक्षा, खेती और स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए सराहनीय कार्यों के आधार पर सरकार की ओर से युवाओं को विवेकानंद यूथ अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक युवाओं को आवेदन पत्र विकास भवन स्थित जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी के कार्यालय से मिलेंगे। इस अवार्ड के लिए 20 अक्टूबर तक आवेदन जमा किए जाएंगे।

जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी भगवान दास ने बताया कि खेलकूद, सामाजिक पौधरोपण, परिवार कल्याण, अल्प बचत, रक्तदान, नशा मुक्ति, जल संरक्षण, पुस्तकालय एवं वाचनालय की स्थापना एवं संचालन, जैविक खेती, सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना, स्वच्छता कार्यक्र आदि क्षेत्रों में सराहनीय योगदान करने वाले लोग आवेदन कर सकते हैं।

एक नजर

उपचुनाव में बूथ स्तर पर कमेटी बनाने पर दिया जोर

कुंदरकी, अमृत विचार : कांग्रेस के ब्लॉक कार्यालय में मंगलवार को विधानसभा के उपचुनाव को लेकर बैठक हुई। इसमें कांग्रेस नेता आतिफ हसन व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. खालिद मोहम्मद खान ने कार्यकर्ताओं को उप चुनाव के लिए रणनीति समझाई। प्रभारी आतिफ ने कहा कि हमें ब्लॉक से लेकर बूथ स्तर तक लोगों से जुड़ना है। बूथ स्तर पर कमेटी बनाने पर जोर दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है। अगर गठबंधन में कांग्रेस को सीट मिलती है तो उपचुनाव में जीत हासिल करेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी दाऊद खान को उपचुनाव को लेकर जिम्मेदार दी। इसदौरान चौधरी अहसान खान, शौकत, बग्गा चौधरी, शकूर सैफी, अब्दुल कादिर, वाहिद खां आदि मौजूद रहे।

लाखों रुपये की चोरी के मामले में रिपोर्ट दर्ज

छजलैट, अमृत विचार : ग्रामीण के घर में चोरी के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। 25 सितंबर की रात चोर गांव जमालपुर निवासी रविंद्र सिंह के घर की दीवार में नकब लगाकर घुस गए थे। वे सोने-चांदी के जेवर, नकदी समेत लाखों रुपये का सामान चुराकर फरार हो गए थे। अब इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

ओखली बंधन और माखन चोरी का किया मंचन

वृंदावन से आए राधा रसिक बिहारी मंडल के कलाकारों ने किया मंचन, देखकर लोग हुए मंत्र मुग्ध

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : रामलीला मैदान पर मथुरा वृंदावन से आए राधा रसिक बिहारी मंडल के कलाकारों ने माखन चोरी और ओखली बंधन का मंचन किया। यह देखकर दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए।

मंगलवार को रासलीला के दौरान कलाकारों ने दर्शाया कि माखन चोरी करने पर यशोदा मैया ने कान्हा को ओखली से बांध दिया। फिर कान्हा ओखली को खींचकर पास ही खड़े जुड़वा वृक्ष यमलाजरुन के बीच से होकर निकले। यमुलाजरुन नलकुबेर के बेटे थे, जो मदांध होकर यमुना में नग्न स्नान कर रहे थे। नारद मुनि ने कुपित होकर उन्हें जड़ हो जाने का श्राप दिया। विनती करने पर मुनि ने कहा कि द्वापर युग में श्री कृष्ण उनका उद्धार करेंगे। इसके बाद कान्हा की माखन चोरी की यह लीला चिकसोले वाली गोपी के यहां से आरंभ होती है। कान्हा ने अपनी एक टोली बनाई। इसमें सुबल, मंगल सुमंगल, सुदामा, तोसन आदि मित्र शामिल हुए। इस माखन मंडली के अध्यक्ष स्वयं कान्हा थे। फिर चिकसोले वाली गोपी के घर टोली के साथ माखन चोरी करने पहुंच गए।

कान्हा ने गोपी के घर पहुंच टोली को छिपा दिया। स्वयं दरवाजे पर पहुंचकर जोर-जोर से द्वार खटखटाने लगे। जब गोपी ने द्वार खोला तो कान्हा को खड़े देखकर पूछा, कान्हा सवेरे सवेरे कैसे आए। कान्हा बोले- मैया ने भेजा है कि चिकसोले वाली गोपी के घर जाओ, हमारे घर में कोई संत आए हैं। अभी घर में ताजा माखन नहीं निकला है। मैया ने कहा कि चिकसोले वाली गोपी भोर में उठकर माखन निकाल देती है। एक मटकी माखन दे दो, बदले में दो मटकी माखन लौटा दूंगी। बताया कि सखियों को कान्हा के दर्शन नहीं होते थे तो उस समय सखिया कान्हा की शिकायत करने के बहाने उनके दर्शन के लिए उनके घर जाती थी। इस दौरान प्रबंधक अवनीश कुमार शर्मा, कमलेश अग्रवाल, दिनेश पुठिया, शरद, पुठिया अजय सक्सेना, रवि जौहरी आदि मौजूद रहे।

ठाकुरद्वारा में माखन चोरी का मंचन करता कलाकार।

बिलारी में राम के वनवास जाने पर दुखी राजा दशरथ।

राजा दशरथ ने की राम का राज्याभिषेक करने की घोषणा

बिलारी, अमृत विचार : मंदिर पौड़ा खेड़ा में चल रही रामलीला में सूर्यवंश कला मंच मुरादाबाद के कलाकारों ने मंचन किया। दर्शाया कि जब राजा दशरथ भगवान राम का राज्याभिषेक करने की घोषणा करते हैं तो मंथरा ने कैकयी को उकसाते हुए कहा कि महाराज दशरथ ने जो आपको दो वचन दिए थे वह मांगने का समय आ गया है। फिर कैकयी कोप भवन में चली जाती हैं और राजा से पहला वचन मांगती है कि अयोध्या का राजा मेरा पुत्र भरत और दूसरा राम को 14 वर्ष का वनवास दिया जाए। यह सुनकर राजा दशरथ बेहोश हो जाते हैं। रामलीला का संचालन ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान ने किया। उधर, राजमहल सहसपुर में चल रहे रामलीला मंचन में झांसी के कलाकारों ने राम वनवास का मंचन किया। यह देकर लोग भावुक हो गए। अयोध्यावासी राम को वन में नहीं जाने के लिए काफी मानते हैं लेकिन वह ऐसे विधि का विधान मानकर पूरा करने चल जाते हैं।

अंगद रावण संवाद का मंचन देख गदगद हुए दर्शक

कांठ, अमृत विचार : नगर में चल रही रामलीला में विभीषण शरणागति, अंगद रावण संवाद और लक्ष्मण शक्ति की लीला का मंचन किया गया। लीला में श्रीराम अपनी सैना के साथ समुद्र के किनारे डेरा डाल देते हैं। रावण के दूतों ने लंकापति को इसकी सूचना दी। रामलीला मंचन में श्री सेवा सिद्धबली संस्थान के सदस्य चौधरी अरविंद ने कमेटी के सहायकों का स्वागत किया। रामलीला मंचन में विभीषण शरणागति, सेतुबंध, रामेश्वर स्थापना और अंगद रावण संवाद लीला का मंचन हुआ। दोहे और चौपाइयों के साथ विधिवत लीला का मंचन कराया गया। मंचन के दौरान दिखाया गया कि विभीषण अपने भाई रावण को समझाते हैं कि वह श्रीराम से संधि कर उनकी शरण में जाएं और सीता को लौटा दें। इस पर रावण क्रोधित होकर उन्हें ठोकर मारकर दरबार से बाहर कर देता है। इसके बाद विभीषण श्रीराम के पास जाकर शरण ले लेते हैं। रामसेतु लीला का भी मंचन हुआ। श्रीराम, रामेश्वर भगवान शिव की स्थापना कर पूजा करते हैं। इसके बाद सेतु निर्माण कार्य शुरू हो जाता है। सेतु बनने के बाद राम युवराज अंगद को रावण के पास दूत के रूप में समझाने के लिए भेजते हैं। लेकिन अहंकारी रावण अंगद की बात नहीं मानता। रावण, सीता को नहीं लौटाता और युद्ध करने के लिए तैयार रहता है। अंगद रावण को लंका की तबाही से बचाने के लिए राम की शरण में आने के लिए प्रेरित करते है। अंत में पैर जमा कर सब योद्धाओं का बल भी आजमाते हैं। कोई भी योद्धा इस सभा में अंगद का पाव नहीं उठा सका। अपनी शक्ति व वानरों के बल का परिचय देकर अंगद जंग का ऐलान कर भगवान राम के पास आते हैं। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, कुंवर सुरेंद्र सिंह विश्नोई, प्रधानाचार्य मदन सिंह, धर्मपाल सिंह चौहान, राधेश्याम भुईयार, बीनू चौहान, सचिन कुमार, निपेंद्र चौहान, शनि कश्यप आदि रहे।

कथा के दौरान मौजूदश्रद्धालु।

भागवत कथा के श्रवण से मोह माया के जंगल से दूर हो जाता है मानव

कांठ, अमृत विचार : भागवत कथा का श्रवण करने से मानव मोह माया के जंजाल से दूर होकर मोक्ष प्राप्त कर लेता है। यह विचार गांव मूंढाखेड़ी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में युगल माधव कृष्णा शास्त्री ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मानव का जन्म ईश्वर भक्ति के लिए हुआ है, लेकिन वह मोह माया में लिप्त होकर बचपन, खेल कूद, युवावस्था में व्यतीत कर देता है। वृद्धावस्था आने पर मानव को ईश्वर भक्ति करने में उसका शरीर साथ नहीं देता है। सत्संग करने से मानव को ज्ञान की प्राप्ति होती है। वह मोह माया त्याग कर ईश्वर भक्ति में लग जाता है। ईश्वर भक्ति से मानव को मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है।

मां कात्यायनी की हुई पूजा, भजन गूंजे

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : शारदीय नवरात्र के छठे दिन मंगलवार को क्षेत्र में श्रद्धालुओं ने मां कात्यायनी की आराधना की। पूजा अर्चना के बाद परिवार में सुख समृद्धी की प्रार्थना की।

नगर व देहात में सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। महिला श्रद्धालु प्राचीन मां चामुंडा देवी मंदिर पहुंचे और माता रानी की पूजा की। कोतवाली के पास स्थित श्री राम दुर्गा मंदिर, बड़ा बाजार स्थित खाकेश्वर मंदिर, हरिहर मंदिर, पिपल टोला स्थित पंचशील शिव मंदिर, रमनावाला रोड स्थित होली का मंदिर, सिंचाई कॉलोनी स्थित माता मंदिर, तहसील परिसर में स्थित प्राचीन शिव हनुमान मंदिर, चित्रगुप्त मंदिर, फरीदनगर रोड स्थित कालरात्रि चामुंडा मंदिर, मोहल्ला बंजारन स्थित शिव मंदिर, फैजुल्लागंज के खोखरा ताल पर स्थित शिव मंदिर और देहात क्षेत्र के मंदिरों में पूजा अर्चना हुई। महिलाओं ने भजन कीर्तन किए।

कांठ में भजन कीर्तन करतीं महिलाएं।

महिलाओं ने किए भजन-कीर्तन

कांठ, अमृत विचार : शारदीय नवरात्र के छठे दिन श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर मां कात्यायनी की पूजा अर्चना की। मंदिरों में भीड़ उमड़ी रही। महिलाओं ने गीत गाकर मां को मनाया। क्षेत्र में शिवमोहनी मंदिर, बाल्मीकि मंदिर, शिव मंदिर, संत रविदास मंदिर, चामुंडा मंदिर, क्षेत्रीय पंडित बाबूराम शर्मा धर्मशाला के पास शिव मंदिर, माहेश्वरी मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर, पट्टीवाला मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में भजन-कीर्तन हुए। इस दौरान सुनीता शर्मा, माया बिश्नोई, नेहा बिश्नोई, ब्रजवाला, जसवंती, सुषमा बिश्नोई, मधु चौहान आदि रहीं।

लोगों से की शांति बनाए रखने की अपील

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : इस्लाम के पैगंबर को लेकर यति नरसिंहानंद के बयान के बाद गुस्साए मुस्लिम समाज के लोगों से पुलिस प्रशासन ने मंगलवार को कोतवाली में वार्ता की। उनसे क्षेत्र में शांति बनाए रखने की अपील की। प्रतिनिधि मंडल में शामिल लोगों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। कोतवाली में एसडीएम प्रीति सिंह, एएसपी अमरिंदर सिंह और प्रभारी निरीक्षक विवेक शर्मा ने जमीयत उलमा-ए-हिंद के पदाधिकारियों समेत मुस्लिम समाज के लोगों की बैठक बुलाई। अधिकारियों ने कहा कि गाजियाबाद प्रशासन यति नरसिंहानंद के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। इस दौरान हाजी मुख्ताार सैफी, हाजी याकूब कुरेशी, मौलाना अब्दुल खालिक, मुफ्ती इमाममुद्दीन, सादिक सिद्दीकि, वसीम सैफी आदि रहे। उधर, तहसील मुख्यालय पर अधिवक्ताओं ने राष्टपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम प्रति सिंह को दिया। इसमें कहा कि यति नरसिंहानंद ने पैगंबर-ए-इस्लाम की शान में गुस्ताखी की है। इससे मुस्लिम समाज की भावनाएं आहत हुई है। यति नरसिंहानंद पर एनएसए लगाया जाए। यहां सईद अहमद फारूकी, जरीफ मलिक, जुल्फिकार अली, मेराज आलम आदि रहे।

कांठ में ज्ञापन देते उलमा व नगर पंचायत के अध्यक्ष।

महंत नरसिंहानंद पर कार्रवाई की मांग, सौंपा ज्ञापन

कांठ, अमृत विचार : नगर के उलमा ने नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम के साथ तहसील में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम प्रिंस वर्मा को सौंपा। पैगंबर मोहम्मद साहब पर यति नरसिंहानंद की टिप्पणी का विरोध किया। नगर पंचायत अध्यक्ष, मदरसा नासिर उलूम के हाफिज साबिर हुसैन, जुल्फिकार अहमद, मोहम्मद यूसुफ, रियाज अहमद समेत अन्य उलमा तहसील पहुंचे और उन्होंने प्रदर्शन किया। कहा कि महंत यति नरसिंहानंद द्वारा मोहम्मद साहब पर टिप्पणी से मुस्लिम समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। उन्होंने पुलिस से आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

सार संक्षेप

धान खरीद के लिए किसानों से करें संपर्क

बिलारी, अमृत विचार : एसडीएम विनय कुमार सिंह ने बिलारी और कुंदरकी क्षेत्र में धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। किसानों से संपर्क कर जल्द धान खरीद शुरू करने को कहा है। मंगलवार को एसडीएम गन्ना समिति स्थित धान क्रय केंद्र पर निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने केंद्र पर रजिस्टर, मशीन और बारदाना की व्यवस्था देखी। यहां व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलीं। उन्होंने विपणन अधिकारी विजय राज सिंह से कहा कि केंद्र पर कुछ कमियां हैं, जिन्हें जल्द दुरस्त कर लिया जाएं। केंद्र पर धन लेकर आने वाले किसानों के बैठने की उचित व्यवस्था, साफ पानी का इंतजाम करें। उन्होंने कहा कि किसानों से संपर्क कर धान खरीद शुरू करें। रजिस्ट्रेशन कराने में आ रही दिक्कतों को भी दूर करें। एसडीएम कुंदरकी में भी धान क्रय केंद्र पर पहुंचे, जहां उन्होंने व्यवस्थाएं करने के लिए कहा है।

बैठक में निर्देश देते उपाध्यक्ष धर्मपाल सिंह।

गंगा स्नान तक नहरों में भेजा जाएगा पानी

कांठ, अमृत विचार : मुरादाबाद की नलकूप कॉलोनी में मंगलवार को सिंचाई एवं जल संसाधन आयोग के उपाध्यक्ष धर्मपाल सिंह विश्नोई की अध्यक्षता में सिंचाई खंड की बैठक हुई। इसमें उपाध्यक्ष ने कहा कि सभी नहर, माइनरों की सिल्ट सफाई की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। शीघ्र ही गंगा स्नान तक सभी नहरों में पानी दे दिया जाएं। महमूदपुर रजवाहा को कोकरपुर से आगे बढ़ाते हुए गंगा नदी में डाला जाएगा। इस दौरान अधिशासी अभियंता आशीष कुमार, सहायक अभियंता पूजा, राजेश कुमार, जितेंद्र कुमार, ब्रह्मानंद, विनोद कुमार, विजयपाल सिंह, शीशपाल सिंह, अधिशासी अभियंता नीरज कुमार गुप्ता आदि रहे।

कॉलेज में छात्राओं को किया जागरूक

कांठ, अमृत विचार : मिशन शक्ति के तहत महिला पुलिस टीम ने नगर के महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में मंगलवार को जागरूकता अभियान चलाया। महिला पुलिस टीम ने स्कूल की छात्राओं को महिला संबंधित अपराधों के प्रति जागरूक किया। थाने में तैनात महिला उपनिरीक्षक ज्योति चौधरी ने छात्राओं को जागरुक करते हुए बताया कि संकट के समय हेल्पलाइन नंबर का प्रयोग करें। कहा कि सोशल मीडिया का जमाना है, ऐसे में किसी भी अपरिचित व्यक्ति से फ्रेंडशिप न करें। उन्होंने कहा कि आप जागरूक रहकर संकटों से बच सकती हैं। गुड टच, बैड टच का ज्ञान होना चाहिए। इस दौरान वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, साइबर अपराध की जानकारी दी। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह, कांस्टेबल अंकित आदि रहे।

दुर्घटना में घायल दूधिया की मौत

छजलैट, अमृत विचार : डीसीएम की टक्कर से घायल साइकिल सवार दूधिया की उपचार के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। क्षेत्र के गांव भीकनपुर निवासी हनीफ (60) दूधिया थे। वह सोमवार दोपहर छजलैट स्थित अपने बेटे की दुकान पर साइकिल से जा रहे थे। जैसे ही वह किसान तिराहे के पास पहुंचे, तभी एक डीसीएम के चालक ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी थी। हादसे में घायल हनीफ को मुरादाबाद स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कर कराया गया था। जहां मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे उनकी मौत हो गई।

बड़ी बहन के घर जाने के लिए निकली किशोरी गायब

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : गांव रतूपुरा निवासी शबरून जहां पत्नी अब्दुल मजीद ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री साहिबा 5 अक्टूबर की शाम गांव में ही अपनी बहन के घर जाने की बात कहकर घर से निकली थी। रात तक वह घर नहीं आई तो परिजनों ने उसकी बड़ी बहन के घर जाकर तलाश की। पता चला कि साहिबा वहां नहीं पहुंची थी। उसने अपनी पुत्री के गायब होने की सूचना रानीनांगल चौकी पुलिस को दी तो पुलिस ने युवती के फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया। लेकिन उसका फोन बंद आ रहा है। तहरीर पर पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी दर्ज की है।

सिविल बार चुनाव के लिए 14 नामांकन पत्र वैध

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : सिविल बार एसोसिएशन चुनाव में नामांकन पत्रों की जांच की गई। इसमें सभी 14 नामांकन पत्र जांच में वैध पाए गए। इसमें अध्यक्ष पद के लिए अनिल कुमार अग्रवाल, मोहम्मद तकी, महासचिव पद के लिए नवीन कुमार, हैदर अली, नरेश कुमार, मन्नान आजम हाशमी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए मायुद्दीन, कोषाध्यक्ष पद के राजीव कुमार शर्मा, मोहम्मद आसिफ, सहसचिव पद के लिए नदीम अहमद, कनिष्ठ उपाध्यक्ष दस वर्ष से अधिक अवनीश कुमार शर्मा, मोहम्मद जाहिद एवं शमशाद हुसैन, सहसचिव पद के लिए अफगान खान के नामांकन वैध मिल हैं।

शासनादेश पर विधायक ने जताया हर्ष

बिलारी, अमृत विचार : विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के निर्देश पर मंगलवार को प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन ने शासनादेश जारी किया है। इसमें बताया कि विधानसभा सदस्यों की शिकायत थी। इसमें बताया गया था कि मुख्यालय, जनपद स्तर पर होने वाली बैठकों में सदस्यों को आमंत्रित किया जाता है, उनमें अधिकारी अपेक्षाकृत ऊंची, सुसज्जित कुर्सियों, सोफे पर बैठते हैं। जबकि विधायकों को कुर्सी पर बैठाते हैं जो आपत्तिजनक है। इस संबंध में विधानसभा अध्यक्ष ने प्रमुख सचिव को आदेश जारी कर कहा है कि मुख्यालय, जनपद स्तर पर आयोजित बैठकों में आमंत्रित सांसद, राज्य विधान मंडल के सदस्यों को उनके प्रोटोकॉल के अनुरूप बैठने की सम्मानजनक व्यवस्था कराई जाए। शासनादेश आने पर विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने हर्ष जताते हुए कहा कि उनके द्वारा विधानसभा सत्र के दौरान उन्होंने यह मुद्दा उठाया था।

तहसील में ग्राम प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन करते रामपुर मेगन के ग्रामीण।

ग्राम प्रधान पर फर्जीवाड़ा करने का आरोप, प्रदर्शन

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार: कुंदरकी ब्लॉक क्षेत्र के गांव रामपुर मेगन के लोगों ने एसडीएम कार्यालय पर ग्राम प्रधान के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। एसडीएम को शिकायती पत्र दिया। इसमें ग्राम प्रधान पर विकास कार्य में फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाया।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रामपुर मेगन के ग्राम प्रधान फर्जी तरीके से कागजों में रास्ता बनवाया हुआ दिखा देते है। ग्रामीण ग्राम प्रधान की शिकायत करते हैं तो वह झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के खिलाफ जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान बाबू हुसैन, तौफीक अली, हकीम, मोहम्मद रफी, अख्तर हुसैन, मतलूब चौधरी, मुख्तियार, ध्यान सिंह, वेदराम, जय सिंह आदि आदि रहे।

मांगें पूरी न होने पर तहसील में करेंगे प्रदर्शन

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार: भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पश्चिमी उत्तर प्रदेश की युवा ईकाई के प्रभारी शुभम राठी के नेतृत्व में किसान और कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय पर नारेबाजी की। मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। दो दिनों में मांगें पूरी नहीं होने पर गुरुवार को तहसील में धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।

मंगलवार दोपहर भाकियू के पदाधिकारी व कार्यकर्ता एसडीएम कार्यालय पर पहुंचे। जहां उन्होंने एसडीएम विनय कुमार सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें लेखपाल और ग्राम प्रधानों की मिलीभगत, अवैध वसूली का आरोप लगाया। बताया कि ग्राम प्रधान और लेखपाल ग्राम समाज की भूमि के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं। किसानों को गन्ने मूल्य का बकाया भुगतान

एसडीम विनय कुमार सिंह को समस्या बताते भाकियू के नेता शुभम राठी।

● लेखपालों पर वसूली का आरोप गन्ना मूल्य भुगतान कराने की मांग

जल्द कराने की मांग की। कहा कि निजी स्कूल वाले किसानों के बच्चों की फीस जमा न होने पर बच्चों और उनके माता-पिता को अपमानित करते हैं। जब तक गन्ने का बकाया भुगतान नहीं हो तो तब तक बच्चों की फीस और बिजली के बिल का भुगतान करना मुश्किल है। देहात क्षेत्र में किसानों के खराब बिजली मीटर और जर्जर विद्युत लाइनों को जल्द बदला जाए। उन्होंने कहा कि 10 अक्टूबर को गन्ना समिति के चुनाव निष्पक्ष तरीके से कराया जाए। शुभम राठी ने कहा कि मांगें पूरी नहीं हुई तो तहसील कार्यालय पर किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली से पहुंचेंगे और धरना देंगे। इस दौरान जयवीर सिंह, रणवीर सिंह, वीरपाल सिंह, ऋषभ चौधरी, अरविंद चौधरी, शिखर चौधरी आदि मौजूद रहे।

बीमारी से महिला की मौत, हत्या का आरोप

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : करनावाला खालसा गांव में सोमवार देर रात बीमारी से महिला की मौत हो गई। सूचना के बाद बेटी की ससुराल पहुंचे मायके वालों ने हत्या करने का आरोप लगाकर हंगामा किया। बाद में कोतवाली पुलिस को शिकायत पत्र दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

जिला अमरोहा में डिडौली निवासी मकसूद हुसैन ने कोतवाली पुलिस को शिकायत पत्र देकर बताया कि उसकी पुत्री रुकइया (22) की शादी 2 वर्ष पहले आफताब पुत्र फुरकान निवासी गांव करनावाला खालसा से हुई थी। मायके वालों ने बताया कि दो माह से उनकी बेटी बीमारी थी। इस बीच सोमवार देर रात ससुराल से मायके वालों के पास फोन कॉल आई। उन्होंने बताया कि रुकइया की मौत हो गई है। मौके पर पहुंचे मायके वालों ने हंगामा कर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया।

राजनीति हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी

विकसित भारत के लिए जनता ने दिया आशीर्वाद

संवाददाता, बिलारी/कुंदरकी

अमृत विचार: हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर नगर स्थित महाराणा प्रताप चौक पर भाजपाइयों ने आतिशबाजी की। उन्होंने एक-दूसरे को जलेबी खिलाकर बधाई दी। मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता ने बताया कि यह जीत विकसित भारत संकल्प को पूरा करने के लिए जन आशीर्वाद के रूप में जनता ने दी है। यह जीत कार्यकर्ताओं को समर्पित है।

इस दौरान विश्वास यादव उर्फ लवली, निहाल सिंह लाठर, डॉ. विश्वास शर्मा, विजय शर्मा, अनुज, अखिल, पंकज चौहान, धर्मेंद्र गांधी, प्रशांत चौधरी, डॉ. मेघपाल सिंह, केके गुप्ता, हेमंत शर्मा आदि रहे। उधर, कुंदरकी नगर में भी मंडल अध्यक्ष रमन भूषण एडवोकेट के आवास पर हरियाणा में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई।

मंडल अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा की जनता ने फिर एक बार डबल इंजन की सरकार पर भरोसा किया है। भाजपा सरकार किसान हितैषी है। इस दौरान मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर, मंडल उपाध्यक्ष हाजी मजलूम पाशा, डॉ. मुकीम पाशा, राजाराम दिवाकर, शाहनवाज, योगेश दिवाकर, योगेश जैन आदि मौजूद रहे।

बिलारी में खुशी मनाते भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता।

ठाकुरद्वारा में एक-दूसरे को मिठाई खिलाते भाजपाई।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर जताया हर्ष

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर भाजपाइयों ने जश्न मनाया। एक-दूसरे को मिठाई बांटी। भाजपा सरकार की नीतियों की जीत बताया। क्षेत्र के कार्यकर्ता तहसील गेट पर एकत्र हुए और जीत पर खुशी मनाई। कहा कि हरियाणा की जनता ने भाजपा सरकार की नीतियों पर मुहर लगाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर वहां की जनता ने विश्वास किया है। इस दौरान भाजपा नेता अजय प्रताप सिंह, धर्मेंद्र कुमार पाल, आशुतोष अग्रवाल, अमित कुमार आदि रहे।

अध्यापकों ने स्टॉल लगाकर कला, पेंटिंग का किया प्रदर्शन

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को कला, क्राफ्ट, पपेट्री प्रतियोगिता हुई। प्राचार्य एवं एडी बेसिक बुद्ध प्रिय सिंह, वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह रावत ने फीता काटकर आरंभ किया। इसमें मुरादाबाद व संभल के सभी विकासखंड के 5-5 अध्यापकों ने प्रतिभाग किया।

अध्यापकों ने स्टॉल लगाकर कला, पेंटिंग, शिक्षण अधिगम सामग्री का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल के सदस्यों में प्रवक्ता आशुतोष त्यागी, प्रवेश कुमार, शशिवाला शामिल रहीं। प्राथमिक स्तर पर भाषा, गणित के निपुण लक्ष्य शिक्षण पर आधारित कला क्राफ्ट, पेपेट्री, टीएलएम के प्रस्तुतिकरण के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अध्यापकों को पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान पाने वाले अध्यापकों को राज्य स्तर पर प्रस्तुतिकरण के लिए भेजा जाएगा। डायट के 2023 बैच के डीएलएड प्रशिक्षुओं प्रेरणा, दिव्या, प्रार्थना, इरम, निदा, रश्मि, रिया, मनु, डिंपल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उच्च प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर, कंपोजिट विद्यालय मथाना, कस्तूरबा बालिका विद्यालय कांठ एवं कंपोजिट विद्यालय रसूलपुर गुर्जर के छात्रों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

प्रवक्ता डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अनिल कुमार यादव, डॉ. नेहा इकबाल, डॉ. अजय विक्रम सिंह, डॉ. टीना वर्मा, शीतल कुमार, डॉ. लोकेंद्र कुमार का योगदान रहा। वहीं डीएलएड प्रशिक्षुओं में विन्देश्वर प्रजापति, गुड्डु सागर, इमरान अंसारी, कपिल कुमार, शरद विश्नोई, विनीत कुमार आदि का भी विशेष सहयोग रहा।

शुभ नवरात्रि
मां कालरात्रि जी की आरती
कालरात्रि जय-जय-महाकाली ।
काल के मुंह से बचाने वाली ।।
दुष्ट संघारक नाम तुम्हारा ।
महाचंडी तेरा अवतार ।।
पृथ्वी और आकाश पे सारा ।
महाकाली है तेरा पसारा ।।
खड्ग खप्पर रखने वाली ।
दुष्टों का लहू चखने वाली ।।॥
कलकत्ता स्थान तुम्हारा ।
सब जगह देखूं तेरा नजारा ।।
सभी देवता सब नर-नारी ।
गावें स्तुति सभी तुम्हारी ।।
रक्तदंता और अन्नपूर्णा ।
कृपा करे तो कोई भी दुःख ना ।।
ना कोई चिंता रहे बीमारी ।
ना कोई गम ना संकट भारी ।।
उस पर कभी कष्ट ना आवें ।
महाकाली मां जिसे बचाबे ।।
तू भी भक्त प्रेम से कह ।
कालरात्रि मां तेरी जय ।।

समस्त ग्रामवासी व क्षेत्रवासियों के लिए
शारदीय नवरात्रि
की हार्दिक
शुभकामनाएं
विजय सिंह उर्फ भूरे
ग्राम प्रधान
मनोज कुमार चौहान
सचिव
ग्राम पंचायत मौलागढ़, विकास खंड बनियाखेड़ा (संभल)

शुभ नवरात्रि
AM World School
विद्या ददाति सर्वम्
Add: Bahjoi Road,
Maulagarh, Chaundausi
Distt. Sambhal
Contact Us: 9012688800, 8002148800

एक नजर

खाना बनाने में देरी पर महिला को पीटा, रिपोर्ट

शाहबाद, अमृत विचार : खाना बनाने में देरी होने पर ससुरालियों ने महिला पिटाई कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत 3 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव गुजरैला निवासी महिला ने अपने पति सुशील, सास रामवती व ससुर डालचंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि उसे खाना बनाने में देरी हो गई। इससे नाराज होकर ससुराल वालों ने उसकी पिटाई कर दी। दूसरी ओर कोतवाली क्षेत्र के गांव मिलक गुलाम अली निवासी रघुवीर ने गांव के ही संदीप और नेपाल सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि दोनों लोगों ने पीड़ित के साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।

यतीमखाने के मामले में विवेचक से हुई जिरह

रामपुर, अमृत विचार : यतीमखाने के मामले में मंगलवार को विवेचक राजकुमार शर्मा से जिरह हुई। अब इस मामले में 11 अक्टूबर को सुनवाई होगी। शहर कोतवाली में सपा नेता आजम खां सहित कई लोगों के खिलाफ मारपीट व लूटपाट के मामले में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। मंगलवार को विवेचक राजकुमार शर्मा कोर्ट पहुंचे। जहां उनसे जिरह हुई। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि अब इस मामले में 11 अक्टूबर को सुनवाई होगी। मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है।

युवती ने फंदे पर लटक कर दी जान

प्यार में परिजनों के बाधा बनने पर उठाया कदम, दो दिन पूर्व प्रेमी के घर चली गई थी युवती

संवाददाता, ढकिया

अमृत विचार : प्रेम प्रसंग के चलते युवती दो दिन पूर्व अपने प्रेमी के घर बरेली जनपद के आंवला चली गई थी। युवती के परिजनों ने प्रेमी के परिजनों पर दबाव डालकर सोमवार को उसे वापस बुला लिया। पिता के घर आने से क्षुब्ध युवती ने सोमवार देर रात फंदे पर लटकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

साक्षी का फाइल फोटो।

ढकिया चौकी क्षेत्र के भगवतीपुर गांव निवासी 19 वर्षीया साक्षी का बरेली जनपद के आंवला निवासी युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसके चलते दो दिन पूर्व युवती अपने प्रेमी के घर आंवला चली गई थी। उसके परिजनों को यह बात नागवार गुजरी। उन्होंने प्रेमी के परिजनों पर दबाव डालकर सोमवार को युवती को अपने घर बुला लिया। घर आने पर परिजनों ने युवती को खूब खरी खोटी सुनाई। इससे क्षुब्ध होकर साक्षी ने सोमवार की रात परिजनों के सोने के बाद मकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में फंदे पर लटक कर जान दे दी। मंगलवार की सुबह परिजनों की आंख खुली तो युवती तलाश किया। परिजन घर की दूसरी मंजिल पर पहुंचे तो कमरा अंदर से बंद था। उन्होंने साक्षी को आवाज देकर कमरा खुलवाने का प्रयास किया। कमरा न खुलने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने सूचना गांव के प्रधान को दी। प्रधान ने ढकिया चौकी पुलिस को फोन पर जानकारी दे दी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और कमरे का दरवाजा तोड़ा तो तो युवती छत के कुंडे में बंधे फंदे से लटकी थी। यह देख परिजनों की चीख निकल गई। इस बीच सूचना पाकर शाहबाद के सीओ संगम कुमार भी घटना स्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव ले जाने का प्रयास किया तो परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम के ही शव उन्हें देने की गुहार लगाई। लेकिन पुलिस बिना पोस्टमार्टम कराए शव परिजनों को देने को तैयार नहीं हुई। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

युवती के शव का पंचनामा भरती पुलिस।

युवती के गांव में थी प्रेमी युवक की रिश्तेदारी

बरेली जनपद के आंवला थाना क्षेत्र में रहने वाले युवक की युवती के गांव भगवतीपुर में रिश्तेदारी है। इसके चलते उसका अपने रिश्तेदार के घर आना-जाना था। इस दौरान साक्षी को उससे प्यार हो गया। मौका पाकर दो दिन पहले साक्षी प्रेमी के घर भी पहुंच गई थी। लड़की के फंदा लगाकर आत्महत्या करने को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

प्रमुख सचिव तक पहुंचा सड़क व नाली निर्माण का मामला

सैदनगर, अमृत विचार : नगलिया आकिल में मुख्य मार्ग और नाली निर्माण का मामला प्रमुख सचिव तक पहुंच गया है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद प्रमुख सचिव ने जांच के आदेश दिए हैं।

मामला विकासखंड सैदनगर क्षेत्र के नगलिया आकिल गांव का है। गांव में करीब 6 माह से पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा मुख्य मार्ग एवं नालों का निर्माण किया जा रहा है। घटिया सामग्री लगाने को लेकर करीब एक माह पहले ग्रामीणों ने हंगामा भी किया था। इस दौरान ग्रामीणों की विभागीय अफसर से नोकझोक भी हुई थी। 2 दिन पूर्व गांव निवासी समाजसेवी गुफरान अली के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीण लखनऊ पहुंचे और प्रमुख सचिव से मामले की शिकायत की। ग्रामीणों का आरोप है कि नाली निर्माण में दोयम दर्जे का सीमेंट और सरिया लगाया जा रहा है। कहा कि सड़क निर्माण में भी मानक के अनुसार सामग्री नहीं लगाई जा रही है। प्रमुख सचिव को दिए पत्र में विभागीय अफसरों की भी शिकायत की गई है। ग्रामीणों की शिकायत पर प्रमुख सचिव ने जांच कराने के आदेश दिए हैं।

सार संक्षेप

पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ आरोपी पकड़ा

स्वार, अमृत विचार : पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को कोतवाली के गांव धनौरा निवासी रणधीर नगर में खरीदारी करने आया था। अचानक उसकी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। मुखबिर ने कोतवाल संदीप त्यागी को सूचना दी कि एक आरोपी बाइक के साथ गांव अलीनगर जागीर के मोड़ पर खड़ा है। इस पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देख आरोपी बाइक लेकर भागने लगा। पुलिस द्वारा पीछा करने पर आरोपी बाइक को छोड़कर खेतों में भाग गया। पुलिस ने उसे दौड़कर दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम उत्तराखंड के जिला ऊधमसिंहनगर के काशीपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला अल्ली खां काशीपुर बांस पड़ान निवासी इकराम बताया है। कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

पीडीजीबी जूनियर हाई स्कूल में शिविर के दौरान मीनार बनाते छात्र-छात्राएं।

तीन दिवसीय शिविर में छात्र-छात्राओं को दी जानकारियां

ढकिया, अमृत विचार : जिला संगठन आयुक्त जीतू सिंह ने छात्र-छात्राओं को बिना बर्तन के भोजन बनाना, गांठें लगाना और बिना डॉक्टर के इमरजेंसी सेवा में उपचार करने की जानकारी दी। कस्बा स्थित पीडीजीबी जूनियर हाईस्कूल में तीन दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। स्कूल के प्रबंधक श्याम पाल सिंह ने भी बच्चों से शिविर में दी जा रही जानकारी को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। शिविर में कुंवर पाल सिंह, अरविंद कुमार सिंह, शक्ति सिंह, गार्गी चौहान, प्रियांशु चौहान, दिग्विजय सिंह, मनोज कुमार सिंह, शिवम गुप्ता, करण पांडे, रीतु, बीनू, आकृति, वैष्णवी आदि ने भी सहयोग प्रदान किया।

धर्मगुरुओं ने प्रशासनिक अधिकारियों को बताईं समस्याएं

रामपुर, अमृत विचार : पुलिस लाइन में धर्मगुरुओं के साथ हुई बैठक में जिले भर से आए धर्मगुरुओं ने अपनी समस्याओं के बारे में जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र को बताया। दोनों अधिकारियों ने जल्द ही समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। कुछ दिन बाद रामनवमी, विजयदशमी और दीपावली का पर्व है। इसके लेकर प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय हैं। ताकि इन पर्वों को शांतिपूर्ण तरह से संपन्न कराया जाए सके। मंगलवार को पुलिस लाइन में धर्म गुरुओं के साथ बैठक हुई। इसमें धर्मगुरुओं एवं विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने अपनी समस्याओं के बारे में अधिकारियों को बताया। इस मौके पर शिवकुमार शर्मा, पारस मणि वशिष्ठ, अभिषेक सिंह, राजू गुप्ता, गौरव भार्गव, विनय शर्मा आदि मौजूद रहे।

उलमा से की शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

शाहबाद, अमृत विचार : मंगलवार को क्षेत्राधिकारी संगम कुमार व कोतवाल पंकज पंत ने क्षेत्र के उलमा की बैठक बुलाई। इसमें उलमा से मोहम्मद साहब पर टिप्पणी को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। कोतवाल ने उलमा से कहा कि सभी अपने आसपास के लोगों को जागरूक करें कि कोई भी सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की सांप्रदायिक पोस्ट न करे। न ही कोई आपत्तिजनक फोटो व्हाट्सप ग्रुप में शेयर करें। साथ ही किसी अफवाह पर ध्यान न दें। शहर इमाम मुफ्ती सलमान, कारी निजामुद्दीन, कारी इमरान, कारी फैजान, मोहम्मद आलिम, रफत मियां, इन्तेखाब मियां एवं शाजमान आर्यन आदि मौजूद रहे।

हरियाणा में सरकार बनने पर मिठाई बांटते भाजपाई।

हरियाणा में सरकार बनने पर भाजपाइयों ने बांटी मिठाई

रामपुर, अमृत विचार : हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने पर रमा सिंघल चौराहे पर जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने लोगों को मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। रमा सिंघल चौराहे पर मंगलवार की रात आतिशबाजी छोड़ी और जमकर ढोल बजवाया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व की जीत है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की। इस अवसर पर अशोक विश्नोई, अर्जुन रस्तोगी, शिवा शर्मा, आशु गुप्ता, राजू शर्मा, गोपाल गुप्ता, विनीत शर्मा, अभिषेक सक्सेना, पीयूष गुप्ता, साहिल अरोरा, प्रदीप जाटव, टीटू पांडे, नदीम खान, देवेंद्र सैनी, अशोक बाबू सैनी, विनोद सैनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

किसान पर सांड ने किया जानलेवा हमला

मिलक, अमृत विचार : खेत पर धान की फसल देखने गए किसान को सांड को भगाना महंगा पड़ गया। सांड ने ही किसान को दौड़ा लिया और उस पर जानलेवा हमला कर दिया। क्षेत्र के मिलक मोहम्मद बख्श गांव निवासी सज्जाद दोपहर 3 बजे धान की फसल देखने गया था। खेत में छुट्टा पशुओं को देख उसने भगाने की कोशिश की। इससे गुस्साए सांड ने उसे दौड़ा लिया। भागते समय उसका पैर झांड़ियों में फंस गया और वह गिर गया। सांड ने उस पर हमला कर दिया। सांड ने उस पर लगातार कई वार किये। बेहोश होने पर सांड ने उसका पीछा छोड़ा। बेहोशी की हालत में ग्रामीण उसे घर ले गए। इसके बाद परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने बताया कि सज्जाद की 7 पसलियां टूट चुकी हैं। किसानों को फिलहाल दिल्ली स्थित एम्स में भर्ती कराया गया है।

सड़क हादसे में किसान की मौत

संवाददाता, सैदनगर

अमृत विचार : अजीमनगर थाना क्षेत्र में देर रात हुए सड़क हादसे में किसान की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। परिजनों की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नत्थूलाल का फाइल फोटो।

हादसा थाना क्षेत्र के अजीमनगर मार्ग स्थित मंसूरपुर की पुलिया के पास हुआ। थाना क्षेत्र के खिमोतिया खेड़ा गांव निवासी नत्थू लाल (48) खेती करते थे। सोमवार की शाम वह रामपुर गए थे। रात करीब 9 बजे घर लौटते समय मंसूरपुर की पुलिया के पास

जिला अस्पताल में बैठे मृतक के शोकाकुल परिजन।

- **पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट**

अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को रौंद दिया। हादसे में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही परिजन घटना स्थल पर पहुंच गए। वह घायल किसान को जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने देखते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। थाना अध्यक्ष अजय पाल सिंह ने बताया जांच की जा रही है। जल्दी ही आरोपी चालक को गिरफ्तार किया जाएगा।

अवार्ड पाने को 20 तक जमा कर सकते हैं आवेदन

रामपुर, अमृत विचार : जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी भगवान दास ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विवेकानन्द यूथ अवार्ड के लिए 20 अक्टूबर तक आवेदन जमा किए जा सकते हैं।

राष्ट्रीय विकास एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र, खेलकूद, पौधरोपण, परिवार कल्याण, अल्प बचत, रक्तदान, नशामुक्ति, जलसंरक्षण, स्वच्छता कार्यक्रम, राष्ट्रीय एकीकरण, साक्षरता, आपदा प्रबन्धन, खेल, शैक्षिक उत्कृष्टा एवं स्मार्ट लर्निंग इत्यादि क्षेत्रों में सराहनीय काम करने वालों को प्रदेश सरकार द्वारा विवेकानन्द अवार्ड दिया जाएगा। विवेकानन्द यूथ अवार्ड के लिए एक अप्रैल 2021 से 31 मार्च तक किए गए कार्यों के आधार पर व्यक्तिगत श्रेणी के कार्य करने के इच्छुक युवा विकास भवन में 20 अक्टूबर तक आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

स्लीपर बिछाते समय स्वार के युवक की सर्पदंश से मौत

संवाददाता, स्वार

- **चंदौसी में रेलवे लाइन पर स्लीपर डालते समय हुई घटना**
- **मृतक के परिवार में मचा कोहराम पत्नी व बच्चों का हाल-बेहाल**

अमृत विचार : रेलवे लाइन के स्लीपर डालते समय ट्रैक्टर चालक को सांप ने डस लिया। इससे मौके पर हड़कंप मच गया। साथ में काम कर रहे लोग उसे पहले अस्पताल ले गए। हालत में सुधार न होने पर उसे झाड़ फूंक वालों के पास भी ले जाया गया। लेकिन, फिर भी युवक की जान नहीं बच सकी। युवक की मौत से उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

जगतपाल का फाइल फोटो।

तहसील क्षेत्र के गांव धनौरी निवासी दीनदयाल का 30 वर्षीय बेटा जगतपाल ठेकेदार के साथ चंदौसी में अपने ट्रैक्टर से रेलवे लाइन पर स्लीपर बिछाने का काम करता था। जगतपाल ट्रैक्टर से स्लीपर बिछा रहा था। इस दौरान उसे सांप ने डस लिया। अन्य मजदूर जगतपाल को अस्पताल ले गए और ठेकेदार तथा उसके परिजनों को सूचना दी। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। हालत में सुधार न होने पर परिजन जगतपाल को झाड़ फूंक करने वालों के पास ले गए। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि जगतपाल के परिवार में पत्नी, एक बेटा व एक बेटी हैं। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

कोतवाली के सामने खड़े वाहनों से बैट्री चुरा रहा युवक पकड़ा

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : नगर में दिनदहाड़े कोतवाली के गेट पर खड़े ट्रकों से बैट्रियां खोलने का प्रायस किया गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस ने एक चोर को रंगे हाथ दबोच लिया जबकि उसके साथी फरार हो गए।

कोतवाली के गेट पर खनन अधिकारी द्वारा सीज किए हुए ट्रक खड़े हैं। मंगलवार दोपहर 11 बजे चोरों ने एक ट्रक की बैट्री खोल ली और दूसरे ट्रक की बैट्री खोलने का प्रायस करने लगे। यह देख राहगीरों ने पुलिसकर्मियों को सूचना दी।

कोतवाली गेट के सामने चोरी की सूचना से हड़कंप मच गया। पुलिसकर्मियों को आता देख एक चोर बाइक पर बैठकर फरार हो गया। जबकि दूसरे को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने दोनों बैट्री भी बरामद भी कर लीं। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। बहुत जल्द फरार हुए आरोपियों को भी पकड़ लिया जाएगा।

सोशल मीडिया पर उड़ी पुलिस की खिल्ली

इस घटना के बाद नगरवासी सोशल मीडिया पर पुलिस की खिल्ली उड़ाते दिखे। उनका कहना था कि जब पुलिस का अपना घर ही सुरक्षित नहीं है तो जनता का हाल क्या होगा। दिनदहाड़े कोतवाली के गेट से चोरी करना बहुत बड़े साहस का काम है। लेकिन, इससे बेखबर पुलिस के अधिकारी अपने आवास पर आराम करते नजर आए। हालांकि पुलिस इस घटना पर पर्दा डालने के लिए भरसक प्रयास करती रही। बावजूद इसके यह सूचना नगर में आम हो गई। लोगों ने कहा कि पुलिस पहले अपना घर तथा बाद में क्षेत्र को सुरक्षित करे।

युवक को पीटकर किया घायल, दो पर रिपोर्ट

रामपुर, अमृत विचार : मामूली बात पर कुछ लोगों ने युवक को पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पटवाई थाना क्षेत्र के गांव बहपुरा निवासी बिरजा का गांव ही कुछ लोगों से विवाद चल रहा है। इसी के चलते कई बार आरोपी उसके घर आकर गाली-गलौज कर चुके हैं। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे चुके हैं। आरोप है कि विक्की और विशाल महिला को गाली देते हुए उसके घर की तरफ आ गए। विरोध करने पर गाली-गलौज की। शोर सुनकर उसका बेटा भी आ गया। आरोपियों ने उसके बेटे सुनील को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी फरार हो गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

12 किलो किशमिश और मूंगफली दाना सीज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : नवरात्र एवं अन्य त्योहारों के दृष्टिगत खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पर रोकथाम के लिए सहायक आयुक्त सुनील कुमार शर्मा ने जनपद में विशेष अभियान चलाया।

इस दौरान खाद्य विभाग की टीम ने मिलक स्थित आनन्द किराना स्टोर से किशमिश और मूंगफली दाना के नमूने लिए। गुणवत्ता पर संदेह के चलते 12 किलोग्राम किशमिश और 12 किलोग्राम गूंगफली दाना सीज कर दिया। नूर दूध डेरी दूध और दही का नमूना लिया। राजेन्द्र की चक्की से सरसों के तेल, रास डंडिया स्थित हरिओम की मिठाई की दुकान से मावा का नमूना लिया। टांडा स्थित बाबू ट्रेडर्स पर 9 लीटर एक्सपायर घी मिला।

इसका नमूना लेकर शेष घी को सीज कर दिया। संबंधित कारोबारी

दुकानों से नमूने लेती टीम।

- **दुकानों पर छापेमारी करके खाद्य विभाग की टीम ने लिए 11 नमूने**
- **खाद्य विभाग की कार्रवाई से दुकानदारों में मचा हड़कंप**

के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने की प्रकिया प्रारम्भ की। इसके अतिरिक्त मोहम्मद उस्मान व समशुल इस्लाम की किराना की दुकान से कुट्टू के आटा के नमूने लिए। लालपुर स्थित शमरा इकरा किराना स्टोर व रियाजुलद्दीन से कुट्टू के आटा के नमूने लिया। कुल 11 नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए। सचल दल में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा, तहसीलदार सीमा गंगावार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामचन्द्र यादव, अशोक कुमार, मनोज कुमार, राहुल शुक्ला शामिल रहे।

खनन के ओवरलोड वाहन निकालने के विरोध में ग्रामीणों ने किया हंगामा

मसवासी, अमृत विचार : खनन लदे ओवरलोड वाहन गांव से निकालने को लेकर हंगामा हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों की खनन करने वालों से तीखी नोकझोक भी हुई। ग्रामीणों ने गांव से ओवरलोड वाहन निकालने पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है। मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से भी की गई है।

मसवासी चौराहा सहित मानपुर तिराहे पर खनन चेकपोस्ट बने हैं। चेक पोस्टों पर पुलिस व राजस्व कर्मी तैनात रहते हैं। चेक पोस्टों से होकर गुजरने वाले खनन वाहनों की रायल्टी चेक की जाती है। इनसे बचकर खनन करने वाले रहमतगंज से अलीगंज होकर सीतारामपुर से खनन लदे ओवरलोड वाहन निकालते हैं। मंगलवार की सुबह ओवरलोड वाहन निकालने को लेकर हंगामा हो गया। ग्रामीणों ने गांव में वाहन रोक लिए। मामले की जानकारी होने पर खनन करने वाले भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद खनन करने वालों की ग्रामीणों से तीखी नोकझोक भी हुई।

दूसरी ओर एक ग्रामीण द्वारा डंपर चालक से गांव से होकर वाहन निकालने की एवज में 500 रुपये वसूलने की ऑडियो भी वायरल हो रही है। स्वार के उप जिलाधिकारी अमन देओल का कहना है कि खनन लदे ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

उपलब्धि बिलासपुर में सबसे अधिक मिला 30 .51 प्रतिशत महिलाओं को काम

27 .22 प्रतिशत महिलाओं के हाथों को मिला रोजगार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिले में 27.22 प्रतिशत महिलाओं के हाथों को रोजगार मिला है। मनरेगा के तहत बिलासपुर में सर्वाधिक महिलाओं को 30.51 प्रतिशत रोजगार मिला है। जबकि, चमरौआ ब्लॉक में आधी आबादी को सबसे कम रोजगार मिला है। मनरेगा में मजदूरों को रोजगार देने में रामपुर प्रदेश में आठवें पायदान पर है।

मनरेगा में 31 अगस्त से 8 अक्टूबर तक महिलाओं ने 6,76,551 दिन कार्य किया है। जिले में 27.22 प्रतिशत महिलाओं को रोजगार मिला है। मनरेगा से मजदूरों को रोजगार देने के मामले में रामपुर प्रदेश में 8वें पायदान पर है। जिले में 81,436 लोगों ने रोजगार मांगा था। इसके सापेक्ष

गांव में काम करते मनरेगा मजदूर। ● अमृत विचार

- **चमरौआ ब्लॉक में आधी आबादी को मिला सबसे कम रोजगार**

81,431 लोगों को रोजगार दिया गया है। लोगों को रोजगार मिलने से गांवों में खुशहाली आई है। लोगों के बैंक खाते में सीधे पैसा पहुंच रहा है। क्योंकि, गांव में सुबह और शाम को पूरा परिवार मनरेगा मजदूरी कर गृहस्थी की गाड़ी खींचता है। मनरेगा में मजदूर को 237 रुपये प्रति दिन की दर से भुगतान किया जाता है। गांवों में मनरेगा मजदूरों द्वारा मिट्टी का कार्य किया जाता है। इसमें कच्ची सड़कें व गूल आदि बनाना शामिल है।

महिला मजदूरों को ब्लॉक वार मिला रोजगार

ब्लॉक	महिला मजदूरी (प्रतिशत में)
बिलासपुर	30.51
चमरौआ	19.77
मिलक	25.51
सैदनगर	25.68
शाहबाद	20.67
स्वार	29.66

मनरेगा मजदूरों को रोजगार देने में रामपुर प्रदेश में 8वें स्थान पर है। चमरौआ क्षेत्र मुस्लिम बाहुल्य होने के कारण महिलाएं घरों से बाहर बहुत कम निकलती हैं। इस कारण चमरौआ में महिलाओं की मजदूरी का प्रतिशत कम है।

-अमित कुमार, उपायुक्त, मनरेगा

एक नजर

जिला अस्पताल में जाना मरीजों का हालचाल

रामपुर, अमृत विचार : जन सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष वसीम उल हसन खान जिला अस्पताल पहुंचे और मरीज का हाल-चाल जाना। उन्हें मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बात की। समिति के नगर अध्यक्ष हारिस शम्सी ने बताया की कांशीराम कॉलोनी की एक महिला 4 दिन से अस्पताल में भर्ती थी। उसका पथरी का ऑपरेशन होना था। उसके खून की जांच भी की गई थी। लेकिन 4 दिन बाद भी उसका ऑपरेशन नहीं हुआ। डॉ. दशरथ सिंह से पदाधिकारियों ने बात की। तब मरीज को दोबारा अस्पताल में भर्ती करा कर उपचार शुरू किया गया। इस मौके पर वसीम उल हसन खान, हारिस शम्सी, रेहान खान आदि मौजूद रहे।

पति से विवाद में पत्नी ने कीटनाशक खाया

सैदनगर, अमृत विचार : अजीमनगर थाना क्षेत्र में पति से विवाद के बाद पत्नी ने कीटनाशक खा लिया। खौद चौकी क्षेत्र के पैगा गांव निवासी ठाकुरदास का सोमवार की रात पत्नी कविता से विवाद हो गया था। इससे आहत कविता ने रात में किसी समय घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ गई। पूछने पर कविता ने कीटनाशक खाने की बात बताई। इस पर परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी है।

भक्तों ने की मां कात्यायनी की आराधना

सुबह से ही मंदिरों में लगी रही भीड़, महिलाओं ने गाए छंद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

माता की पूजा-अर्चना करते भक्त।

अमृत विचार : शारदीय नवरात्र के छठे दिन श्रद्धालुओं ने मां भगवती के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना की। मां से रिद्धि-सिद्धि का वर मांगा। घर व मंदिरों में छंद भी गाए। घरों में श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ किया।

मंगलवार को नवरात्र के छठे दिन भक्तों ने माता के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना की। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही। घंटे-घड़ियाल की ध्वनि के बीच श्रद्धालुओं ने माता की पूजा-अर्चना की। माता की प्रतिमा के समक्ष घी का दीपक व कपूर की बाती प्रज्ज्वलित की और लौंग, मिष्ठान, मेवा, फल, पुष्प अर्पित किए। माता को लाल चुनरी भी चढ़ाई। उसके बाद शृंगार का सामान अर्पित कर मां दुर्गा की आरती की और चालीसा का पाठ किया। घरों में भी श्रद्धालुओं ने पूजन किया। फल, मेवे आदि का भोग लगाकर पूजन किया। दोपहर बाद मंदिरों में महिलाओं ने माता के छन्द गाए। शाम को आरती करके प्रसाद बांटा गया। इसके बाद उपवास खोला गया।

पंडित संदीप कौशिक ने बताया कि छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा की जाती है। कात्यायन ऋषि के घर कन्या के रूप में जन्म लेने के कारण मां का नाम कात्यायनी पड़ा। कात्यायनी मां ने ही अजन्मा रूप छोड़कर पहली बार कन्या के रूप में जन्म लिया। इसके अलावा नगर स्थित श्री त्रिपुरेश्वरी शक्तिपीठ, प्राचीन श्री दुर्गा मंदिर, कृष्णा विहार स्थित मनोकामना मंदिर, श्रीहरिहर मंदिर समेत सभी मंदिरों में सुबह-शाम श्रद्धालुओं की भीड़ रही। भक्तों ने घर में पूजा के साथ श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ भी किया।

मां कात्यायनी की पूजा कर किया सप्तशती का पाठ

बिलासपुर, अमृत विचार : श्रद्धालुओं ने शारदीय नवरात्र के चलते मां दुर्गा के छठे स्वरूप माता कात्यायनी की पूजा-अर्चना की और सप्तशती का पाठ किया। मंगलवार को सुबह से ही घरों में सजाए गए मां के दरबार के सम्मुख श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मां को रोली का तिलक लगाकर दुर्गा सप्तशती तथा दुर्गा चालीसा का पाठ किया। यज्ञ में आहुतियां देकर माता रानी से सुख-समृद्धि की कामना की। क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मां कात्यायनी का भव्य शृंगार किया। इसके अलावा श्रद्धालुओं ने मोहल्ला साहूकारा में श्री सनातन धर्म बड़ा मंदिर, माता महाकाली मंदिर, श्री माता पीतांबरा देवी मंदिर, पंजाबी कालोनी में श्री सनातन धर्म मंदिर, शिव मंदिर, लक्ष्मीनगर में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, मां चामुंडा देवी मंदिर, शिव-शीतला माता मंदिर आदि में भजन-कीर्तन का आयोजन किया। शाम को महिलाओं ने मंदिरों में माता रानी के छंद गाए। डाम कालोनी स्थित मां दुर्गा पंचायती राज भवानी मंदिर में पुजारी सरोज मिश्रा ने श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ किया।

आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में रामपुर मंडल में प्रथम

रामपुर, अमृत विचार : सितंबर में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समाधान में जिले को प्रदेश में तीसरी रैंक मिली है। जनपद कई माह से मंडल में टॉप रैंक बरकरार रखे हुए है।

जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बताया कि प्रभावी समीक्षा तथा प्रभारी अधिकारी शिकायत, नगर मजिस्ट्रेट संदीप कुमार वर्मा के लगातार अनुश्रवण के चलते जिले को यह उपलब्धि मिली है। प्रभारी अधिकारी शिकायत संदीप कुमार वर्मा ने कहा कि ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर फैजान खान सहित पूरी टीम द्वारा लगातार अनुश्रवण और अधिकारियों के साथ समन्वय के परिणाम स्वरूप जिले को इस माह भी बेहतर रैंक मिली है। सितंबर में उत्कृष्ट रैंक के लिए निर्धारित 130 में से जिले को 123 अंक मिले हैं। ई-डिस्टिक मैनेजर ने बताया कि आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के साथ गुणवत्ता की भी लगातार समीक्षा और मॉनिटरिंग की जाती है। इसके परिणाम स्वरूप प्रत्येक जनपद की गुणवत्ता के आधार पर अंक देते हुए रैंक निर्धारित की जाती है।

सार संक्षेप

ग्रीन फील्डस इंटरनेशनल स्कूल में पौधरोपण करते बच्चे।

पर्यावरण संवारने के लिए बच्चों ने किया पौधरोपण

रामपुर, अमृत विचार : शाहबाद रोड पर ग्राम मिलक चिकना स्थित ग्रीन फील्डस इंटरनेशनल स्कूल में वन्य जंतु सप्ताह मनाया गया। इस मौके पर पर्यावरण संवारने के लिए बच्चों ने पौधरोपण किया। सामाजिक वानिकी प्रभाग तथा ग्लोबल वेलफेयर सोसाइटी एवं ग्रीन फील्डस स्कूल द्वारा संयुक्त कार्यक्रम किया गया। इसमें छात्रों ने पर्यावरण संवारने के लिए पौधे रोपित किए। इस अवसर पर ग्लोबल सोसाइटी के चेयरमैन ज़ुबैर शम्सी ने कहा कि पेड़ मानव जीवन के लिए बहुत उपयोगी हैं। इंसान ही नहीं जीव-जंतु भी पेड़ों से सुरक्षित रहते हैं। स्कूल के संस्थापक उजैर शम्सी ने पौधरोपण करते हुए विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जीव जंतु और पेड़ एक दूसरे के पूरक हैं। इस अवसर पर बच्चों ने वन संरक्षण पर भाषण दिए और वनों का महत्व बताया। प्रधानाचार्य नासिर खान ने बच्चों को पर्यावरण के बारे में जानकारी दी।

मदद एक आस फाउंडेशन के संचित व प्रतिभा बनीं जिलाध्यक्ष

संचित कपूर।

प्रतिभा अग्रवाल।

रामपुर, अमृत विचार : मदद एक आस फाउंडेशन को समाज में निरंतर कार्य करते हुए 7 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। फाउंडेशन हर वर्ष जिलाध्यक्षों और कार्यकारिणी का विस्तार करती है। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतीक शर्मा ने बताया कि संचित कपूर को पुन: जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। जबकि, समाज हित में कार्य देखते हुए प्रतिभा अग्रवाल को महिला जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जल्द ही जिलाध्यक्ष के माध्यम से जिले की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

लक्ष्मण रेखा पार करते ही रावण ने किया माता सीता का हरण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

रामलीला में श्रीराम-सुग्रीव संवाद का मंचन करते कलाकार।

प्रभु श्री राम को नदी पार कराते केवट।

अमृत विचार : कोसी मार्ग स्थित रामलीला मैदान पर चल रहे मंचन में लक्ष्मण रेखा पार करते ही रावण ने माता सीता का हरण कर लिया। रामलीला का शुभारंभ अरविंद नंदा, मनोज गर्ग और अरविंद पांडेय ने किया।

रामलीला में मथुरा के कलाकारों ने सीता हरण, शबरी पर कृपा, राम सुग्रीव मित्रता, बाली वध का मंचन किया गया। प्रसंग में लक्ष्मण सूर्पनखा की नाक काट देते हैं। वह अपने भाई रावण को जाकर बताती है। तब रावण सीता माता का हरण करने की योजना बनाता है। रावण का मामा मारीच सोने के हिरण बनकर सीता के सामने से गुजरता है। सीता प्रभु श्रीराम से सोने का हिरण लाने की जिद करतीं हैं। श्रीराम उसे लेने जंगल की ओर चले जाते हैं। तभी रावण साधु का रूप धारण कर माता सीता के पास आता है। उनसे भिक्षा मांगता है। माता सीता के लक्ष्मण रेखा लांघते ही रावण उनका हरण कर लेता है। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र गर्ग, सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, सुभाष चन्द्र अग्रवाल ठेकेदार, गौरव जैन, वेद प्रकाश वर्मा, निर्भय कुमार गर्ग, कमलेश कुमार अग्रवाल, शैलेन्द्र कुमार गोयल आदि मौजूद रहे। सिविल लाइन में भरत मिलाप और ज्वालानगर में बाली वध व लंका दहन का मंचन किया गया।

भरत-केवट संवाद की लीला का हुआ मंचन

बिलासपुर, अमृत विचार : नगर में दो स्थानों पर चल रही रामलीला में कलाकारों ने भरत-केवट संवाद आदि का मंचन किया। मोहल्ला सोमवार की बाजार स्थित श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में कलाकारों ने भरत-केवट संवाद, भारत जी का चित्रकूट प्रस्थान, भरत मिलाप, जानकी जी का आगमन, भरत-राम संवाद, जयंत लीला, सीता-अनुसुईया संवाद, सुतीक्षण प्रेम, अगस्त्य ऋषि से भेंट, पंचवटी विश्राम आदि लीलाओं का मंचन किया। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष रवि गोयल, महामंत्री दुष्यंत अग्रवाल, संरक्षक धन्नूमल बंसल, सतपाल जिंदल, प्रदीप अग्रवाल, विनय शर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन विनोद कुमार मिश्रा ने किया। दूसरी ओर मोहल्ला साहूकारा स्थित श्री सनातन रामलीला परिषद के तत्वावधान में कलाकारों ने जयंत कथा, सूर्पनखा नासिका भेदन, खरदूषण वध आदि का मंचन किया। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, रामाधार अग्रवाल, ज्ञानेश कुमार एडवोकेट, डॉ. दिनेश चंद्रा, कमल अग्रवाल, प्रवेश अग्रवाल, सपन अग्रवाल, विशाल अग्रवाल आदि मौजूद रहे। संचालन गिरिराज किशोर अग्रवाल ने किया।

उलमा और अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मंगलवार को अधिवक्ता और उलेमा कलेक्ट्रेट पहुंचे। इसके बाद मोहम्मद साहब पर टिप्पणी करने वाले के खिलाफ रोष जताते हुए प्रदर्शन किया। मांग की कि पैगम्बर ए इस्लाम के बारे में अभद्र टिप्पणी करने वाले महंत को गिरफ्तार किया जाए।

प्रदर्शन करने वालों में अजीम इकबाल खां, रईस अहमद, शाहिद अली, महफूज अली शामिल रहे। उधर जामा मस्जिद के इमाम मौलवी फैजान खां का कहना है कि यति नरसिंहानन्द ने हमारे नबी की शान में जिस प्रकार की गुस्ताखी की है, उससे सारे संसार में रोष है। कहा कि ऐसे माहौल बिगाड़ने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। इस मौके पर शहर इमाम मौलाना मुफ्ती महबूब अली, काजी ए शहर सैयद खुशनूद मियां, मौलाना मोहम्मद रेहान खां, मौलवी नासिर खां, मौलवी अब्दुल वहाब खां उर्फ फैजान खां और मौलवी एहतेशाम उल्लाह खां आदि मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते उलमा और अधिवक्ता।

मेडल के साथ मौजूद बच्चे।

रामपुर के कोच मुरादाबाद में हुए सम्मानित

रामपुर, अमृत विचार : आइएफटीएम यूनिवर्सिटी मुरादाबाद में ओपन स्टेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। इसमें आसपास के जिलों से बच्चों ने प्रतिभाग किया। शहर के रहने वाले आरजे मार्शल एकेडमी के कोच राजीव कुमार ने बताया कि वह अगवानपुर में भी बच्चों को कराटे सिखाते हैं। टूर्नामेंट में रफिया, आलिया, काजल, आराध्या, लवया, पार्थ, भविक, राजीव, अब्दुल हादी, आयशा ने गोल्ड मेडल जीते। जबकि सिल्वर मेडल आलिया, रियाजी, फराज व अक्षित ने जीता। सभी को तेनीशंकान कराटे स्कूल मुरादाबाद के कोच एमडी नासिर ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। वहीं कोच राजीव कुमार को भी सम्मानित किया गया।

अभिभावकों को सम्मानित करते शिक्षक।

दिव्यांगता को न मानें अभिशाप : मदनलाल

रामपुर, अमृत विचार : मुख्य अतिथि सैदनगर के खंड शिक्षा अधिकारी मदनलाल वर्मा ने कहा कि अगर दिव्यांग बच्चों का थोड़ा सहयोग किया जाए तो उनके ज्ञान में कोई कमी नहीं होगी। दिव्यांगता को अभिशाप नहीं मानना चाहिए। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित समेकित शिक्षा के तहत आकांक्षी ब्लॉक सैदनगर के प्राथमिक विद्यालय लालपुर कला में मंगलवार को अभिभावक परामर्श एवं जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसमें स्पेशल एजुकेटर विजय प्रताप मिश्रा, नरेंद्र सिंह, लक्ष्मण प्रसाद ने अभिभावकों को दिव्यांगता के बारे में बताया। कहा कि दिव्यांगता 21 प्रकार की होती हैं। दिव्यांगता के कारण एवं बचाव के बारे में कहा कि यदि हम दिव्यांग बच्चों पर सामान्य बच्चों के मुकाबले अधिक ध्यान दें तो उनके भविष्य को संवारा जा सकता है। दिव्यांग बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर सभी दिव्यांग बच्चों के अभिभावक, विद्यालय स्टाफ, ग्राम प्रधान हारून, भूरी, कबूलनिशा, चुन्नी, अफसाना, फरजाना, नजमा आदि मौजूद रहे। संचालन प्रधानाध्यापिका शबनम आरा ने किया।

नव नियुक्त शिक्षकों को वेतन दिलाने की मांग

रामपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष रवेन्द्र गंगवार ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राघवेंद्र सिंह को बताया कि 12,460 नवनियुक्त शिक्षकों की नियुक्ति को 3 माह के बीतने के बाद भी वेतन जारी नहीं हो सका। मांग की कि नवनियुक्त शिक्षकों को वेतन दिलाया जाए। कहा कि दीपावली का त्योहार नजदीक है। संगठन के महामंत्री विपेन्द्र कुमार ने कहा कि जल्द शिक्षकों का शपथपत्र लेकर वेतन जारी किया जाए। मांग करने वालों में विनीत कुमार, चिरंजीव कुमार गुड्डू, विनोद कुमार, विनीत श्रीवास्तव, निर्मल चंदराय, विमल शर्मा, सुधीश शर्मा, सुरेश गंगवार, लालता प्रसाद, महावीर, रिसालत खान, डॉ. पूनम आनंद, सुनीता अग्रवाल, सादिया महमूर, तनूजा सिंघल, नीरू शर्मा, किरन भारद्वाज, मीना शर्मा आदि शामिल रहे।

ग्रामीणों को मिल रहीं सस्ती दवाएं : डॉ. गणेश

रामपुर, अमृत विचार : सहायक आयुक्त एवं सह निबन्धक सहकारिता डॉ. गणेश गुप्ता ने कहा कि दढ़ियाल नगर पंचायत का प्रथम जन औषधि केन्द्र दढ़ियाल सहकारी समिति पर संचालित किया जा रहा है। इस पर नगर पंचायत एवं आसपास के ग्रामीणों को सस्ती दवा मिल रही हैं। तहसील टांडा में स्थित दढ़ियाल सहकारी समिति पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि उप आयुक्त एवं उपनिबंधक सहकारिता, मुरादाबाद वीर विक्रम सिंह एवं जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मोहन लाल सैनी ने किया। उन्होंने बताया कि जिले में सहकारिता विभाग की 16 समितियों द्वारा प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र के लिए आवेदन किए गए थे। इनमें से 3 को लाईसेंस मिल चुका है। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मोहनलाल सैनी ने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में जन औषधि केन्द्र से सस्ती दवा का लाभ लें। इस अवसर पर रोहताश सिंह सैनी, प्रकाश त्रिपाठी, दिनेश कुमार, रामेश्वर सिंह, सुरेश कुमार मौजूद रहे।

सीएचसी परिसर में सोलर लाइट लगवाए नगर पालिका

बिलासपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल व्यापारी संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष धन्नूमल बंसल के नेतृत्व में व्यापारी नगर पालिका पहुंचे। उन्होंने पालिका अध्यक्ष चित्रक मित्तल से मुलाकात कर 3 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चारों ओर रास्ता ऊंचा होने के कारण अस्पताल में बरसात का पानी भर जाता है। उन्होंने मार्ग का निर्माण कराने, सीएचसी परिसर में 5 सोलर लाइट लगाने की मांग की। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष सुदर्शन मदान, राजीव अग्रवाल, तिलकराज जैन, जोगपाल सिंह, अंशुल अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, दुष्यंत अग्रवाल, भीम सिंह यादव, गुरमीत सिंह, हाफिज ताहिर आदि मौजूद रहे।

रैली को रवाना करतीं प्राचार्य डॉ. जागृति मदान।

रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के तहत मंगलवार को राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट ने जागरूकता रैली निकाली।

तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत राजकीय रजा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर जागृति मदान एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संतोष कुमार ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला महिला चिकित्सालय में तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनवर सादात ने की। इसमें महिला चिकित्सालय के चिकित्सा एवं पैरामेडिकल स्टाफ ने प्रतिभाग किया। इस दौरान तंबाकू उपयोग करने वाले व्यक्तियों के इलाज एवं जागरूकता के विषय में तथा जुर्माना अभियान चलाने पर चर्चा की। इस अवसर पर राजकीय रजा महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

युवक ने ससुराल में जहर खाकर दी जान

मिलक, अमृत विचार : घरेलू विवाद के चलते युवक ने ससुराल में जहर खाकर अपनी जान दे दी।

घटना थाना भोट क्षेत्र के पजाबा गांव की है। करीब 5 वर्ष पूर्व थाना शहजादनगर क्षेत्र के मिलक बराखास निवासी 28 वर्षीय नवाब का विवाह पजाबा गांव की युवती से हुआ था। उनका करीब 4 साल एक बेटा भी है। नवाब 4 दिन पहले अपनी ससुराल गया था। किसी बात को लेकर उसका पत्नी से विवाद हो गया। इससे नाराज होकर नवाब ने ससुराल में ही जहर खा लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। डॉक्टर के पास पहुंचने से पहले ही नवाब ने दम तोड़ दिया। सूचना पर उसके परिजन पजाबा पहुंच गए और ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया। काफी नोकझोक के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को बराखास ले गए और दफन कर दिया गया।

जनता ने राजनीति पर धर्म को किया हावी : रेहान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

आंबेडकर पार्क में हुई बैठक में शामिल कांग्रेसी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र देव गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा कुरबानी दी है। कांग्रेस ने विकास कि राजनीति की है। देश का इतिहास बदलने वालों को अपना इतिहास बताना पड़ेगा। प्रदेश सचिव एवं जनपद के प्रभारी रेहान पाशा ने कहा कि देश की जनता ने राजनीति पर धर्म को हावी कर दिया है।

कांग्रेस के पदाधिकारियों की बैठक मंगलवार को आंबेडकर पार्क में हुई। कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं जनपद के प्रभारी रेहान पाशा ने पदाधिकारियों के साथ आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की। प्रदेश सचिव ने कहा कि भाजपा ने किसी भी चुनाव में विकास के नाम पर वोट नहीं मांगे। जब-जब चुनाव आते हैं, भाजपा धर्म कि राजनीति को जनता पर हावी कर देती है। आज यही वजह है कि देश में बेरोजगारी चरम सीमा पर है। महंगाई ने तो आम आदमी की कमर ही तोड़ रखी है।

पूर्व विधायक अफरोज अली खां ने कहा कि भाजपा ने देश को खोखला कर दिया है। हमारा देश बेरोजगारी में दुनिया में नंबर वन होता जा रहा है। महिला उत्पीड़न में भारत नंबर वन पर है। विकास में शून्य है। देश का राजा विकास कि बात न करके धर्म की बात करता है। यह देश कि जनता के लिए शर्म की बात है।

बैठक में शहर अध्यक्ष नोमान खां, वेदराम यादव, बाबू फौजी, जुबैर खां, महेन्द्र यदुवंशी, ताहिर अंजुम, मखदूम अहमद, शप्पू अंसारी, नादिश खां, अकरम अली, रिजवान मियां, सुहेल खां, आरिफ अल्वी, विक्की नफीस, मोहसिन मुस्तफा, हसरत खां आदि मौजूद रहे।

हिदायत त्योहारों को लेकर कोतवाली में हुई बैठक में अधिकारियों ने की अपील

सोशल मीडिया के मैसेज को करें नजर अंदाज

संवाददाता, स्वार

स्वार कोतवाली में बैठक करते एसडीएम अमन देओल व सीओ अतुल कुमार पांडे।

अमृत विचार : त्योहारों को लेकर कोतवाली में सभ्रांत लोगों की बैठक हुई। उप जिलाधिकारी व सीओ ने त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही अफवाहों में न आने और सोशल मीडिया के मैसेज पर अमल न करने की हिदायत दी।

मंगलवार को कोतवाली में हुई सभ्रांत लोगों की बैठक में उप जिलाधिकारी अमन देओल व सीओ अतुल कुमार पांडे ने कहा कि इस समय कुछ लोग सोशल मीडिया पर गलत मैसेज डालकर लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे किसी भी मैसेज पर ध्यान नहीं देना है। गलत मैसेज आने पर पुलिस प्रशासन को बताएं। अफवाहों पर ध्यान न दें। असामाजिक तत्वों से सावधान रहकर उनकी जानकारी पुलिस को देने और त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। कोतवाल संदीप त्यागी ने सभ्रांत लोगों से पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

इस अवसर पर शहर इमाम मोहम्मद अहमद खतीबी, शब्बन खां, मौलाना नाजिम खां, कारी इमरान रजा, लक्ष्मीकांत सैनी, बाबा नौबत राम, बाबा अनुज, विजय पाल, नक्शे अली, मोहम्मद गुलफाम, रामचंद्र सिंह, मोहम्मद आलिम रजा, वजाहत अली कादरी, बनवारी लाल सैनी, दिलेर सिंह, कुलवंत सिंह, संतोख सिंह, मोहम्मद फारूख रजा, मोहम्मद रफी आदि मौजूद रहे।

पद यात्रा कर मुख्यमंत्री से मिलने की मांगी अनुमति

बिलासपुर, अमृत विचार : बरेली बार्डर स्थित खमरिया बांध को पक्का बनवाने की मांग को लेकर एक किसान पद यात्रा करके मुख्यमंत्री से मुलाकात करेगा। पद यात्रा के लिए किसान ने एसडीएम से अनुमति मांगी है।

खजुरिया थाना क्षेत्र के गांव औरंग नगर खेड़ा निवासी किसान नेता बलवीर सिंह गंगवार कार्यकर्ताओं के साथ तहसील पहुंचे। उन्होंने उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय से कहा कि बरेली बार्डर स्थित खमरिया गांव में बहने वाली बेहगुल नदी पर पक्का बांध था। इस बांध से 165 गांवों की फसलों की सिंचाई की जाती थी। लेकिन, सरकारों की उदासीनता के चलते यह बांध जर्जर होकर वर्ष 1925 में टूट गया था। बांध टूटने से किसानों को सिंचाई के लिए परेशानी होने लगी। फसलें सूखने की कगार पर पहुंच गईं। उन्होंने इस मामले में पद यात्रा करके मुख्यमंत्री से मिलने की उप जिलाधिकारी से अनुमति मांगी है।

बच्चों को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देतीं साधना खरे।

बालिकाओं को अधिकारों के बारे में किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सैदनगर ब्लाक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में पुलिस विभाग की ओर से विशेष महिला सुरक्षा दल के सदस्यों ने विद्यालय की बालिकाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

उप निरीक्षक साधना खरे ने बताया कि मिशन शक्ति दीदी अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बालिकाओं को सरकार की ओर से उपलब्ध कराए गए हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया जा रहा है। चाइल्ड केयर हेल्पलाइन के लिए 1098, इमरजेंसी पुलिस कॉल के लिए 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, गैस हेल्पलाइन का नबर 1906 है। इस अवसर पर कांस्टेबल रचना, नीरज, इंदुबाला, महेंद्री, मुजाहिद खान, चिरंजीव गुड्डू, सीमा गौहर, संगीता यादव, रजनी गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

परस्वानां च हरणं परदाराभिमर्शनम्।
सचह्रदामतिशङ्का च त्रयो दोषा : क्षयावहा : ॥

दूसरों के धन का अपहरण, पर स्त्री के साथ संसर्ग और अपने हितैषी मित्रों के प्रति घोर अविश्वास ये तीनों दोष जीवन का नाश करने वाले हैं।

संपादकीय

महत्वपूर्ण मुद्दा

राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से स्वास्थ्य का मुद्दा बेहद महत्वपूर्ण है। इसलिए स्वास्थ्य के विषय को कतई हल्के से नहीं लिया जा सकता है। भारत में स्वास्थ्य के क्षेत्र में निवेश अभी भी बहुत अधिक नहीं हो रहा है। यही वजह है कि हाल-फिलहाल में भारत की स्वास्थ्य नीति में यह ऐसा मुद्दा बनकर उभरा है, जिस पर सबसे अधिक ध्यान दिया गया है। पिछले दिनों केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा (एनएचए) अनुमान जारी किए हैं। अनुमानों के मुताबिक सकल घरेलू उत्पाद में स्वास्थ्य में सरकारी व्यय की हिस्सेदारी वर्ष 2014-15 के 1.13 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 1.84 प्रतिशत हो गई। जबकि सामान्य सरकारी व्यय की हिस्सेदारी वर्ष 2014-15 के 3.94 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 6.12 प्रतिशत हो गई। यह वृद्धि सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता (विशेष रूप से कोविड-19 महामारी की प्रतिक्रिया में) को दर्शाती है। सरकारी स्वास्थ्य खर्च के जो आंकड़े जारी किए गए हैं, वो बताते हैं कि स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश बढ़ाया गया है। आंकड़ों से स्पष्ट है कि इस दौरान सरकारी स्वास्थ्य खर्च (जीएचई) 28.6 प्रतिशत से बढ़कर 48 प्रतिशत हो गया। जीएचई का लगातार बढ़ना भारत की स्वास्थ्य नीति के लिहाज़ से उपलब्धि है।

गौरतलब है कि सरकारों की तरफ से स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए जो भी खर्च किया जाता है, उसका लगभग दो-तिहाई हिस्सा राज्य सरकारों द्वारा और एक-तिहाई हिस्सा केंद्र सरकार द्वारा वहन किया गया है। बढ़ते सरकारी स्वास्थ्य व्यय, कम होते जेब खर्च और बढ़ते सामाजिक सुरक्षा व्यय जैसे प्रमुख संकेतक एक लचीली और समावेशी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का संकेत देते हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र को लगातार सुधारना है, तो स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, स्वच्छता एवं लोगों के लिए आवास उपलब्ध कराने पर ध्यान दिए जाने और इसके लिए पूंजीगत खर्च को बढ़ाने की जरूरत है। राज्यों की सरकारें एवं केंद्र सरकार इस बात पर जोर दें कि देश में सरकारी स्वास्थ्य खर्च में गिरावट नहीं आए। जाहिर है कि ऐसा होने पर ही भारत 2025 तक स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च को जीडीपी के 2.5 प्रतिशत तक पहुंचाने के राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल कर सकता है। ऐसा होने पर भारत की सफलता से दुनिया के विकासशील देश सबक लेंगे और भारत द्वारा उठाए गए कदमों को अपने यहां लागू करेंगे। स्पष्ट है कि अगर इस तरह की कोशिशें कामयाब होती हैं तो भारत पूरी दुनिया के सामने एक उदाहरण बनकर उभरेगा।

जम्मू-कश्मीर: चुनाव परिणामों के निहितार्थ

प्रदीप मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार

जम्मू, पीर पंजाल, चिनाब घाटी, कश्मीर घाटी में पाकिस्तान के सीमावर्ती इलाकों, दक्षिण कश्मीर घाटी में आतंक के गढ़ में मतदाताओं ने अपना एजेंडा साफ कर दिया है। बता दिया है कि दस साल बाद वे पहले से परिपक्व हो गए हैं। उन्हें अपने मुद्दे मालूम हैं और वे अपने हितैषी नेताओं के बारे में बेहतर तरीके से जानते हैं।

खस्ताहाल सड़कें, बदहाल साफ-सफाई, बिजली-पानी की अनियमित आपूर्ति, आवागमन में असुविधा और अव्यवस्था के अलावा शिक्षा और सेहत की बुनियादी सुविधाओं का अभाव जन सामान्य को हर समय उद्वेलित करता है। राजनीतिक तौर पर अवसर मिलने पर नागरिक अपने मताधिकार से इन सुविधाओं की उपलब्धता, निरंतरता और गुणवत्ता पर अपनी सहमति-असहमति प्रकट करता है।

दस साल बाद जम्मू-कश्मीर की 63.88 प्रतिशत यानी दो तिहाई आबादी का जनादेश इसे जाहिर करता है। नतीजे बता रहे हैं कि 5 अगस्त 2019 के बाद बहुप्रचारित नए जम्मू-कश्मीर में सब कुछ नहीं बदला। पुरानी रियासत में सियासत का दो दशक पुराना दौर जारी है। सरकारों और सत्ता को भ्रम हो सकता है,लेकिन जनता मतदान के समय उचित फैसला करती है। अनुच्छेद 370 और 35 ए, पत्थरबाजों की रिहाई, जनसुरक्षा अधिनियम (पीएसए) खत्म करने, सशस्त्र बल विशेषाधिकार (अफस्पा) की वापसी, पाकिस्तान से बातचीत-व्यापार, पीओके का भारत में विलय जैसे राजनीतिक विमर्श के मुद्दे जनहित के कारक नहीं बन पाए। केंद्र सरकार, भाजपा, अंतर्राष्ट्रीय जगत, उपराज्यपाल और अलग-अलग गठबंधन करने वाले सियासी सूरमाओं के लिए स्थिर और स्पष्ट संदेश है।

जम्मू, पीर पंजाल, चिनाब घाटी, कश्मीर घाटी में पाकिस्तान के सीमावर्ती इलाकों, दक्षिण कश्मीर घाटी में आतंक के गढ़ में मतदाताओं ने अपना एजेंडा साफ कर दिया है। बता दिया है कि दस साल बाद वे पहले से परिपक्व हो गए हैं। उन्हें अपने मुद्दे मालूम हैं और वे अपने हितैषी नेताओं के बारे में बेहतर तरीके से जानते हैं। सहूलियतें चाहिए तो निर्णायक जनादेश जरूरी है। अन्यथा जनता से जुड़ी नीतियों को नजरअंदाज करने का खामियाजा भुगतना ही पड़ता है। कश्मीर घाटी में लोगों ने कारोबार और कैरियर की कशमकश के बावजूद जमात-ए-इस्लामी जैसे कट्टर संगठन को तवज्जो देने के बजाय नेशनल कांफ्रेंस पर ज्यादा भरोसा जताया। दूसरी ओर जम्मू की जनता की जद्दोजहद ने भी

> पांच साल से सारा तंत्र ब्यूरोक्रेसी अर्थात नौकरशाही के हाथ में है। कश्मीर के युवाओं ने इसे वोटोक्रेसी का नाम दिया। बेलगाम नौकरशाही से आजिज अवाम ने एकतरफा मन बना लिया था। अब नई सरकार तनातनी के बावजूद उपराज्यपाल, केंद्र सरकार और भाजपा के दावों की सच्चाई जनता को बताएगी। ध्यान रहे। जादू की उम्मीद में भाजपा नेता आम लोगों से जुड़े नहीं। परोक्ष रूप से पार्टी का शासन था।

भाजपा को चुनाव की जंग नहीं जीतने दी। लोग जानते हैं कि अनुच्छेद 370 खत्म होने के बाद से उपराज्यपाल के नेतृत्व में जो व्यवस्था चल रही थी,उसके पीछे दिशा-निर्देश केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार के ही रहे हैं। नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन को शिकस्त देने के लिए बारामुला से निर्दलीय सांसद शेख रशीद की अवामी इत्तेहाद पार्टी और प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी के बीच कराए गए समझौते का असर कश्मीर में ही नहीं पड़ा। भाजपा ने कश्मीर घाटी की 47 में से 28 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ा। जम्मू क्षेत्र में डेमोक्रेटिक पीपुल्स आजाद पार्टी के सदर गुलाम नबी आजाद और जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी के संस्थापक अल्ताफ बुखारी के साथ पीपुल्स कांफ्रेंस के सज्जाद गनी लोन की चुनाव के समय अनदेखी भी भाजपा को भारी पड़ गई।

90 सदस्य वाली विधानसभा में बहुमत के लिए अवाम को भाजपा के नारों, दावों और संकल्प पर विश्वास नहीं हुआ। उन्हें लगा कि सारा प्रचार राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय छवि बनाने के लिए है। औद्योगिक विस्तार के लिए पूंजी निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर आदि पर खर्च के आंकड़े अविश्वसनीय और अवास्तविक हैं। राज्य का दर्जा छीने जाने की कसक तो जम्मू-कश्मीर और लद्दाख तक है। इसकी संवेदनशीलता को ऐसे समझा जा सकता है कि चुनाव नतीजे आने से एक दिन पहले 7 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। याचिका में दो महीने में राज्य का दर्जा बहाल करने के अनुरोध के साथ बताया गया है कि अनुच्छेद-370 खत्म करने की वैधता पर अंतिम फैसले के 11 महीने बाद भी सॉलिसिटर जनरल के आश्वासन के बाद भी केंद्र सरकार ने कुछ नहीं किया।

2014 के विधानसभा चुनाव में पहली बार सर्वाधिक 25 सीटें जीतने वाली भाजपा ने 28 सीटें हासिल करने वाली जम्मू-कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ मिलकर दो बार सरकार बनाई थी। इसके बाद तीसरी बार केंद्र में मंत्री जितेंद्र सिंह और सांसद जुगल किशोर ने आम लोगों की सुनवाई नहीं की। यही कारण रहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में सिर्फ जम्मू संभाग की दो ही सीट पर चुनाव लड़ने के बाद वोटों के प्रतिशत में बड़ी गिरावट आई। पार्टी से इसे समझने में देर हो गई। पूरी ताकत झोंकने के बाद भी भाजपा 2014 की स्थिति में सुधार नहीं कर पाई। भाजपा और मौजूदा केंद्र सरकार दुनिया को कभी भी यह नहीं बता पाएगी कि उसे 370 हटाने का क्या सिला मिला है? केंद्र सरकार ने 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद विदेशी दलों को घाटी में घुमाया था। 16 देशों के प्रतिनिधियों को चुनाव भी दिखाया। बेमेल सरकार में शामिल होने का नुकसान महबूबा मुफ्ती को भी हुआ, बेटी इलतिजा मुफ्ती परंपरागत सीट से हार गई।

पांच साल से सारा तंत्र ब्यूरोक्रेसी अर्थात नौकरशाही के हाथ में है। कश्मीर के युवाओं ने इसे वोटोक्रेसी का नाम दिया। बेलगाम नौकरशाही से आजिज अवाम ने एकतरफा मन बना लिया था। अब नई सरकार तनातनी के बावजूद उपराज्यपाल, केंद्र सरकार और भाजपा के दावों की सच्चाई जनता को बताएगी। ध्यान रहे। जादू की उम्मीद में भाजपा नेता आम लोगों से जुड़े नहीं। परोक्ष रूप से पार्टी का शासन था। फिर भी प्रशासन से वे जनहित के काम ज्यादा नहीं करा पाए। तंत्र पर नियंत्रण में बाहरी लोगों को महत्व, हस्तक्षेप और उनके नीति-नियमों ने भी जनता को पार्टी और प्रशासन के प्रति बेरुखी बरतने के लिए मजबूर कर दिया। 25 लाख युवाओं की अनदेखी और बेरोजगारी के साथ-साथ बेवजह के बयानों ने भी भाजपा की बात बिगाड़ दी। आम आदमी को नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन के दावे ज्यादा भरोसेमंद लगे। एक तरह से अगले पांच साल उन्होंने चुनाव की घोषणा से पहले ही विपक्ष को देने का मन बना लिया था। सत्ता पक्ष इसे परख नहीं पाया। स्थानीय कद्दावर नेताओं को टिकट न देने का प्रयोग किया गया। बाद में चुनाव का प्रबंधन भी दिल्ली से आयातित नेताओं के हाथ में आ गया। टिकट वितरण में मनमानी के साथ ही आर्थिक लाभ लेकर प्रत्याशी बनाने की बातें भी छिपी नहीं रह पाईं।

बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी छोटी-छोटी बातें कैसे बड़ा निर्णय करवा देती हैं, जम्मू-कश्मीर में यह साबित हो गया। केंद्र सरकार और भाजपा के सुरक्षा, स्थिरता, विकास, अनुच्छेद 370 हटाने, राजनीतिक आरक्षण, राज्य के दर्जे की बहाली का वादा जैसे बड़े मुद्दे, बड़े दावे, बड़े वादे सब एक झटके में ध्वस्त हो गए। मतदाताओं ने एक ऐसे गठबंधन को सरकार बनाने का अवसर दे दिया, जिस पर देश विरोधी, पाकिस्तान परस्त, परिवारवाद और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए। पहले दौर में मतदान के आगाज से ही परिणाम का अंदाज लग गया था कि अंजाम क्या हो सकता है। व्यवस्था बदलने के लिए युवाओं में ज्यादा जोश दिखा। नौकरशाही के प्रति आक्रोश दिखा।

आकलन है कि अनुच्छेद 370 हटाने के बाद कि चिंगारी कहीं न कहीं दबी हुई है। बोल नहीं रहे थे, क्योंकि डर अधिक था। भय का आतंक इस कदर हावी रहा कि उन्होंने गली-मोहल्ले, गांव-कस्बों की बुनियादी समस्या उठाने से भी गुरेज किया। विधानसभा चुनाव में उन्हें इन मुश्किलात से सामना करने का साहस मिला। उन्होंने त्रिशंकु विधानसभा बनाने के लिए भाजपा द्वारा अवामी इत्तेहाद पार्टी और जमात-ए-इस्लामी के साथ अघोषित गठबंधन को तरजीह नहीं दी। मतदाताओं को मतदान के समय ही मालूम था कि इंडिया गठबंधन में शामिल दलों को उनके स्पष्ट जनादेश से पूर्ण राज्य के दर्जे की बहाली में विलंब होगा। फिर भी उन्होंने भयमुक्त होने को प्राथमिकता दी।

प्रसंगवश

सांस्कृतिक और सांगीतिक विरासत

इन दिनों देशभर में रामलीलाओं की धूम है। अलग-अलग स्थानों पर भिन्न-भिन्न बोली-भाषाओं और शैलियों में श्रीराम की लीला का मंचन संपूर्ण भारतवर्ष में किया जा रहा है। उत्तराखंड भी इससे अलग नहीं है,परंतु कुछ बातें हैं,जो यहां के रामलीला मंचन को अन्य स्थानों से अलग ही नहीं वरन विशिष्ट बनाती हैं।

> इस आयोजन से समाज में एकता और सामूहिकता की भावना प्रबल होती है, जो हमारे सामुदायिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। रामलीला के माध्यम से जीवन में सत्य,धर्म, नैतिकता, कर्तव्य और प्रेम जैसे मूल्य समाज में प्रसारित होते हैं।

रामलीला एक सांस्कृतिक विरासत है, क्योंकि इसमें न केवल धार्मिक आस्था और परंपराएं जुड़ी हैं, बल्कि यह कला, संगीत, नाटक और सामुदायिक जीवन के गहरे आयामों को समेटे हुए है। उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में होने वाला रामलीला का मंचन अनेक तरह के वैशिष्ट्य लिए हुए है और इसे न केवल सांस्कृतिक धरोहर माना जाता है,बल्कि इसे संरक्षित करने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। कुमाऊंनी रामलीला की शैली कालांतर में इतनी लोकप्रिय हुई कि अल्मोड़ा नैनीताल से निकलकर आज न केवल गढ़वाल और तराई सहित संपूर्ण उत्तराखंड वरन उत्तर प्रदेश के अनेक हिस्सों तक भी इसका प्रसार हो गया है। इस शैली में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरित्र को बिना किसी विशेष परिवर्तन के, गेय नाटक के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। हालांकि अब कुछ मंचों पर पद्य संवादों के स्थान पर गद्य संवादों (डायलॉग) का भी काफी प्रयोग होने लगा है, परंतु अधिकतर बड़े मंचों पर इसे मूल स्वरूप में ही प्रस्तुत किया जाता है। कुमाऊंनी रामलीला में पारंपरिक संगीत और लोक धुनों से अधिक शास्त्रीय राग आधारित धुनों का प्रयोग होता है,जो क्षेत्रीय संगीत शैली का हिस्सा हैं।

इसका संगीत अत्यंत विविधता लिए हुए है। तालों और धुनों का संयोजन इतना विशिष्ट और शोधपरक है कि न केवल भिन्न परिस्थितियों के लिए भावानुरूप रागों का चयन कर धुनें बनाई गई हैं। साथ ही धुनों के संयोजन में पात्रों का भी विचार किया गया है। जैसे कि राक्षसी चौपाई जो कि आक्रामकता लिए हुए होती हैं उसकी धुनें कल्याणी जैसे रागों पर आधारित हैं जबकि राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान आदि पात्रों की चौपाइयों के लिए खम्माच जैसे कोमल भाव लिए रागो का चयन किया गया है। इसके अतिरिक्त भी राग देस, खम्माच, बिहाग, जैजैवंती, भैरवी, मांड, बागेश्वरी आदि लगभग सभी प्रचलित रागों का प्रयोग रामलीला की धुनों के संयोजन में किया गया है। विशेष बात यह है कि ये धुनें अत्यंत प्रभावी होने के साथ ही सरलता लिए हुए होती हैं। यही कारण है कि कुमाऊं क्षेत्र में रामलीला मंचन से जुड़े कलाकार इस संपूर्ण प्रक्रिया में अनायास ही शास्त्रीय संगीत की आधारभूत जानकारी पा जाते हैं और फिर इसके लगभग ठीक कुछ समय बाद में कुमाऊंनी होलियों के गायन की महफिलों का दौर आरंभ हो जाता है और यहां पर सहभागिता से स्वर और ताल की यह प्रारंभिक जानकारी और अधिक पुष्ट होती है। अन्य स्थानों की भांति ही कुमाऊंनी रामलीला में भी तबला, हारमोनियम और ढोलक आदि पारंपरिक वाद्ययंत्रों का प्रयोग होता है। इसके अतिरिक्त पारंपरिक वेशभूषा और अलंकरण से इसका एक विशेष सांस्कृतिक रूप उभरता है। गांव या कस्बे के लोग इसमें विभिन्न भूमिकाओं का निर्वहन करते हैं और हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में इसमें शामिल होता है।

मोहन चंद्र पाठक
रामनगर

इस आयोजन से समाज में एकता और सामूहिकता की भावना प्रबल होती है, जो हमारे सामुदायिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। रामलीला के माध्यम से जीवन में सत्य,धर्म, नैतिकता, कर्तव्य और प्रेम जैसे मूल्य समाज में प्रसारित होते हैं। रामायण की कथाएं लोगों को धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं और बच्चों से लेकर बड़ों तक को इन मूल्यों के बारे में शिक्षा मिलती है। रामलीला का आयोजन न केवल धार्मिक अनुष्ठान के रूप में, बल्कि एक सांस्कृतिक धरोहर के रूप में भी देखा जाता है। कुल मिलाकर, कुमाऊंनी रामलीला एक धार्मिक नाटक तो है ही साथ ही यह समाज को एकजुट रखने, सांस्कृतिक मूल्यों को संजोने और अगली पीढ़ी को सांस्कृतिक धरोहर हस्तांतरित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसीलिए यह न केवल कुमाऊं, बल्कि पूरे भारत की एक अनमोल सांस्कृतिक विरासत है।

आम आदमी और समाज का इतिहास

अमृतसर के पार्टीशन म्यूजियम में एक छोटा सा कोना सिंध के विस्थापितों को मिला है। यहां एक खत रखा है। खत 1948 के शुरुआती दिनों में एक पिता ने अपने बेटे को लिखा है,जो भारत गया है ताकि अपने परिवार को बुला सके। पिता ने खत में उस समय के शहर और समाज के हालात लिखे हैं। खत पढ़ते हुए, लफ्जों के दरम्यान फैली बेचैनी और उस समय के सामाजिक ताने-बाने में हो रहे बदलाव आप तक पहुंचते हैं। सोचिए क्या उस पिता को पता था कि एक दिन उसका एक मामूली खत इतिहास का एक दस्तावेज बन जाएगा?

संजय वर्मा
इंदौर

> अजीब बात है हम भारत के लोग कोई ऐसा म्यूजियम नहीं बनाते? और कुछ नहीं तो हमें कम से कम कोरोना का एक म्यूजियम बनाना चाहिए, जो हमारे समय की सबसे बड़ी घटना थी, जिसने हमारे सोचने, जीवन को देखने की नजरिए को किस तरह प्रभावित किया है। यह शायद 100 साल बाद एक बड़ी रिसर्च का मुद्दा होगा, तब आपकी सहेजी अखबारी कतरने, डॉक्टरों के लिखे पर्चे, एक्स रे, फोटोग्राफ्स, यहां तक कि फेसबुक पोस्ट्स भी शायद उस समय के शोधार्थियों को मदद करेंगे।

आज हम जिन चीजों को मामूली समझकर फेंक देते हैं क्या पता कुछ बरसों दशकों बाद इतिहास उनका क्या मोल लगाएगा? इंसान के उलट चीजें समय के साथ पुरानी नहीं ताकतवर हो जाती हैं। सोचिए अगर आपके घर पर दादा का लिखा कोई खत आपको विरासत में मिला होता,जिसमें पानीपत की लड़ाई का जिक्र कुछ इस तरह होता, आदरणीय चाचा जी, आगे समाचार यह है कि इस बार गेहूं की बुवाई में देर हो जाएगी,क्योंकि हमारे पड़ोस के खेत में पानीपत की तीसरी लड़ाई चल रही है।

ये खत इसलिए महत्वपूर्ण हैं,क्योंकि इतिहास की किताबों में तो बस राजे महाराजाओं की जीवनियां हैं। आम आदमी और समाज का इतिहास तो पुराने संदूकों में रखे खतों , फोटुओं, कपड़ों गहनों और पुराने बर्तनों में पर छपा है, जिसे सहेजना और अगली पीढ़ी को सौंपना हमारी जिम्मेदारी है। अगर इस बात को माने तो हम सब अपनी तरह से इतिहास के क्लर्क हैं, पृथ्वी नामक इस अजायबघर के क्यूरेटर हैं। क्या आपको अपनी इस जिम्मेदारी का एहसास है? मैं कुछ समय पहले हरिद्वार गया था। वहां हमारे खानदानी पंडा जी ने एक बड़ी बेलनाकार पोथी में एक बहुत पुराना पीला कागज दिखाया जिस पर मेरे पिताजी के हस्ताक्षर थे। मैं बचपन से अपने पिता को लगातार फाइलों पर साइन करते देखा था। इतना ज्यादा कि मुझे उनके हस्ताक्षर उनकी शक्ल से भी ज्यादा याद हैं।

मैंने उस सर्पिलाकार रास्ते पर अपनी उंगली उसी रास्ते चलाई जिस तरह उनका पेन चला था। मुझे लगा मैंने उन्हें छुआ। मेरा मन भीगा,तृप्त हुआ। पंडा जी सबके लिए पुरोहित होने के नाते पूज्य हैं, पर मुझ नास्तिक ने उन्हें अपने परिवार के इतिहासकार के रूप में प्रणाम किया दक्षिणा दी। मनुष्य स्मृतियों के सहारे जीता है। स्मृतियों के बिना हम कुछ भी नहीं! डीमेंसिया नाम की बीमारी में आदमी की याददाश्त चली जाती है, फिर उसके हाथ-पैर सर धड़ सब कुछ वही होते हैं,पर फिर भी वह आदमी वह नहीं होता कुछ और हो जाता है। मतलब आदमी और घास-फूस में बस स्मृतियों भर का फर्क है। सोचिए अगर किसी समाज की स्मृतियां चली जाएं तो वह कैसा होगा? इसलिए ही हर आक्रांता पराजित देश के पुस्तकालय में आग लगाता है। उसकी स्मृतियों को मिटाता है। पिछले दिनों मैंने गोवा में एक पुर्तगाली घर का म्यूजियम देखा, जिसमें उन्होंने पुराने पुर्तगाली जीवन के तौर तरीके दिखाए हैं। यूरोप वालों ने हर बड़े वैज्ञानिकों, चिंतकों यहां तक की घटनाओं के लिए अलग-अलग म्यूजियम बनाए हैं। इंग्लैंड के लिवरपूल में मैंने एक पूरा म्यूजियम सिर्फ गुलाम प्रथा पर देखा था।

अजीब बात है हम भारत के लोग कोई ऐसा म्यूजियम नहीं बनाते? और कुछ नहीं तो हमें कम से कम कोरोना का एक म्यूजियम बनाना चाहिए, जो हमारे समय की सबसे बड़ी घटना थी, जिसने हमारे सोचने, जीवन को देखने की नजरिए को किस तरह प्रभावित किया है। यह शायद 100 साल बाद एक बड़ी रिसर्च का मुद्दा होगा, तब आपकी सहेजी अखबारी कतरने, डॉक्टरों के लिखे पर्चे, एक्स रे, फोटोग्राफ्स, यहां तक कि फेसबुक पोस्ट्स भी शायद उस समय के शोधार्थियों को मदद करेंगे। फिलहाल के लिए इस दिवाली की सफाई में निकली पुरानी चीजों को फेंकने से पहले देखिएगा। शायद कोई चीज आप अपनी अगली पीढ़ी को सौंपने के लिए सहेजना चाहें।

सोशल फोरम

सपनों का कंगाल सौदागर

मैं कालिकट विश्वविद्यालय जाने के मार्ग में बेंगलुरु एक दिन के लिए रुक गया। मुझे नतिनी से मिलना था। एयरपोर्ट से डेढ़ घंटा दूर एक आईटी हब के पास उसके फ्लैट में जाना था, जहां वह अपनी एक फ्रैंड के साथ रहती है और जॉब करती है। बैंगलुरु इतनी दूर-दूर तक फैल गया है। बहुत ऊंचे नहीं,पर तकनीकी कहारों के चमत्कृत करने वाले आकर्षक कार्यभवन हैं। सुंदर सड़कें हैं। मॉल हैं। फैशन है,पर सड़कों पर एक भी जगह राजनीतिक प्रचार वाले वैसे होर्डिंग, कटआउट नहीं हैं, जैसे दिल्ली, पटना, लखनऊ, कोलकाता में कदम-कदम पर दिखते हैं।

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

जैसे-जैसे बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बाजार का विस्तार होगा, टेक्नोलॉजी की लोकप्रियता बढ़ेगी और मोबाइल में नए-नए ऐप आएंगे,लोगों के जीवन से अवकाश के घंटे घटते जाएंगे, उनकी राजनीति में दिलचस्पी घटती जाएगी? क्या अब राजनीति सिर्फ भरपूर अवकाश वालों या निठ्ठल्लों का कारोबार होकर रह जाएगी? अब सामान्यतः लोगों की प्रवृत्ति ही भिन्न है, दुनिया को बदलने की जगह खुद को सुखी और समृद्ध बनाओ। दुनिया बदलने वाले बीच रास्ते में ही सो चुके हैं। ऐसे भी राजसत्ता पर बाजारसत्ता इतनी हावी होती जा रही है,बल्कि राजसत्ता व्यापारियों की इतनी गुलाम होती जा रही है कि टीवी के न्यूज चैनल तथा होर्डिंगों कटआउटों में जितनी राजनीतिक हलचल दिखाई दे। वस्तुतः लोग राजनीति से धीरे-धीरे उदासीन होते जा रहे हैं, जो चिंताजनक है।

अमेरिका सहित पश्चिमी देशों में राजनीतिक समाचारों और अखबारों के प्रति उत्सुकता पहले से काफी घटी है। भारत में वकीलों, शिक्षकों, परंपरागत दफ्तर बाबुओं और अवकाश प्राप्त सज्जनों को छोड़ दें तो खासकर नौजवान अब राजनीतिक समाचारों में दिलचस्पी नहीं लेते। वे इस चिंता में होते हैं कि कैसे जल्दी अमीर बनें। सुबह से रात तक की उनकी भागदौड़ या व्यस्तता भी उन्हें राजनीतिक बयानबाजियों के प्रति बेखबर रखती है। सोचने की जरूरत है, क्या उच्च टेक्नोलॉजी से सुसज्जित बाजार ने राजनीति को पिछवाड़े में फेंक दिया है। क्या अब राजनीति सपनों का एक कंगाल सौदागर है?

-फेसबुक वॉल से

कांशीराम की बहुजन वैचारिकी

कांग्रेस की प्रचंड बहुमत से सरकारें बना करती थीं। साम्यवाद और समाजवाद की विचारधाराओं का असर राजनीति से लेकर उत्तर प्रदेश भी अछूता नहीं था, लेकिन राजनीतिक दबदबा तो कांग्रेसियों का ही था। कांग्रेस के साथ सभी धर्म और जाति के लोग थे। देश की आजादी के लिए आंदोलन और देश की स्वतंत्र जनता कांग्रेस का अहसान मानती थी। स्वतंत्रता से पहले भी और बाद भी तेज हवाओं में भी पारखी दृष्टि रखने वाले भी थे, उन्हीं में से एक नाम है मान्यवर कांशीराम का, जो कि वैज्ञानिक की सरकारी नौकरी छोड़ समाज विज्ञानी बन गए।

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

> राहुल गांधी जाति जनगणना और आरक्षण की सीमा बढ़ाने की बात कर कांशीराम साहब के विचारों से प्रभावित लगते हैं। समाजवादी पार्टी ने पीडीए के लोगों को आह्वान किया। संविधान और आरक्षण के सम्मान के लिए पीडीए बहुजन समाज का ही दूसरा नाम है।

कांशीराम की पारखी नजरों ने देखा कि देश पर राज करने वाले बहुजनों के साथ न्याय नहीं कर रहे हैं। न राजनीति में,न नौकरी व शिक्षा में। तब वे चुनौती बनकर उभरे और नारा दिया, "वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा नहीं चलेगा"। "जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी"। जैसे नारों ने, सत्ताधारियों को सोचने पर मजबूर कर दिया। पिछड़े दलित साथ होने लगे। सरकारी नौकर आंबेडकर के नारे को मान पे बैक टू सोसाइटी यानी मान्यवर साहब को आर्थिक मजबूती प्रदान करने लगे। तब जन्म हुआ बहुजन राजनीति का आंबेडकर के सपने को साकार किया। कांशीराम ने उत्तर प्रदेश में सरकारें बनाई और पूरे देश के वंचितों के मन में राजा बनने की ललक पैदा की। बिहार और तमिलनाडु में जरूर समाजवाद और पेरियार की राजनीति का असर पहले आ गया था। बाकी हिंदी प्रदेशों से लेकर पंजाब तक बहुजन वैचारिकी प्रसारित होने लगी। अब मान्यवर कांशीराम साहब केवल बहुजन समाज पार्टी के ही नहीं अन्य दलों में भी पोस्टर बैनरों में दिखते थे और बल्कि भाषणों में भी सुने जाते थे। मान्यवर कांशीराम के नाम पर आजाद समाज पार्टी कांशीराम की स्थापना करने वाले अतिशीघ्र ही सफलता पा गए और संसद में प्रवेश पा गए। संसद में चन्द्रशेखर आजाद ने शपथ ग्रहण के दौरान बुद्ध, फुले ,आंबेडकर और कांशीराम जी को कोड कर बहुजन वैचारिकी की बाते भी की।

इसी प्रकार राहुल गांधी जाति जनगणना और आरक्षण की सीमा बढ़ाने की बातकर कांशीराम साहब के विचारों से प्रभावित लगते हैं। समाजवादी पार्टी ने पीडीए के लोगों को आह्वान किया। संविधान और आरक्षण के सम्मान के लिए पीडीए बहुजन समाज का ही दूसरा नाम है। सामाजिक परिवर्तन और बहुजन राजनीति के सृजनकर्ता मान्यवर कांशीराम 9 अक्टूबर 2006 को दुनिया को अलविदा कह गए, लेकिन बहुजन राजनीति के केंद्र में सदा जिंदा रहेंगे।

विकसित भारत की जीत

हरियाणा में जनता जीती है, राज्य जीता है, राष्ट्र जीता है,क्योंकि वहां धर्म, जाति, जाट या नान जाट से इतर राज्य और राष्ट्र के लिए वोट डाला गया। हरियाणा चुनाव के नतीजों ने साबित कर दिया कि दस साल का भाजपा का कुशासन, जातीय जनगणना, संविधान खतरे में है, आरक्षण खत्म हो जाएगा, भाजपा सांप्रदायिक पार्टी है जैसे विपक्ष के अनर्गल आरोपों के बदले हरियाणा की जनता ने भाजपा को विकसित भारत के संकल्प के लिए वोट दिया है।

राकेश शर्मा
निवर्तमान अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

भाजपा ने इस बार पिछली बार से कहीं ज्यादा बेहतर परफॉर्म कर इस बात को पुख्ता किया है कि यदि आप देश, प्रदेश और जनहित में व्यापक निर्णय लेते हैं तब नया भारत आपकी बात को समझकर बग़ैर प्रतिबद्धताओं के निष्पक्ष निर्णय करता है। चुनावी विश्लेषण देखकर महसूस हुआ कि जाट, नान जाट, दलित , मुसलमान, अग्निवीर इत्यादि से हटकर हरियाणा के लिए वोट देकर विकसित भारत के संकल्प को मज़बूत किया है। चुनाव के दौरान जीवन की सबसे बेहतरीन जलेबी खाकर पैक कराकर ले जाने और जलेबी की फैक्ट्री लगाकर एक-एक फैक्ट्री में पचास-पचास हज़ार लोगों को नौकरी देने वाला जुमला भी नहीं चला। कांग्रेसी नेताओं की अंदरघात और भाजपा के नेतृत्व ने एकजुट व एकनिष्ठ होकर यह चमत्कार कर दिखाया है।भाजपा पर हरियाणा की जनता ने विश्वास किया है। एक बार फिर से कांग्रेस प्रवक्ताओं ने अपनी और अपनी पार्टी की खिल्ली उड़ाई, रुदाली की, जब भाजपा की विजय पर कहते सुने गए कि लोकतंत्र हार गया, ईवीएम जीत गया, निर्वाचन आयोग जीत गया, पत्रकारों ने भाजपा को जिता दिया, सेफोलॉजिस्ट ने खेलकर दिया।

कांग्रेस सभी को इस हार के लिए दोष दे रही है। इन्हें नहीं दिख रहा कि विभाजनकारी नीतियां, देश को जातियों, धर्मों, भाषा के आधार पर बंटना राष्ट्र को मंजूर नहीं है। कांग्रेसियों का भ्रष्टाचार, विदेशी शक्तियों से मदद, जेहादियों के आतंक पर चुप्पी का जवाब हरियाणा की जनता ने दे ही दिया है।

एक नजर

मामूली बात पर सगे भाइयों के साथ मारपीट

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मंडी किशनदास सराय निवासी रियाजुल मंगलवार की सुबह अपने छोटे भाई मिजारुल के साथ खेत पर जा रहे थे। मोहल्ले के ही एक व्यक्ति ने अपने परिवार के तीन लोगों के साथ मिजारुल व रियाजुल को रोक लिया। आरोप है कि दो दिन पहले धान खरीदने व बेचने के लेकर हुई कहासुनी को लेकर व्यक्ति ने परिवार के लोगों के साथ मिलकर रियाजुल व मिजारुल के साथ मारपीट की। जिससे रियाजुल चोटिल हो गया। अन्य परिजन पहुंचे तो व्यक्ति धमकी देते हुए भाग गया।

अनियंत्रित होकर पलटा ई रिक्शा, दो महिलाएं घायल

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला महमूद खा सराय निवासी जगदीश की पत्नी नन्ही और हरिसिंह की पत्नी गुड्डी मंगलवार को हयातनगर जाने के लिए ई रिक्शा में सवार हुई थी। चालक ई रिक्शा लेकर जैसे ही मोहल्ला चौधरी सराय चौराहे पर पहुंचा तो ई रिक्शा चौधरी अनियंत्रित होकर सराय चौराहे पर पलट गया। ई रिक्शा के नीचे दबने से नन्ही व गुड्डी घायल हो गई। आसपास के लोगों ने सीधाकर नन्ही व गुड्डी को ई रिक्शा के नीचे से बाहर निकाला। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल नन्ही व गुड्डी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार घायल

संभल, अमृत विचार : कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव खिरनी निवासी मनवीर सोमवार की देर रात बाइक पर सवार होकर थाना क्षेत्र के गांव सकरपुर में स्थित अपने खेत से घर जा रहा था। मनवीर बाइक लेकर जैसे ही संभल गवां मार्ग पर गांव नूरपुर के पास पहुंचा। ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे मनवीर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

चार लोगों ने हमला कर किया घायल

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के गांव दरियापुर राजदेव निवासी अंकित सोमवार की देर रात साढ़े 11 बजे मुहल्ला के ही राजीव के साथ गांव में दावत खाने के बाद बाइक से घर आ रहा था। आरोप है कि गांव के ही दो सगे भाइयों सहित चार लोगों ने अंकित से बाइक रुकवा ली और गाली गलौज करने लगे। विरोध किया तो चारों लोगों ने मिलकर लाठी डंडों से मारपीट की और किसी लोहे की चीज से हमलाकर अंकित को घायल कर दिया।

छोटे भाई के ससुर ने की थी हत्या, गिरफ्तार

छोटे भाई की पत्नी से बनाना चाहता था अवैध संबंध, कहा था मां के हिस्से की जमीन कर देगा उसके नाम

कार्यालय संवाददाता,संभल

अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में छोटे भाई की पत्नी से अवैध संबंध बनाने का प्रयास करने व जमीन बेचने की वजह से छोटे भाई के ससुर ने साथ में शराब पिलाने के बाद ईंट से ग्रामीण की हत्या की थी। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए हत्यारोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त ईंट बरामद कर ली है।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि सैदपुर इम्मा गांव निवासी तरुण शर्मा का शव 16 सितम्बर को उसके गन्ने के खेत में पड़ा मिला था। पुलिस ने मामले की जांच की तो हत्या का मामला सामने आया। पता चला कि तरुण के छोटे भाई का ससुर रामपाल निवासी भैंसली जमालपुर उर्फ गदापुर थाना कांठ जनपद मुरादाबाद अपने साथ बाइक पर बैठाकर ले गया था और फिर उसके बाद तरुण की लाश खेत में मिली थी। रामपाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी व जानकारी देते एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई।

तरुण की हत्या करने की बात कबूल कर ली। बताया कि तरुण को शराब पिलाने के बहाने बाइक पर बैठाकर ले गया था। शराब पिलाने के बाद तरुण के खेत में ही उसकी ईंट के वार से हत्या कर दी थी। रामपाल ने वह ईंट भी बरामद करा दी जिससे तरुण की हत्या की थी।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि तरुण शर्मा की पत्नी का निधन दस साल पहले हो गया था। इसके बाद तरुण शराब पीने का आदी हो गया था शराब के लिए उसने अपने हिस्से की जमीन बेच दी। इसी बीच वह अपने छोटे भाई की पत्नी हिमांशु पर दबाव बना रहा था कि वह उसके साथ संबंध बना ले तो वह जमीन नहीं बेचेगा और सारी जमीन उसके नाम कर देगा। आरोपी रामपाल ने बताया कि सोचा यही था कि जमीन भी बच जायेगी और उसकी बेटी भी सुरक्षित रहेगी।

एसपी ने बताया कि इस वारदात के खुलासे में थाना प्रभारी हरीश कुमार के साथ ही दरोगा संजय कुमार, रोहित मलिक के अलावा सिपाही नरेंद्र सिंह व मोहित चौधरी शामिल रहे।

थप्पड़ से आहत मूक बधिर ने की थी दोस्त की हत्या

संभल, अमृत विचार : जनपद संभल के बनियाठेर थाना क्षेत्र में 6 दिन पहले हुई हत्या की वारदात को चौकाने वाला खुलासा हुआ है। बहन के साथ छेड़छाड़ से नाराज होकर दोस्त ने थप्पड़ मारा तो मूक बधिर इस कदर आहत हुआ कि उसने चाकू से गला रेतकर उसकी जान ले ली। गिरफ्तार कर ट्रांसलेटर की मदद से पुलिस ने पूछताछ की तो दोनों के बीच समलैंगिक संबंध होने की बात भी मूक बधिर ने कबूली है। बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव कादरपुर कुकेटा निवासी 28 वर्षीय जसवंत का शव 3 अक्टूबर को गांव के जंगल में महेश के धान के खेत में पड़ा मिला था। चाकू से जसवंत की हत्या की गई थी। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस हत्यारे तक पहुंची तो पता चला कि गांव के ही रहने वाले मूक बधिर जितेंद्र उर्फ गूंगा ने जसवंत की जान ली थी। पुलिस ने जितेंद्र उर्फ गूंगा को हिरासत में लेकर ट्रांसलेटर की मदद से उससे पूछताछ की तो उसने हत्या की वारदात कबूल कर हत्या की वजह भी बता दी। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्रीशचंद्र ने बताया कि दो माह पहले जितेंद्र उर्फ गूंगा ने जसवंत की बहन के साथ छेड़छाड़ कर दी थी। बहन से जसवंत को बताया तो जसवंत गूंगा के घर पहुंचा और सबके सामने उसे डांटते हुए एक दो थप्पड़ मार दिये। इस घटना के बाद से ही जितेंद्र उर्फ गूंगा जब भी जसवंत की बहन को देखता था तो गर्दन चाकू से काट देने का इशारा करता था। इसी रंजिश में 3 अक्टूबर को जितेंद्र उर्फ गूंगा ने जसवंत की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी।दोनों के बीच थे समलैंगिक संबंध,जसवंत ने पहन रखी थी ब्रा : जसवंत हत्याकांड में एक पहलू यह भी सामने आया है कि जितेंद्र उर्फ गूंगा व जसवंत के बीच समलैंगिक संबंध थे। जब शव बरामद हुआ तो जसवंत के शरीर पर मिली ब्रा को देख पुलिस ने जांच आगे बढ़ाई तो यह राज खुला। गिरफ्तार जितेंद्र उर्फ गूंगा ने ट्रांसलेटर को समझा कर बताया कि हत्या करने से पहले उसने जसवंत के साथ संबंध बनाये थे।

हत्या के बाद तालाब में धोकर छिपा दिये थे कपड़े : पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जसवंत की हत्या करने के बाद मूक बधिर जितेंद्र उर्फ गूंगा ने खून से सने कपड़े उतारकर तालाब में धोये थे। इसके बाद उन कपड़ों पर गोबर लगाकर वहीं छिपा दिये थे। पुलिस ने अब यह कपडे बरामद कर लिये हैं।

भाजपा नगर अध्यक्ष के चाचा के घर फायरिंग

संवाददाता, बहजोई

- दो बाइक सवार नकाबपोशों ने गाली गलौज करते हुए घर पर की फायरिंग
- रामलीला मंचन को लेकर शाम को हुआ था विवाद

अमृत विचार : रामलीला मंचन को लेकर विवाद के बाद भाजपा नगर अध्यक्ष के चाचा के घर पर दो बाइक सवार नकाबपोशों ने फायरिंग कर दी। धमकी देते हुए हमलावर मौके से फरार हो गए।

बहजोई के गांव नाधौस में रामलीला का मंचन 2 अक्टूबर से किया जा रहा है। गांव में ग्रामीण नत्थू की पत्नी विनीता के निधन के शोक को लेकर गांव में रामलीला का मंचन नहीं किया था। इसी को लेकर सोमवार को 7:30 बजे के लगभग मंच का संचालन करने वाले तथा भाजपा नगर अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा के चाचा ग्रामीण ज्ञान स्वरूप से गांव के ही टेक चंद्र व यासीन का विवाद हो गया। दोनों ही लोग कहने लगे कि आखिर रामलीला का मंचन क्यों नहीं हो रहा है। आरोप है की रात्रि 1:30 बजे के लगभग एक बाइक पर सवार होकर दो नकाबपोश व्यक्ति आये। जिन्होंने ज्ञान स्वरूप के यहां फायर किया। गोली उनके दरवाजे के शटर को पार करते हुए अंदर चली गई। फिर दोनों ही हमलावर धमकी देते हुए गाली गलौज करने लगे। इसके बाद मौके से हमलावर फरार हो गए। सूचना पर सीओ बहजोई दीपक कुमार तिवारी मौके पर पहुंचे। सीओ ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। ग्रामीण की तहरीर पर मामला दर्ज किया जा रहा है।

एसडीएम ने पकड़ी राशन की घटतौली

कार्यालय संवाददाता, संभल/सिरसी

अमृत विचार : सिरसी में मुकर्रबपुर मार्ग पर स्थित राशन की सरकारी दुकान पर एसडीएम ने छापेमारी की तो राशन की घटतौली का खेल पकड़ में आया। एसडीएम के निर्देश पर पहुंचे पूर्ति निरीक्षक ने जांच पड़ताल करते हुए कार्डधारकों के बयान दर्ज किए। शुरूआती जांच में घटतौली किए की बात सामने आई है।

मंगलवार को एसडीएम विनय कुमार मिश्र अचानक मुकर्रबपुर मार्ग पर स्थित राशन डीलर सर्वेश की दुकान पर पहुंच गए। उस वक्त कार्डधारकों को राशन वितरण किया जा रहा था। कार्डधारकों ने एसडीएम से राशन डीलर पर कम राशन दिए जाने की शिकायत की। एसडीएम ने अपने सामने ही राशन की तौल कराई तो एक कार्डधारक का एक

राशन की सरकारी दुकान जहां घटतौली की शिकायत पर एसडीएम ने जांच बैठाई है।

- पूर्ति निरीक्षक ने जांच पड़ताल कर कार्डधारकों के बयान दर्ज किए

किलो और दूसरे का दो किलो राशन कम पाया गया। जिससे राशन की घटतौली का खेल पकड़ में आ गया। एसडीएम ने कार्डधारकों का राशन पूरा कराया। पूर्ति निरीक्षक सजन लाल गुप्ता को जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। इस बीच कार्ड धारकों ने कहा कि राशन डीलर मनमानी कर रहा है। ज्यादातर कार्ड धारकों को कम राशन ही देता है। कार्डधारक खलील ने तीन यूनिट पर 15 किलो के बजाय 13 किलो राशन देने का आरोप लगाया। महिला बेबी का कहना रहा कि 35 किलो के स्थान पर 30 किलो राशन दिया जाता है। पूर्ति निरीक्षक सजन लाल गुप्ता ने बताया कि कार्डधारकों ने कम राशन दिए जाने के बयान दर्ज कराए हैं। कार्रवाई के लिए जांच रिपोर्ट तैयार कर एसडीएम को सौंपी जानी है।

डीएम और एसपी ने निपटाया रास्ते का विवाद

कार्यालय संवाददाता, संभल/सिरसी

सिरसी में विवाद के बारे में जानकारी देते एसडीएम विनय मिश्रा।

अमृत विचार : हजरत नगरगढ़ी थाना क्षेत्र सिरसी में मुकर्रबपुर मार्ग पर स्थित कब्रिस्तान में रास्ते को लेकर हुए विवाद को डीएम और एसपी ने मौके पर पहुंचकर निपटा दिया। रास्ते के लिए भूमि चिन्हित करा दी गई जबकि कब्रिस्तान की बाउंड्री का रास्ता भी साफ हो गया।

मुकर्रबपुर मार्ग पर पसमांदा मुस्लिम समाज का पुश्तैनी कब्रिस्तान है। कुछ लोगों ने कब्रिस्तान के अंदर आने जाने के लिए रास्ता बना लिया है। जिसे लेकर आला अधिकारियों से शिकायत की गई थी और विवाद के हालात बने थे। मंगलवार को सुबह डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया, एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई, एसडीएम विनय कुमार मिश्र आदि मौके पर पहुंचे। डीएम और एसपी ने अभिलेखों को देखने के साथ ही स्थानीय लोगों से भी जानकारी ली। आला अधिकारियों ने रास्ते को लेकर विवाद निपटा दिया। एसडीएम ने बताया कब्रिस्तान की दूसरी तरफ लोगों ने मकान बना लिए हैं। लोग कब्रिस्तान से होकर निकलते हैं। पक्का रास्ता बनाने के प्रयास को लेकर लोगों ने आपत्ति की। कब्रिस्तान के जिम्मेदार चाहते हैं कि रास्ता भले ही बना दिया लेकिन कब्रिस्तान की बाउंड्री अलग हो जाए। रास्ते की भूमि चिन्हित करा दी गई है। कब्रिस्तान की बाउंड्री भी बन जाएगी। आम सहमति से समस्या का समाधान करा दिया गया।

अतिक्रमण हटाने को लेकर होगी कार्रवाई

संभल अमृत विचार : डीएम और एसपी ने सिरसी में मुख्य मार्ग पर हालात का जायजा लिया। जहां लोगों द्वारा अतिक्रमण किए जाने की बात सामने आई। इस संबंध में डीएम ने अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि संभल-मुरादाबाद मार्ग के किनारे जो अतिक्रमण किया गया है, उस पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

जिला बार एसोसिएशन का चुनाव कार्यक्रम घोषित

संभल, अमृत विचार : एल्डर्स कमेटी जिला बार एसोसिएशन संभल की बैठक अध्यक्ष गजनफर हुसैन एडवोकेट की अध्यक्षता में हुई। जिसमें वार्षिक चुनाव की समय सारिणी पर विचार करते सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए।

जिसके तहत वोटर लिस्ट का प्रकाशन 4 नवंबर, आपत्ति वोटर लिस्ट 5 नवंबर, नामांकन पत्र अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष, सदस्य कार्यकारिणी, वरिष्ठ सदस्य 7 नवंबर को शाम 4 बजे तक, नामांकन पत्रों की जांच 9 नवंबर को शाम 4 बजे तक, चुनाव 12 नवंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक और मतगणना 4 बजे कराई जाएगी। कहा गया कि सदस्य को 31 मार्च 2024 तक का बार का ड्यूज जमा करना है। जमा करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर तय की गई। ड्यूज जमा न होने पर वोटिंग का अधिकार नहीं होगा।

असमोली में कैमिस्ट एसोसिएशन की बैठक में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

नशीले पदार्थों की बिक्री बंद कर कैमरे लगवाएं

संवाददाता, असमोली/ओबरी

अमृत विचार : कैमिस्ट एसोसिएशन की बैठक में प्रत्येक मेडिकल पर सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा प्रतिबंधित दवाइयां न बेचने और शेड्यूल एक्स, एच एवं एच 1 की दवाइयां केवल डॉक्टर की पर्ची पर बेचने का निर्णय लिया गया।

बंगाली मेडिकल स्टोर पर हुई बैठक में संगठन के उपाध्यक्ष राहिल भारतीय ने कहा कि किसी भी कैमिस्ट को अनावश्यक परेशान न किया जाए। महामंत्री अजय कुमार शर्मा ने कहा कि 25 अक्टूबर तक कैमिस्ट मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे लगवाएं और नशीले पदार्थों की बिक्री तुरंत बंद करें। अभिजीत पॉल ने कहा कि मेडिकल स्टोर स्वामी विभाग एवं प्रशासन के आवश्यक निर्देशों का पालन करते हुए व्यापार करें। इस दौरान सुरेश, कुंवरपाल, गुफरान, फहीम, सलीम, अंकुश त्यागी, मनोज गुप्ता, नीरज, अली, शहजाद ,अनिल कुमार अग्रवाल, अवधेश कुमार वार्ष्णेय, हेमंत वार्ष्णेय, मोहम्मद शाहनवाज आलम, डॉ. नसीम आदि रहे। अध्यक्षता चेयरमैन श्याम शरण शर्मा ने की।

मजदूर की मौत के बाद गांव में बिलखती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

रुई मशीन की चपेट में आकर संभल के मजदूर की मौत

संवाददाता, संभल/ओबरी

अमृत विचार: पीलीभीत जिले में रुई मशीन की चपेट में आकर संभल जिले के मजदूर की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

असमोली थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर बंद निवासी अरकान 30 वर्ष रविवार को अपने तहेरे भाई मोहम्मद आरिफ के साथ पीलीभीत जिले के गांव माधो टांडा निवासी शौकत अली की रुई मशीन पर मजदूरी करने गया था। सोमवार को अरकान व मोहम्मद आरिफ ने रुई मशीन की सफाई की थी। पहली मजदूरी करने पहुंचे अरकान ने जैसे ही मंगलवार की सुबह आठ बजे रुई मशीन बिजली से चालू की। अचानक फटी रुई मशीन की चपेट में आकर अरकान गंभीर रुप से घायल हो गया। मोहम्मद आरिफ व दुकान स्वामी अरकान को उपचार के लिए पास के ही अस्पताल लेकर आ गए। यहां डॉक्टर ने अरकान को मृत घोषित कर दिया। और रोते बिलखते परिजन गांव माथो टांडा पहुंच गए।

मारपीट | **लिटिल फ्लावर एकेडमी स्कूल की बस पर दबंगों का हमला**

सरेराह दबंगई से सहम गए छात्र-छात्राएं

कार्यालय संवाददाता,संभल

अमृत विचार : ऐंचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के भवालपुर गांव स्थित लिटिल फ्लावर एकेडमी स्कूल की छुट्टी के बाद स्कूल बस में सवार होकर घरों को लौट रहे छात्र-छात्राएं दबंगों के तेवर देखकर सहम गए।

बस चालक ईश्वरपाल सिंह का कहना है कि वह रोजाना की तरह रास्ते के गांवों में वहां के बच्चों को उतारते हुए आगे बढ़ रहा था। हैदरपुर तिराहा पर अचानक एक दर्जन से ज्यादा नकाबपोश दबंग बस के सामने खड़े हो गये। जैसे ही बस रुकी तो हमलावरों ने बस की चाबी निकाल ली। इसके बाद उसके व बच्चों के साथ मारपीट शुरु कर दी। वहीं बस में सवार छात्र-छात्राओं का कहना था कि अचानक हुई इस घटना से वह बेहद डर गये थे।

यह तो अच्छा यह था कि गांव की आबादी के पास घटना हुई और उनका शोर सुनकर गांव के दौड़कर आ गये। जब गांव के लोग आये तो मारपीट करने वाले भाग गये।

ऐंचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में घटना के बाद मौके पर खड़ी स्कूल बस व एकत्र ग्रामीण।

गांव हैदरपुर तिराहे पर स्कूली बस को आठ दस लड़कों ने रुकवाने का प्रयास किया था। जब चालक ने बस नहीं रोकी तो बस केआगे खड़े होकर लड़कों ने बस की चाबी निकाल ली। चालक के साथ मारपीट के आरोप में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। -कृष्ण कुमार विश्नोई, एसपी।

तुरंत पहुंची पुलिस बाइक कब्जे में ली

संभल, अमृत विचार : गांव हैदरपुर तिराहे के पास नकाबपोश दबंगों के द्वारा स्कूली बस में तोड़फोड़ व लाठी डंडों से चालक ईश्वरपाल सिंह और छात्र छात्राओं के साथ मारपीट करने की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी रेनू कुमारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने बाइक कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की।

मौके पर छूटी आरोपियों की बाइक।

सार-संक्षेप

दूसरे पक्ष ने भी दर्ज कराई 6 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट

चन्दौसी, अमृत विचार : बिसौली गेट में मकान के गेट को लेकर हुए विवाद में अब दूसरे पक्ष ने चार नामजद सहित 6 लोगों के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जबकि पहले पक्ष ने पिता-पुत्रों सहित पांच लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बिसौली गेट निवासी पूर्व सभासद अर्चित अग्रवाल पुत्र सुशील कुमार अग्रवाल ने तहरीर में कहा है कि उनकी मां ने सुंदर मोहल्ले बिसौली गेट में एक मकान रामनाथ पुत्र जगदीश सरन से 10 जुलाई 1996 को क्रय किया था। पश्चिम की ओर के संयुक्त रास्ते में शिवनाथ व उसके परिजन अनाधिकृत तरीके से निर्माण करना चाहते हैं। आरोप है कि सोमवार की सुबह 9 बजे गौरव अग्रवाल अपने पिता शिवनाथ, भाई सौरव अग्रवाल व पुत्र पर्व अग्रवाल व अन्य दो अज्ञात के साथ उनके बिसौली गेट वाले दरवाजे पर पहुंचे। उस समय अर्चित अग्रवाल बाहर निकल रहे। इन सभी ने घर में घुसकर उन्हें लाठी-डंडों से पीटा। शोर शराबा होने पर आरोपी धमकी देते हुए चले गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गौरव अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, पर्व अग्रवाल, शिवनाथ अग्रवाल सहित छह लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट की है।

संभल में रैली निकालती एमजीएम कालेज की छात्राएं।

रैली निकालकर दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

संभल, अमृत विचार : सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत एमजीएम कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई। अभियान के प्रभारी डॉ.फहीम अहमद ने छात्र छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. योगेंद्र सिंह ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। चौधरी सराय में निकली रैली में छात्र छात्राओं ने सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा जैसे नारे लगाकर लोगों को नियमों के प्रति जागरूक किया। प्राचार्य ने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करना चाहिए तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। । इस दौरान नेमपाल सिंह, डॉ.नीलेश कुमार, डॉ.राघवेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. रीतू भटनागर, डॉ. राजेश कुमार समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं भी रहीं।

नियमों के उल्लंघन में 28 वाहनों के कटे चालान

संभल, अमृत विचार : सड़क सुरक्षा पखवाड़ा में एआरटीओ प्रवर्तन जेपी गुप्ता ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। चालकों द्वारा हेलमेट का प्रयोग नहीं करने पर 14, वाहन चलाने समय मोबाइल का इस्तेमाल करने में 2, ओवरलोड माल परिवहन में 3, सीट बेल्ट नहीं लगाने पर 4, इंटीकेटर का प्रयोग न करने पर 1, बीमा प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने पर 2, प्रदूषण प्रमाण पत्र नहीं होने पर 1, पंजीयन चिन्ह दोष पूर्ण में 1 वाहन का चालान किया। वाहन चालकों का हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने, तेज गति से वाहन न चलाने, नशा अथवा नींद में वाहन न चलाने और वाहन चलाते वक्त मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करने के प्रति जागरूक किया।

गांव में महिलाओं व बालिकाओं से संवाद करतीं एएसपी अनुकृति शर्मा।

एएसपी ने महिलाओं से संवाद कर बताए अधिकार

संभल , अमृत विचार : मिशन शक्ति फेज 5 के तहत थाना नखासा क्षेत्र के गांव महमूदपुर इम्मा में चौपाल का आयोजन हुआ। जिसमें एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने महिलाओं व बालिकाओं से सवांद किया। एएसपी ने महिलाओं से बात कर उनकी समस्याओं को जाना और उनके समाधान के बारे में समझाया। कहा कि महिलाएं खुद को पूरी तरह सुरक्षित महसूस करें। कोई दिक्कत हो तो हेल्प लाइन नंबर पर काम करें। चौपाल में प्रभारी निरीक्षक थाना नख़ासा गजेंद्र सिंह और मिशन शक्ति की टीम ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं से संबंधित अपराध, साइबर फ्रॉड व साइबर अपराध से बचने के बारे में जानकारी दी। महिला हेल्प लाइन नंबर तथा थाना व चौकी प्रभारी के नंबर ग्रामीणों को दिए। कहा कि कोई भी परेशानी हो तो तुरंत सूचना दी जाए। इस दौरान प्रधान, पूर्व प्रधान, पुरुषों, महिलाओं के अलावा छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

छात्राओं ने डीएम से किया संवाद, पूछा सफलता का राज

बहजोई, अमृत विचार : कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम राजेंद्र पैंसिया ने मिशन शक्ति तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत छात्राओं से सीधा संवाद किया। कक्षा 9 की छात्रा राधा ने डीएम से पूछा कि उनके मन में डीएम बनने की भावना कब जागृत हुई। इसके अलावा भी उन्होंने अन्य प्रश्न किये। जिस पर डीएम ने कहा कि सफलता एक ही विकल्प है। हर क्षण सीखते रहना चाहिए। बच्चों द्वारा आईएएस बनने विषय में भी जानकारी की तो उन्होंने बताया कि अपने अंदर आत्मविश्वास कैसे विकसित करें। एनसीसी के छात्रों ने पढ़ते समय नींद आने के लेकर भी डीएम से प्रश्न पूछे।

हरियाणा में जीत पर आतिशबाजी करके जलेबी बांटी

चन्दौसी, अमृत विचार : हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने पर नगर के भाजपाईयों ने ढोल-नगाड़ों के साथ आतिशबाजी कर जश्न मनाया। साथ ही मिष्ठान के तौर पर जलेबी बांटीं। मंगलवार की शाम को नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल के नेतृत्व में हरियाणा की जीत का जश्म धूमधाम के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गोविंद चौधरी ने कहा देश में भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं विभिन्न प्रदेशों में सरकार लगातार जनहित एवं राष्ट्रहित में कार्य कर रही हैं। देश की जनता को डबल इंजन की सरकार पर भरोसा है। इस भरोसे को कायम रखते हुए हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में सरकार बनाने का मौका दिया है। इस दौरान दौरान ओमवीर सिंह खड़गवंशी, मनोज कठेरिया, डॉ. टीएस पाल, अनुज अग्रवाल, अशोक शर्मा, सुधीर मल्होत्रा, शुभम अग्रवाल, ग्रीश रतन, मनोज दिवाकर, शरद शर्मा, देवेन्द्र गुप्ता मोनू, सभासद अमन कोली, अमित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

भाजपाइयों ने हरियाणा चुनाव में जीत का मनाया जश्न

संभल , अमृत विचार : मुरादाबाद मार्ग पर एकता विहार कॉलोनी में स्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर भाजपाइयों ने हरियाणा चुनाव में मिली अभूतपूर्व जीत का जश्न मनाया। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी जलाकर मिठाई बांटी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू ने कहा कि हरियाणा की प्रचंड बहुमत की जीत लोकतंत्र की जीत है। इस दौरान मीडिया प्रभारी मुकुल रस्तोगी,उदयवीर यादव, नगर अध्यक्ष शोभित गुप्ता, सौरभ गुप्ता, जिला महामंत्री युवा मोर्चा सोनू चाहल, आलोक भारती, अरविंद प्रजापति, सजन श्रीमाली, अक्षित अग्रवाल, उमंग अग्रवाल, निशांत रस्तोगी आदि रहे।

संघ ने करायी भजनों पर नृत्य प्रतियोगिता

चन्दौसी, अमृत विचार : शारदीय नवरात्र के अवसर पर ब्राह्मण शक्ति संघ ने भजनों पर नृत्य प्रतियोगिता कराई। जिसमें 3 से 7 वर्ष व 8 से 12 वर्ष के बच्चों ने भाग लिया। मंगलवार को श्री सनातन धर्म रामलीला मंच पर स्व. बिमला देवी की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि अजय शुक्ला एसडीओ प्रथम ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। प्रतियोगिता को दो वर्गों में रखा गया। जिसमें आयु 3 वर्ष से 7 वर्ष और 8 वर्ष से 12 वर्ष तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें लुभानी वार्ष्णेय, दीपांजलि पंडित, एंजेल शर्मा, सारिका शर्मा, अनन्या चंद्रा, रुचि देवी, आराध्या गुप्ता, मायरा वार्ष्णेय, मीरका अग्रवाल, शिवन्या सारस्वत, वैष्णवी, नित्या शर्मा, महक कश्यप की प्रस्तुति ने लोगों को ताली बजाने पर विवश कर दिया। निर्णायक मंडल में वंदना सक्सेना, शिवम् श्रीवास्तव व आकांक्षा भार्गव रही। दौरान विवेक मिश्रा, अभिनव शर्मा, मुकेश गौड, सचिन शर्मा, शिवराम वत्स, विवेक शर्मा, सचिन मिश्रा, अविरल शर्मा, विर्जेश शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

नृत्य प्रस्तुत करती प्रतिभागी।

एक नजर

छात्र-छात्राओं ने दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

बहजोई, अमृत विचार : बहजोई महाविद्यालय के सभागार में आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने स्लोगन देते हुए सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। सड़क सुरक्षा स्लोगन प्रतियोगिता में बीकॉम पंचम सेमेस्टर की छात्रा मुस्कान जरा ने प्रथम, बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा अंशिका वार्ष्णेय ने द्वितीय, व तृतीय सेमेस्टर की छात्रा मानसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रभारी गौरव वार्ष्णेय ने सभी को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए यातायात नियमों का पालन करने की बात कही। इस दौरान संजय कुमार, राम तीरथ, दीप्ति रानी, तृप्ति आर्य, सलोनी रस्तोगी, पूजा शर्मा, प्रीति शर्मा, गीता रानी, नेपाल सिंह यादव, भगवान सिंह चौहान, राजीव कुमार आदि ने सहयोग किया।

देवताओं पर अभद्र टिप्पणी पर युवक ने माफी मांगी

कुढफतेहगढ़ /चंदौसी, अमृत विचार : कुढफतेहगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक ने सोशल मीडिया पर हिंदू देवी देवताओं के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर अभद्र टिप्पणी की थी। जिसको लेकर करणी सेना ने शनिवार को थाना कुढफतेहगढ़ में शिकायत की थी। मंगलवार को आरोपी युवक ने संगठन के लोगों से माफी मांग ली और आगे से ऐसा न करने को कहा।

एसडीएम से नाला निर्माण रुकवाने की मांग

संभल/मनोटा, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के गांव बदनपुर बसई में ग्राम पंचायत और जिला पंचायत की ओर से पानी निकासी के लिए मुख्य मार्ग के किनारे नाला निर्माण कराया जा रहा है। नाला निर्माण से भविष्य में रास्ता तंग होने पर ग्रामीणों को परेशानी होगी। ऐसे में ग्रामीणों ने एसडीएम से शिकायत की है। शिकायतकर्ताओं में हरपाल सिंह, बिट्टू, समीर, शीशपाल सिंह, अनिल कुमार, रवि त्यागी, ब्रह्मराज सिंह, शरीफ अहमद आदि हैं।

दिव्यांगों की समस्याओं का होगा समाधान

संभल, अमृत विचार : राष्ट्रीय दिव्यांग एवं महिला सशक्तिकरण विकास फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद कासिम ने बहजोई में डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया से मिलकर दिव्यांगों की बात रखी। डीएम ने कहा कि जो भी समस्या हैं उनका समाधान किया जाएगा। इसके लिए दिव्यांगों की बैठक करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई और दिव्यांग जन कल्याण अधिकारी माधवी पांडेय से भी मिले। इस दौरान नत्थू सैनी, वारिस अली आदि रहे।

राम वनवास व दशरथ मरण का मार्मिक मंचन

रामबाग धाम के मंच पर देर रात तक हुई रामलीला, बड़ी संख्या में पहुंचे दर्शक

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: शारदीय नवरात्र के छठे दिन रामबाग धाम स्थित रंगमंच पर कलाकारों ने राम वनवास व दशरथ मरण की लीला का मंचन किया। जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे।

श्री रामलीला नाट्य परिषद की ओर से मंगलवार की लीला स्व. मुक्ता वार्ष्णेय की स्मृति में की गई। जिसका आरंभ राहुल वार्ष्णेय, इंजी. वरुण वार्ष्णेय, तरुण वार्ष्णेय, दर्शिल वार्ष्णेय व आरुष वार्ष्णेय ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया।

जिसके बाद रामलीला में दिखाया गया कि महाराज दशरथ द्वारा श्री राम के राज्याभिषेक की घोषणा की जाती है, जहां यह घोषणा दासी मन्थरा सुन लेती है और महल आकर कैकयी को बताती है और उन्हें राम के विरूद्ध भड़काती है और याद दिलाती है कि आपको राजा दशरथ ने दो वरदान दिए हैं। पहले वरदान में भरत के लिए राजगद्दी और दूसरे वरदान में राम के लिए 14 वर्ष का वनवास मांग लो। माता कैकयी ऐसा ही करतीं हैं। इसके बाद राम, लक्ष्मण और सीता के साथ वन चले जाते हैं। इस सदमे में राजा दशरथ का देहांत हो जाता है। रामलीला में दर्शकों के लिए लकी ड्रा, बम्पर ड्रा और मेघा ड्रा निकाले गए। स्व. लक्ष्मी नारायण टनाटन की स्मृति में राहुल टनाटन ने पुरुस्कार दिए।

रामबाग धाम के मंच पर रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

बबराला की रामलीला में सरयू पार कराने का मंचन करते कलाकार।

भगवान राम के नाम से ही हो सकता है बेड़ा पार

चन्दौसी, अमृत विचार : अक्रूरजी पुरम में श्रीराम कथा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मंगलवार को कथा वाचक आचार्य रामनिवास ने कहा कि इस जगत का संचालक राम है। परन्तु संसार में आकर जीव दुख-सुख के भवसागर में फंस कर सुख की चाह में प्रयास करते-करते आयु बीतने के बाद मृत्यु को प्राप्त हो जाता है। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर नलिन चौधरी, श्वेता गुप्ता, अनिल वासने, वंदना गुप्ता, अनमोल, शिखर, राम अग्रवाल, पारुल अग्रवाल, सोनू, रेनू, संजय अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, सतीश आर्य आदि मौजूद रहे।

सरयू पार कराने का मंचन देखकर दर्शक भाव विभोर

बबराला, अमृत विचार : श्रीराम लीला मंच पर आठवें दिन की लीला में केवट द्वारा श्रीराम को सरयू पार कराने, सुमंत की वापसी और दशरथ मरण आदि प्रसंगों का मंचन किया गया। जिसे देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए। मंचन में दर्शाया कि श्रीराम, लक्ष्मण और सीता को निषादराज केवट नदी पार कराता है। फिर प्रभु के चरण धोकर उस जल को पीने से अपना पुण्य कमाता है। वहीं राजा दशरथ पुत्र वियोग में मरणासन्न स्थिति में महल में लेटे हैं। महामंत्री सुमंत से श्रीराम, लक्ष्मण व सीता की कुशलक्षेम पूछते हैं। सुमंत द्वारा प्रभु श्रीराम के सरयू पार जाने व तमाम मन्नतों के बाद भी वनवास की अवधि पूरी होने से पूर्व अयोध्या वापस नहीं लौटने के प्रण की जानकारी देने से व्यथित राजा दशरथ देह त्याग देते हैं। इस दौरान डॉ. कैलाश वार्ष्णेय, डॉ. सुधींद्र शर्मा, रामबाबू वार्ष्णेय, अनिल गुप्ता, विनय वार्ष्णेय, प्रभाष कृष्ण, डिंपल वार्ष्णेय, विवेक एडवोकेट, अभय वार्ष्णेय टेस्टी, हृदेश कुमार, शुभम वार्ष्णेय, नितिन आइडिया आदि मौजूद रहे।

बजरंग दल ने 40 वें स्थापना दिवस पर की महाआरती

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : मंगलवार को बजरंग दल के 40 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सीता रोड़ स्थित सिद्धपीट बगिया वाली देवी मंदिर पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने महाआरती की। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में जिला सत्संग प्रमुख आचार्य ऋतुपर्ण शर्मा ने मां भगवती का पूजन-अर्चन कर कार्यकर्ताओं को संगठन वह सनातन के प्रति जागरूक किया। जिला सह संयोजक शशांक वार्ष्णेय ने कहा कि 8 अक्टूबर 1984 से बजरंग दल सेवा, सुरक्षा व संस्कार जैसी शब्दों का अपने जीवन में उपयोग करते हुए समाज में हिंदू मां-बहनों की रक्षा करते हुए सनातन की रक्षा कर रहा है। उसी प्रकार से आगे भी बजरंग दल सनातन की सुरक्षा करता रहेगा। इसके बाद पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मंदिर में महाआरती का आयोजन किया। इस मौके पर जिला संरक्षक हरिद्वारी लाल मिश्रा, जिला समरसता प्रमुख अश्वनी शर्मा, नगर संयोजक प्रियांक अग्रवाल, श्याम ठाकुर, गौरव सक्सेना, दिनेश कुशवाह, पंकज ठाकुर, सचिन शर्मा, सुमित कुमार, अमित मौर्य आदि मौजूद रहे।

महाआरती करते बजरंग दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● जिला सह संयोजक ने कहा बजरंग दल हिंदू मां-बहनों और सनातन धर्म की रक्षा कर रहा

भक्तों ने की कात्यायनी की पूजा अर्चना

संभल, अमृत विचार : शारदीय नवरात्र में जिले के मंदिरों में मंगलवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने विधि विधान से मां दुर्गा के स्वरूप कात्यायनी की पूजा अर्चना करके मनौती मांगी। संभल नगर में मुहल्ला हल्लू सराय में स्थित चामुंडा मंदिर, हयातनगर के चामुंडा मंदिर और घुंघावली के चामुंडा मंदिर में मंगलवार को सुबह 4 बजे से ही भक्तों का तांता लगने लगा। देखते ही देखते भक्तों की भीड़ बढ़ती चली गई। भक्तों ने बारी बारी से मां दुर्गा के स्वरूप कात्यायनी की पूजा अर्चना करके मनौती मांगी। जयकारों और घंटों की आवाज से मंदिर गुंजायमान हो गए। पूजा अर्चना का सिलसिला घंटों तक चला। संभल के अलावा सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, सौंधन, असमोली, पंवासा, बहजोई, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र में विधि विधान से कात्यायनी की पूजा अर्चना की गई।

हनुमानगढ़ी में लगा पंपिंग सेट, शीघ्र मिलेगी जलभराव से निजात

चन्दौसी, अमृत विचार : नगर पालिका की ओर से मंगलवार को हनुमानगढ़ी बस्ती में पंपिंग सेट लगाकर सड़कों पर भरा पानी को हटाने का कार्य शुरू हो गया। उक्त पानी को पाइप के माध्यम से कबीर गली स्थित नाले में छोड़ा जा रहा है। जिससे बस्ती के लोगों को जलभराव से निजात मिल सकती है।

हनुमानगढ़ी बस्ती में पानी निकासी का साधन नहीं होने पर सड़कों व प्लाटों में जलभराव की समस्या कई वर्षों से बनी हुई है। तीन दिन पहले बस्ती के लोग राज्यमंत्री गुलाब देवी के आवास पर पहुंचे थे और समस्या के समाधान की मांग की थी। मंगलवार को नगर पालिका के कर्मचारियों ने बस्ती में जाकर पंपिंग सेट से सड़क पर भरे पानी को हटाने का कार्य शुरू कर दिया। उक्त पानी को पाइपों की मदद से कबीर मोहल्ला स्थित बड़े नाले में छोड़ा जा रहा है।

सार-संक्षेप

कबड्डी में मझावली व सराय सिकंदर की टीमें प्रथम

चन्दौसी, अमृत विचार : ग्राम गुमथल में आयोजित न्याय पंचायत स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में गुमथल, सरथल व मौलागढ़ के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का आरंभ ग्राम प्रधान लक्ष्मी देवी ने फीता काटकर किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय की कबड्डी प्रतियोगिता में मझावली की टीम ने जीत दर्ज की। प्राथमिक विद्यालय की बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में सराय सिकंदर की टीम व बालिका वर्ग में मौलागढ़ की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक विद्यालय बालक वर्ग में 50 मीटर दौड़ में शोभित , 100 मीटर दौड़ में अनिकेत, 200 मीटर दौड़ में मुशर्रफ व सोनू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में 50 मीटर दौड़ में मंजू, 100 मीटर दौड़ में खुशबू, 200 मीटर दौड़ में अल्शिफा, 400 मीटर दौड़ में सुरभि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संकुल प्रभारी हजू सिंह, प्रेमपाल सिंह, शिशुपाल, डॉ. गौरव मिश्रा, अनिल कपूर, भूदेव शंखधार, अशोक पाठक, अमित कुमार, अमित शर्मा, अनुज कुमार, खुशाल सिंह, राजीव कुमार, प्रियंका, प्रीति मिश्रा, श्रद्धा शर्मा, सुरिति, रवि कुमार, पारुल शर्मा आदि मौजूद रहे।

पराली की आग से गन्ने की फसल जलकर बर्बाद

संभल/ओबरी, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के गांव मंसूरपुर माफी निवासी जाने आलम व थाना क्षेत्र के गांव नरेठा मोहम्मपुर निवासी जयपाल सिंह के बराबर बराबर में खेत गांव मुबारकपुर बंद के जंगल में स्थित हैं। जिसमें जाने आलम ने अपने खेत में धान की फसल लगाई थी और जयपाल सिंह के खेत में गन्ने की फसल खड़ी हुई है। तीन चार दिन पहले जाने आलम ने अपनी धान की फसल हार्वेस्टर मशीन से कटवाई थी। जिससे खेत के अंदर धान फसल के अवशेष खड़े हुए थे। सूखने के बाद जाने आलन मंगलवार को धान फसल के बचे अवशेषों को जला रहा था। अचानक से आग जयपाल सिंह के गन्ने की फसल में पहुंच गई। जाने आलम ने शोर मचाते हुए आग बुझानी की कोशिश की, लेकिन देखते देखते ही आग ने सारी गन्ने की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। विजयपाल सिंह की साढ़े चार बीघा गन्ने की फसल जलकर बर्बाद हो गई।

प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों के साथ ग्रुप के पदाधिकारी।

एकल नृत्य प्रतियोगिता में पीहू प्रथम

चन्दौसी, अमृत विचार : न्यू शाईनिंग स्टार क्लब की ओर से रामबाग धाम के रंगमंच पर एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें पीहू सक्सेना ने प्रथम , आराध्या राणा ने द्वितीय व तमन्ना बजाज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों सहित सभी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में डॉ. कविता गुप्ता, हिमानी चंद्रा मौजूद रही। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय, दुर्गा टंडन, अखिलेश कुमार खिलाड़ी, अंशुल टनाटन, सौम्य अग्रवाल विष्णु अग्रवाल, मौसम गुप्ता, भुवनेश वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

लेखपाल ने गैस गोदाम रोड पर की भूमि की पैमाइश

चन्दौसी, अमृत विचार : ग्राम पंचायत मौलागढ़ के लेखपाल ने टीम के साथ गैस गोदाम रोड पर काली मंदिर के पास स्थित भूमि की पैमाइश की। उक्त भूमि राजस्व अभिलेखों में ग्राम पंचायत के खाद के गड्ढों में दर्ज है। जबकि नगर पालिका उक्त भूमि को अपना बताकर कर्मचारियों को प्लाट आवंटित कर दिए हैं। जिसमें 30 वर्ष पहले छह मकानों का निर्माण भी हो चुका है। मंगलवार की कार्रवाई से नगर पालिका के जेई को अवगत कराया गया है। मंगलवार को ग्राम पंचायत के लेखपाल वरुण सक्सेना टीम के साथ मौके पर पहुंचे और भूमि की पैमाइश की। लेखपाल ने बताया कि उक्त भूमि गाटा संख्या 210 व 216 खाद के गड्ढे के रूप में राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। जो लगभग दस बीघा भूमि है। उक्त भूमि ग्राम पंचायत मौलागढ़ की है। फिलहाल मंगलवार की हुई कार्रवाई से नगर पालिका के जेई केके अग्रवाल को अवगत कराया गया है।

रंगोली प्रतियोगिता में श्रद्धा को प्रथम, कोमल को द्वितीय स्थान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : रामबाग धाम स्थित श्री सिद्धिदात्री वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति ने रंगोली व रंग भरो प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें बच्चों ने रंगोली बनाकर मां दुर्गा के चित्र को रंगों से सजाया।

मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव प्रतिभा चौधरी ने कहा समिति द्वारा शारदीय नवरात्रों में प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रतिवर्ष बच्चों के उत्साह वर्धन के लिए किया जाता है। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रद्धा वार्ष्णेय, दूसरा कोमल, तृतीय स्थान सुगंधा वार्ष्णेय ने प्राप्त किया। रंग भरो प्रतियोगिता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनमोल, द्वितीय स्थान मान्या तृतीय स्थान लहर गुप्ता रहे। समिति ने विजेताओं को पुरुस्कार प्रदान किए गए। इसके साथ प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना पुरुस्कार दिया गया। समिति द्वारा प्रतियोगिता के संयोजक अंकित वार्ष्णेय एड. व पीयूष कुमार वार्ष्णेय एड. को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वीनेश वार्ष्णेय, डॉ. सोनल वार्ष्णेय, पूजा गुप्ता, रीना चौधरी, अर्पिता वार्ष्णेय,पूनम, नीतू, मोनिका, दीप्ति, नंदनी,गीता, उपासना, शिल्पी, भारती आदि मौजूद रहे।

रंगोली प्रतियोगिता की विजयी प्रतिभागी।

जलभराव से निजात को होगा नाले का निर्माण

चन्दौसी, अमृत विचार: तहसील के सामने इंद्रा कॉलोनी का एसडीएम ने कॉलोनी की सड़कों पर जलभराव को देखा। एसडीएम ने गांव नगला पूर्व स्थित अरिल नदी तक नाला निर्माण कराने के बीडीओ को निर्देश दिए।

तहसील के सामने इंद्रा कॉलोनी है। कॉलोनी के बाहर कच्चा नाला होने से मुख्य मार्ग पर जलभराव की समस्या बनी हुई है। साथ ही नाला भी पूरी तरह से गंदगी व पानी से भरा हुआ है। जिससे आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों की शिकायतों पर एसडीएम नीतू रानी ने मंगलवार को कॉलोनी के मुख्य द्वार पर पहुंची। वहां ब्लाक बनियाखेड़ा के बीडीओ कमल कांत को भी मौके पर बुलाया । एसडीएम ने जलभराव से निजात के लिए गांव नगला पूर्वा स्थित अरिल नदी तक नाला निर्माण के निर्देश बीडीओ को दिए हैं। करीब 6 किलोमीटर नाले का निर्माण कराया जाएगा।

अधिकार पाने को एकजुट हों स्वर्णकार

कार्यालय संवाददाता, संभल

● अजमीढ़ महाराज की जयंती पर हुआ स्वर्णकार सम्मान समारोह

अमृत विचार : मैढ़ कुनबा संभल द्वारा अजमीढ़ महाराज की जयंती पर आयोजित हुए स्वर्णकार सम्मान समारोह व परिचय सम्मेलन में समाज में सम्मान और अधिकार पाने के स्वर्णकारों से एकजुट होने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में तमाम लोगों को सम्मानित किया गया।

मुहल्ला हल्लू सराय में स्थित श्री बालाजी ज्ञान ज्योति संस्थान में आयोजित कार्यक्रम के शुभारंभ में बच्चों ने मां सरस्वती वंदना, भगवान गणेश की स्तुति व नृत्य की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि राजू वर्मा ने कहा कि स्वर्णकार समाज का इतिहास सदियों पुराना है लेकिन समाज में उसे वह सम्मान और अधिकार नहीं मिला, जिसका वह वास्तविक हकदार है। विशिष्ट अतिथि नवीन वर्मा हापुड़ ने कहा अस्तित्व और सम्मान के लिए समाज को एकजुट होकर संगठित होने की जरूरत है। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रताप सिंह वर्मा बुलंदशहर ने कहा कि मैढ़ कुनबा मासिक पत्र द्वारा प्रत्येक वर्ष कार्यक्रम किया जाना सराहनीय है।

बालिकाओं ने गुजरात के प्रसिद्ध नृत्य डांडिया पर प्रस्तुति दी। आयोजक मंडल ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत 11 बालिकाओं और बच्चों को पुरस्कृत किया। विवाह योग्य स्वर्णकार युवक-युवतियों का परिचय, अतिथि, संरक्षक, समाजसेवी, वयोवृद्ध, बच्चों एवं महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। शिक्षा क्षेत्र में मेधावी बच्चों, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को सम्मान मिला। अंत में मैढ़ कुनबा पत्र के प्रधान संपादक मास्टर पुरुषोत्तम शरण वर्मा ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को एक मंच पर एकत्र कर स्वर्णकार बंधुओं, संरक्षक, समाजसेवी, वयोवृद्ध, पत्रकारों, बेटियों, नारी शक्ति का सम्मान व बच्चों को पुरस्कृत करना है। स्वर्णकार समाज संभल-सरायतरीन मैढ़ कुनबा मासिक पत्र के अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा (प्रताप) ने सभी का आभार जताया।

कार्यक्रम में कई शहरों के स्वर्णकारों ने लिया हिस्सा। इस दौरान उमाशंकर वर्मा, राजेश वर्मा, सुधांशु वर्मा, दीपक सोनी, सचिन वर्मा, दीपक वर्मा, प्रवीण वर्मा (गुल्लू), ठाकुरदास वर्मा, रमेश चंद्र वर्मा, नत्थूलाल वर्मा, सुमित सोनी, राजकुमार वर्मा, राखी वर्मा आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता प्रताप सिंह वर्मा बुलंदशहर व संचालन कुमारी अदिति वर्मा व विकास कुमार वर्मा ने संयुक्त रुप से किया।

9 घरों में पकड़ी गई बिजली की चोरी

चन्दौसी, अमृत विचार: विद्युत विभाग ने विजिलेंस टीम के साथ बिसौली गेट, पुरानी पैठ, मोहल्ला राज और ग्राम मई में विद्युत चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें 65 घरों के विद्युत कनेक्शन चेक किए गए।

जिसमें 9 घरों में विद्युत चोरी पकड़ी गई। चेकिंग अभियान के दौरान 15 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। साथ ही 2 लाख रुपये की विद्युत बिल वसूली की गई। जो लोग घर से दुकान में बिजली का उपयोग कर रहे थे, ऐसे 4 लोगों का विधा में परिवर्तन किया गया। 11 घरों का लोड बढ़ाया गया। उपभोक्ताओं से समय से बिजली बिल जमा करने की बात कही। इस दौरान एसडीओ प्रथम अजय कुमार शुक्ला, जेई अजय कुमार, वरुण कुमार, अभिषेक सिंह, मुकेश पाल, ओम बाबू, राजकुमार, दीपक, चमन आदि मौजूद रहे।

नाम परिवर्तन

मैंने नाम Sanjida Begum से बदलकर Sanjeeda Begum रख लिया है। संजीदा बेगम पत्नी तसलीम अहमद खां,खटकान पसियान तालाव मस्तू खां जौहर लेन शाहबाद गेट रामपुर

सूचना

मैंने अपना नाम सलीम (SALEEM) से बदलकर मोहम्मद सलीम (MOHAMMAD SALEEM) पुत्र जमील खान निवासी मोह मस्जिद मौलाना जहुरूद्दीन रामपुर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

सूचना

I, Abdul Nabeel Khan S/O Abdul Qadeer Khan, R/o Jauhar Colony, Rah e Raza Road Gandhi Samadhi Near BSNL Head Office, Rampur, Uttar Pradesh- 244901, have changed my name and shall here- after be Known as Nabeel Ahmad Khan.

खेलकूद चन्दौसी इंटर कॉलेज में किया जा रहा तीन दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

● बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में मेहरुल निशा व सब जूनियर में श्रद्धा राघव प्रथम

अमृत विचार : चन्दौसी इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को दूसरे दिन कई प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई। विजेता प्रतिभागियों को पदक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय मौजूद रहीं।

प्रतियोगिताओं में बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में मेहरुल निशा प्रथम, राधिका ने द्वितीय, रेनू तृतीय, जूनियर बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में शिवानी प्रथम, करिश्मा द्वितीय, काकुल चौधरी तृतीय, सब जूनियर बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में श्रद्धा राघव प्रथम, पल्लवी द्वितीय, मीरा तृतीय स्थान पर रहीं। सीनियर बालिका वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में प्रियांशी बांगा ने प्रथम, प्रीति ने द्वितीय, शिवानी ने तृतीय, जूनियर बालिका वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में काजल ने प्रथम, सीनियर बालिका वर्ग की 5 हजार मीटर दौड़ में शिवानी ने प्रथम, जूनियर बालिका वर्ग की 3 हजार मीटर दौड़ ने वंदना ने प्रथम, सीनियर बालिका वर्ग के गोला फेंक में खुशबू ने प्रथम, जूनियर बालिका वर्ग की गोला फेंक में तराना जहां ने प्रथम, सीनियर बालिका वर्ग की लंबी कूद में सुषमा ने प्रथम, जूनियर बालिका वर्ग की लंबी कूद में शिवानी ने प्रथम, सब जूनियर बालिका वर्ग की लंबी कूद में श्रद्धा राघव ने प्रथम, सीनियर त्रिकूद बालिका वर्ग शिवानी ने प्रथम, जूनियर त्रिकूद बालिका वर्ग दौड़ में रिचा ने प्रथम, जूनियर बालिका वर्ग के हैमर थ्रो में अक्षी बांगा ने प्रथम, सीनियर बालिका वर्ग की 110 मीटर दौड़ में बसु ने प्रथम, जूनियर बालिका वर्ग की 100 मीटर बाधा दौड़ में हेमलता ने प्रथम, सब जूनियर बालिका वर्ग की 80 मीटर बाधा दौड़ में कनिका ने प्रथम, सीनियर बालिका वर्ग की चक्का फेंक में प्रियांशी बांगा ने प्रथम, जूनियर बालिका वर्ग के चक्का फेंक में अंशिका ने प्रथम, सब जूनियर बालिका वर्ग के चक्का फेंक में सुनैना ने प्रथम, जूनियर बालिका वर्ग के पोल वाल्ट में बविता ने प्रथम, सीनियर बालिका वर्ग की ऊंची कूद में हिना ने प्रथम, जूनियर बालिका वर्ग ऊंची कूद में बसंती ने प्रथम, सब जूनियर बालिका वर्ग की ऊंची कूद में भावना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

सीनियर बालक वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में जतिन ने प्रथम, जूनियर बालक वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में गौरव कुमार ने प्रथम, जूनियर बालक वर्ग की 3 हजार मीटर दौड़ में गौरव कुमार ने प्रथम, सीनियर बालक वर्ग की 5 हजार मीटर दौड़ में जतिन कुमार ने प्रथम, जूनियर बालक वर्ग की लंबी कूद में मोहित यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

शादी का झांसा देकर लगाया दुष्कर्म का आरोप

संभल, अमृत विचार: हयातनगर थाना क्षेत्र के मुहल्ला सरायतरीन निवासी एक युवती ने मंगलवार को थाने में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोप है कि पांच वर्ष पहले सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय निवासी बाबर ने युवती को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया था।

जिसके बाद बाबर शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। युवती गर्भवती हो गई। इसकी जानकारी होने पर बाबर ने युवती का गर्भपात करा दिया। इसके बाद बाबर ने थाने से आगे सुनसान जगह ले जाकर कार में युवती के साथ फिर से शारीरिक संबंध बनाए। शादी के लिए दबाव बनाया तो मना करते हुए बाबर ने मारपीट करते हुए युवती को धमकी दी। थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर बाबर के खिलाफ दुष्कर्म के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

ताले तोड़कर स्कूल से सामान चोरी

संभल, अमृत विचार : गांव सैंडा में स्थित जीबीएस मानव कल्याण विद्यालय के प्रबंधक गुरुवचन सिंह ने पुलिस को तहरीर दी कि ताले तोड़कर स्कूल से सामान चोरी हो गया है।

H.M.M.P.G. College
(Code-638)
ऊमरी चौराहा (मुरादाबाद)
सम्बद्ध-एम.जे.पी.रू.वि.वि.बरेली
आवश्यकता
- एम.कॉम. :- 3 पद
  योग्यता :- नेट/पी.एच.डी.
- एम.ए. हिन्दी :-2 पद
  योग्यता :- नेट/पी.एच.डी.
- एम.ए. शिक्षा शास्त्र :-2 पद
  योग्यता :- नेट/पी.एच.डी.
- बी.एस.सी. गृह विज्ञान :- 3 पद
  योग्यता :- नेट/पी.एच.डी.
- कम्प्यूटर :- 2 पद
- क्लर्क :- 3 पद

प्रबन्धक - डॉ. सलीम अहमद
मो. 9719553393

कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद
सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गुलशेर द्वारा संस्था जामा मस्जिद बहादुर नगर कमेटी बहादुर नगर पोस्ट खास तहसील ठाकुरद्वारा मुरादाबाद का प्रबन्धक दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये हैं। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार 1. इस्लाम- अध्यक्ष, 2. मुजाहिद उपाध्यक्ष, 3. गुलशेर- प्रबन्धक, 4. वसीम अली- उपप्रबन्धक, 5. शमशुद्दीन- कोषाध्यक्ष, 6. मौ. रफी, 7. साकिर हुसैन- सदस्य दर्शाये गये हैं।

अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोटिस सो. रजि. एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

आज्ञा से :- आनन्द विक्रम सिंह, सहायक निबन्धक

कृषि विज्ञान केन्द्र, धमोरा, रामपुर

कृषि विज्ञान केन्द्र धमोरा, रामपुर उत्तर प्रदेश पर फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना अंतर्गत 6 माह से कम (31 मार्च 2025 तक) रुपए 12000 प्रति माह मानदेय पर एक फार्मर चेंज एजेंट (अस्थाई कार्मिक) की आवश्यकता है। जिसके लिए निर्धारित योग्यता इंटरमीडिएट है साथ ही कृषि के क्षेत्र में प्रसार कार्य का अनुभव एवं कंप्यूटर क्षेत्र में कार्य अनुभव को वरीयता दी जाएगी यह पद 31 मार्च 2025 के बाद स्वतः समाप्त हो जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 11 अक्टूबर 2024 तक बायोडाटा एवं प्रमाणित प्रमाण पत्र कृषि विज्ञान केन्द्र, धमोरा, रामपुर के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

दिनांक 08.10.2024

प्राध्यापक एवं अध्यक्ष
कृषि विज्ञान केन्द्र, धमोरा, रामपुर

एक नजर

विश्व शांति की कामना को हवन में दी आहुतियां

हसनपुर, अमृत विचार : ग्राम भदौरा में राष्ट्र सेवी संगठन के संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा के आवास पर गायत्री यज्ञ हुआ। जिसमें विश्व मंगल कामना एवं गजरौला ब्लाक क्षेत्र के ग्राम सुलतान ठेर के विद्यालय के अध्यापक की आत्मा की शान्ति को लेकर हवन में आहुतियां दी गईं। शान्ति कुंज हरिद्वार के कार्यकर्ता ओमपाल सिंह ने गायत्री एवं महामृत्युंजय मंत्र के साथ हवन में आहुतियां डलवाईं। इस अवसर पर खिलेन्द्र सिंह, सतवीर सिंह, परवीन सिंह, रामचंद्र शर्मा, ऋषि पाल सिंह, शिवा शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा आदि मौजूद रहे।

नशे में पेड़ पर चढ़े युवक ने किया हंगामा

अमरोहा, अमृत विचार : युवक नशे में पेड़ पर चढ़ गया और हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को पेड़ से उतारकर हिरासत में ले लिया और चालान कर दिया। मंगलवार को जोया रोड पर गन्ना कार्यालय के पास एक युवक नशे में पेड़ पर चढ़ गया। युवक पेड़ पर चढ़कर हंगामा करता रहा। युवक के हंगामे को देख लोगों की मौके पर भीड़ एकत्र हो गयी। लोगों ने युवक को पेड़ से उतराने कई प्रयास किये, लेकिन वह पेड़ से नहीं उतरा। तब लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को पेड़ से उतारा और थाने ले गए। अमरोहा देहात थाना प्रभारी राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि युवक नशा किए हुए था और पूछताछ में नाम धर्मेन्द्र बताया, वह नगीना जिला बिजनौर का रहने वाला बताया है। युवक का चालान कर दिया गया हैं।

नायब तहसीलदार ने चकरोड से कब्जा हटवाया

अमृत विचार, नौगांवा सादात : ग्राम पीलाकुंड में चकरोड को किसानों द्वारा किए कब्जों से नायब तहसीलदार संजय कुमार ने मुक्त कराया है। चकरोड पर किसानों ने गन्ना एवं पेड़ लगाकर कब्जा कर रखा था। कुछ किसानों ने इसकी शिकायत एसडीएम बृजपाल सिंह एवं स्थानीय पुलिस से की थी। जिसको संज्ञान में लेते हुए नायब तहसीलदार संजय कुमार, कानूनगो एवं लेखपाल मौके पर पहुंचे और कार्रवाई की। चकरोड पर किसानों ने कई वर्षों से कब्जा कर रखा था, जिससे वहां के किसानों को ट्रैक्टर, बैलगाड़ी ले जाने में बाधा उत्पन्न होती थी। वहां के किसानों ने इसकी शिकायत एसडीएम से की थी।

सीता विदाई का मंचन देख भावविभोर हुए दर्शक

मेरठ के कलाकारों ने किया रामलीला का भावपूर्ण मंचन, दर्शकों ने लगाए जयकारे

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : श्री धार्मिक रामलीला कमेटी अमरोहा द्वारा आयोजित आदर्श रामलीला महोत्सव के तहत मंगलवार को राम विवाह, सीता विदाई, राम राजतिलक की घोषणा, वनवास और निषाद राज प्रसंग का मंचन किया गया।

श्री दुर्गा सीनरी कला केंद्र मेरठ के कलाकारों द्वारा किए गए मंचन से दर्शक भाव विभोर हो गए। आयोजन में मुख्य रूप से तरुण राठी (उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश फिल्म बोर्ड) सरजीत सिंह, कमेटी के संरक्षक रमेश कालू, रविराज सरन, अजय अग्रवाल, करुणेश गोयल, विनोद गुप्ता कमेटी के अध्यक्ष विशाल गोयल महामंत्री शार्दुल अग्रवाल कोषाध्यक्ष कुंवर विनीत अग्रवाल, संजीव सैनी, प्रेम रघुवंशी, अमित रस्तोगी, अजय चतुर्वेदी, रवि माहेश्वरी, आशीष गोयल, गजेंद्र पाल सिंह, दीपक बंसल, मनु कमल, मनुज गोयल, गौरव गोयल, दीपक सक्सेना, करण रघुवंशी, नितिन राजपूत, रमन रघुवंशी, संजीव गोयल, रवि कुशवाह, राहुल कुशवाह, अभय आर्य, वरुण गुप्ता, अनुज शर्मा, राघव नौटियाल आदि उपस्थित रहे।

रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

राम, लक्ष्मण और सीता के स्वरूप में बैठे कलाकार। ● अमृत विचार

वनवास लीला का मंचन देख दर्शक मंत्रमुग्ध

हसनपुर, अमृत विचार : नगर के रामलीला मैदान में सोमवार रात को कलाकारों ने राम वनवास की लीला मंचन किया। वनवास लीला का मंचन देख पंडाल में उपस्थित दर्शक भावविभोर हो उठे। वृंदावन से आए कलाकारों ने दशरथ-कैकयी संवाद, मंथरा-कैकयी संवाद का भी मंचन किया। श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के निकट रामलीला मैदान पर श्री शिव महामंडल रामलीला समिति के तत्वावधान में वृंदावन के कलाकारों द्वारा मंचन किया जा रहा है। सोमवार रात रामलीला मंचन का आरंभ भाजपा नेता मोहित शर्मा ने किया। मंचन में दिखाया कि एक वचन में कैकयी भरत का राज्याभिषेक और दूसरे में राम को 14 साल का वनवास मांग लेती हैं। इस मौके पर समिति प्रबंधक राकेश अग्रवाल, अध्यक्ष पुनीत अग्रवाल, योगेंद्र शर्मा, गिरधारी लाल सैनी, लोकेश अग्रवाल, जयपाल सैनी, विनोद, ब्रजपाल ठाकुर, अर्जुन यादव आदि लोग मौजूद रहे।

रावण ने किया माता सीता का हरण

गजरौला, अमृत विचार : रमाशंकर कौशिक स्मृति पार्क गजरौला में श्रीरामलीला प्रबंध समिति के तत्वावधान में मंगलवार रात को रामलीला मंचन हुआ। जिसमें दिखाया गया कि श्रीराम पंचवटी में जाकर कुटिया बनाकर रहना शुरू करते हैं, तभी रावण की बहन शूर्पणखा वहां आती है और राम के समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखती है, राम के इनकार करने पर वह लक्ष्मण से विवाह का प्रस्ताव रखती है। लक्ष्मण के भी इनकार करने पर फिर राम से आग्रह करती है न मानने पर सीता को मारने की चेष्टा करती है। तो लक्ष्मण शूर्पणखा के नाक कान काट लेते हैं। तब शूर्पणखा रावण के पास जाती है और सारा हाल सुनाती है तब रावण मारीच को सोने का मृग बनाकर पंचवटी भेजता है और छल से सीता जी का हरण कर लेता है। लीला का मंचन श्री गिर्राज धर लीला संस्थान, वृंदावन के कलाकारों किया गया। इस दौरान रामप्रकाश गर्ग, महामंत्री विपिन कौशिक, प्रबंधक डॉ. आशुतोष भूषण शर्मा, उपाध्यक्ष सोनू गर्ग, कोषाध्यक्ष डा. निरंजन प्रसाद गर्ग, जनार्दन कौशिक, प्रमोद सिंघल, संजीव सिंघल, गौरव गोयल, राहुल गोयल, सुबोध सिंघल आदि रहे।

दहेज उत्पीड़न में घर से विवाहिता को निकाला

गजरौला, अमृत विचार : दहेज में कार व 10 लाख रुपये की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया।

क्षेत्र के गांव भारापुर निवासी विक्रम सिंह की बेटी की शादी वर्ष 2019 में संभल जनपद के थाना नखासा के मोहल्ला ताजुद्दीन निवासी प्रिन्स पुत्र सतपाल के साथ हुई थी। आरोप है कि ससुराल वालों ने कुछ माह बाद ही विवाहिता से दहेज में स्विफ्ट कार व 10 लाख रुपये की मांग कर दी। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर उसे कई बार मारपीट कर घर से निकाल दिया। पंचायत होने पर विवाहिता ससुराल गई थी। 15 सितंबर को दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि मामले में पति समेत ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

हरियाणा में भाजपा की तीसरी बार जीत पर बांटी मिठाई

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : हरियाणा में विधानसभा के चुनाव जीतने पर भाजपाइयों ने चेयरमैन राजपाल सैनी के नेतृत्व में खुशी का इजहार किया।

मंगलवार को पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी के आवास पर हरियाणा में भाजपा के चुनाव जीतने पर मिठाई का वितरण करते हुए खुशी का इजहार किया गया। पालिकाध्यक्ष राजपाल सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की पूर्ण बहुमत के सरकार साथ सरकार बनी है। भाजपा की हरियाणा में सरकार बनने पर कार्यकर्ताओं में उत्सव का माहौल बना हुआ था। इस अवसर पर कविता सैनी, रमा यादव, ज्योति गर्ग, बबीता सैनी, आरती सैनी, प्रशांत सैनी, ईशांत सैनी, गिरधारी लाल सैनी, सभासद राहुल सैनी, नितिन सैनी, संजय सहदेव, पूरन सैनी, राजीव सैनी, अर्पण गुप्ता, दिवाकर बेदी, विक्रम, सुरेंद्र सैनी, अजय पाल, विनय शर्मा, विवेक शर्मा, राहुल शर्मा, संजय सैनी, रवि शंकर सैनी, नेत्रपाल सैनी, राहुल प्रजापति, अंशु त्यागी आदि रहे।

हरियाणा में भाजपा के जीतने पर बांटी मिठाई : मंडी धनौरा : हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के लगातार तीसरी बार जीतने पर राजेश सैनी के नेतृत्व में धनौरा फिलिंग स्टेशन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर कर खुशी का इजहार किया। राजेश सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता भारत के हर कोने में लगातार बढ़ रही है। हरियाणा में डबल इंजन की सरकार हरियाणा का बहुत ही तेज गति में हर स्तर पर विकास किया है। इसीलिए नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में सरकार बन रही है। इस अवसर पर संजीव कुमार, सतवीर सैनी, कमल प्रधान, बंटी, नरेश यादव, सौरभ सैनी, उपेंद्र चौहान रहे।

हरियाणा में चुनाव जीतने पर मिठाई बांटते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

भाजपा कार्यकर्ताओं ने खिलाई मिठाई

गजरौला, अमृत विचार : हरियाणा में भाजपा सरकार की जीत पर भाजपाइयों में जश्न का माहौल रहा। इंदिरा चौक स्थित गंगा प्याऊ शिव मंदिर के सामने मिठाई का वितरण करके खुशी मनाई गई। भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक विकास की जीत है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष एससी मोर्चा रामरतन सिंह जाटव, शशि चौहान, डॉ. उत्तम सिंह प्रजापति, गुरुबचन सिंह सिद्धू, रामवीर सिंह गुर्जर, डॉ. आशुतोष भूषण शर्मा, डॉ. राजीव शुक्ला, होरी सिंह, बृजपाल सिंह, डॉ. सुमेर सिंह, करण सिंह, महिपाल सिंह चौहान, सतपाल सिंह पाल, राघव कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार करते विधायक व अन्य।

विधायक ने मिठाई खिलाकर किया खुशी का इजहार

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : हरियाणा में तीसरी बार बहुमत की भाजपा की सरकार बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। जिसको लेकर एक -दूसरे को मिठाई लिखाकर खुशी मनाई।

क्षेत्रीय विधायक राजीव तरारा ने कहा कि हरियाणा में भाजपा की तीसरी बार जीत बड़ी बात है। इस अवसर पर संजीव गोयल सिक्का, सतवीर सिंह, हरेंद्र सिंह, सुशील मौर्य, सौरभ वर्मा आदि मौजूद रहे।

मां कात्यायनी की श्रद्धालुओं ने पूजा की

गजरौला, अमृत विचार : शारदीय नवरात्र के छठे दिन देवी मंदिरों में मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना की गई। तड़के से ही भक्तों ने मंदिरों में पहुंचना शुरू कर दिया। मंदिरों में दोपहर बाद तक कतार लगी रही।

धूप-दीप आदि से मां की आरती की। घरों में स्थापित कलशों की पूजा कर सुख-शांति की कामना की। मंगलवार तड़के से ही श्रद्धालुओं ने शहर के गंगा प्याऊ मंदिर, रेलवे स्टेशन रोड स्थित शिव मंदिर, बस्ती स्थित चामुंडा देवी मंदिर, मां ललिता देवी मंदिर, प्राचीन चाकेश्वर मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। कतार में खड़े होकर श्रद्धालुओं ने प्रतीक्षा की। धूप-दीपक आदि जलाकर मां को चुनरी, सुपारी नारियल चढ़ाया। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में भी मां कात्यायनी की पूजा विधि-विधान के संग की गई।

एक गांव के तीन घरों से नकदी समेत लाखों का सामान ले गए चोर

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : सोमवार रात क्षेत्र के गांव पपसरा खादर में चोरों ने तीन घरों में नकब लगाकर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र के गांव पपसरा खादर निवासी साजिद सोमवार रात परिवार के साथ अपने घर के आंगन में सो रहे थे। रात में किसी समय चोर उनके घर में नकब लगाकर अंदर घुस आए। घर में रखी नकदी, जेवर समेत करीब दो लाख रुपये कीमत का अन्य सामान चोरी कर लिया। इसके बाद चोरों ने गांव निवासी इंतजार के घर को निशाना बनाया। यहां भी नकब लगाकर अंदर घुसे चोरों ने ढाई लाख रुपये कीमत का सामान चोरी कर लिया। वहीं ग्रामीण छोटे के घर में भी नकब लगाकर चोरों ने नकदी और अन्य सामान समेत करीब ढाई लाख रुपये कीमत का सामान चोरी किया। तीनों परिवारों को चोरी की जानकारी मंगलवार सुबह खुली। वहीं शहर में रेलवे स्टेशन के ओवरब्रिज के पास एक अल्ट्रासाउंड सेंटर से चोरों ने एसी का पाइप चोरी कर लिया। सेंटर संचालक रिंकू ने दावा किया कि पाइप की कीमत करीब 15 हजार रुपये है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया परिवार वालों की पास के गांव के लोगों से रंजिश चल रही थी। उनको फंसाने के लिए परिवार वाले चोरी की झूठी कहानी बना रहे हैं।

चोरी के बाद घर में फैला सामान।

नवरात्र भक्तों ने नारियल, लौंग, जायफल एवं श्रृंगार का सामान भेंट कर लिया आशीर्वाद

चामुंडा मंदिर में भक्तों ने की देवी कात्यायनी की पूजा

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : शारदीय नवरात्र के छठे दिन नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को मां भगवती के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने माता रानी से आशीर्वाद लिया। नगर के अन्य मंदिरों में भी भक्तों कतारें लगी रहीं।

नवरात्र पर भक्तों ने मां चामुंडा मंदिर पर माता रानी को फल फूल, मिष्ठान, नारियल, लौंग, जायफल एवं श्रृंगार का सामान भेंट करके परिवार की सुख शांति का आशीर्वाद लिया। चामुंडा मंदिर के पुजारी सोमनाथ शर्मा ने बताया कि नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी की आराधना की गई। माता ने अपने इस पुत्री स्वरूप से पिता के कुल की रक्षा का संदेश दिया है। कात्यायन ऋषि ने तप कर देवी से वरदान मांगा कि आप पुत्री रूप में मेरे कुल में जन्म लें। तब देवी ने कात्यायन ऋषि की प्रसन्नता के लिए अपना अजन्मा स्वरूप त्याग कर पुत्री रूप में जन्म लिया। सामान्यतः पुत्री का गोत्र पति के गोत्र से चलता है। लेकिन यहां देवी सदा सर्वदा के लिए पिता के गोत्र से जुड़ गई। इसी कारण देवी का नाम कात्यायनी पड़ा। बताया कि रात्रि में जागरण और जप करने से साधक को सहज ही माता कात्यायनी की कृपा का लाभ मिलता है। नवरात्र की षष्ठी माता सरस्वती को समर्पित है।

मां चामुंडा मंदिर में पूजन करते भक्त। ● अमृत विचार

माता रानी का तिलक करते अभिनव कौशिक।

माता रानी का तिलक कर जागरण आरंभ किया

सैदनगली, अमृत विचार : मोहल्ला सबदलपुर शर्की में सोमवार रात को माता रानी का 10वां जागरण किया गया। भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने माता रानी का तिलक कर जागरण का आरंभ किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान नीटू भाटी, जगपाल कटारिया, पीयूष वर्मा, प्रेम शर्मा, मीशू पंवार, शेरपाल गुर्जर, बदन सिंह गौतम, शेखर गौतम आदि रहे।

तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते संगठन के पदाधिकारी।

जनसंख्या नियन्त्रण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : मंगलवार को जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव को सौंपा। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि देश की जनसंख्या में विश्व में सबसे ज्यादा और क्षेत्रफल में 7वें स्थान पर है। जिसके कारण हमारे संशाधन कम हो गये हैं। बढ़ती आबादी के कारण हम परेशानियों की और बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब सड़कों पर हर तरफ जाम की स्थिति है। यदि जनसंख्या नियन्त्रण नहीं हुई तो 10 से 20 सालो में स्थिति और भयानक हो जाएगी। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अनिल जैन के नेतृत्व में जुटे कार्यकर्ताओं ने जनसंख्या नियंत्रण कानून को वक्त की मांग बताया। ज्ञापन देने वालो में प्रदेश अध्यक्ष अनिल जैन, राजेंद्र सिंह, राहुल कुमार, जगत सैनी, वीर सिंह, सत्येंद्र सिंह, राजबाला चौधरी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

बासमती में कीटनाशक का उपयोग नहीं करें किसान

अमरोहा, अमृत विचार : जिला कृषि रक्षा अधिकारी बबलू कुमार ने धान उत्पादक किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि अमरोहा समेत 30 जनपदों में बासमती चावल के निर्यात में बाधक बने 10 कीटनाशकों की बिक्री और इस्तेमाल के लिए शासन ने 60 दिन के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। इन कीटनाशकों के मिश्रण यानी साल्ट से बने अन्य कीटनाशक का भी उपयोग नहीं हो सकेगा। जिले में बासमती धान की खेती बहुत बड़े क्षेत्रफल पर की जाती है। किसान अधिकांश मात्रा में उत्पादित बासमती धान बेच देते हैं। जिसकी अमेरिका व अन्य यूरोपीय देश में काफी मांग है। लेकिन करीब तीन साल पहले इसके निर्यात में कमी आई। जांच में पता चला कि धान की फसल में इस्तेमाल कीटनाशकों का असर चावलों पर रह जाता है। बासमती चावल के निर्यात व खपत में बाधा न आए, इसलिए 10 कीटनाशकों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लिया गया है।

नमामि गंगे परियोजना में घोटाले के विरोध में प्रदर्शन

अमरोहा, अमृत विचार : नमामि गंगे परियोजना में हुए घोटाले को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में नारेबाजी कर प्रर्दशन किया। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन देकर घोटाले की जांच कराने की मांग की हैं। मंगलवार को जिले के कई ग्रामों के ग्रामीण एकत्र होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। वहां पर उन्होंने शासन द्वारा चलाई जा रही नमामि गंगे परियोजना में हुए सात लाख रुपये के घोटाले की निष्पक्ष रूप से जांच कराने के लिए नारेबाजी कर प्रर्दशन किया। प्रर्दशन कर रहे ग्रामीणों ने जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को देकर जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में हाजीपुर खादर के खमानी सिंह, देवन्द्र, राजपाल सिंह, अतराज सिंह, समरपाल सिंह, यादराम सिंह आदि शमिल रहे।

लोगों की समस्याएं सुनती छात्रा अंशु व अन्य अधिकारी।

इंटर की छात्रा अंशु एक दिन के लिए बनी बीडीओ

रहरा/मुबारिजपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के श्री बिहारी सिंह त्यागी कन्या इंटर कॉलेज की इंटर की छात्रा अंशु को एक दिन के लिए खंड विकास अधिकारी गंगेश्वरी का चार्ज सौंपा। बीडीओ अश्वनी कुमार सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत ब्लॉक गंगेश्वरी में एक दिन के लिए इंटर की छात्रा को चार्ज सौंपा गया। ब्लॉक के अधिकारी समेत क्षेत्र के लोगों ने उनसे ग्राम पंचायत में छात्राओं के लिए पुस्तकालय बनवाने एवं रहरा में नाली निर्माण, ग्राम पंचायतों में सफाई की व्यवस्था एवं ब्लॉक में आधार कार्ड बनवाने के लिए जोर दिया। छात्रा ने ग्रामीणों से गांव के विकास से सम्बन्धित योजनाओं पर विचार विमर्श किया।

प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण करतीं एसडीएम चंद्रकांता।

शौचालयों में सफाई नहीं मिलने पर एसडीएम नाराज

मंडी धनौरा, अमृत विचार : मंगलवार को गांव ढींगरा स्थित प्राथमिक विद्यालय का उप जिलाधिकारी चंद्रकांता ने निरीक्षण किया। विद्यालय में एसडीएम चंद्रकांता ने कक्षा पांच के बच्चों से पाठ्य पुस्तक में मौजूद प्रोजेक्ट टाइगर के बारे में प्रश्न पूछे जिसका बच्चे जवाब नहीं दे सके। जिस पर उन्होंने विद्यालय में शिक्षा के सुधार को लेकर प्रधानाचार्य और शिक्षकों को निदेश दिए। साथ ही शिक्षकों का उपस्थिति रजिस्टर को चेक किया। उन्होंने विद्यालय के शौचालय में सफाई नहीं मिलने पर नाराजगी जताई और सफाई के निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि 201 विद्यार्थियों के लिए केवल पांच कमरे हैं। विद्यालय दो कमरों की और आवश्यकता है। स्कूल में फर्नीचर न होने से बच्चे जमीन पर बैठकर पढ़ते मिले। जिस पर एसडीएम ने इस सम्बन्ध में वरिष्ठ अधिकारी को जानकारी देने की बात कही।

एसडीएम ने गांव में पढ़वाई खतौनी

मंडी धनौरा, अमृत विचार : एसडीएम के नेतृत्व में मंगलवार को तहसील क्षेत्र के गांव ढींगरा में विरासत अभियान के तहत लेखपाल से खतौनी पढ़वाई। इस दौरान विरासत दर्ज करने के आवेदन लिए गए। एसडीएम चंद्रकांता ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार विरासत अभियान के तहत तहसील क्षेत्र के गांव ढींगरा में संबंधित लेखपाल द्वारा विरासत दर्ज अभियान के तहत ग्रामीणों के बीच खतौनी पढ़वाई गई। जिसमें वारिसों के नाम खतौनी में चढ़ाने के लिए आवेदन प्राप्त किए गए। इस दौरान ग्राम प्रधान के माध्यम से गांव में विरासत दर्ज अभियान के विषय में ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

बुखार के मरीजों की जांच के दिए निर्देश

मंडी धनौरा, अमृत विचार : गावों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मरीजों को मिल सकें, इसके लिए एसडीएम ने गांव ढींगरा के आरोग्य आयुष्मन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान सीएचओ आकांक्षा से केंद्र में मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बुखार से पीड़ित लोगों की ज्यादा से ज्यादा जांच करने को लेकर निर्देशित किया। उन्होंने सीएचओ से रोजाना जांच कर रिपोर्ट देने की बात कही और केंद्र में आने वाले मरीजों के उपचार की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

गो विज्ञान अनुसंधान व सामान्य ज्ञान परीक्षा सम्पन्न

गजरौला, अमृत विचार : गो विज्ञान अनुसंधान व सामान्य ज्ञान परीक्षा वर्ष 2024 का आयोजन कई विद्यालयों में किया गया। गजरौला क्षेत्र के ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल, एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल, यश पब्लिक स्कूल, नेशनल कोचिंग एकेडमी एवं शिक्षा सदन सेवा संस्थान कांकाठेर इत्यादि में परीक्षा हुई। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी के विद्यार्थियों में गो माता, गो विज्ञान, पंचगव्य एवं गोमय उत्पादों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस मौके पर परीक्षा निरीक्षक एवं पर्यवेक्षक के रूप में जिला गो सेवा संयोजक विवेक कुमार त्यागी, जिला परीक्षा प्रभारी वीरेन्द्र कुमार, पार्थ तिवारी, विनय कुमार, नेहा शर्मा, धर्मेन्द्र चतुर्वेदी, संदीप कुमार, धर्मेंद्र सिंह, पंकज शर्मा आदि समेत विद्यालय स्टॉफ के सदस्य उपस्थित रहे।

पुतला दहन स्थल का निरीक्षण करते चेयरमैन व अन्य।

चेयरमैन ने पुतला दहन स्थल का किया निरीक्षण

हसनपुर, अमृत विचार : पालिकाध्यक्ष ने रावण का पुतला दहन स्थल का निरीक्षण किया और सफाई रखने के निर्देश दिये हैं। इस बार श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज के मैदान पर रावण के पुतले दहन किया जाएगा। मंगलवार को पालिकाध्यक्ष राजपाल सिंह सैनी ने पालिका स्टाफ के साथ यहां का निरीक्षण किया। इंटर कॉलेज के ग्राउंड में नालों का गंदा पानी भरा हुआ है। इसे देखकर पालिकाध्यक्ष ने सफाई नायकों को सफाई के निर्देश दिए। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि सफाई के बाद छिड़काव कर चूना डलवाया जाएगा। इस अवसर पर करन सिंह, सुभाष, शेर मोहम्मद, नरेश कौशल कुमार आदि मौजूद थे।

एक नजर

जिलाधिकारी ने अनफिट वाहनों पर कार्रवाई के दिए निर्देश

अमरोहा, अमृत विचार : जिलाधिकारी निधि गुप्ता ने सड़क सुरक्षा संबंधी बैठक में अभियान चलाकर अपंजीकृत वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनफिट वाहन संचालित नहीं होने चाहिए। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों के साथ कोई भी लापरवाही न हो। लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया जाए। ब्लैक स्पॉट बंद करें और विद्यालयों के पास स्पीड ब्रेकर लगाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सीट बेल्ट और अन्य सड़क सुरक्षा के मानक पूर्ण न करने वाले वाहन चालकों पर प्रभावी कार्रवाई किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक माया शंकर यादव , संभागीय परिवहन अधिकारी महेश शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक विष्णु प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे ।

महिला का गर्भपात कराने में 5 पर रिपोर्ट

छजलैट, अमृत विचार : युवती को प्रेम जाल में फंसाया, अश्लील फोटो बनाकर ब्लैकमेल करके दुष्कर्म किया। फिर निकाह करने के बाद गर्भपात करा दिया। इस मामले में पुलिस ने युवती की तहरीर पर 2 महिलाओं सहित 5 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। ठाकुरद्वारा क्षेत्र की एक युवती का प्रेम प्रसंग गांव संदलीपुर मानपुर निवासी आसिफ से हो गया था। उसने युवती के अश्लील फोटो दिखाकर उसे ब्लैकमेल कर दुष्कर्म किया। जब युवती ने शादी करने को कहा तो आरोपी मना करने लगा। युवती ने मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी तो उसने निकाह कर लिया। इसके बाद वह उसे अपने घर ले गया। आरोपी व उसके परिजनों ने युवती को गर्भपात कराने की गोली खिला दी। तबीयत खराब होने पर भी उसके ससुराल वालों ने उसका उपचार नहीं कराया। 7 जुलाई 2024 की रात को उसका देवर उसके कमरे में घुस गया और दुष्कर्म किया। उसके ससुराल वालों ने उसका मोबाइल छीन लिया और उसे घर से नहीं निकलने दिया। फिर वह थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर पर आसिफ, सहाना, निशा, मोहसिन, रन्नु खान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

पथरा मुस्तकम में एसिड अटैक से झुलसी छात्रा की मौत

मेरठ मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान तोड़ा दम, छात्रा का अपहरण कर पिता-पुत्र ने फेंका था एसिड, हत्या की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, हसनपुर/रहरा

अमृत विचार : एसिड अटैक से झुलसी गांव के निजी स्कूल की कक्षा आठ की छात्रा यशोदा ने आखिर 36 घंटे मौत से लड़ने के बाद मंगलवार सुबह दम तोड़ दिया। गंभीर हालत में छात्रा का मेरठ मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा था। पोस्टमार्टम के बाद छात्रा का शव गांव पहुंचा तो सभी में गम के साथ गुस्सा दिखा। ग्रामीण आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग कर रहे थे।

यशोदा का फाइल फोटो

हसनपुर तहसील क्षेत्र के रहरा थाना क्षेत्र के पथरा मुस्तकम गांव में किसान प्रकाश सिंह का परिवार रहता है। उनकी बेटी यशोदा का अपहरण सोमवार तड़के करीब तीन बजे घर के बाहर हैंडपम्प से पानी लेने के दौरान गांव के ही पिता-पुत्र ने कर लिया था। दोनों आरोपी किशोरी का मुंह बंद कर पैदल ही गांव के बाहर ले गए थे। जहां उसके साथ मारपीट कर चेहरे सहित शरीर पर तेजाब डाल दिया था। इससे किशोरी का शरीर झुलस गया और उसके कपड़े भी जल गए थे। किशोरी चीखती हुई अपने घर लौटी और घर आकर बेहोश हो गई। इसके बाद गंभीर अवस्था में परिजनों ने किशोरी को पहले रहरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां से उसे मेरठ रेफर किया था। इसके बाद पुलिस व परिजनों ने पीड़िता को मेरठ के लाला लाजपत राय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था।

मृतक छात्रा के घर पर विलाप करते परिजन और ग्रामीण। ● अमृत विचार

सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि मंगलवार की सुबह पीड़िता की मौत हो गई। मंगलवार शाम को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव में लाया गया। जब यशोदा का शव घर पहुंचा तो वहां चीख पुकार मच गई। मृतका यशोदा के भाई की तहरीर पर पुलिस ने गांव निवासी योगेंद्र और उसके पिता प्रेमपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने जुर्म कबूल कर लिया है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया। आरोप है कि आरोपी पिता-पुत्र ने पहले भी किशोरी के ताऊ की हत्या की थी तथा आरोपी अब तक पीड़िता के परिवार से रंजिश मानते थे।

देर रात तक नहीं हुआ शव का अंतिम संस्कार

रहरा, अमृत विचार : छात्रा का शव गांव पहुंचा तो परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार से मना कर दिया। परिजन पुराने मर्डर के खुलासे की मांग करने लगे। पुलिस ने छात्रा के पिता से कहा कि हत्या की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हो गई है। जल्द से जल्द पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाएगी तो पिता राजी हो गए, लेकिन बराबर में खड़े बैठे यशवीर ने कहा की पिताजी मैं आपकी बात नहीं मानूंगा। हमारे घर में यह दूसरी हत्या हुई है। उधर पिता के मानने के बाद ग्रामीणों की आवाज आई कि यह पूरे गांव की बेटी है। जब तक पुलिस पहले हुई हत्या के आरोपियों को नहीं पकड़ती है। हम शव को नहीं उठने देंगे। देर रात तक छात्रा के शव को नहीं उठने दिया गया। जबकि, छात्रा का के शव गांव पहुंचने से करीब 1 घंटे पहले पूरा गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। जहां सीओ धनोरा, सीओ हसनपुर के साथ थाना अध्यक्ष सैदनगली, थाना अध्यक्ष आदमपुर, प्रभारी निरीक्षक हसनपुर के साथ भारी मात्रा में पुलिस तैनात रही।

3 किलोमीटर दूर जंगल में मिले मृतका के कपड़े

हसनपुर, अमृत विचार : छानबीन के दौरान गांव से लगभग तीन किलोमीटर दूर पथरा हदलपुर मार्ग पर जंगल में छात्रा के जले हुए कपड़े बरामद हुए। कपड़ों के पास एक तेल की शीशी भी बरामद हुई है। मौके से एफएसएल टीम में पहुंचकर नमूने एकत्र किए।

छात्रा की मौत होने से गांव गमगीन

हसनपुर, अमृत विचार : छात्रा की मौत से पूरा गांव गमगीन है। वहीं, आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी गूंज रही है। बताया जाता है कि छात्रा यशोदा के ताऊ राजेंद्र सिंह का भी 2020 में मर्डर हुआ था। छात्रा यशोदा के भाई के मुताबिक उनके परिवार से तभी से आरोपी पिता पुत्र रंजिश रख रहे थे और इसी के चलते बाप-बेटे ने उसकी बहन को मारा है।

गुर्जर महासम्मेलन के लिए किया जनसंपर्क

हसनपुर, अमृत विचार : मंगलवार को अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के पदाधिकारियों ने 27 अक्टूबर को हसनपुर में होने वाले गुर्जर महासम्मेलन के लिए गांवों में जनसंपर्क किया।

गुर्जर महासभा के जिला अध्यक्ष मलखान सिंह गुर्जर के नेतृत्व में हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव मटीपुरा, तरौली, चंदनपुर छपना, मेहरपुर, शाहबाजपुर गुर्जर, जेबड़ा गुर्जर, नवाबपूरा, दौलतपुर, गागटकोला, रुस्तमपुर हाकमपुर आदि गांव में जनसंपर्क किया। समाज के लोगों से अनुरोध किया कि हसनपुर में होने वाले 27 अक्टूबर को गुर्जर महासम्मेलन को सफल बनाएं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मलखान सिंह गुर्जर ने कहा कि हम लोग समाज के विकास और उत्थान के लिए अपना सब कुछ निछावर करने को तैयार है। इस अवसर पर ओमकार सिंह कटारिया, ओमकार सिंह, यशपाल सिंह, रापट सिंह, गुर्जर पप्पू सिंह, रविंद्र सिंह, मस्तराम सिंह गुर्जर, बृजपाल सिंह आदि रहे।

राजस्व वसूली का लक्ष्य पूरा करें : डीएम

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिलाधिकारी निधि गुप्ता ने कर-करेत्तर राजस्व प्राप्तियों की प्रगति की समीक्षा एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्टांप, राजस्व, परिवहन कर, आबकारी वानिकी एवं वन्य जीव, सहित अन्य विभागों की राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिये।

बैठक करतीं जिलाधिकारी निधि गुप्ता व अन्य अधिकारी।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग की राजस्व वसूली के संबंध में अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि नलकूपों का समय से बिल निकलवाएं। इस कार्य मे सुधार लाएं, बिल सम्बन्धी कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मंडी सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि मंडी के लिए जो मानक हैं वह पूरे हों। सभी दुकानों में अग्निशमन यंत्र अवश्य लगे हों। वाणिज्य कर विभाग की समीक्षा में पूरी जानकारी न होने पर निर्देश दिए कि आगामी बैठक में पूरी तैयारी के साथ आएं। संतोषजनक प्रगति न देख जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन न्यायालय में बड़ी संख्या में केस लंबित हैं, वे जल्द से जल्द अभियान चलाकर प्राथमिकता के साथ निस्तारण कराएं। उन्होंने चेताया कि राजस्व वसूली में तेजी लाएं वरना कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि अगली बैठक में राजस्व वसूली में प्रगति दिखनी चाहिए। वार्षिक व मासिक लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति कम नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान चलाकर राजस्व वसूली किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) मायाशंकर आदि अधिकारी मौजूद रहे।

देवर, नंदोई ने किया दुष्कर्म पति ने दिया तलाक, रिपोर्ट

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : महिला ने देवर, ननदोई पर सामूहिक दुष्कर्म, कुवैत में रह रहे पति पर तीन तलाक देने का आरोप लगाया है। तहरीर पर पुलिस ने पति समेत 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव शरीफ नगर निवासी युवती का विवाह उत्तराखंड के जसपुर में हुआ था। उसका आरोप है कि शादी के बाद से पति समेत ससुराल वालों ने दहेज में कार की मांग कर प्रताड़ित किया। पति ने अप्राकृतिक संबंध बनाए। बाद में धोखा देकर उसका पति कुवैत चला गया। चार माह पहले वह कमरे में अकेली थी। इस बीच देवर और ननदोई ने चाकू दिखाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। उसने मायके आकर पति से मोबाइल फोन पर शिकायत की तो उसने 13 सितंबर को तीन तलाक दे दिया था।

समापन कार्यक्रम के दौरान छात्राएं। ● अमृत विचार

तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर सम्पन्न

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : मंगलवार को मोहम्मदपुर पट्टी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में तीन दिवसीय स्काउट गाइड कैंप शिविर का समापन हुआ। शिविर के अंतिम दिन अतिथियों ने शिविर का निरीक्षण किया। शिविर समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टोली को पुरस्कृत किया। स्काउट गाइड कैंप में स्काउट-गाइड में अजय चौहान द्वारा विभिन्न गतिविधियां कराई गईं। बीडीओ विजय सक्सेना ने कहा कि स्काउट हमें दूसरों के लिए जीने की कला सिखाता है। एबीएसए अरुण कुमार ने कहा कि स्काउट एवं गाइड को निस्वार्थ भाव से समाज व राष्ट्र की सेवा का कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर केजीबीवी की वार्डन भाग्यवती सहित समस्त स्टाफ रहा।

इन्क्यूबेशन सेन्टर की मिली अनुमति

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय को प्रदेश सरकार की युवाओं को आर्थिक एवं तकनीकी रूप से सक्षम बनाने वाली महत्वाकांक्षी योजना स्टार्टअप नीति-2020 के तहत इन्क्यूबेशन सेन्टर स्थापना की अनुमति मिली है।

मंगलवार को चेयरमैन सुधीर गिरि ने इन्क्यूबेशन सेन्टर की स्थापना का स्वीकृति मिलने पर जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वेंकटेश्वरा में इन्क्यूबेशन सेन्टर की स्थापना से पश्चिमी यूपी के युवाओं को प्रशिक्षित करके उन्हें स्टार्टअप के लिए तैयार किया जायेगा। श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति एवं संस्थापक अध्यक्ष के आधिकारिक प्रतिनिधि डॉ. राजीव त्यागी ने बताया कि अभी तक यूपी में नोएडा, गाज़ियाबाद, लखनऊ कानपुर आदि बड़े शहरों में ही शासन द्वारा इन्क्यूबेशन सेन्टर की स्थापना के लिए स्वीकृति मिली थी।

श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी।

● **पश्चिमी यूपी के हजारों युवाओं को इन्क्यूबेशन सेन्टर का मिलेगा लाभ**

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अमरोहा जैसे छोटे जनपद में इन्क्यूबेशन सेन्टर की स्थापना से यह युवा उद्यमियों एवं नया आइडिया लेकर अपना बिजनेस शुरू करने वाले हजारों छात्र-छात्राओं को शानदार प्लेटफार्म मिलेगा।

दहेज उत्पीड़न में 6 लोगों पर मामला दर्ज

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : सुरजननगर मार्ग स्थित एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी डेढ वर्ष पहल जिला ऊधमसिंह नगर के थाना जसपुर निवासी शुऐब से हुई थी।

आरोप है कि दहेज से ससुराल वाले खुश नहीं थे। वे दहेज में कार की मांग कर रहे थे। उन्होंने उसे भूखा प्यासा रखा। उसने देवर, ननदोई ने चाकू दिखाकर दुष्करम किया। इस बीच उसने कुवैत में रह रहे पति आपबीती बताई तो उसने का ऐसी ही होगा। 13 सितंबर को उसके मायके वाले आए हुए थे तभी उसके पति शुऐब ने कॉल कर गाली गलौज की। विरोध करने पर पति ने तीन तलाक दे दिया। इसके बाद महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी पति, देवर, ससुर, सास, ननदोई, ननद के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

हादसे में पति की भी मौत, अज्ञात पर रिपोर्ट

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : कमालपुरी मार्ग पर बाइकों की भिड़ंत में महिला की मौत के बाद पति ने भी जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक पर रिपोर्ट दर्ज की है।

डिलारी क्षेत्र के गांव पीलकपुर श्योराम निवासी रोहित राज अपनी पत्नी सीमा देवी के साथ गांव से ठाकुरद्वारा जा रहा था। कमालपुरी-ठाकुरद्वारा मार्ग पर भवालपुरा बाग के निकट सामने से बाइक से टक्कर हो गई थी। सीमा देवी की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि रोहित को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से चिकित्सकों ने रोहित को जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। जिला अस्पताल में रोहित की भी मौत हो गई थी।

रोहित के भाई धर्मपाल सिंह की तहरीर पर पुलिस ने बाइक सवार अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। हादसे में अगवानपुर निवासी नईम चौधरी, अमीना और उनके पुत्र अनस भी घायल हैं।

बहन की गोली मारकर हत्या करने के दोषी दो भाइयों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : प्रेम विवाह करने के कारण अपने बहन की गोली मारकर हत्या करने के दो साल पुराने मामले में अपर सत्र न्यायाधीश निधि ने फैसला सुनाया है। दो सगे भाइयों को आजीवन कारावास और 25-25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के एडीजीसी मदन लाल राजपूत के अनुसार थाना अलापुर क्षेत्र के गांव गौरामई निवासी फईम अहमद ने एक मार्च 2022 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तहरीर में उन्होंने बताया कि उन्होंने 14 महीने पहले गांव निवासी तहरूदीन की बेटी शिवली से उन्होंने प्रेम विवाह किया था। शिवली के परिजन इस विवाह से खुश नहीं थे। शादी के समय से लेकर आगे तक विरोध किया। धमकी दी थी कि जब भी मौके मिलेगा जान से मार देंगे। शिवली आठ महीने की गर्भवती थी। वह अपने भाई वासिद और गर्भवती पत्नी के साथ बाइक से वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में गांव उघैनी से आगे पहुंचे। पीछे से आए बाइक सवारों ने उनका रास्ता घेर लिया। एक बाइक पर सवार मोज्जम व मुजीब पुत्र तहरूदीन और दूसरी बाइक पर मास्क पहने तीन लोग सवार थे। जो पहचान में नहीं आए। मुजीब ने मोज्जम से कहा कि देखता क्या है मार गोली। इतना कहते ही मोज्जम ने तमंचे से शिवली को गोली मार दी। फईम अहमद पत्नी को लेकर अस्पताल गए। जहां चिकित्सक ने उनकी पत्नी को मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज के विवेचना की। साक्ष्यों को संकलित करके मुजीब और मोज्जम के खिलाफ हत्या के मामले में आरोप पत्र दाखिल किया। तब से मामला न्यायालय में विचाराधीन था। मंगलवार को न्यायाधीश ने पत्रावली पर साक्ष्यों का संज्ञान लेकर एडीजीसी मदन लाल राजपूत और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद दोनों सगे भाइयों को सजा सुनाई है।

किशोरी से खेत में किया दुष्कर्म

बदायूं, अमृत विचार : थाना अलापुर क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी 16 साल की बेटी 7 अक्टूबर शाम लगभग 5 बजे गांव के पास खेत पर जा रही थी। इसी दौरान अतीक वहां पहुंच गया। उनकी बेटी को जबरन खींचकर गांव के पास के बाजरे के खेत में ले गया। जहां अतीक ने उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता चिल्लाई। तो वह मौके पर पहुंच गए थे। उसने आरोपी को मौके से पकड़ लिया। दोनों के बीच मारपीट हुई। आरोपी अतीक किसी तरह छूटकर भाग निकला। शिकायत करने पर आरोपी की मां, चाचा की लड़की और ताई ने पीड़िता के परिजनों से गाली-गलौज की। व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, चोट पहुंचाने, जानबूझकर अपमानित करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

हरियाणा की हार से बदलेगी उप्र. में विपक्ष की चाल

- कांग्रेस को यहां ताकत बढाऩे की कोशिश को लगा झटका
- सपा उपचुनाव में सीट बंटवारे में निभाएगी निर्णायक भूमिका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम का असर उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर भी देखने को मिलेगा। वहां भाजपा की जीत के बाद उप्र. में इंडिया गठबंधन के सहयोगी सपा और कांग्रेस दोनों को अपनी-अपनी राजनीतिक चाल बदलनी होगी। दरअसल, हरियाणा में जीत अगर कांग्रेस की होती तो वह 10 सीट के लिए उप्र. में होने जा रहे उप चुनाव में इंडिया गठबंधन के तहत ज्यादा सीटों के लिए सपा पर दबाव बनाती। लेकिन ऐसा न होने की स्थिति में अब सपा की सीट बंटवारे पर निर्णायक भूमिका में रहेगी।

उत्तर प्रदेश की जिन 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं, उनमें से चार सीटें- गाजियाबाद, मीरापुर, खैर और कुंदरकी भी शामिल हैं। जाट वोटबैंक के मद्देनजर पश्चिम उत्तर प्रदेश की इन सीटों पर हरियाणा चुनाव परिणाम का सबसे ज्यादा असर देखने को मिलेगा। 2022 के विधानसभा चुनाव में इनमें से दो सीट गाजियाबाद और खैर पर भाजपा, मीरापुर पर रालोद और कुंदरकी पर सपा का कब्जा रहा है। हरियाणा चुनाव नतीजों के बाद रालोद मीरापुर के साथ कुंदरकी पर भी अपना दावा ठोकेगी। वहीं गठबंधन के तहत पांच सीटों की मांग कर रही कांग्रेस की भी नजर मीरापुर सहित कुंदरकी सीट पर थी।

हालांकि, उप्र. उपचुनाव के लिए सपा, कांग्रेस और भाजपा ने अपनी-अपनी तैयारियां कर रही हैं, लेकिन हरियाणा के नतीजों के बाद राजनीतिक समीकरण बदल जाएगा। वैसे भी सपा हरियाणा में सीट न मिलने के बाद यहां की सभी 10 सीटों पर तैयारी कर रही है। कांग्रेस भी पांच सीट पर दावेदारी कर रही है, ताजा हालातों में सपा प्रमुख अखिलेश यादव दो सीट ही कांग्रेस को देने पर विचार कर सकते हैं। क्योंकि, कांग्रेस को उप्र. में भी अपनी ताकत बढाऩे की कोशिश को ताजा परिणामों से झटका लगा है।

हार से निराश होने की जरूरत नहीं

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि बसपा कार्यकर्ताओं को हरियाणा चुनाव में हार से निराश होने की जरूरत नहीं है। बसपा ने पूरी दमदारी से चुनाव लड़ा। यह मेहनत बेकार नहीं जाएगी। न निराश होना है न हिम्मत हारनी है। अपना रास्ता बनाने के लिए तत्पर रहना है। नया रास्ता निकलेगा। सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये उन्होंने हार का ठीकरा जाट समाज पर फोड़ा। उन्होंने कहा कि बसपा व इनेलो ने गठबंधन कर चुनाव लड़ा, पर परिणाम से स्पष्ट है कि जाट समाज के जातिवादी लोगों ने बसपा को वोट नहीं दिया। इससे बसपा के उम्मीदवार कुछ सीटों पर थोड़े वोटों के अंतर से हार गए। हालांकि, बसपा का कुल वोट स्थानांतरित हुआ। उन्होंने कहा कि यूपी में जाट समाज के लोगों ने अपनी जातिवादी मानसिकता को काफी हद तक बदला है।

सपा, बसपा दोनों को मिली असफलता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन की कोशिश की थी, लेकिन कामयाब नहीं हो पाई। वहीं, बसपा नेत्री मायावती ने इंडियन नेशनल लोकदल के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ा पर वह भी असफल रहीं। इधर, उप्र. नगीना लोस. सीट के सांसद चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी- कांशीराम (आसपा) भी हरियाणा में नहीं जीत सकी।

आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चे ने पिया टॉयलेट क्लीनर, मौत

संवाददाता, घाटमपुर (कानपुर)। असेनिया गांव में मंगलवार को आंगनबाड़ी केन्द्र में टॉयलेट पीने से तीन वर्ष के बच्चे की मौत हो गई। असेनिया गांव निवासी रामबाबू पाल का तीन वर्षीय पुत्र निखिल गांव के ही आंगनबाड़ी केन्द्र पर पढ़ने गया था। दोपहर को वह खेलते हुए आंगनबाड़ी केंद्र में स्थित टॉयलेट में चला गया और वहां रखा टॉयलेट क्लीनर पी लिया। जानकारी होने पर आंगन बाड़ी कार्यकर्ती ने बच्चे को घर भेज दिया। थोड़ी देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे लेकर जहानाबाद सीएचसी गए। हालत गंभीर होने पर फतेहपुर ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही बच्चे की मौत गई।

डिप्टी रेंजर की कार ने 4 को रौंदा, 2 लोगों की मौत

संवाददाता, गोंडा

आयुषी

अंगदलाल

अमृत विचार : वन विभाग में तैनात डिप्टी रेंजर की अनियंत्रित कार ने खरगूपुर थाना क्षेत्र के गोपाल बाग के समीप मंगलवार की सुबह दो सगी बहनों समेत चार लोगों को रौंद डाला। हादसे में दो की मौत हो गई। जबकि एक को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया।

हादसे के बाद भाग रहे डिप्टी रेंजर को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। मौके पर पुलिस फोर्स तैनात की गई है। बहराइच में वन विभाग में तैनात डिप्टी रेंजर अमित वर्मा मंगलवार की सुबह आर्यनगर से गोकरननाथ शिवाला की तरफ जा रहे थे। गोपाल बाग कस्बे के समीप वह कार से नियंत्रण खो बैठे और कार वेल्डिंग की दुकान पर काम रहे अंगदलाल (40) रुपईडीह गांव की रहने वाली दो सगी बहनों गौरीशा श्रीवास्तव (12) व आयुषी श्रीवास्तव (10) तथा कमडावा गांव के रौनक कुमार (14) पुत्र लवकुश तिवारी को रौंद दिया। इसमें अंगदलाल तथा आयुषी की मौत हो गई।

महिला के साथ छेड़छाड़ में सिपाही बर्खास्त

कन्नौज में पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष से मामले की जांच कराने के बाद की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शराब के नशे में सिविल ड्रेस पहनकर पहुंचा था यूपी-112 का सिपाही
- महिला के शोर मचाने पर लोगों ने पीटा, भागते समय गिरकर हुआ घायल

अमृत विचार: महिला के साथ छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस अधीक्षक ने यूपी-112 के सिपाही को बर्खास्त कर दिया है। मामले की जांच रिपोर्ट में आरोप सही पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई है।

घटनाक्रम के अनुसार तालग्राम कस्बे की महिला का पति दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। महिला घर में दो बच्चों के साथ रहती है।

छह अक्टूबर की रात महिला घर में अकेली थी, तभी मोहल्ले में ही किराये पर रहने वाला सिपाही उमेश चंद्र शराब के नशे में उसके घर में घुस गया। यह सिपाही यूपी-112 में तैनात था। महिला का आरोप था कि सिविल ड्रेस में पहुंचा सिपाही उससे छेड़छाड़ करने लगा। उसके विरोध करने पर पिटाई भी कर दी।

महिला ने उसका डटकर मुकाबला किया। सिपाही से गुत्थमगुत्था में उसका मंगलसूत्र भी टूट गया। शोर मचाने पर पहुंचे मोहल्ले के लोगों ने सिपाही को पकड़कर पिटाई कर दी। घर से निकलकर भागने के दौरान वह चबूतरे से गिरकर घायल हो गया। घायल सिपाही को कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर हालत में उसे तिर्वा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

बताया जाता है कि आरोपी सिपाही ने पीड़िता के पति को दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने की धमकी दी थी। इस मामले में पीड़िता ने थानाध्यक्ष से शिकायत की थी, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। मामला एसपी अमित आनंद तक पहुंचा तो उन्होंने तालग्राम थानाध्यक्ष शशिकांत कनौजिया से पूरे मामले की जांच करवाई। जांच में आरोपों की पुष्टि होने पर एसपी अमित आनंद ने सिपाही को पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया। अभी तक महिला ने इस प्रकरण को लेकर कोई तहरीर नहीं दी है।

आरोपों की पुष्टि होने पर की गई कार्रवाई: एसपी

एसपी अमित आनंद ने बताया कि 6 अक्टूबर की रात्रि पीआरवी पर तैनात सिपाही उमेश चंद द्वारा शराब के नशे में महिला के साथ अभद्रता करने की सूचना मिली थी। जांच में प्रथम दृष्टया आरोपों की पुष्टि होने पर सिपाही को बर्खास्त कर दिया गया है।

दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

सोनभद्र, एजेंसी: जिले की एक विशेष अदालत ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोपी को मंगलवार को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई और 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। यौन अपराधों से बच्चों का सरंक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत विशेष अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद यह सजा सुनाई और जुर्माना नहीं भरने पर तीन माह की अतिरिक्त कैद का आदेश दिया। अर्थदंड की राशि में से 40 हजार रुपये पीड़िता को दिये जाएंगे। शासकीय अधिवक्ता दिनेश प्रसाद अग्रहरि ने बताया कि ओबरा थानाक्षेत्र के एक गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने नाबालिग बेटी को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

राजस्व वसूली में कमी पर बुलंदशहर के अधीक्षण अभियंता समेत दो निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: राजस्व वसूली में कमी पाए जाने व बिजली चोरी रोकने में लापरवाही के आरोप में बुलंदशहर के अधीक्षण अभियंता रामबाबू व मेरठ के उप खंड अधिकारी को निलंबित कर दिया गया। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। अध्यक्ष ने कई मुख्य अभियंताओं से लेकर अधीक्षण अभियंता तक को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने चेतावनी के साथ-साथ प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के निर्देश दिए। अध्यक्ष मंगलवार को शक्ति भवन में राजस्व वसूली की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि असिस्टेड बिलिंग, नेवर पेड उपभोक्ता, राजस्व वसूली, मीटर खराब होने के प्रकरण, 10 किलोवाट से ऊपर के उपभोक्ताओं पर शत-प्रतिशत डबल मीटरिंग, बिजली चोरी रोकने, सही बिलिंग, झटपट व निवेश मित्र के तहत बिजली कनेक्शन व बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए चली आरडीएसएस योजना के तहत सभी कार्यों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए केंद्र सरकार से मिले धन का सदुपयोग करते हुए लक्ष्य प्राप्त किया जाए।

अध्यक्ष ने कहा कि हमें सभी उपभोक्ताओं को सही रीडिंग का बिल समय से उपलब्ध कराना है, इसलिए मीटर रीडिंग सही ढ़ग से होना चाहिए। सभी अधिकारी-कर्मचारी मीटर रीडर के जरिये लिए गए बिलों की प्रमाणिकता सुनिश्चित करें, ताकि उपभोक्ताओं को सही बिल ससमय से मिल सकें।

कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की बिजली आपूर्ति हर हाल में दुरुस्त की जाए। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बेहतर रहे।

नई बिजली दरों के निर्धारण प्रक्रिया अंतिम चरण में



प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण प्रक्रिया अंतिम चरण में है। राज्य विद्युत नियामक आयोग विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं की दरों को अंतिम रूप देने में लगा है। इस माह दरों के घोषित होने की संभावना जताई जा रही है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की ओर से दरों को बढ़ाने के बजाय घटाने पर जोर दिया जा रहा है।

शाइन सिटी की अब तक 189 करोड़ की संपत्ति कुर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शाइन सिटी ग्रुप के खिलाफ निवेशकों से धोखाधड़ी करने के मामले में सख्ती शुरू कर दी है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने 20 सितंबर को विशेष न्यायालय (पीएमएलए) के समक्ष अभियोजन शिकायत (पीसी) दायर की थी। इसका कोर्ट ने 5 अक्टूबर को संज्ञान ले लिया है।

ईडी अब तक इस मामले में 189.39 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर चुकी है। वहीं, 8 लोगों, 13 कंपनियों और 9 पार्टनशिप फर्म को आरोपी बनाया है। ईडी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर यह जानकारी साझा की। अब तक इस घोटाले में 5 अभियोजन शिकायतें (पीसी) दायर की जा चुकी हैं, जिनका संज्ञान विशेष न्यायालय ने लिया है। शाइन सिटी ग्रुप पर आरोप है कि उन्होंने निवेश के नाम पर लोगों से करीब 1000 करोड़ रुपये की भारी रकम इकट्ठा की, जिसमें उन्होंने निवेशकों को भारी रिटर्न का झांसा देकर ठगा।

नीट पीजी काउंसिलिंग में धरोहर राशि जमा करने का अंतिम मौका

लखनऊ : नीट पीजी की ऑनलाइन काउंसिलिंग में पंजीकरण कराने के बाद भी जो धरोहर राशि जमा करने में चूक गए हैं, उन्हें मंगलवार से गुरुवार तक का मौका मिला है। इस दौरान पोर्टल खोल दिया गया है और इच्छुक अभ्यर्थी धरोहर राशि जमा कर पीजी पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए काउंसिलिंग में प्रतिभाग कर सकते हैं। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने मंगलवार को बताया कि पीजी की काउंसिलिंग में 30 सितंबर तक धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि थी।

मोहिंदर समेत चार को ईडी ने स्मारक घोटाले में भेजा नोटिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : घोटाले में फंसे नोएडा प्राधिकरण के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी मोहिंदर सिंह को अब ईडी ने नोटिस भेजा है। ईडी ने बसपा सरकार में हुए 1400 करोड़ के स्मारक घोटाले में मोहिंदर सिंह को नोटिस भेजकर 16 अक्टूबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। मोहिंदर उस समय प्रमुख सचिव आवास थे। वहीं, ईडी ने राजकीय निर्माण निगम के पूर्व एमडी सीपी सिंह, निदेशक खनन रामबोध मौर्य और मार्बल इनग्रेवर्स के निदेशक आदित्य अग्रवाल को भी नोटिस जारी किया है।

सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी मोहिंदर सिंह को ईडी ने फर्जीवाड़े में दो बार नोटिस भेजकर बुलाया था। 5 अक्टूबर को मोहिंदर ने तबीयत खराब होने का हवाला देकर दो सप्ताह का समय मांगा। स्मारक घोटाले में विजिलेंस भी जांच कर रही है। ईडी सूत्रों के मुताबिक, मार्बल कारोबारी आदित्य अग्रवाल को 15, पूर्व एमडी सीपी सिंह को 17 और निदेशक खनन रामबोध मौर्य को 18 अक्टूबर को पूछताछ के लिए बुलाया है।

प्रदेश में 7500 छात्राएं बनेंगी एक दिन की अधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

- परिषदीय व केजीबीवी की बेटियों को मिलेगा अवसर
- हर जिले से चयनित की जाएंगी 100-100 बालिकाएं

अमृत विचार: हर जिले से 100 और कुल 7500 बालिकाएं आने वाले दिनों में डीएम, सीडीओ, बीएसए, खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार, डीआईओएस जैसे पदों पर एक दिन के लिए कार्य करेंगी। राज्य सरकार की मंशा है कि इससे उनमें निपुणता और नेतृत्व क्षमता का विकास होगा। योजना तैयार कर ली गई है जिसके लिए सभी जाति, वर्ग और श्रेणियों की बालिकाओं को समान अवसर दिया जाएगा।

यह पहल राज्य सरकार के मिशन शक्ति 5.0 अभियान को बल देने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने की है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य बालिकाओं को प्रशासनिक जिम्मेदारियों का अनुभव देना और उनके आत्मविश्वास व नेतृत्व गुणों का विकास करना है। चयनित बालिकाएं डीएम, सीडीओ, बीएसए, खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार, डीआईओएस जैसे पदों पर एक दिन के लिए कार्य करेंगी। कासगंज की टॉपर भूमिका और संभल की शालू पहले ही इस योजना के तहत एक दिन की जिलाधिकारी बन चुकी हैं।

नेतृत्व का भाव होगा जाग्रत

लखनऊ। बेसिक शिक्षा मंत्री ने बताया कि चयन में उन बालिकाओं को प्राथमिकता दी जाएगी, जो निपुणता के लिए जानी जाती हैं। मिशन शक्ति के माध्यम से सरकार की यह पहल उन बालिकाओं के लिए सुनहरा अवसर है, जो अपनी नेतृत्व क्षमताओं को पहचानना चाहती हैं और समाज में बदलाव लाने की आकांक्षा रखती हैं। चुनी गई बालिकाएं एक दिन के लिए सरकारी अधिकारियों की भूमिका निभाएंगी। वे न सिर्फ लोगों की समस्याओं की सुनवाई करेंगी, बल्कि उनके निस्तारण में भी सक्रिय भागीदारी निभाएंगी।

शालू, भूमिका समेत कई बन चुकी हैं अधिकारी

लखनऊ। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद संभल जिले के बहजोई स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय (बा विद्यालय) की छात्रा शालू और कासगंज जिले की टॉपर छात्रा कुमारी भूमिका को एक दिन के लिए सांकेतिक रूप से जिलाधिकारी बनाया जा चुका है। चित्रकूट स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्रा मनोरमा पटेल को भी एक दिन के लिए सांकेतिक रूप से डीआईओएस (जिला विद्यालय निरीक्षक) बनाया गया था। वहीं, केजीबीवी की बालिकाओं को मुख्य विकास अधिकारी, जिला पिछड़ा एवं कल्याण अधिकारी और खंड विकास अधिकारी के रूप में भी एक दिन का अधिकारी बनने का अवसर मिल चुका है। चित्रकूट की पारो नाम की छात्रा को भी एक दिन का बीएसए (जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी) बनाया गया था।

वर्ग पहेली-216

बाएं से दाएं

1. 1. एक मुगल शासक जो अकबर का पिता था 2. भाग्यशाली व्यक्ति।
5. श्रावक धर्मावलंबी, जैन धर्म पर विश्वास करने वाला, जैन मतानुयायी।
6. 1. 'घम-घम' शब्द होना 2. तेज़ आवाज़ करना, गरजना।
9. 1. तरल पदार्थ (जल आदि) को उलीचकर बाहर फेंकना 2. पंक

ऊपर से नीचे

2. 1. जिसकी आशा टूट गई हो, उदास, हताश, निराश, नाउम्मीद 2. खिन्न।
3. दरवाज़े के चौखट के नीचे की लकड़ी, देहरी।
4. 1. संसार 2. मर्त्यलोक 3. प्राणीजगत।
7. एक प्रकार का दलहन।
8. 1. कम मात्रा का, अल्प; न्यून, जो परिमाण में कम हो, अल्पलभ्य, कुछ, ज़रा-सा, किंचित 2. अपर्याप्त, आवश्यकता या ज़रुरत से कम या घटकर 3. केवल उतना जितने में कार्य हो जाए।



वर्ग पहेली -215 का हल

सुडोकू-129

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	5			2		7		8
	2		4					
7	6		3	1				
2			1		7		5	9
		9				6		
8	7		9		3			4
				3	1		2	5
					6		3	
4		1		9			7	

सुडोकू - 128 का हल

8	1	4	6	5	3	9	2	7
7	3	5	4	9	2	8	6	1
2	9	6	8	7	1	5	4	3
6	7	8	2	1	9	4	3	5
3	2	9	5	6	4	7	1	8
5	4	1	7	3	8	6	9	2
9	8	3	1	4	7	2	5	6
1	5	2	9	8	6	3	7	4
4	6	7	3	2	5	1	8	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 अक्टूबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 12.14 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 10 अक्टूबर 05.15 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

मेष — आज प्रेम संबंध काफी संवेदनशील रहेंगे। विदेश यात्रा में परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। मेहनत का उत्तम परिणाम नहीं मिलेगा। रूढ़िवादी विचारों को त्यागें व लचीलापन अपनाएं। नजदीकी संबंधों में कड़वाहट आ सकती है।

वृष — आज किसी ही दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने से पहले अच्छी तरह से पढ़ लें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। राजनीति से जुड़े लोगों को समस्या हो सकती है। आपके निजी खर्चों में अचानक वृद्धि हो सकती है। यात्रा के दौरान परेशानियां होगी।

मिथुन — आज बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी। घर में रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। सरकारी जॉब कर रहे लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आप लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। सभी काम समय पर हो जाएंगे।

कर्क — आज विवादों में मध्यस्थता करने से आपको बचना चाहिए। बनते कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। परिजनों की चिंता रहेगी। कानूनी मामले अटक सकते हैं।

सिंह — आज म्यूचुअल फंड में निवेश करना शुभ नहीं है। आपके ऊपर जिम्मेदारियों का दबाव रहेगा। बच्चे माता-पिता की आज्ञा का पालन अवश्य करें। आपके विचारों में नवीनता आएगी, लेकिन फिर भी लोग आपकी बातों से सहमत नहीं होंगे।

कन्या — आज कारोबार सामान्य गति से आगे बढ़ता रहेगा। मन में उत्साह भाव कम रहेगा। मन में अनहोनी की आशंका रहेगी। स्वास्थ्य समस्याओं को हल्के में न लें। सिरदर्द और मांसपेशियों में दर्द की शिकायत हो सकती है। नींद भरपूर मात्रा में लें।

तुला — आज बॉस आपका उत्साहवर्धन करेंगे। धार्मिक स्थल की यात्रा करने के लिए दिन शुभ है। नए व्यवसाय की योजना बना सकते हैं। सहकर्मी आपसे प्रसन्न रहेंगे। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर नया टाइमटेबल बना सकते हैं।

वृश्चिक — आज किसी घनिष्ठ व्यक्ति को लेकर थोड़ी चिंता रहेगी। अपनी बात मनवाने के लिए किसी पर जोर न डालें। आप भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। दार्शनिक विचारों के प्रभाव में हो सकते हैं। आंखों में कुछ समस्या हो सकती है।

धनु — आज शारीरिक परेशानियों का निवारण हो सकता है। बॉस आपकी तरफ काफी ध्यान देंगे। पारिवारिक प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नए व्यवसाय को लेकर योजना बना सकते हैं। समाज में आपकी प्रशंसा होगी। किसी के प्रति दुर्भावना न रखें।

मकर — आज अचानक खर्च आपको प्रभावित कर सकते हैं। चित्त में व्याकुलता का भाव रहेगा। नए कार्यों की शुरुआत न करें। कार्यक्षेत्र में आपका मन नहीं लगेगा। जीवनसाथी का स्वास्थ्य व व्यवहार थोड़ा नकारात्मक हो सकता है।

कुंभ — आज बेरोजगारों को जॉब के अवसर मिलने की संभावना बन रही है। परिवार के साथ उत्तम समय का आनंद लेंगे। जीवनसाथी से मन की बातें शेयर कर हल्कापन महसूस करेंगे। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। शत्रु अचानक से सक्रिय हो सकते हैं।

मीन — आज अपनी कमियों पर गौर करें और उन्हें दूर करने का प्रयास करें। छोटे बच्चे घर में शोरगुल मचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थी कनफ्यूज हो सकते हैं, किंतु आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES	राज तिलक सुबह : 10.34	SONY PIX	पैसिफिक रिम दोपहर : 12.01
	रन शाम : 05.33		गूसबम्प्स रात : 09.00
&pictures	शिवम सुबह : 10.51	ZEE CINEMA	सीटीमार सुबह : 11.36
	जुदाई रात : 07.30		सूर्या 3 रात : 08.00
		ZEE ACTION	सरदार गब्बर सिंह सुबह : 10.54
			जंग रात : 07.30

आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात :08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी ने एंबुलेंस बुलाने के लिए कॉल किया।
ऑपरेटर- आपको क्या समस्या है?
पत्नी- मेरे पैर की उंगली कॉफी टेबल से टकरा गई है।
ऑपरेटर- और इसके लिए आप एंबुलेंस बुलाना चाहती हैं?
पत्नी- नहीं, एंबुलेंस तो मेरे पति के लिए है, उन्हें हंसना नहीं चाहिए था।
ऑपरेटर चुप!

कोयल ने कौवे से पूछा- तुमने अभी तक शादी क्यों नहीं की?
कौवा बोला- बिना शादी के ही जिंदगी में इतनी कांव-कांव है,
शादी कर लूंगा तो पता नहीं क्या होगा?

एक नजर

योजना के लिए पंजीकरण सह-सदस्यता प्रमाणपत्र अनिवार्य नहीं : डीजीएफटी

नई दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय के तहत आने वाले विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने स्पष्ट किया है कि शुल्क वापसी और राज्य शुल्कों की छूट जैसी योजनाओं का तहत लाभ लेने को निर्यातकों के लिए पंजीकरण-सह-सदस्यता प्रमाणपत्र अनिवार्य नहीं है। विदेश व्यापार नीति के अनुसार, लाभ प्राप्त करने के लिए निर्यातकों के लिए पंजीकरण सह-सदस्यता प्रमाणपत्र (आरसीएमसी) जरूरी है। प्रमाणपत्र रखने से निर्यातकों को सीमा और उत्पाद शुल्क के संबंध में लाभ प्राप्त करने में भी मदद मिल सकती है। ये प्रमाण पत्र, निर्यात संवर्धन परिषदों और जिंस बोर्ड द्वारा जारी किए जाते हैं। महानिदेशालय ने कहा कि शुल्क वापसी, राज्य और केंद्रीय करों और शुल्कों में छूट और निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट जैसी योजनाएं छूट-आधारित की श्रेणी में आती हैं।

मुरादाबाद मंडी

दालें - दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

मेंथा बाजार भाव

रामपुर : शिवालिक-955 फ्लैग-1060 डीएमओ-810 बोल्ड-1130
चन्दौसी : शिवालिक- 960 फ्लैग-1080 बोल्ड- 1130 डीएमओ- 885

सर्राफा

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	78,600
चांदी आभूषण	94,400

चुनावी नतीजों से बाजार में लौटी रौनक, सेंसेक्स 585 अंक चढ़ा

छह दिनों से जारी गिरावट पर लगी रोक, निफ्टी ने भी 217 अंक की बनाई बढ़त

- **सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार को मिली मजबूती**

मुंबई, एजेंसी

शेयर बाजारों में छह दिन से जारी गिरावट पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 585 अंक चढ़ गया। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा।

बीएसई का सेंसेक्स 584.81 अंक यानी 0.72% की बढ़त के साथ 81,634.81 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 713.28 अंक चढ़ा था। एनएसई का निफ्टी भी 217.40 अंक यानी 0.88% की तेजी के साथ 25,013.15 अंक पर रहा। सेंसेक्स के शेयरों में अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, टाइटन, बजाज फिनसर्व, जेएसडब्ल्यू स्टील, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, टाटा मोटर्स और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल हैं।

एग्जिट पोल के उलट नतीजों से पड़ा सकारात्मक असर

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि गिरावट के बाद निफ्टी-50 को 25,800 के स्तर पर समर्थन मिला। एग्जिट पोल के उलट सत्तारूढ़ दल के लिए अच्छे नतीजों से घरेलू बाजार पर सकारात्मक असर हुआ। बाजार प्रतिभागियों की नजर बुधवार को पेश होने वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक पर भी है। मझोली कंपनियों से जुड़ा मिडकैप 1.86 प्रतिशत जबकि स्मॉलकैप 2.44 प्रतिशत मजबूत हुआ। बीएसई की कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 7.51 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,59,50,926.21 करोड़ रुपये पहुंच गया। स्टॉकबॉक्स में वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक अमेया रणदिवे ने कहा कि निवेशकों की धारणा पश्चिम एशिया में जारी संकट के साथ विधानसभा चुनावों के नतीजों से प्रभावित हुई।

सेंसेक्स: भारतीय शेयर बाजार का प्रमुख सूचकांक

सेंसेक्स बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का मुख्य सूचकांक है, जो भारत की 30 बड़ी और महत्वपूर्ण कंपनियों के शेयरों के प्रदर्शन को मापता है। यह फ्री फ्लोट मार्केट कैपिटलाइज़ेशन पद्धति का उपयोग करता है, जहां सार्वजनिक रूप से ट्रेड होने वाले शेयरों का मूल्यांकन होता है। सेंसेक्स भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति और निवेशकों की धारणाओं को प्रतिबिंबित करता है। वैश्विक बाजारों, सरकारी नीतियों, ब्याज दरों और वित्तीय घटनाओं से इसमें उतार-चढ़ाव होता है। इसे भारतीय शेयर बाजार की दिशा का प्रमुख संकेतक माना जाता है और निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण गाइड है। आइए इसके बारे में जाने...

सेंसेक्स कैसे काम करता है

शेयरों का चयन : सेंसेक्स में शामिल कंपनियों का चयन कुछ मापदंडों के आधार पर किया जाता है, जैसे :
बाज़ार पूंजीकरण : कंपनियों का मूल्यांकन उनके कुल शेयरों की कीमत के आधार पर किया जाता है।
लिक्विडिटी : कंपनियों के शेयरों का कितनी बार कारोबार होता है, यानी उनकी तरलता।
सेक्टर विविधता : सेंसेक्स में विभिन्न क्षेत्रों से कंपनियां होती है ताकि यह अर्थव्यवस्था के व्यापक हिस्से को प्रदर्शित कर सके।
फ्री फ्लोट मार्केट कैपिटलाइज़ेशन : सेंसेक्स का मूल्य फ्री फ्लोट मार्केट कैपिटलाइज़ेशन पद्धति पर आधारित है। इसका मतलब है कि केवल उन शेयरों का मूल्यांकन किया जाता है जो जनता के लिए खुले होते हैं और जो प्रमोटर्स या सरकारी संस्थाओं द्वारा होल्ड नहीं किए गए हैं।
बदलाव और उतार-चढ़ाव : सेंसेक्स का अंक कंपनियों के शेयरों की कीमतों में होने वाले बदलाव से ऊपर-नीचे होता है। यदि शेयरों की कीमतें बढ़ती हैं, तो सेंसेक्स ऊपर और गिरती हैं तो नीचे जाएगा।
आर्थिक और वैश्विक कारकों का प्रभाव : सेंसेक्स पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं का गहरा प्रभाव होता है। भारतीय अर्थव्यवस्था, सरकारी नीतियों, बजट, ब्याज दरों में बदलाव, वैश्विक बाजारों की स्थिति और अन्य घटनाओं का प्रभाव सेंसेक्स पर पड़ता है।
समय के साथ समायोजन : समय-समय पर सेंसेक्स की कंपनियों की सूची बदलती रहती है। अगर कोई कंपनी अधिक प्रदर्शन नहीं कर रही है या मार्केट कैप घट रहा है, तो उसे सेंसेक्स से बाहर किया जाता है और दूसरी स्थिर कंपनी को शामिल किया जाता है।

सेंसेक्स को क्यों देखा जाता है?

निवेशकों के लिए गाइड : सेंसेक्स निवेशकों के लिए एक प्रमुख संकेतक होता है कि वे शेयर बाजार में निवेश के समय और उसकी स्थिति का आकलन कैसे करें।
आर्थिक स्वास्थ्य का पैमाना : सेंसेक्स भारतीय अर्थव्यवस्था के समग्र स्वास्थ्य का प्रतिनिधित्व करता है। यह दर्शाता है कि कंपनियों के शेयरों की कीमतें समग्र रूप से बढ़ रही हैं या गिर रही हैं।
सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली कंपनियों का मापन : इसमें शामिल कंपनियां अपनी फील्ड की प्रमुख कंपनियां होती हैं, जो भारतीय बाजार के बड़े हिस्से को कवर करती हैं।

ऋण पात्रता निर्धारण मानक हुए और सख्त

मुंबई। सूक्ष्म वित्त उद्योग के स्व-नियामकीय निकाय एमफिन ने मंगलवार को कहा कि उसने कर्जदारों के अत्यधिक कर्ज में डूबे होने से जुड़ी चिंताओं के बीच सदस्यों के लिए ऋण पात्रता निर्धारण संबंधी दिशानिर्देशों को सख्त किया है। सूक्ष्म वित्त उद्योग नेटवर्क (एमफिन) ने कहा कि दिशानिर्देश ऋण देने में मौजूदा चुनौतियों का ध्यान रखते हैं, जिसमें ऋणदाता को पुराने कर्जों या बुलेट पुनर्भुगतान के मामले में भी एक घर से होने वाली निकासी का आंकड़ा नहीं मिल पाता है। सूक्ष्म ऋण देने वाले संस्थान कर्ज देते समय अलग तौर-तरीके अपना रहे हैं।

आठ शहरों में आवासीय बिक्री में पांच प्रतिशत की गिरावट

नई दिल्ली। देश के शीर्ष आठ शहरों में जुलाई-सितंबर तिमाही में आवासीय बिक्री में नई पेशकश में कमी तथा कीमतों में तेजी से पांच प्रतिशत की गिरावट आई है। रियल एस्टेट ब्रोकरेज मंच प्रॉपटाइगर डॉट कॉम ने भारत के आवासीय बाजार पर मंगलवार को रियल इनसाइट नामक रिपोर्ट जारी की। प्रॉपटाइगर ऑस्ट्रेलिया की आरईए समूह का हिस्सा है। आरईए इंडिया के पास हाउसिंग डॉट कॉम का स्वामित्व है।

- **प्रॉपटाइगर डॉट कॉम ने रियल इनसाइट नामक रिपोर्ट की जारी**

रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई-सितंबर में कुल 96,544 इकाइयां बेची गईं, जो 2023 में 1,01,221 इकाइयों से 5% कम है। शीर्ष आठ शहरों में कीमतों में 20% की वृद्धि हुई। केवल दिल्ली (एनसीआर) में मकानों की बिक्री बढ़ी है। दिल्ली-एनसीआर में बिक्री 29% है। अहमदाबाद में 9%, बेंगलुरू में 11%, चेन्नई में 8%, हैदराबाद में 19% और कोलकाता में बिक्री 22% घटी है।

एक करोड़ टन टिकाऊ विमानन ईंधन का भारत करेगा उत्पादन

नई दिल्ली। भारत 2040 तक 80 लाख से एक करोड़ टन टिकाऊ विमानन ईंधन (एसएएफ) का उत्पादन करने की क्षमता पा लेगा लेकिन इसके लिए उसे 70-85 अरब डॉलर निवेश की जरूरत होगी। सलाहकार फर्म डेलॉयट इंडिया की तरफ से मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि 80 लाख-एक करोड़ टन एसएएफ का उत्पादन देश की अनुमानित मांग को पार कर जाएगा। 2040 में विमानन ईंधन में 15% एसएएफ का मिश्रण के अनुरूप 45 लाख टन की जरूरत होगी।

एनएच पर कई सुविधाएं देने वाली हमसफर नीति की शुरुआत

नई दिल्ली, एजेंसी



- **सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने किया शुभारंभ, स्वच्छ शौचालय और शिशु देखभाल कक्ष जैसी मिलेंगी सुविधाएं**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को हमसफर नीति की शुरुआत की जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग (नेशनल हाइवे - एनएच) पर स्वच्छ शौचालय और शिशु देखभाल कक्ष जैसी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। हमसफर नीति' में एनएच के किनारे स्थित पेट्रोल पंप स्टेशनों पर स्वच्छ शौचालय, शिशु देखभाल कक्ष, व्हीलचेयर के लिए प्रावधान, ईवी चार्जिंग स्टेशन, पार्किंग स्थल और ठहरने की सुविधाएं शुरू की जाएंगी।

मंत्रालय ने कहा कि यह नीति राजमार्ग का इस्तेमाल करने वाले यात्रियों को सुविधाजनक, सुरक्षित और आनंददायक अनुभव प्रदान करेगी। यह नीति उद्यमियों को सशक्त बनाएगी, रोजगार पैदा करेगी और सेवा प्रदाताओं के लिए आजीविका के अवसर बढ़ाएगी। गडकरी ने आयोजित कार्यक्रम में कहा कि हमसफर ब्रांड देश के विश्वस्तरीय राजमार्ग नेटवर्क पर यात्रियों और चालकों के लिए अत्यधिक सुरक्षा और आराम का पर्याय बन जाएगा।

चाय निर्यात 23.79% बढ़ा 14.45 करोड़ किलो पहुंचा

कोलकाता। देश का चाय निर्यात इस साल जनवरी से जुलाई के बीच सालाना आधार पर 23.79% बढ़कर 14.45 करोड़ किलो हो गया। चाय बोर्ड के अनुसार, 2023 इसी अवधि में निर्यात 11.67 करोड़ किलो रहा था। निर्यात से प्राप्ति 2024 के पहले सात महीनों में सालाना आधार पर 264.96 रुपये प्रति किलोग्राम से घटकर 256.37 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। इस बीच, चाय बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि वाणिज्य मंत्रालय ने चाय उद्योग के विकास और संवर्धन के लिए 664.09 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी है।

राष्ट्रीय

हरियाणा का परिणाम अप्रत्याशित: खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा- तानाशाही के खिलाफ लड़ाई लंबी है

नई दिल्ली, एजेंसी

- **बोले- भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जम्मू के लोगों ने दिया जनमत**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को अप्रत्याशित करार देते हुए मंगलवार को कहा कि कार्यकर्ताओं को निराश होने की ज़रूरत नहीं है, क्योंकि तानाशाही से लड़ाई लंबी है। उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों ने भाजपा की जनविरोधी नीतियों, जनता के अधिकारों का हनन और उत्पीड़न तथा संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग के खिलाफ जनमत दिया है।

खरगे ने एक्स पर कहा कि हरियाणा का परिणाम अप्रत्याशित है। पार्टी इसका आकलन कर रही है। कार्यकर्ताओं से बात कर पूरी जानकारी लेने और तथ्यों को जांच लेने के बाद पार्टी की तरफ से विस्तृत प्रतिक्रिया आएगी। उन्होंने कहा कि हम हरियाणा के लोगों का कांग्रेस पार्टी को वोट देने के लिए आभार व्यक्त करते हैं। हमारे कर्मठ कार्यकर्ताओं को निराश होने की ज़रूरत नहीं है।

तानाशाही से हमारी लड़ाई लंबी है। खरगे ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन को सेवा का मौका देने के लिए धन्यवाद। नेकां अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और उपाध्यक्ष एवं गठबंधन सरकार के मुखिया, उमर अब्दुल्ला को शानदार जीत की बधाई। खरगे का कहना था कि गठबंधन सरकार आपकी आकांक्षाओं पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेगी।

निर्वाचन आयोग ने कहा: कांग्रेस के आरोप बेबुनियाद

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश से कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को अद्यतन करने में देरी के उनके बेबुनियाद आरोप को साबित करने के लिए रिकॉर्ड पर कुछ नहीं है। आयोग ने पार्टी के आरोपों को गैर-जिम्मेदाराना, निराधार और अनुचित दुर्भावनापूर्ण विमर्श को गुप्त रूप से विश्वसनीयता प्रदान करने का प्रयास करार दिया। इससे पहले कांग्रेस ने आयोग की वेबसाइट पर हरियाणा के चुनाव नतीजे अद्यतन करने में विलंब का आरोप लगाते हुए आयोग का रुख किया और कहा कि अधिकारियों को सही आंकड़ों के साथ वेबसाइट अद्यतन करने के लिए निर्देश जारी किए जाएं ताकि झूठी खबरों और दुर्भावनापूर्ण विमर्श का मुकाबला किया जा सके। रमेश ने आयोग को पत्र लिखकर यह शिकायत की है। रमेश ने पत्र में कहा कि सुबह 9 से 11 बजे के बीच, वेबसाइट पर परिणामों को अद्यतन करने की गति काफी धीमी थी।

ईवीएम की बैटरी और नतीजों में कोई संबंध नहीं : निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने मंगलवार को कांग्रेस नेताओं के उन दावों को खारिज किया, जिसमें उन्होंने हरियाणा की कुछ सीटों पर ईवीएम से छेड़छाड़ का दावा किया था। वहीं मशीनों में बैट्री चार्ज की अलग-अलग स्थिति से अलग-अलग नतीजे आए। कांग्रेस नेताओं ने दावा किया है कि हिसार, महेंद्रगढ़ और पानीपत जिलों से ईवीएम को लेकर शिकायतें आई हैं तथा जिन ईवीएम की बैट्री 99% चार्ज थी उनमें कांग्रेस की हार हुई है, लेकिन जिनकी बैट्री 60-70% चार्ज थी उनमें कांग्रेस की जीत हुई है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि क्या आप इस षड्यंत्र को समझ गए हैं? जहां 99% बैट्री वहां भाजपा जीत और जहां 60-70% बैट्री है वहां कांग्रेस जीतती है।

आदित्य, कृष्ण और मम्मन ने दर्ज की जीत

हरियाणा विस चुनाव

चंडीगढ़, एजेंसी

हरियाणा विस चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा के कृष्ण लाल मिड्ढा और फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मम्मन खान ने अपने क्षेत्रों से मंगलवार को जीत हासिल की। चुनाव जीतने वालों में कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला के पुत्र आदित्य सुरजेवाला भी हैं। आयोग की वेबसाइट के अनुसार, जींद से भाजपा विधायक मिड्ढा ने कांग्रेस के महावीर गुप्ता को 15,860 मतों से हराया। वहीं खान ने भाजपा के नसीम अहमद को 98,441 मतों से हराया। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य रणदीप सिंह सुरजेवाला के बेटे आदित्य सुरजेवाला ने कैथल सीट पर भाजपा विधायक लीला राम को 8,124 मतों से हराया। वहीं खरखौदा से भाजपा के पवन खरखौदा ने कांग्रेस के जयवीर सिंह को हराया। सफीदों सीट पर भाजपा के राम कुमार गौतम ने कांग्रेस के सुभाष गांगोली को हराया।

विनेश फोगाट ने दी सबको पटखनी

जींद। ओलंपिक खिलाड़ी एवं पहलवान विनेश फोगाट ने चुनाव मैदान में सबको पटखनी देते हुए जीत हासिल की है। कांग्रेस उम्मीदवार फोगाट ने जुलाना सीट पर भाजपा के योगेश कुमार को 6,015 मतों के अंतर से हराया। ओलंपिक में पदक से चूकने के बाद विनेश ने खेल से सन्यास लेकर राजनीति का दामन थाम लिया। चुनावी घोषणा के साथ विनेश कांग्रेस में शामिल हुईं और पार्टी ने जुलाना से उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया। जुलाना विनेश का ससुराल है। मतगणना के दौरान कभी अपने प्रतिद्वंदी से आगे और कभी पीछे हुईं विनेश को कुल 65,080 मत मिले, वहीं योगेश को 59,065 मत मिले। आप प्रत्याशी कविता दलाल केवल 1,280 मत ही पा सकीं। इंडियन नेशनल लोकदल और बसपा प्रत्याशी डॉ. सुरेंद्र लाठर ने 10,152 मत और जननायक जनता पार्टी से विधायक रहे अमरजीत ढांडा 2,477 मत पा सके।

जींद : जुलाना से जीतने के बाद समर्थकों का अभिवादन करतीं विनेश फोगाट।

एक नजर

वांगचुक को प्रदर्शन की अनुमति पर सुनवाई आज

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और अन्य को जंतर-मंतर या अन्य स्थान पर विरोध प्रदर्शन की अनुमति के मुद्दे पर बुधवार को सुनवाई करेगा। याचिका मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार गेडेला के समक्ष तत्काल सुनवाई को उल्लेख हुआ लेकिन पीठ ने बुधवार को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

आत्महत्या को उकसाने का मामला खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आत्महत्या के लिए उकसाने से संबंधित मामलों में कानून के सही सिद्धांतों को समझने और लागू करने में अदालतों की असमर्थता से अनावश्यक मुकदमों को बढ़ावा मिलता है। न्यायालय ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ लखनऊ की अदालत में लंबित कार्यवाही को रद कर दिया। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिका पर सुनवाई की।

वायु प्रदूषण रोकने को उत्सर्जन मानकों का करें पालन

नई दिल्ली। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया है कि उसने दिल्ली सरकार और पड़ोसी राज्यों से उत्सर्जन मानकों और प्रदूषण मानदंडों का सख्ती से अनुपालन करने को कहा है, क्योंकि वाहनों से होने वाले प्रदूषण खराब वायु गुणवत्ता में भारी योगदान देता है।

कश्मीर घाटी में लोकतंत्र फिर से जीवित

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर चुनाव में भाजपा को अधिक मत प्रतिशत मिलने पर जनता का आभार जताते हुए मंगलवार को कहा कि कश्मीर घाटी में अब लोकतंत्र फिर से जीवित हुआ है, क्योंकि लोगों ने बिना दहशतगर्दी और आतंक के अपने प्रतिनिधि चुने हैं।

उन्होंने इस बदलाव के लिए प्रधानमंत्री मोदी का भी आभार जताया और कहा कि उनके नेतृत्व में भाजपा जम्मू-कश्मीर के विकास और सुरक्षा के लिए संकल्पित है। उन्होंने चुनाव परिणाम आने के बाद एक्स पर किए पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर को आतंकमुक्त बनाकर देश के अन्य हिस्सों की तरह इसे विकसित बनाना भाजपा की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मोदी ने जनता से वादा किया था कि भाजपा जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव करवाएगी। उन्होंने कहा कि मुझे अत्यंत हर्ष है कि 80 के दशक से आतंकवाद के आने के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर की जनता ने इतना पारदर्शी और शांतिपूर्ण चुनाव देखा और बढ़-चढ़कर चुनाव में हिस्सा लिया।

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर चुनावों के नतीजों की घोषणा के बाद पार्टी मुख्यालय पहुंचे अमित शाह।

- **केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा- लोगों ने बिना आतंक और दहशतगर्दी के अपने प्रतिनिधि चुने**

निर्णायक नतीजों से सबक ले केंद्र सरकार : महबूबा

श्रीनगर। पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कहा कि केंद्र को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के निर्णायक फैसले से सबक लेना चाहिए और आगामी नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस सरकार के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। मुफ्ती ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व को उसकी जीत पर बधाई दी और कहा कि उनकी पार्टी रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व को उनकी शानदार जीत के लिए बधाई देती हूं। उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा था कि अगर स्पष्ट जनादेश नहीं होगा तो कुछ अनिष्ट होगा। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख ने कहा कि केंद्र को फैसले से सबक लेना चाहिए और सरकार के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

भाजपा की जम्मू कश्मीर इकाई के प्रमुख रैना नौशेरा सीट से हारे

जम्मू, एजेंसी

- **रैना नेकां के सुरिंदर चौधरी से 7,819 मतों के अंतर से हारे**

भाजपा ने जम्मू-कश्मीर चुनाव में मंगलवार को 29 सीट पर जीत दर्ज की, लेकिन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रविंदर रैना राजौरी जिले की नौशेरा सीट पर जीत दर्ज करने में विफल रहे। रैना ने कहा कि उन्होंने जनता के फैसले को स्वीकार कर लिया है।

निर्वाचन आयोग के अनुसार, रैना को 27,250 वोट मिले और वह नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के सुरिंदर चौधरी से 7,819 मतों के अंतर से हार गए। चौधरी को 35,069 मत मिले। रैना ने कहा कि मैंने जनता के फैसले को स्वीकार कर लिया है। मैं उनके समर्थन के लिए उनका शुक्रिया अदा करता हूं। रैना ने भाजपा को समर्थन देने के लिए लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि भाजपा ने रिकॉर्ड 29 सीट पर विजय के साथ अब तक की सबसे बड़ी जीत हासिल की है। हम मतदाताओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि नौशेरा निर्वाचन क्षेत्र की हार से हमें झटका लगा है।

बडगाम के बाद उमर गांदरबल से भी जीते

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में पार्टी के गढ़ गांदरबल से मंगलवार को जीत हासिल की। अब्दुल्ला ने पीडीपी के बशीर अहमद मीर को 10 हजार से ज्यादा मतों से शिकस्त दी। पूर्व मुख्यमंत्री ने बडगाम सीट से भी 18,000 से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल की है। गांदरबल में अब्दुल्ला को 32,727 वोट मिले और मीर को 10,574 वोट के अंतर से हराया। मीर को 22,153 मत मिले। नेकां नेता ने 2008 में भी गांदरबल सीट जीती थी और जम्मू-कश्मीर राज्य के मुख्यमंत्री बने थे।

इंदौर में डिजिटल अरेस्ट कर महिला से 46 लाख रुपये ठगे

इंदौर (मप्र)। इंदौर में डिजिटल अरेस्ट कर ठग गिरोह ने 65 वर्षीय महिला से 46 लाख रुपये ठग लिये। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया कि ठग गिरोह ने 65 वर्षीय महिला को पिछले माह फोन किया और खुद को सीबीआई अधिकारी बताया। ठग ने महिला को झांसा दिया कि नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त, आतंकी गतिविधियों और धन शोधन में एक व्यक्ति ने उसके बैंक खाते का दुरुपयोग किया है और मिलीभगत पर उसके खिलाफ वारंट जारी हुआ है। ठगों ने वीडियो कॉल से महिला को डिजिटल अरेस्ट कर पांच दिन तक फर्जी पूछताछ की। महिला को धमकी दी कि अगर उसने गिरोह के बताए खातों में रकम नहीं भेजी, तो उसे और उसकी संतानों को खतरा है। घबराई महिला ने 46 लाख गिरोह के बताए बैंक खातों में दो किस्तों में भेज दिए।

अलवर में नकली खाद के 500 कट्टा बरामद

अलवर। राजस्थान में अलवर के विजय मंदिर पुलिस थाना अंतर्गत झाडोली गांव में मंगलवार को 500 कट्टा नकली खाद बरामद हुई। बरामद खाद उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर से आई थी और बिल्टी देखने पर इसकी दर प्रति बैग 120 रुपये थी। इसकी डिलीवरी पाटन मेवान में ताहिर को देनी थी। यह ताहिर ही यहां से इलाके में किसानों को बेचता है। कृषि अधिकारी सहायक निदेशक राजगढ़ अलवर में कार्यरत बृजेन्द्र गोयम ने इसकी रिपोर्ट सात अक्टूबर को सूचना दर्ज कराई थी।

अदालत ने कार्यवाही में देरी पर वकीलों को लगाई फटकार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने मंगलवार को आबकारी नीति से जुड़े कथित धनशोधन मामले में आरोपियों की ओर से पेश वकीलों को कार्यवाही में देरी के लिए फटकार लगाई। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने वकीलों द्वारा अदालत को यह न बताए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई कि ईडी द्वारा आरोप-पत्र के साथ सौंपे गए दस्तावेजों की जांच पूरी करने के लिए उन्हें कितना समय चाहिए। आप नेता और सह-आरोपी संजय सिंह सहित कुछ वकीलों ने कहा कि उन्हें प्रक्रिया पूरी करने के लिए 200 दिन चाहिए। कार्यवाही के दौरान आप नेता अरविंद केजरीवाल, संजय सिंह और मामले में अन्य सह-आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये पेश हुए।

आबकारी घोटाला

जम्मू कश्मीर: तीन महिला उम्मीदवार विजयी

- **भाजपा की एकमात्र महिला उम्मीदवार शगुन परिहार ने दर्ज की जीत**

जम्मू, एजेंसी

पूर्व मंत्री सकीना मसूद (नेशनल कॉन्फ्रेंस) सहित तीन महिलाओं को इसबार जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में जीत मिली है। 2014 के चुनाव में सिर्फ दो महिलाएं विधानसभा में पहुंचीं थीं जबकि 2008 में महबूबा मुफ्ती सहित तीन महिलाएं चुनाव जीतीं थीं। भाजपा की एकमात्र महिला उम्मीदवार शगुन परिहार ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सज्जाद अहमद किचलू को हरा दिया है। वह किश्तवाड़ विधानसभा सीट से चुनाव जीती हैं। आयोग के अनुसार कुलगाम जिले की डीएच पोरा सीट पर पूर्व मंत्री सकीना मसूद को 36,623 वोट मिले और उन्होंने गुलजार अहमद डार को 17,449 वोटों के अंतर से हराया। डार को 19,174 वोट मिले। सकीना इससे पहले नूराबाद सीट से 1996 और 2008 में दो बार जीत चुकी हैं।

श्रीनगर : जीत के बाद जश्न मनातीं कांग्रेस और नेकां की महिला समर्थक।

आईओए को बदनाम करने वालों पर सख्त हूं : उषा

नई दिल्ली, एजेंसी

● आईओए अध्यक्ष ने आरआईएल के साथ दोषपूर्ण समझौते और यादव के दावों को खारिज कर कानूनी कार्रवाई की दी धमकी

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने मंगलवार को सीएजी (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) रिपोर्ट को लेकर कोषाध्यक्ष सहदेव यादव के दावों का खंडन किया कि रिलायंस इंडिया लिमिटेड (आरआईएल) के साथ दोषपूर्ण प्रायोजन समझौते के कारण इस शीर्ष खेल संघ को 24 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

उषा ने यहां जारी बयान में कहा कि यह उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने की एक चाल है। उन्होंने भ्रामक जानकारी देने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की धमकी दी। आईओए से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक डॉ. उषा ने सीएजी रिपोर्ट में सहदेव यादव द्वारा किए गए दावों का जोरदार खंडन किया, जिसमें आरोप लगाया गया कि उन्होंने आईओए कार्यकारी परिषद की जानकारी के बिना काम किया। उनके अनुसार ये दावे उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने और आईओए को बदनाम करने के जानबूझकर किए गए प्रयास का हिस्सा हैं।

इससे जुड़ी बातचीत का प्रस्ताव नौ सितंबर 2023 को कार्यकारी परिषद के सभी सदस्यों के साथ साझा किया गया था। इसके बाद कार्यवाहक सीईओ ने पांच अक्टूबर 2023 को इससे जुड़े पत्र को आगे बढ़ाया। प्रायोजन समिति का प्रतिनिधित्व करने वाले रोहित राजपाल उन बैठकों में उपस्थित थे जहां प्रायोजन को लेकर चर्चा हुई थी।

आरआईएल को मिला इंडिया हाउस का अधिकार

आईओए और आरआईएल के बीच एक अगस्त 2022 के प्रायोजन समझौते की शर्तों के अनुसार आरआईएल को एशियाई खेलों (2022, 2026), राष्ट्रमंडल खेलों (2022, 2026), 2024 पेरिस ओलंपिक और 2028 लॉस एंजिलिस ऑलंपिक के लिए आधिकारिक प्रमुख भागीदार के रूप में आईओए के साथ जुड़ने की अनुमति दी गई थी। समझौते ने आरआईएल को इन खेलों के दौरान 'इंडिया हाउस' बनाने का अधिकार भी दिया। सीएजी की रिपोर्ट में हालांकि कहा गया कि पांच दिसंबर 2023 को एक संशोधित समझौते के जरिए शीतकालीन ओलंपिक खेलों (2026, 2030) और युवा ओलंपिक खेलों (2026, 2030) के अतिरिक्त अधिकार भी आरआईएल को दिए गए।

हरवंश का शतक, भारत ने 492 बनाए

चेन्नई, एजेंसी

● नित्या पांडे शतक से चूके कार्तिकेय, निखिल और कप्तान सोहम ने लगाए अर्धशतक

हरवंश पंगालिया (117) की शतकीय और नित्या पांडे (94), केपी कार्तिकेय (71), निखिल कुमार (61) कप्तान सोहम पटवर्धन (63) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारत की अंडर-19 टीम ने दूसरे टेस्ट मैच में मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 492 का स्कोर खड़ा किया है।

आज यहां चेपक स्टेडियम में भारतीय टीम ने कल के पांच विकेट पर 316 रन से आगे खेलना शुरु किया। अभी टीम के स्कोर में तीन रन का इजाफा हुआ था कि ओली पैटरसन ने कप्तान सोहम पटवर्धन (63) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद मोहम्मद एनान (26), समर्थ नागराज (20), चेतन शर्मा (शून्य) पर आउट हुए। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आये हरवंश पंगालिया शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए 143 गेंदों में सात चौके और छह छक्के लगाते हुए (117) रनों की पारी खेली। अनमोलजीत सिंह 11 रन बनाकर नाबाद रहे। भारतीय अंडर-19 टीम ने 133.3 ओवर में 492 रन बनाये।

इससे पहले कल भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और केवल चार रन के स्कोर पर वैभव सूर्यवंशी (3) आउट होकर वापस पैवेलियन लौट गए। वैभव को होकेस्ट्रा ने ली यंग के हाथों आउट करा ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद विहान मल्होत्रा एवं नित्या पांड्या ने दूसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़े। मल्होत्रा (10) को रामकुमार ने बोल्ड आउट कर दिया। इसके बाद नित्या पंड्या और केपी कार्तिकेय ने तीसरे विकेट के लिए 172 रनों की साझेदारी की।

खेल डायरी

विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप 12 से17 नवंबर तक होगी

मुंबई। विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप (डब्ल्यूपीसी) 12 से 17 नवंबर तक मुंबई में आयोजित की जाएगी जिसमें दुनिया भर के लगभग 650 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ (एआईपीए) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इससे पहले यह प्रतियोगिता वियतनाम और बाली में आयोजित की गई थी जिसमें भारतीय टीमों ने अच्छा प्रदर्शन करके कई पदक जीते थे। आयोजकों के अनुसार मुंबई में होने वाली प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम, ताइवान, पोलैंड, सिंगापुर जैसे देशों के लगभग 650 खिलाड़ी भाग लेंगे। एआईपीए के अध्यक्ष अरविंद प्रभु ने इससे पिकलबॉल से जुड़े लोगों को भारत में वैश्विक प्रतिभा देखने का मौका मिलेगा। यह हमारे लिए सभी स्तरों पर खेल के विकास को बढ़ावा देने का भी मौका है। पिकलबॉल टेनिस, बैडमिंटन और टेबल टेनिस के मिश्रण वाला खेल है।

पाल नौकायन : भारतीय जूनियर्स ने जीते सात पदक

नई दिल्ली। पाल नौकायन के भारतीय जूनियर खिलाड़ियों ने ओमान में अंतरराष्ट्रीय रेगाटा मुस्साना रेस वीक में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, चार रजत और दो कांस्य सहित सात पदक जीते। लड़कियों के ऑप्टिमिस्ट गर्ल्स अंडर-15 वर्ग में भारत का दबदबा रहा, जिसमें श्रेया कृष्णा लक्ष्मीनारायणन और कोमारवेल्ली लाहारी ने शीर्ष दो स्थान हासिल किए। श्रेया ने 28 अंकों के कुल स्कोर के साथ स्वर्ण जबकि कोमारवेल्ली ने कुल 50 अंकों के साथ रजत पदक जीता। सिंगापुर की टोंग जुआन या ने कांस्य पदक हासिल किया। लड़कों के आईएलसीए-4 अंडर-16 वर्ग में भारत के शशांक बाथम और अक्षत कुमार ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। लड़कियों के आईएलसीए-4 अंडर-16 वर्ग में भारत की सौम्या सिंह पटेल और शगुन झा ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। भारत की मान्या रेड्डी लड़कियों के आईएलसीए-6 अंडर-19 श्रेणी में मामूली अंतर से स्वर्ण जीतने से चूक गईं।

मोहन बागान ने एएफसी चैंपियंस लीग दो से वापस लिया नाम

तबरीज (ईरान)। ईरान में सुरक्षा स्थिति का हवाला देते हुए भारत के फुटबॉल क्लब मोहन बागान सुपर जायंट ने 2024-25 सत्र के लिए एएफसी चैंपियंस लीग दो (एसीएल 2) से आधिकारिक तौर पर अपना नाम वापस ले लिया है। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने इसकी पुष्टि की है। मोहन बागान ने ईरान में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति हवाला देते हुए यह फैसला किया है। इस मामले को आगे के निर्णयों के लिए संबंधित एएफसी समितियों को भेजेंगे। एएफसी ने एसीएल 2 प्रतियोगिता विनियमों के अनुच्छेद 5.2 का हवाला देते हुए नाम वापस लेने की पुष्टि करते हुए एक बयान जारी किया। शासी निकाय ने आगे कहा कि मोहन बागान एसजी द्वारा खेले गए सभी मैच अब रद्द कर दिए हैं और विनियमों के अनुच्छेद 5.6 के अनुसार शून्य और अमान्य माने जाते हैं। एएफसी ने कहा संदेह से बचने के लिए अनुच्छेद 8.3 के अनुसार ग्रुप ए में अंतिम रैंकिंग निर्धारित करते समय क्लब के मैचों में कोई अंक और गोल ध्यान में नहीं लिया जाएगा।

आगा सलमान का शतक, पाकिस्तान ने बनाए 556 रन

मुल्तान। पाकिस्तान ने मंगलवार को पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन आगा सलामन (नाबाद 104) की शानदार शतक की बदौलत पहली पारी में इंग्लैंड के खिलाफ 556 रन स्कोर खड़ा किया है। पाकिस्तान ने कल के चार विकेट पर 328 रन से आगे खेले हुए सुबह के 60 रन जोड़े थे कि बाइडन कार्स ने नसीम शाह (33) को आउट कर इंग्लैंड को पांचवीं सफलता दिलाई। इसके बाद मोहम्मद रिजवान (शून्य) को जैक लीच ने पवेलियन भेज दिया। शतक की ओर बढ़ रहे साउद शकील (82) को शोएब बशीर ने रूट के हाथों कैच आउट करा दिया। इसके बाद आमेर जमाल (सात) रन बनाकर आउट हुए। भोजनकाल के बाद 515 में 41 रन और जोड़ कर पाकिस्तान ने अपने दोनों विकेट गवां दिये और उसकी पहली पारी 556 रन पर समाप्त हुई। जैक लीच ने शाहीन शाह अफरीदी (26) को बोल्ड कर इंग्लैंड को नौवीं सफलता दिलाई। इस दौरान आगा सलमान ने अपना पहला टेस्ट शतक बनाया। इसी के साथ उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपने एक हजार रन भी पूरे कर लिये। सलमान ने अपनी (नाबाद 104) रनों की शतकीय पारी खेली। इसके बाद जो रूट ने अबरार अहमद को आउट कर पाकिस्तान की पारी का अंत कर दिया। पाकिस्तान ने 149 ओवर में 556 रन बनाये। इससे पहले कल पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सैम अयूब चार विकेट मिली।

शृंखला में अजेय बढ़त चाहेगी टीम इंडिया

दबदबा बरकरार रखने उतरेगा भारत, बाजी पलटने की कोशिश करेगा बांग्लादेश

नई दिल्ली, एजेंसी

मैच : शाम 7:00 बजे

भारत : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, तिलक वर्मा, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव।

बांग्लादेश : नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तंजीद हसन तमीम, परवेज हुसैन इमोन, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह, लिट्टन दास, जाकर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद, शोरिफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब, रकीबुल हसन।

पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले दूसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना दबदबा बरकरार रखने के लिए मैदान पर उतरेगी। बांग्लादेश की टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके तीन मैच की शृंखला को जीवंत बनाए रखने की कोशिश करेगी लेकिन सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने पहले मैच में जिस तरह का प्रदर्शन किया था उसे देखते हुए मेहमान टीम के लिए यह आसान काम नहीं होगा।

ऋषभ पंत, अक्षर पटेल और जसप्रीत बुमराह जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को विश्राम दिए जाने के बावजूद भारतीय टीम ने ग्वालियर में पहले मैच में जिस तरह से शुरू से लेकर आखिर तक अपना दबदबा बनाए रखा उससे सीमित ओवरों की क्रिकेट में उसकी मजबूत 'बेंच स्ट्रेंथ' का पता चलता है। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन इस मैच में अपनी चमक बिखेरने के लिए आतुर होंगे। उन्होंने 2015 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता नहीं होने के कारण वह अंदर बाहर होते रहे। सैमसन अमूमन मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हैं लेकिन पहले मैच में उन्होंने पारी का आगाज किया था तथा 19 गेंद पर 29 रन बनाए थे। कप्तान सूर्यकुमार पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि सैमसन शृंखला में आगे भी यह भूमिका निभाते रहेंगे। सैमसन और उनके साथ पारी की शुरुआत करने वाले अभिषेक शर्मा पिछले मैच में अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए थे।

महमूदुल्लाह ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय से लिया संन्यास

नई दिल्ली। बांग्लादेश के अनुभवी हरफनमौला महमूदुल्लाह ने मंगलवार को टी-20 अंतर्राष्ट्रीय से संन्यास की घोषणा की और भारत के खिलाफ मौजूदा शृंखला का तीसरा और अंतिम मुकाबला इस प्रारूप में उनका आखिरी मैच होगा। भारत और बांग्लादेश के बीच तीन मैचों की शृंखला का आखिरी मैच शनिवार को हैदराबाद में खेला जाएगा। महमूदुल्लाह ने भारत के खिलाफ दूसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच की पूर्व संध्या पर कहा हां, मैं इस शृंखला के आखिरी मैच के बाद टी-20 से संन्यास ले रहा हूं। यह पहले से तय था। यह इस प्रारूप से आगे बढ़ने और वनडे पर ध्यान केंद्रित करने का सही समय है। इस 38 साल के खिलाड़ी ने 2007 में पदार्पण करने के बाद बांग्लादेश के लिए 50 टेस्ट, 232 एकदिवसीय और 139 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय खेले हैं। बांग्लादेश के इस पूर्व टी-20 कप्तान ने 2021 में अपने टेस्ट करियर को अलविदा कहा था।

श्रीलंका पर बड़ी जीत से नेट रन रेट सुधारने उतरेंगीं महिलाएं

दुबई, एजेंसी

महिला टी-20 विश्व कप

मैच : शाम 7:30 बजे

भारत (महिला) : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया, पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, सजना सजीवन।

श्रीलंका (महिला) : विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, हासिनी परेरा, अनुष्का संजीवनी (विकेटकीपर), नीलाक्षिका सिल्वा, चमारी अटापट्टू (कप्तान), कविशा दिलहारी, अमा कंचना, इनोशी प्रियदर्शनी, शशिनी गिम्हानी, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका कुमारी, सचिनी निसानसाला, उदेशिका प्रबोधनी, इनोका राणावीरा।

बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण पहले दो मैच में मिला-जुला परिणाम हासिल करने वाली भारतीय टीम महिला टी-20 विश्व कप के ग्रुप ए में बुधवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ होने वाले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके अपने नेट रन रेट में सुधार करने की कोशिश करेगी।

भारतीय टीम टूर्नामेंट में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है। उसे अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड से 58 रन से हार का सामना करना पड़ा जबकि पाकिस्तान के खिलाफ 106 रन के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए उसने 18.5 ओवर खेले। भारत की टूर्नामेंट में अभी तक सबसे बड़ी समस्या बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन रहा है विशेष कर शेफाली वर्मा और उप कप्तान स्मृति मंधाना अभी तक टीम को अच्छी शुरुआत नहीं दे पाए हैं। शैफाली ने जहां पहले दो मैच में दो और 32 रन बनाए वही मंधाना 12 और सात रन ही बना सकी। मध्यक्रम के बल्लेबाजों पर दबाव कम करने के लिए इन दोनों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अभी तक दो मैच में 15 और 29 रन बनाने वाली कप्तान हरमनप्रीत कौर का गर्दन में चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ खेलना संदिग्ध है। हरमनप्रीत पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में बल्लेबाजी करते समय चोटिल हो गई थी और उन्हें रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटना पड़ा था। भारत को श्रीलंका के खिलाफ खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा क्योंकि ग्रुप के अंतिम मैच में उसका सामना ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम से होगा।

एचआईएल में लैंगिक समानता को दर्शाती है महिला लीग : सलीमा

बेंगलुरु, एजेंसी

● भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान बोलीं- मील का पत्थर साबित होगी महिला लीग

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने मंगलवार को कहा कि दिसंबर में पुरुषों की हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में महिला लीग को शामिल करना भारतीय खेलों में लैंगिक समानता के प्रति बढ़ती प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

सलीमा ने कहा, मैं एचआईएल के लिए बहुत उत्साहित हूं, यह सात साल बाद फिर से शुरू हो रहा है और इस बार महिला लीग के साथ। एचआईएल 2024-25 में आठ पुरुष टीमें और छह महिला टीमें भाग लेंगी जो देश में पहली स्टैंडअलोन महिला लीग के रूप में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। यह पुरुषों की प्रतियोगिता के साथ-साथ चलेगी। लीग की शुरुआत 28 दिसंबर को होगी। लीग के मैच झारखंड के रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम और ओडिशा के राउरकेला में बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। महिला लीग का समापन अगले 26 जनवरी 2025 को रांची में होगा जबकि पुरुष टीम का फाइनल एक फरवरी 2025 को राउरकेला में खेला जाएगा। एचआईएल के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 13 से 15 अक्टूबर तक नयी दिल्ली में होगी।

एसीटी में मलेशिया के खिलाफ अभियान का आगाज करेगा भारत

कुआलालंपुर। दो बार की चैंपियन भारतीय टीम 11 नवंबर से बिहार में खेले जाने वाले महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूर्नामेंट में मलेशिया के खिलाफ अपने खिताब की बचाव का अभियान शुरू करेगी। टूर्नामेंट में छह टीमें भाग लेंगी जिसमें मेजबान भारत, चीन, तीन बार का विजेता कोरिया, दो बार की चैंपियन जापान, मलेशिया और थाईलैंड शामिल है। एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) द्वारा मंगलवार को घोषित आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार राजगीर में खेले जाने वाले टूर्नामेंट का फाइनल 20 नवंबर को होगा। भारत ने पिछले साल रांची में महिला एसीटी खिताब जीता था।

सिटसिपास ने मुलर को हराया

शंघाई, एजेंसी

शंघाई मास्टर्स

मैच के दौरान शॉट खेलते टेलर फ्रिट्ज। ● एजेंसी

● स्टेफानोस ने रखी मेदवेदेव से रोमांचक मुकाबले की नींव

● टेलर फ्रिट्ज ने जापान के योसुके वतनुकी को दी मात

स्टेफानोस सिटसिपास ने शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में मंगलवार को यहां एलेक्जेंडर मुलर को 6-3, 7-5 से हराकर अपने कड़े प्रतिद्वंद्वी दानिल मेदवेदेव के साथ रोमांचक मुकाबले की नींव रखी।

यूनान के सिटसिपास और रूस के मेदवेदेव 14वीं बार और लगभग एक साल में पहली बार आमने-सामने होंगे। मेदवेदेव इन दोनों खिलाड़ियों के बीच अभी तक खेले गए 13 मैचों में 9-4 से आगे हैं। इस बीच बेन शेल्टन ने रॉबर्टो कारबालेस बेना को 6-3, 6-4 से पराजित किया। चौथे दौर में उनका मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से होगा। अन्य मैचों में टेलर फ्रिट्ज ने जापान के योसुके वतनुकी को 6-3, 6-4 से, ग्रिगोर दिमित्रोव ने एलेक्सी पोपिरिन को 7-6(5) 6-3 से और गेल मोनफिल्स ने उगो हम्बर्ट को 7-6(7) 2-6 6-1 से हराया। उधर वुहान ओपन में कतेरीना सिनियाकोवा ने फिलीपींस की एलेक्जेंड्रा एला पर 6-3, 6-1 की आसान जीत दर्ज की। वह दूसरे दौर में गत चैंपियन आर्यना सबालेंका से भिड़ेंगी। पोलैंड की मैग्डा लिनेट ने ल्यूडमिला सैमसोनोवा को 6-2, 6-2 से और एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा ने अमेरिका की सोफिया केनिन को 6-1, 4-6, 6-4 से हराया।

बॉलीवुड हलचल

एनिमल और जिगरा की तुलना से खुश हैं आलिया

मुंबई। बॉलीवुड आलिया भट्ट अपनी आने वाली फिल्म जिगरा की तुलना अपने पति और अभिनेता रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल से किए जाने को लेकर खुश है। आलिया फिल्म जिगरा में वेदांग रैना के साथ नजर आयेंगी। हाल ही में फिल्म जिगरा का ट्रेलर रिलीज होने के बाद लोगों ने इसकी तुलना एनिमल से करनी शुरू कर दी है। आलिया भट्ट ने इसका जवाब देते हुए कहा, रणबीर और मेरे बीच कोई कॉम्पिटिशन नहीं है। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं कि मेरे पति मेरे सबसे अच्छे दोस्त और एक बेहतरीन अभिनेता भी हैं। हम अक्सर एक-दूसरे के साथ अपनी फिल्मों और सीन्स पर चर्चा करते हैं। मैंने गंगूबाई काठियावाड़ी और जिगरा के बारे में उनसे बात की। जब भी मुझे कोई उलझन होती, मैं उनके साथ इस पर चर्चा करती और उन्होंने एनिमल के लिए भी मेरे साथ ऐसा ही किया। आलिया ने अपनी फिल्म जिगरा और रणबीर कपूर की एनिमल के बीच तुलना के बारे में बताते हुए कहा दोनों के बीच बहुत अधिक समानताएं नहीं हैं। दोनों फिल्में अपने किसी करीबी के लिए कुछ करने की थीम पर है। यह कई फिल्मों में एक नॉर्मल फैक्ट है। यह केवल एनिमल या जिगरा के बारे में नहीं है। कई फिल्मों में एक नॉर्मल टॉपिक किसी करीबी के लिए कुछ करना है और इस तर्ज पर कई फिल्में बनाई गई हैं।

मिथुन को दादा साहब फाल्के, ऋषभ सर्वश्रेष्ठ अभिनेता

नई दिल्ली। 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सिनेमा जगत के सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार जबकि कन्नड़ फिल्मों के सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में विभिन्न भाषाओं में निर्मित सर्वश्रेष्ठ भारतीय फिल्मों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सम्मानित किया। सर्वश्रेष्ठ फिल्म से लेकर सर्वश्रेष्ठ अभिनेता-अभिनेत्री तक कई कैटेगरी में अवॉर्ड दिये गये। सत्तरवें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार एक जनवरी से 31 दिसंबर, 2022 तक सेंसर बोर्ड द्वारा सर्टिफाइड फिल्मों को दिये गये हैं। सत्तरवें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कन्नड़ फिल्मों के सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार अपने नाम किया है। उन्हें उनकी फिल्म कांतारा के लिये सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का अवॉर्ड मिला है।

राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में मिथुन चक्रवर्ती, मनोज बाजपेयी और एआर रहमान को सम्मान देतीं राष्ट्रपति

डायरेक्टर मणिरत्तनम और करन जौहर को भी मिला सम्मान।

मलयालम भाषा की फिल्म आट्टम ने सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार जीता, जबकि सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का सम्मान नित्या मेनन और मानसी पारेख ने साझा किया। तिरुचित्राबलम में नित्या मेनन और कच्छ एक्सप्रेस के लिये मानसी पारेख ने यह अवार्ड जीता। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार सूरज बड़जात्या को फिल्म ऊंचाई के लिये दिया गया। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार नीना गुप्ता को फिल्म ऊंचाई के लिये ही दिया गया। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार पवन मल्होत्रा को फिल्म फौजा के लिये दिया गया। संपूर्ण मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म कंतारा चुनी गई।

अभिनेत्री नीना गुप्ता की वेबसीरीज 1000 बेबीज का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड की जानीमानी चरित्र अभिनेत्री नीना गुप्ता की वेबसीरीज 1000 बेबीज का ट्रेलर रिलीज हो गया है। नजीम कोया के निर्देशन में बनी वेबसीरीज 1000 का ट्रेलर एक वैज्ञानिक प्रयोगशाला के दृश्यों से शुरू होता है। बाद में, नीना गुप्ता द्वारा अभिनीत एक रहस्यमयी बुजुर्ग महिला और रहमान द्वारा अभिनीत जांच अधिकारी को ट्रेलर में पेश किया जाता है। महिला, जिसका नाम सारा है, अक्सर अपने विचारों को नोट करने के लिए अपने टाइपराइटर का उपयोग करती हुई दिखाई देती है, क्योंकि वह अपने अतीत को याद करती है। बाद में, रहमान का किरदार मर्लिन नाम की एक महिला से बिबिन नाम के एक एकांतप्रिय व्यक्ति के बारे में बात करता है, जो उसे पत्र भेजा करता था। नीना गुप्ता स्टारर 1000 बेबीज एक मलयालम सीरीज है, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 18 अक्टूबर से स्ट्रीम होगी। यह मलयालम भाषा के अलावा हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, बंगाली और मराठी भाषाओं में रिलीज की जाएगी। 1000 बेबीज में नीना गुप्ता के साथ रहमान, संजू शिवराम, अश्विन कुमार, आदिल इब्राहिम, शाजू श्रीधर, इरशाद अली, जॉय मैथ्यू अहम किरदारों में नजर आएंगे। सीरीज की कहानी नजीम और अरूज इरफान ने लिखी है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

ताज का दीदार



मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और उनकी बेगम साजिदा मोहम्मद ने मंगलवार को ऐतिहासिक ताजमहल का दीदार किया और 17वीं शताब्दी की वास्तुकला के इस अद्भुत नमूने को देखकर मंत्रमुग्ध हो गए।

राष्ट्रीय चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहना जरूरी

एयर चीफ मार्शल ने जवानों का बढ़ाया हौसला, तामबरम स्टेशन पर वायु सेना के स्थापना दिवस का आयोजन

चेन्नई, एजेंसी

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा है कि वायु सेना को राष्ट्रीय हितों को चुनौती देने वाली किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने की जरूरत है। वायु सेना प्रमुख ने मंगलवार को यहां तामबरम वायु सेना स्टेशन पर वायु सेना के 92 वें स्थापना दिवस पर कहा कि मौजूदा वैश्विक सुरक्षा स्थिति निरंतर बदल रही है और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में चल रहे संघर्षों ने एक मजबूत और सक्षम वायु सेना की आवश्यकता पर बल दिया है।

उन्होंने कहा कि नयी और आउट-ऑफ-द-बॉक्स सोच के साथ नवीनतम तकनीक को अपनाना आज के मल्टी-डोमेन माहौल में निर्णायक भूमिका निभाएगा। एयर चीफ मार्शल सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि वायु सेना दिवस 2024 की विषय वस्तु, भारतीय वायु सेनाः सक्षम, सशक्त, आत्मनिर्भर भारतीय वायुसेना की आकांक्षाओं को पूरी तरह से बयान करती है। उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में, हम बेहतर तकनीक के साथ अधिक सशक्त हो गए हैं और सिस्टम तथा हथियारों के इस्तेमाल के नए स्तर हासिल किए हैं। रक्षा अनुसंधान एवं विकास और विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हमारी प्राथमिकता है।

परेड का निरीक्षण करते हुए वायु सेना प्रमुख।

वायु सेना ने अपनी क्षमता को साबित किया

वायु सेना प्रमुख ने वायु सेना दिवस को वायु योद्धाओं के लिए राष्ट्र की सेवा में खुद को फिर से समर्पित करने, पिछले वर्ष आत्मनिरीक्षण करने, उपलब्धियों का जश्न मनाने, सुधार के क्षेत्रों को पहचानने एक अवसर बताया। पिछले वर्ष की उपलब्धियों पर उन्होंने कहा कि वायुसेना ने विभिन्न मोर्चों पर अपनी क्षमता साबित की है। उन्होंने कहा हमारा प्राथमिक उद्देश्य हर समय, समय पर, लक्ष्य पर हथियार से चोट करना है और इस क्षमता को फरवरी 2024 में पोखरण रेंज में मारक क्षमता प्रदर्शन अभ्यास वायु शक्ति के दौरान प्रदर्शित किया गया था।

मित्र देशों के साथ अभ्यासों में भागीदारी बढ़ाई

एयर चीफ मार्शल सिंह ने कहा कि वायुसेना ने इस साल मित्र देशों के साथ द्विपक्षीय और बहुपक्षीय अभ्यासों में अपनी भागीदारी बढ़ायी है। उन्होंने कहा कि देश में सबसे बड़े बहुराष्ट्रीय अभ्यास तरंग शक्ति का सफल आयोजन भारत के वायु योद्धाओं की क्षमता और पेशेवर अंदाज का प्रमाण है। वायुसेना प्रमुख ने पिछले एक साल में किए गए विभिन्न अभियानों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वायुसेना हमेशा देश और विदेश दोनों में मानवीय सहायता और आपदा राहत के लिए पहला कदम उठाने वाली रही है।

एक नजर

चिली के ईस्टर द्वीप के पास भूकंप के झटके

हांगकांग। चिली के ईस्टर द्वीप के दक्षिणपूर्व में मंगलवार को भूकंप के मध्यम झटके महसूस किये गए। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के अनुसार, मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय समयानुसार मध्यरात्रि के बाद 12 :35 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5 .7 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 36 .20 डिग्री दक्षिणी अक्षांश और 99 .04 डिग्री पश्चिमी देशांतर पर पृथ्वी की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई पर था।

नौ सदस्यीय संविधान सुधार आयोग की घोषणा

ढाका। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देश के संविधान की समीक्षा और मूल्यांकन करने तथा आवश्यक सुधारों की सिफारिश करने के लिए नौ सदस्यीय आयोग के गठन की घोषणा की है। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस के अनुसार, प्रमुख बांग्लादेशी-अमेरिकी प्रोफेसर अली रियाज के नेतृत्व में संविधान सुधार आयोग 90 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप देगा।

उ. कोरिया ने अमेरिका को दी परमाणु हमले की धमकी

सियोल। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एकबार फिर चेतावनी दी है कि वह दक्षिण कोरिया और अमेरिका के साथ संभावित संघर्ष में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। किम ने दोनों देशों पर उत्तर कोरिया को युद्ध के लिए उकसाने और कोरियाई प्रायद्वीप में दुश्मनी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। सरकारी मीडिया ने मंगलवार को इस बारे में खबर दी। किम पहले भी कई बार इस तरह की धमकी दे चुके हैं।

ओसामा के बेटे को फ्रांस नहीं देगा प्रवेश

पेरिस। फ्रांस के गृह मंत्री ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अलकायदा नेता ओसामा बिन लादेन के बेटे उमर बिन लादेन के फ्रांस लौटने के किसी भी प्रयास के खिलाफ अतिरिक्त कदम उठाए हैं। गृह मंत्रालय के अनुसार उमर बिन लादेन फ्रांस के नॉरमैंडी क्षेत्र में रह रहा था लेकिन फ्रांस के अधिकारियों द्वारा उसे देश छोड़ने का आदेश दिए जाने के बाद वह अक्टूबर 2023 में देश छोड़कर चला गया।

इजराइलियों को करेंगे विस्थापित: हिजबुल्ला

हिजबुल्ला के कार्यकारी नेता शेख नईम कासिम ने दी धमकी, कहा- हमले का दायरा बढ़ाया जाएगा

बेरूत, एजेंसी

हिजबुल्ला के कार्यकारी नेता शेख नईम कासिम ने धमकी दी है कि इजराइल के और नागरिकों को विस्थापित होना पड़ेगा क्योंकि उसका समूह इजराइल के भीतरी इलाकों को निशाना बनाते हुए रॉकेट दाग रहा है। कासिम ने मंगलवार को टेलीविजन पर जारी एक बयान में कहा कि उसके समूह की सैन्य क्षमताएं अभी भी बरकरार हैं और उसने लेबनान के एक बड़े हिस्से पर कई सप्ताह तक इजराइल के हवाई हमलों के बाद अपने वरिष्ठ कमांडरों की जगह नये कमांडर नियुक्त कर दिये हैं।

इजराइल के इन हमलों में लेबनान के शीर्ष कमान के अधिकांश सदस्य मारे गए थे। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले सप्ताह लेबनान में जमीनी अभियान शुरू करने के बाद इजराइली सेना आगे नहीं बढ़ पाई है। इजराइली सेना ने कहा है कि अब चौथी डिवीजन जमीनी अभियान में हिस्सा ले रही है, जो पश्चिम की ओर फैल गया है। हालांकि अभियान अभी भी सीमा के साथ लगी एक संकरी पट्टी तक ही सीमित नजर आ रहा है। इजराइली सेना का कहना है कि उसने हिजबुल्ला के सैकड़ों ठिकानों को निशाना बनाया है, सीमा से लगे क्षेत्रों में आतंकवादी ढांचों को नष्ट किया है और हिजबुल्ला के सैकड़ों लड़ाकों को मार गिराया है। दोनों पक्षों द्वारा युद्ध को लेकर किये गए दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि करने का कोई तरीका नहीं है। कासिम ने कहा, हम सैकड़ों रॉकेट और दर्जनों ड्रोन दाग रहे हैं। बड़ी संख्या में बस्तियां और शहर हमारी जवाबी कार्रवाई के निशाने पर हैं। हमारी क्षमताएं मजबूत हैं और हमारे लड़ाके अग्रिम मोर्चे पर तैनात हैं।

इजराइल के खिलाफ विरोध जताते लोग।

हिजबुल्लाह मुख्यालय का कमांडर मारा गया

यरूशलम। इजराइल सुरक्षा बल (आईडीएफ) ने मंगलवार को कहा कि लेबनानी आतंकवादी संगठन हिजबुल्ला मुख्यालय के कमांडर सुहैल हुसैन हुसैनी हमले में मारा गया। आईडीएफ द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, इजराइली वायु सेना ने बेरूत क्षेत्र में सटीक, खुफिया-आधारित हमला किया जिसमें हुसैनी मारा गया। वह हिजबुल्ला मुख्यालय में रसद की देखरेख करता था और संगठन में विभिन्न इकाइयों के बजट एवं प्रबंधन का प्रभारी था। हुसैनी ने ईरान और हिजबुल्ला के बीच हथियारों के आदान-प्रदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और उस पर हिजबुल्लाह की इकाइयों के बीच उन्नत हथियार वितरित करने, हथियारों का परिवहन एवं आवंटन की देखरेख करने की जिम्मेदारी थी।

गाजा पट्टी में इजराइली सैनिकों को मारने का दावा किया

गाजा। हमास की सैन्य शाखा अल-कसम ब्रिगेड ने उत्तरी गाजा शहर में एक हमले में कई इजराइली सैनिकों को मारने घायल करने का दावा किया है। अल-कसम ब्रिगेड के बयान के अनुसार उसके सदस्यों ने एंटी-कार्मिक बम के माध्यम से 10 इजराइली सैनिकों के एक समूह को सफलतापूर्वक निशाना बनाया, जिसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में काफी सैनिक हताहत हुए। बयान में यह भी कहा गया कि ब्रिगेड ने निकासी के लिए एक हेलीकॉप्टर को उतरते देखा, लेकिन घटना के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी। ब्रिगेड ने दावा किया कि उन्होंने गाजा शहर के उत्तर में तुवाम क्षेत्र में यासीन 105 मिसाइल से एक इजराइली बख्तरबंद कार्मिक वाहक को निशाना बनाया था। इजराइली सेना ने घटनाओं पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। सार्वजनिक इजराइली रेडियो ने बताया कि उत्तरी गाजा में सैन्य बलों को महत्वपूर्ण सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ा और घायल सैनिकों को निकालने के लिए हेलीकॉप्टर तैनात किए गए है। अल-क़सम ब्रिगेड ने यह भी कहा कि उन्होंने 114-मिमी कैलिबर के साथ कई कम दूरी की मिसाइलों का उपयोग करके, राफा शहर के पूर्व में सैन्य सभाओं और परिचालन केंद्रों के साथ-साथ दक्षिणी इज़राइल में स्देरोट क्षेत्र को निशाना बनाया।

हिजबुल्ला ने दागे पांच रॉकेट

यरूशलम/बेरूत। लेबनान के हिजबुल्ला लड़ाकों ने सोमवार देर रात मध्य इजरायल पर लगभग पांच रॉकेट दागे लेकिन इससे क्षेत्र में कोई हताहत नहीं हुआ। इजराइली अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय निवासियों ने मध्य इजरायल के आसमान में विस्फोटों की आवाज़ सुनने की सूचना दी। इजराइली सेना ने कहा कि सीमा से लगभग 100 किलोमीटर दूर लेबनान से हिजबुल्लाह द्वारा लगभग पांच प्रोजेक्टाइल लॉन्च किए गए थे। कई रॉकेट रोके गए, जबकि अन्य खुले इलाकों में गिरे।

विदेशी सरकारें अमेरिकी चुनाव में हस्तक्षेप का प्रयास कर रहीं

- अमेरिका के खुफिया अधिकारियों ने किया आगाह

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के खुफिया अधिकारियों ने सोमवार को आगाह किया कि विदेशी सरकारें इस साल होने जा रहे राष्ट्रपति पद के चुनाव में अमेरिकी लोकतंत्र में हस्तक्षेप करने के प्रयास के तहत देशभर में प्रतिनिधि सभा और सीनेट के चुनावी मुकाबले को प्रभावित कर रही हैं। रूस और चीन ने कुछ चुनावी मुकाबलों में उम्मीदवारों की मदद करने या उन्हें नुकसान पहुंचाने के मकसद से एक अभियान शुरू किया है।

नेशनल इंटेलिजेंस के निदेशक कार्यालय के अधिकारी ने यह नहीं बताया कि कितने मुकाबलों पर असर डाला गया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि दोनों देशों ने ऐसे चुनावी मुकाबलों में हस्तक्षेप किया है जहां उन्हें लगता है कि उनके राष्ट्रीय सुरक्षा हित दांव पर हैं। अधिकारियों ने कहा कि अन्य छोटे देश भी चुनाव में हस्तक्षेप करने का प्रयास कर सकते हैं। सोमवार को विदेशी चुनाव खतरों पर जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, क्यूबा लगभग निश्चित रूप से ऐसे उम्मीदवारों को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहा है जो वहां की सरकार को लगता है कि अमेरिका में उनके हितों का समर्थन करेंगे। खुफिया अधिकारियों ने प्रतिनिधि सभा और सीनेट के लिए कड़े चुनावी मुकाबले के दौरान यह रिपोर्ट जारी की है। उन्होंने नाम न उजागर करने की शर्त पर पत्रकारों को बताया कि रूस और चीन के नेता अमेरिकी राजनीतिक व्यवस्था को अच्छी तरह समझते हैं और मानते हैं कि इस साल का करीबी चुनावी मुकाबला दुष्प्रचार के लिए अच्छी स्थितियां पैदा करता है।

ट्रंप ने अमेरिका-इजरायल संबंधों को मजबूत बनाने का किया वादा

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर वह दोबारा राष्ट्रपति बने तो इजराइल और अमेरिका के बीच रिश्ते पहले से भी ज्यादा मजबूत होंगे। ट्रंप ने फ्लोरिडा में एक कार्यक्रम के दौरान कहा अगर मैं राष्ट्रपति बनूंगा, तो अमेरिका एक बार फिर पहले से कहीं ज्यादा मजबूत और एकजुट होगा। ट्रम्प ने कहा कि वह यहूदी देश और अमेरिकी यहूदी समुदायों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने इजरायल के खिलाफ खतरों को रोकने और आतंकवाद के खिलाफ उसकी लड़ाई का समर्थन करने का वादा किया।

हमलों के बीच शांति से मनाएंगे दुर्गा पूजा

- बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हमलों के खिलाफ विरोध स्वरूप नहीं होंगे बड़े आयोजन

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक नेताओं का कहना है कि शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद हिन्दू समुदाय पर हमलों के खिलाफ विरोध दर्ज कराने के लिए इस साल समुदाय के लोग देश में दुर्गा पूजा को शांत तरीके से मनाएंगे। नौकारियों में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन के बाद पांच अगस्त को हसीना ने प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था जिसके बाद देश में सांप्रदायिक तनाव बढ़ गया और पिछले दो माह में हिन्दू समुदाय के खिलाफ दो हजार से अधिक हमले हुए।

बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई यूनिटी काउंसिल (बीएचबीसीओपी) की एक समिति के सदस्य रंजन करमाकर ने बताया, इस साल हम सिर्फ दुर्गा पूजा का आयोजन कर रहे हैं और कोई समारोह नहीं होंगे। करमाकर ने कहा यह हिंदू समुदाय की ओर से विरोध का एक तरीका है और इस साल अगस्त से हमारे समुदाय पर लगातार हमलों के बाद हिंदू समुदाय के लोग किसी भी तरह के पर्व में हिस्सा लेने से बच रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई पूजा आयोजकों को धमकियों और जबरन वसूली के लिए कॉल की जा रही हैं। बांग्लादेश पूजा उद्जापन परिषद के अध्यक्ष वासुदेव धर ने कहा कि सरकार ने उनकी सुरक्षा का आश्वासन दिया है, लेकिन समुदाय ने फैसला लिया है कि वे सिर्फ दुर्गा पूजा का ही आयोजन करेंगे, लेकिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित किसी भी प्रकार के उत्सव का आयोजन नहीं करेंगे।

अमेरिका ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने का किया आग्रह

वाशिंगटन। अमेरिका ने कहा है कि वह चाहता है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों की रक्षा हो। देश में अल्पसंख्यक समुदाय से आने वाले हिंदू अपना सबसे बड़ा त्योहार दुर्गा पूजा मना रहे हैं। अमेरिका का यह बयान बांग्लादेश में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे और अगस्त में उनके भारत चले जाने के बाद अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर बढ़ते हमलों के मद्देनजर आया है। प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, निश्चित ही, हम बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा होते देखना चाहते हैं। मिलर से कुछ धार्मिक कट्टरपंथियों द्वारा हिंदू समुदाय को उनके सबसे बड़े त्योहार दुर्गा पूजा के दौरान दी जा रही धमकियों के बारे में सवाल पूछा गया था जिसके जवाब में उन्होंने ये बातें कहीं।

सूडान में विस्थापितों के शिविर पर गोलाबारी में सात लोगों की मौत

खार्तूम। पश्चिमी सूडान के उत्तरी दारफुर राज्य के एल फशर में विस्थापित व्यक्तियों के शिविर पर अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के तोपखाने हमले में कम से कम सात लोग मारे गए और 59 अन्य घायल हो गए। एक स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारी ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। उत्तरी दारफुर के स्वास्थ्य मंत्रालय के महानिदेशक इब्राहिम खातिर के अनुसार, अबू शौक शिविर पर हमला दो दिनों तक चला, जिसमें रविवार को दो और सोमवार को पांच और मौतें हुईं। फोन पर बात करते हुए खतीर ने कहा कि रविवार की बमबारी में 20 लोग घायल हो गए, इसके बाद सोमवार को 39 लोग घायल हो गए। गैर-सरकारी संगठन, सूडानीज़ डॉक्टर्स नेटवर्क ने नागरिक क्षेत्रों पर गोलाबारी की निंदा की।

चीनी सैन्य प्रशिक्षण जहाज को अनुमति पर सरकार का बचाव

- श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिता हेराथ ने कहा- यह निर्णय कूटनीतिक संबंधों के दायरे में आता है

कोलंबो, एजेंसी

श्रीलंका के नवनियुक्त विदेश मंत्री विजिता हेराथ ने मंगलवार को चीनी सैन्य प्रशिक्षण जहाज को कोलंबो आने की अनुमति देने के सरकार के कदम का बचाव करते हुए कहा कि यह निर्णय देश के कूटनीतिक संबंधों के दायरे में आता है और इस तरह की यात्राओं से कोई खतरा नहीं है।

वह चाइनीज़ पीएलए की नौसेना के प्रशिक्षण युद्धपोत पो लैंग के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे जो मंगलवार को कोलंबो बंदरगाह पर पहुंचा था। एक बयान में कहा गया कि यह समुद्री यात्रा का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य नौसैनिकों की पेशेवर क्षमताओं को बढ़ाना और अन्य देशों के साथ नौसैन्य आदान-प्रदान करना है। कैबिनेट प्रवक्ता हेराथ ने कहा कि श्रीलंका सभी देशों के साथ संतुलित राजनयिक संबंध बनाए रखता है। उन्होंने कहा कि चीनी सैन्य प्रशिक्षण पोत को श्रीलंका आने की अनुमति देने का सरकार का निर्णय देश की कूटनीतिक प्रतिबद्धताओं के दायरे में आता है।

सैन्य प्रशिक्षण को अनुमति देने में खुशी होती है : हैराथ

हेराथ ने कहा हमें सैन्य प्रशिक्षण जहाजों को अनुमति देने में खुशी होती है। वे कोई खतरा पैदा नहीं करते। हमने जर्मनी और अमेरिका से सैन्य जहाजों को आते देखा है। पिछली सरकार ने श्रीलंका के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र में विदेशी वैज्ञानिक अनुसंधान सर्वेक्षण जहाजों को प्रवेश की अनुमति देने पर रोक लगा दी थी।

इमरान खान और एक मुख्यमंत्री पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

इस्लामाबाद। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी के नेता एवं खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर पर मंगलवार को हत्या के प्रयास का एक नया मामला दर्ज किया गया। यह मामला पिछले हफ्ते यहां उनकी पार्टी द्वारा आहूत विरोध प्रदर्शन के दौरान एक पुलिसकर्मी की मौत से जुड़ा है। राज्य की ओर से संघीय राजधानी के नून थाने में हत्या के प्रयास, आगजनी, राज्य पर हमला और पुलिसकर्मियों के खिलाफ हिंसा के साथ ही आतंकवाद विरोधी अधिनियम की धाराओं के तहत मंगलवार को मामला दर्ज किया गया। पाकिस्तान सरकार ने पाकिस्तान पीटीआई के संस्थापक खान और गंडापुर पर पुलिसकर्मी अब्दुल हमीद की हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है।

धौलागिरी पर्वत से फिसलकर पांच रूसी पर्वतारोहियों की मौत

- विश्व की सातवीं सबसे ऊंची चोटी को फतह करने का था लक्ष्य

काठमांडू, एजेंसी

धौलागिरी पर्वत पर लापता हुए पांच रूसी पर्वतारोही मंगलवार को सात हजार मीटर से अधिक की ऊंचाई पर मृत पाए गए। खोज एवं बचाव अभियान में शामिल हेली एवरेस्ट के उपाध्यक्ष मिंगमा शेरपा के अनुसार, पांचों रूसी पर्वतारोही नेपाल के शरदकालीन पर्वतारोहण सत्र के दौरान रविवार को विश्व की सातवीं सबसे ऊंची चोटी को फतह करने का लक्ष्य लेकर चल रहे थे।

पर्वतारोहियों की पहचान अलेक्जेंडर दुशेको, ओलेग क्रुग्लोव, व्लादिमीर चिस्तिकोव, मिखाइल नोसेंको और दिमित्री शपीलेवोई के रूप में हुई है। सुबह छह बजे उच्च शिविर से रवाना होने के बाद शिखर पर चढ़ाई के प्रयास के दौरान इनका आधार शिविर से संपर्क टूट गया था। शेरपा ने बताया कि वे सभी एक रस्सी के सहारे 8,167 मीटर ऊंची चोटी की ओर बढ़ रहे थे और इस दौरान लापता हो गए। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर की मदद से 7,700 मीटर की ऊंचाई पर शवों को ढूंढा गया। नेपाल पर्यटन विभाग के निदेशक राकेश गुरुंग ने बताया कि खराब मौसम के कारण सोमवार को बचाव कार्य को अंजाम नहीं दिया जा सका। उन्होंने बताया कि एक अन्य रूसी पर्वतारोही को हेलीकॉप्टर द्वारा आधार शिविर से बचाया गया। शवों को माउंट धौलागिरी से नीचे कब और कैसे लाया जाएगा, यह अभी तय नहीं हो सका है।

ट्यूनीशिया के राष्ट्रपति सईद ने दूसरी बार चुनाव जीता

ट्यूनिस। ट्यूनीशिया के आम चुनाव में सोमवार को राष्ट्रपति कैस सईद ने शानदार जीत हासिल करते हुए, पहले कार्यकाल के बाद सत्ता पर अपनी पकड़ बनाए रखी है। सईद के पहले कार्यकाल में उनके विरोधियों को जेल में डाल दिया गया था और देश की संस्थाओं में फेरबदल किया गया था, ताकि उन्हें अधिक अधिकार दिए जा सकें। उत्तर अफ्रीकी देश के स्वतंत्र चुनाव उच्च प्राधिकार ने कहा कि सईद को 90.7 प्रतिशत वोट मिले हैं, जबकि एक दिन पहले जारी, चुनाव बाद के सर्वेक्षण एग्जिट पोल में उन्हें देश में भारी बढ़त हासिल होती दिखाई गई थी। ट्यूनिशिया को एक दशक से भी अधिक समय पहले अरब विद्रोह' का जन्मस्थान माना जाता था।

भविष्य की तैयारी | चंद्र आवास गुम्बदनुमा टॉवर के साथ विकसित किए जाएं

चांद की धरती के लिए बनने लगे आवासीय डिजाइन

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : चंद्रमा पर मानव के रहने के लिए आवासीय डिजाइन बनने शुरू हो गए हैं। पृथ्वी से जुदा चंद्र आवास गुम्बदनुमा टॉवर के साथ विकसित किए जाएंगे। मानव मिशन की दौड़ मे सबसे पहले अमेरिका व चीन की मुहिम चांद पर इंसान को बसाना है। चांद पर घर बसाने की कवायद के दिन नजदीक आते जा रहे हैं।

संभव है कि अगले दशक में चांद पर इंसानों की पहली बस्ती मूर्त रूप ले चुकी होगी। बड़ा प्रश्न है कि वहां किस तरह के मकान होंगे और कैसा उस धरती का रहन सहन होगा। क्योंकि पृथ्वी जैसे हालात चंद्रमा की धरती पर कतई नही होंगे। वहां सांस लेना भी आसान नही होगा और ग्रेविटी का प्रभाव भी मानव शरीर को लड़खड़ाने को मजबूर करेगा। सूर्य की किरणें रेडिसन साथ लाएंगी तो धूप वाला हिस्सा गर्मी से सताएगा। उल्काओं की मार का डर सिर पर हमेशा मंडराता रहेगा। कुल मिलाकर अथाह दुश्वारियां चांद की धरती पर वैज्ञानिकों के लिए बड़ी चुनौती होगी। दिलचस्प बात यह है कि वैज्ञानिकों को हर चुनौती मंजूर है, जिसे पार करने के लिए तैयार भी हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार चंद्रमा पर भौतिक बुनियादी ढांचा वहां किसी भी दीर्घकालिक मानव उपस्थिति के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगा।

अमेरिका और चीन चंद्रमा पर मानव उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। इसकी शुरुआत टावर के रूप में गुम्बदनुमा आवास विकसित करना होगा। सौर पैनलों से लेकर संचार सारणियों तक उपकरणों के टॉवर खड़े किए जाएंगे। चंद्र गुरुत्वाकर्षण के वजन उठाने की क्षमता के अनुसार निर्माण कार्य किये जाएंगे। उत्तरी कैरोलिना स्टेट यूनिवर्सिटी और नासा के लैंगली रिसर्च सेंटर के शोधकर्ताओं ने चांद पर निर्माण कार्यों को लेकर शोध किया है। शोध के आधार पर ही चंद्रमा पर निर्माण कार्य किए जाएंगे।



चांद की दौड़ में नासा का आर्टेमिस सबसे आगे

नैनीताल : चंद्रमा पर मानवदल को पहुचाने के लिए नासा का मिशन आर्टेमिस सबसे आगे नज़र आता है। इस मिशन का मूल उद्देश्य मंगल पर इंसान को पहुचाना है, लेकिन इससे पहले मानव दल चांद की धरती पर उतरेगा। दरअसल चांद अंतरिक्ष के लंबे सफर में मानव का पड़ाव बनेगा, जो एक डिपो की तरह कार्य करेगा। मंगल समेत अंतरिक्ष की अन्य संभावित लंबी यात्राओं की आगे का सफर चांद के जरिए ही पूरा होगा।